बैशाख शुक्ल पक्ष नवमी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

गुरुवार, 16 मई 2024
वर्ष 5, अंक 51, पृष्ठ 18
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

मुरादाबाद
एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



डब्ल्यूएचओ ने डेंगू के दूसरे टीके को दी मंजूरी 18
आगामी प्रोजेक्ट के लिए डबिंग कर रहे हैं बाबिल 17

## स्लोवाकिया के प्रधानमंत्री फिको को मारी गई गोली

ब्रातीस्लावा (स्लोवाकिया), एजेंसी



- हालत बेहद नाजुक, बैंस्का बायस्ट्रिका के अस्पताल में भर्ती किए गए
- राष्ट्रपति जुजाना कैपुतोवा ने की कड़ी निंदा, संसद स्थगित

स्लोवाकिया के प्रधानमंत्री रॉबर्ट फिको को कई गोलियां मारी मारी गई हैं। उनकी फेसबुक प्रोफाइल के अनुसार फिको का जीवन खतरे में है। उन्हें हेलीकॉप्टर द्वारा बैंस्का बायस्ट्रिका के एक अस्पताल ले जाया गया है।

फिको के जीवन के लिए अगले कुछ घंटे बहुत महत्वपूर्ण है। स्लोवाकिया के समाचार टेलीविजन स्टेशन 'टीए3' के अनुसार यह घटना राजधानी से लगभग 150 किमी दूर उत्तर-पूर्व में हैंडलोवा शहर में हुई। फिको (59) को पेट में भी गोली लगी है। एक संदिग्ध को हिरासत में लिया गया है। संसद के उपाध्यक्ष लुबोस ब्लाहा ने स्लोवाकिया की संसद में घटना की पुष्टि की और संसद स्थगित कर दिया। राष्ट्रपति जुजाना कैपुतोवा ने प्रधानमंत्री पर हमले की निंदा की। उन्होंने कहा कि मैं स्तब्ध हूं।

## सीएए के तहत 14 लोगों को मिली भारत की नागरिकता

**नई दिल्ली।** संशोधित नागरिकता कानून (सीएए) के तहत नागरिकता प्रमाणपत्रों का पहला सेट बुधवार को जारी करने के साथ 14 लोगों को भारत की नागरिकता प्रदान की गई। इसके साथ ही पड़ोसी देशों में प्रताड़ना के शिकार होकर भारत आए गैर-मुस्लिम प्रवासियों को नागरिकता देने की प्रक्रिया शुरू हो गई। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने इसे ऐतिहासिक दिन करार देते हुए कहा कि पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान में धार्मिक उत्पीड़न का सामना करने वाले लोगों का दशकों पुराना इंतजार खत्म हो गया है।

### प्रेसवार्ता में कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर उठाए सवाल

## मोदी जितना कांग्रेस को गाली देते हैं, उतना राम का नाम भी नहीं लेते

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने बुधवार को यहां ताज होटल में एक संयुक्त पत्रकारवार्ता को संबोधित किया। कांग्रेस अध्यक्ष ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को निशाने पर रखा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने देश को बहुत कुछ दिया है। गांधी, नेहरू, आंबेडकर समेत सभी ने बहुत कुछ देश को दिया लेकिन, आप भाषण में मटन, चिकन, मंगलसूत्र जैसे मुद्दे ला रहे हैं। अगर वोट लेना है तो अपने काम पर लो न, क्यूं बिन मुद्दे की बात कर रहे हो? खरगे ने कहा, पीएम मोदी ने उतना राम का नाम नहीं लिया होगा, जितना उन्होंने राहुल-सोनिया, कांग्रेस को गालियां दीं हैं।

खरगे ने कहा, प्रधानमंत्री 400 पार बोल रहे हैं, पर उनका धन्यवाद कि वो 600 पार नहीं बोल रहे हैं। मैं शर्त लगाता हूं कि वो 200 पार नहीं कर रहे हैं। खरगे ने कहा कि अभी तक चार चरण के चुनाव हो चुके हैं इसमें इंडिया गठबंधन मजबूत स्थिति में है। कहा कि, इंडिया गठबंधन 4 जून को सरकार बनाने जा रहा है।



अखिलेश यादव के साथ प्रेस कांफ्रेंस में बोलते खरगे।

### हम उप्र. में 79 सीटें जीत रहे : अखिलेश

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने संयुक्त प्रेसवार्ता में कहा कि इंडिया गठबंधन के लिए जो जनसमर्थन दिखाई दे रहा है, उससे साफ है कि आने वाले समय में 140 करोड़ के देश की जनता भाजपा को 140 सीटों के लिए तरसा देगी। भाजपा के रथ का चक्का न सिर्फ फंस गया है बल्कि धंस गया है इसलिए उनकी भाषा बदली है। अखिलेश ने दावा किया कि इंडिया गठबंधन उप्र. में 79 सीटें जीत रहा है।

### योगी बोले, सच बोलने की आदत डालें खरगे

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि लोकसभा चुनाव में उप्र. में कांग्रेस का खाता भी नहीं खुलेगा। उन्होंने कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को सलाह दी कि उन्हें सच बोलने की आदत डाल लेनी चाहिए। योगी बुधवार को कई जिलों में आयोजित चुनावी जनसभाओं के लिए बुधवार सुबह निकलने से पहले सरकारी आवास पर एक न्यूज एजेंसी से बात कर रहे थे।

### एक नजर

#### रुपे कार्डधारकों को सात देशों में मिलेगा कैशबैक

**नई दिल्ली।** रुपे क्रेडिट व डेबिट कार्डधारकों को अमेरिका, जापान, कनाडा, स्पेन, स्विटजरलैंड, ब्रिटेन और संयुक्त अरब अमीरात में खरीदारी पर 25 प्रतिशत कैशबैक मिलेगा। रुपे ने बुधवार को कहा कि ऑफर अवधि में रुपे कार्ड का उपयोग करने वालों को उक्त देशों में डिस्कवर नेटवर्क या डायनर्स क्लब इंटरनेशनल नेटवर्क पर पॉइंट-ऑफ-सेल खरीदारी करने पर 25 प्रतिशत कैशबैक मिलेगा। ऑफर 15 मई से 31 जुलाई तक है।

#### प्रख्यात लेखिका मालती जोशी का निधन

**नई दिल्ली।** पद्मश्री से सम्मानित और हिन्दी तथा मराठी की प्रख्यात लेखिका मालती जोशी (90) का बुधवार 15 मई को दिल्ली में निधन हो गया। उनका जन्म महाराष्ट्र के औरंगाबाद में 04 जून 1934 को हुआ था। अंतिम समय में उनके दोनों पुत्र ऋषिकेश और सच्चिदानंद तथा पुत्रवधुएं अर्चना और मालविका उनके पास थे। वे आइसोफ़ेगस के कैंसर से पीड़ित थीं। 50 से अधिक हिन्दी-मराठी कथा संग्रहों की लेखिका मालती जोशी को शिवानी के बाद हिन्दी की सबसे लोकप्रिय कथाकार माना जाता हैं।



## अल्पसंख्यकों के लिए 15 फीसदी बजट चाहती है कांग्रेस: प्रधानमंत्री

### कहा-धर्म के आधार पर आवंटन मंजूर नहीं, भाजपा और शिवसेना प्रत्याशी के लिए मांगा समर्थन

नासिक, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को कांग्रेस पर आरोप लगाया कि वह केंद्र सरकार के बजट का 15 प्रतिशत हिस्सा अल्पसंख्यकों को आवंटित करना चाहती है। इसके साथ ही उन्होंने धर्म के आधार पर बजट को बांटने और नौकरियों या शिक्षा में आरक्षण की अनुमति नहीं देने का संकल्प लिया।

उन्होंने कहा कि 2004 से 2014 के बीच केंद्र में सत्ता में रहने के दौरान कांग्रेस ने बजट का 15 प्रतिशत अल्पसंख्यकों पर खर्च करने की योजना बनाई थी जो कि उसका 'पसंदीदा वोट बैंक' है, लेकिन भाजपा के कड़े विरोध के कारण उसने प्रस्ताव छोड़ दिया। उत्तर महाराष्ट्र में नासिक जिले के पिंपलगांव बसवंत में महायुति उम्मीदवारों केंद्रीय मंत्री भारती पवार (भाजपा) और हेमंत गोडसे (शिवसेना) के समर्थन में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि बजट को धार्मिक आधार पर बांटना एक खतरनाक विचार है।

उन्होंने कहा कि हम सभी को कल्याणकारी योजनाओं का लाभ देते हैं। लेकिन कांग्रेस धर्म के आधार पर बजट का बंटवारा और वितरण चाहती है। उन्होंने धर्म के आधार पर देश को बांटा और आज भी वह यही कर रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि संविधान निर्माता बाबासाहेब आंबेडकर नौकरियों और शिक्षा में धर्म आधारित आरक्षण के सख्त खिलाफ थे। उन्होंने कहा कि जब मैं (गुजरात का) मुख्यमंत्री था तो कांग्रेस (तत्कालीन संप्रग सरकार) ने अल्पसंख्यकों के लिए बजट का 15 प्रतिशत आवंटित करने का प्रस्ताव रखा था। भाजपा ने इस कदम का कड़ा विरोध किया और इसलिए इसे लागू नहीं किया जा सका। लेकिन कांग्रेस इस खतरनाक प्रस्ताव को फिर से लाना चाहती है। मोदी ने प्रत्याशियों के समर्थन में मुंबई में रोड शो भी किया।



मुंबई में रोड शो के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फड़णवीस।

### नकली शिवसेना, नकली राकांपा का कांग्रेस में विलय होना निश्चित

उद्धव ठाकरे नेतृत्व वाली पार्टी पर हमला बोलते हुए भाजपा नेता ने कहा कि 'नकली शिवसेना' ने कांग्रेस के सामने आत्मसमर्पण कर दिया है। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) अध्यक्ष शरद पवार का नाम लिए बिना मोदी ने कहा कि महाराष्ट्र में इंडिया गठबंधन के एक नेता को पता है कि कांग्रेस बुरी तरह हार रही है। उन्होंने कहा कि 'नकली' शिवसेना और 'नकली' राकांपा (शरद पवार की अगुवाई वाली पार्टी का जिक्र करते हुए) का कांग्रेस में विलय निश्चित है।

## निर्माणाधीन रेस्टोरेंट की पाड़ गिरने से तीन मजदूरों की मौत

संवाददाता, रामपुर/काशीपुर

- एक मजदूर की हालत गंभीर, काशीपुर अस्पताल में भर्ती
- घटनास्थल पर पुलिस बल तैनात, ठेकेदार का मोबाइल स्विच ऑफ
- विकास भारती स्कूल के प्रबंधक संसार सिंह बनवा रहे हैं रेस्टोरेंट

**अमृत विचार:** तहसील स्वार के ग्राम शिकारपुर में निर्माणाधीन रेस्टोरेंट की पाड़ अचानक गिर गई। जिसमें दबकर तीन मजदूरों की मौत हो गई। एक मजदूर ने अस्पताल ले जाते समय रास्ते में जबकि दो ने काशीपुर के अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। घटना की सूचना से मृतकों के परिजनों को दे दी गई है। घटनास्थल पर पुलिस बल तैनात है। ठेकेदार ने अपना मोबाइल स्विच ऑफ कर लिया है।

उत्तराखंड राज्य की सीमा से सटे क्षेत्र के गांव शिकारपुर स्थित विकास भारती स्कूल के निकट कई माह से विकास भारती स्कूल के प्रबंधक संसार सिंह रेस्टोरेंट का निर्माण कार्य करा रहे हैं। बुधवार दोपहर निर्माणाधीन रेस्टोरेंट की पाड़ अचानक गिर गई। जिसमें कई मजदूर दब गए। दुर्घटना के बाद मौके पर भगदड़ मच गई। आसपास के तमाम लोग मौके पर पहुंच गए। पाड़ में दबे मजदूरों को बाहर निकाल कर काशीपुर स्थित एक अस्पताल में भर्ती कराया गया। बुलंदशहर निवासी मजदूर अकबर अली(38) और मोहसिन (32) की मौत हो गई। आसिफ अली की हालत गंभीर बनी हुई थी ,उसने इलाज के दौरान अस्पताल में दम तोड़ दिया। सूचना पर स्वार सीओ संगम कुमार,कोतवाल संदीप त्यागी और नायब तहसीलदार मानवेंद्र सिंह टीम संग मौके पर पहुंचे। सीओ संगम कुमार ने बताया कि ठेकेदार द्वारा बुलंदशहर से कई युवकों को बतौर मजदूर रेस्टोरेंट के निर्माण कार्य कराने के लिए लाया गया था। उन्होंने बताया कि अभी मामले में जांच की जा रही है। खबर भेजे जाने तक मामले में रिपोर्ट दर्ज नहीं हुई है। तीनों मजदूर भवनों में दरवाजा, खिड़की आदि लगाने का काम करते थे।



रेस्टोरेंट की इमारत देखते पुलिस अधिकारी।

## राम मंदिर की प्रतिष्ठा दोबारा की जाएगी : शंकराचार्य

अलवर, एजेंसी



- राजनीतिक कार्यक्रम था जनवरी में की गई प्राण प्रतिष्ठा

जगदगुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने कहा कि अयोध्या में राम मंदिर की प्रतिष्ठा दोबारा की जाएगी, जनवरी माह में की गई प्राण प्रतिष्ठा एक राजनीतिक इवेंट था। ज्योतिष पीठाधीश्वर अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने यह बात बुधवार को अलवर में पत्रकार वार्ता में कही।

उन्होंने कहा कि धर्म शास्त्रों में यह कहीं भी नहीं लिखा कि अधूरे मंदिर की प्रतिष्ठा की जाए, राम मंदिर का अभी 30 फीसदी निर्माण कार्य हुआ है, ऐसे में प्रतिष्ठा नहीं की जानी चाहिए, अब इसकी दोबारा प्रतिष्ठा होगी। देश-विदेश का कोई भी पंडित यह बता दे कि अधूरे मंदिर की प्रतिष्ठा की जा सकती है। उन्होंने कहा की प्रतिष्ठा शब्द को धूमिल किया गया है, ऐसा नहीं किया जाना चाहिए, बल्कि अगर लाभ लेना था, तो इस पर कोई भी कार्यक्रम करा सकते थे और दूसरे शब्दों का उपयोग किया जा सकता था।

## दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर में पिता-पुत्र समेत तीन लोगों की मौत

संवाददाता, मंडी धनौरा (अमरोहा)



आमिर

- गंभीर रूप से घायल युवक को अस्पताल में भर्ती कराया गया

**अमृत विचार :** चांदपुर-धनौरा मार्ग पर सत्संग भवन के पास दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत में बिजनौर निवासी पिता-पुत्र सहित तीन लोगों की मौत हो गई। जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

थाना मंडी धनौरा क्षेत्र के चांदपुर मार्ग पर गांव चुचैला कलां में सत्संग भवन के पास बुधवार देर शाम चुचैला कलां निवासी आमिर पुत्र फरमान अपने भाई आहद के साथ पास के ही गांव फंदहेड़ी से खाना लेकर लौट रहा था। जैसे ही वह सत्संग भवन के निकट पहुंचा तो सामने से आ रही तेज रफ्तार बाइक से भिड़ंत हो गई।

हादसे में दोनों बाइकों पर सवार चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर चीख पुकार मच गई। इस बीच आसपास के लोग और थाना प्रभारी निरीक्षक रविंद्र प्रताप सिंह पुलिस के साथ मौके पर पहुंचे और घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। वहां चिकित्सक ने चुचैला कलां निवासी आमिर (18) पुत्र फरमान व बिजनौर निवासी पिता-पुत्र हामिद (25) पुत्र उमर, उमर पुत्र शब्बीर (65) निवासी रवाना ताजपुर जनपद बिजनौर को मृत घोषित कर दिया। जबकि गांव चुचैला कलां निवासी आहद पुत्र फरमान को गंभीर हालत में हायर सेंटर रेफर कर दिया। सीओ श्वेताभ भास्कर ने बताया कि सड़क हादसे में चुचैला कलां के युवक व बिजनौर निवासी पिता-पुत्र सहित तीन लोगों की मौत हुई। जबकि एक युवक को गंभीर हालत में हायर सेंटर रेफर किया गया है। तहरीर मिलने के बाद कार्रवाई की जाएगी।

## तिहाड़ से रिहा किए गए न्यूजक्लिक के संस्थापक पुरकायस्थ

- सुप्रीम कोर्ट ने दिया आदेश

**नई दिल्ली।** समाचार पोर्टल 'न्यूजक्लिक' के संस्थापक और प्रधान संपादक प्रबीर पुरकायस्थ की गिरफ्तारी को अवैध बताते हुए सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को उन्हें रिहा करने का आदेश दिया जिसके कुछ घंटों बाद उन्हें तिहाड़ जेल से रिहा कर दिया गया। पुरकायस्थ साल दो नवंबर से जेल में बंद थे। पुरकायस्थ को पिछले साल तीन अक्टूबर को दिल्ली पुलिस के विशेष प्रकोष्ठ ने गैर कानूनी गतिविधि रोकथाम अधिनियम (यूएपीए) के तहत दर्ज एक मामले में गिरफ्तार किया था।

## यूपी संशोधन अधिनियम में अग्रिम जमानत पर रोक नहीं

विधि संवाददाता, प्रयागराज

- हाईकोर्ट ने अग्रिम जमानत के प्रावधानों को स्पष्ट किया

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने अग्रिम जमानत के प्रावधानों को स्पष्ट करते हुए कहा कि दंड प्रक्रिया संहिता का संशोधित अधिनियम 2018 आईपीसी की धारा 376 (3) के तहत दर्ज मामले के आरोपी को गिरफ्तारी से पहले जमानत देने पर रोक नहीं लगाता है बल्कि इस अधिनियम ने सीआरपीसी की धारा 438 के तहत मिलने वाली अग्रिम जमानत के प्रावधान को पुनर्जीवित किया है। उक्त टिप्पणी न्यायमूर्ति शेखर कुमार यादव की एकलपीठ ने साढ़े 17 वर्षीय कृष्णा को सशर्त अग्रिम जमानत देते हुए की।

लड़के पर 16 वर्षीय लड़की के साथ छेड़छाड़ करने का आरोप लगाया गया था। हालांकि याची के अधिवक्ता ने तर्क दिया कि पीड़िता के बयानों और मेडिकल रिपोर्ट के अनुसार जांच अधिकारी ने घटना को झूठा पाया है। जमानत आवेदन का विरोध करते हुए सरकारी अधिवक्ता ने कोर्ट को बताया कि आईपीसी की धारा 376 (3) के तहत अपराध में गिरफ्तार आरोपी को सीआरपीसी की धारा 438 की उपधारा (4) गिरफ्तारी-पूर्व जमानत देने से रोकती है।

## उपहारों की सूची बनाएं, उस पर वर-वधू के हस्ताक्षर भी कराएं

विधि संवाददाता, प्रयागराज



- दहेज के एक मामले में हाईकोर्ट ने दिए महत्वपूर्ण आदेश

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने दहेज के एक मामले पर सुनवाई करते हुए अपने महत्वपूर्ण आदेश में कहा कि दहेज प्रतिषेध अधिनियम, 1961 की धारा 3(2) के तहत विवाह में मिले उपहारों की एक सूची बनानी चाहिए और उस पर दूल्हा और दुल्हन के हस्ताक्षर भी करवाने चाहिए, जिससे शादी के बाद दोनों पक्ष और उनके परिवार के सदस्य दहेज लेने या दहेज देने का झूठा आरोप न लगा सकें।

उक्त आदेश न्यायमूर्ति विक्रम डी. चौहान की एकलपीठ ने अंकित सिंह व तीन अन्य द्वारा दाखिल 482 की अर्जी पर सुनवाई के दौरान सुझाव देते हुए पारित किया। कोर्ट ने मामले को आगामी 23 मई के लिए सूचीबद्ध करते हुए कहा कि भले ही पक्षकार उपहारों की सूची का रखरखाव न कर रहे हों, लेकिन न्यायालय को आज तक यह भी नहीं बताया गया कि राज्य सरकार द्वारा उक्त अधिनियम की धारा 3(2) को कैसे लागू किया जा रहा है।

कोर्ट ने आगे बताया कि दहेज प्रतिषेध (वर-वधू भेंट सूची) नियम, 1985 के नियम 2 के तहत उपहारों की सूची को बनाए रखने के तरीके को निर्धारित किया गया है। हालांकि विधायिका ने विवाह के समय दूल्हा और दुल्हन को मिलने वाले उपहारों को 'दहेज' की परिभाषा से मुक्त रखा है, लेकिन दूल्हा और दुल्हन के लिए नियमों के अनुसार उपहारों की सूची बनाना आवश्यक बताया है, क्योंकि यह सूची भविष्य में दहेज के आरोपों को खत्म करने के लिए एक उपाय के रूप में काम करेगी।

### सेवा में झोल — टोल फ्री नंबर पर नहीं उठाई जाती कॉल , पशुओं के मरने के बाद पहुंचती है मोबाइल वेटरनरी यूनिट

## कागजों पर दौड़ रही 1962 सेवा, दम तोड़ रहे पशु-पक्षी

प्रशांत सक्सेना, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश में पशुपालन विभाग की 1962 सेवा के नाम कंपनियां पशु-पक्षियों की जान से खिलवाड़ कर कमाई करने में लगी हैं। एक वर्ष से ज्यादा होने पर टोल फ्री नंबर 1962 में सुधार नहीं हो पाया है। फोन तक नहीं उठाया जाता और यदि किसी तरह यदि कॉल उठी भी तो एक्सीडेंट या अन्य गंभीर बीमारियों पर टेलीकॉलर मौके पर मोबाइल वेटनरी यूनिट (एंबुलेंस) भेजने की बजाय ज्यादातर केस फोन पर परामर्श देकर हल करते हैं। बहुत कम मामलों में मोबाइल यूनिट पहुंचती है, देरी के कारण पशुओं की मौत हो जाती है। इस तरह के मामले रोजाना ही सामने आ रहे हैं। फिर भी कागजों पर सब ठीक चल रहा है। वहीं, पशुपालन मंत्री धर्मपाल सिंह ने जांच कराने की बात कही है।



- गंभीर बीमारी व हादसा होने पर भी फोन पर देते हैं परामर्श, मंत्री ने कहा- कराई जाएगी जांच

### एक लाख पशुओं पर एक एंबुलेंस

यह केंद्र व राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है। जिसका काफी मार्च 2023 में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से हरी झंडी दिखाकर संचालन किया था। प्रदेश को पांच जोन में बांटकर 100 करोड़ रुपये से अधिक कीमत की कुल 520 एंबुलेंस दी गई हैं। एक कंपनी को एक जोन का संचालन मिला है। एक लाख पशुओं पर एक एंबुलेंस हैं। लेकिन, जिलों पर जो एंबुलेंस दी गईं उनमें आधी उपचार और आधी गांव-गांव सेवा का प्रचार करती हैं। एक एंबुलेंस पर आउटसोर्स से आए एक पशु चिकित्सक, मल्टी टास्क पर्सन व एक चालक है। एंबुलेंस में ऑपरेशन तक की व्यवस्था है। लेकिन चिकित्सक सर्जरी तक नहीं कर पाते हैं।

1962 सेवा की संबंधित अधिकारियों से रिपोर्ट तलब करेंगे और जांच कराएंगे। लापरवाही पर कार्रवाई करेंगे। उन्नाव मामले पर सीवीओ से जानकारी कर गाय के उपचार के लिए निर्देशित करेंगे। - **धर्मपाल सिंह**, पशुपालन मंत्री

कंट्रोल रूम पर कॉल रिसीव करने वालों की संख्या कम है और कॉल ज्यादा आती है। इसलिए समस्या है। सभी जगह एंबुलेंस पहुंचती हैं। जो कमियां हैं वह संज्ञान लेकर दूर कर रहे हैं। - **डॉ. पीएन सिंह**, निदेशक रोग नियंत्रण, पशुपालन

### लापरवाही के उदाहरण

**केस 1 :** 8 मई को अमरोहा सदर में रामलीला मैदान के पास एक गाय के पेट में बच्चा मरने पर वहां के मनोज द्वारा की गई 1962 पर कॉल नहीं लगी। डीएम और अपर निदेशक पशुपालन के हस्तक्षेप पर सरकारी डॉक्टरों की टीम भेजी गई।

**केस 2 :** 9 मई को फतेहपुर के सदर और खागा में एक बंदर बीमार व दूसरा एक्सीडेंट से घायल हो गया था। वहां के सुमित द्वारा 1962 पर की गई कॉल नहीं उठी। डीएम के संज्ञान में आने पर टीम भेजकर उपचार कराया।

## एक नजर

### राजनीतिक दलों के सदस्यों के बैठने की करें व्यवस्था

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** जिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह ने बुधवार को मण्डी समिति में बने स्ट्रांग रूम/सीसीटीवी कन्ट्रोल रूम का निरीक्षण। उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेकर कोई लापरवाही न बरतने की हिदायत दी। जिलाधिकारी ने कंट्रोल रूम के पास ही राजनीतिक पार्टियों के सदस्यों के लिए बैठने की व्यवस्था कराने का निर्देश अधिकारियों को दिया। संबंधित अधिकारी भी भ्रमण करते रहें।

### हिंदू कॉलेज में इतिहास की मौखिक परीक्षा 18 को

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** एमए फाइनल (वार्षिक) इतिहास विषय के समस्त व्यक्तिगत परीक्षार्थी जिनकी मौखिक परीक्षा हेतु परीक्षा केंद्र हिन्दू कॉलेज को बनाया है। उनकी मौखिक परीक्षा 18 मई शनिवार को संपन्न होगी। संबंधित परीक्षार्थी सुबह 10 :00 बजे इतिहास विभाग में अपनी उपस्थिति होकर परीक्षा में शामिल हो सकते हैं। यह जानकारी इतिहास विभाग प्रभारी ने दी है।



गोल्डन गेट ग्लोबल स्कूल में चयनित खिलाड़ी व शिक्षक। ● अमृत विचार

## नेशनल एरोबिक्स चैंपियनशिप के लिए 45 खिलाड़ी चयनित

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** एरोबिक्स एंड फिटनेस एसोसिएशन की ओर से बुधवार को नेशनल एरोबिक्स चैंपियनशिप के लिए गोल्डन गेट ग्लोबल स्कूल में आयोजन किया गया। इसमें विभिन्न स्कूल के खिलाड़ियों का चयन हुआ।

इसमें गोल्डन गेट ग्लोबल स्कूल, सीएनएस, क्रिप्टोन पब्लिक स्कूल, आरएसडी, सेंट मैरी सिविल लाइंस से 45 खिलाड़ियों का चयन हुआ। जो राष्ट्रीय एरोबिक्स चैम्पियनशिप 24 से 26 मई तक आगरा के जॉन मिल्टन पब्लिक स्कूल में होने वाला है। वहां खिलाड़ी भाग लेंगे। गोल्डन गेट के प्रिंसिपल सचिन धावरी, वाइस प्रिंसिपल गरिमा भटनागर और एसोसिएशन के सचिव रिंपी सिंह, अमित भंडारी, पारुल घटक, अनु गौतम, ऋत्वा भाटिया, मयंक कश्यप, विजेंद्र ने चयनित खिलाड़ियों को बधाई दी।

### पसीने से तरबतर हुए लोग, पेयजल व छांव की तलाश में भटके, चिकित्सक दे रहे सावधानी बरतने की सलाह

## गर्मी ने दिखाए तेवर, 40 डिग्री सेल्सियस के पार हुआ पारा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** बुधवार को कड़ी धूप और गर्मी से लोग बेहाल रहे। अधिकतम तापमान 40.5 डिग्री सेल्सियस रहा, जबकि न्यूनतम तापमान 24 डिग्री सेल्सियस रहा। जो मंगलवार की तुलना में एक डिग्री अधिक रहा। मौसम वैज्ञानिक ने अभी इस सप्ताह राहत की कोई उम्मीद नहीं जताई है। अगले दिनों में गर्मी और बढ़ेगी।

इस सप्ताह अधिक गर्मी पड़ रही है। हर दिन अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस या उससे अधिक रह रहा है। आर्द्रता 15 प्रतिशत और हवा 6 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से चली। दोपहर में तेज धूप और लू से लोग बेहाल रहे। पसीने से तरबतर लोग शीतल पेयजल व छांव की तलाश में भटकते रहे। सिविल लाइंस क्षेत्र में ग्रीन बेल्ट में पेड़ों की छांव में लोग समय बिताते रहे। जिला अस्पताल के वरिष्ठ फिजिशियन डॉ.रामकिशोर का कहना है कि तेज धूप और लू से बचने की जरूरत है। हीट स्ट्रोक से बचने के लिए बहुत जरूरी होने पर ही दोपहर में घर से बाहर जाएं। यदि जाना भी हो तो सिर पर कैप या कोई तौलिया या गमछा लगाकर निकलें। अपने साथ पानी की बोतल रखें। प्यास लगने पर पानी पीएं। बासी भोजन व तेल मसाला वाले खाद्य पदार्थों से परहेज करें। बाहर खुले में बेच रहे कटे, सड़े व गले फलों का सेवन न करें। धूप से आने पर तुरंत फ्रिज का पानी न पीएं। सावधानी बरतने के बाद भी यदि तबीयत बिगड़ती है तो किसी विशेषज्ञ चिकित्सक के परामर्श से इलाज कराएं। वहीं गोविंद बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के एग्रोमेट्रोलाजी विभाग के पूर्व अध्यक्ष मौसम वैज्ञानिक डॉ.आरके सिंह का कहना है कि अभी चार-पांच दिन कोई राहत नहीं मिलने वाली है। गर्मी और बढ़ेगी।



धूप से बचने का कुछ इस तरह प्रयास करतीं युवतियां। ● अमृत विचार



तेज धूप से कुछ इस तरह बच्चे को बचाती मां।

### धूप से आने पर एकदम न पीएं ठंडा पानी

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** जिला अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. राजेंद्र कुमार ने बताया कि बढ़ती गर्मी के मौसम में बिना चिकित्सक की सलाह के किसी भी दवाई का सेवन न करें। उन्होंने बताया कि गर्मी में धूप से आने पर एकदम ठंडा पानी नहीं पीएं। रात को सोते समय मच्छरों से बचाव के लिए मच्छरदानी का प्रयोग करें। यदि बुखार है तो तुरंत खून की जांच करा कर चिकित्सक से दवाई लें। छोटे-छोटे बच्चों को तली-भुनी व दुकान की खाद्य वस्तुओं से दूर रखें। दिन में कम से कम दो बार नींबू पानी, नारियल पानी का सेवन करें। इसके अलावा घर से बाहर निकलते समय धूप में खुद को पूरी तरह ढक कर निकलें। दिन में ज्यादा से ज्यादा पानी पीएं।

## जिगर कॉलोनी में निगम की टीम ने तोड़ा अतिक्रमण, नोकझोंक

### संयुक्त नगर आयुक्त, मुख्य कर निर्धारण अधिकारी व प्रवर्तन दल की टीम कार्रवाई के लिए भारी दलबल के साथ पहुंची

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** नगर निगम की टीम ने बुधवार को जिगर कॉलोनी में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। इस दौरान टीम से लोगों ने नोकझोंक किया। लेकिन टीम के तेवर देखकर लोग पीछे हटे। जेसीबी से सड़क के नाली, नालों पर चबूतरा बनाकर किए अतिक्रमण को तोड़ दिया गया। दोबारा ऐसा न करने की चेतावनी अधिकारियों ने दी।

संयुक्त नगर आयुक्त निशा मिश्रा, उप नगर आयुक्त राजकिशोर, मुख्य कर निर्धारण अधिकारी आरती सिंह, प्रवर्तन दल के प्रभारी एसके शाही आदि दलबल के साथ जिगर कॉलोनी पहुंचे। कॉलोनी में भवन स्वामियों के द्वारा नाली, नाले और घरों के गेट के आगे चबूतरा बनाकर सड़क पर किए अतिक्रमण को तोड़ने के लिए जैसे ही टीम तैयार हुई लोग घरों से निकल कर बाहर आए और नोकझोंक करने लगे। अधिकारियों ने चेतावनी दी कि सरकारी कार्य में बाधा न डालें अन्यथा और कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इसके बाद लोग पीछे हटने लगे। फिर जेसीबी से गेट के आगे सड़क पर बने चबूतरे, नाली व नाले पर किए अतिक्रमण को ध्वस्त कराया गया। लोगों को दोबारा ऐसा न करने की चेतावनी दी गई। टीम में आरआई पुष्पेंद्र मौर्य, निर्माण विभाग के सहायक अभियंता रईस अहमद के अलावा प्रवर्तन दल के सदस्य मौजूद रहे। संयुक्त नगर आयुक्त ने कहा कि सार्वजनिक स्थानों, सड़क, नाला-नाली, सड़क की पटरियों पर किए अतिक्रमण को हर हाल में ध्वस्त किया जाएगा। अतिक्रमण करने वालों को पहले नोटिस दिया गया था कि वह स्वयं से हटा लें। ऐसा न करने पर निगम की टीम स्वयं अतिक्रमण हटवा रही है। कार्रवाई की वीडियोग्राफी भी कराई जा रही है।

इसी क्रम में प्रवर्तन दल के सदस्यों ने पीलीकोठी चौराहे से एकता द्वार तक स्मार्ट सिटी के तहत बने फुटपाथ और सड़क के दोनों तरफ सामान रखकर दुकानदारों द्वारा किए अतिक्रमण को हटवाया। दोबारा अतिक्रमण न करने की चेतावनी दी। कई दुकानदारों का सामान भी जब्त कर लिया। बताया गया कि गुरुवार को पीलीकोठी से महिला थाना होते हुए जिगर कॉलोनी, बंगला गांव चौराहे से डिप्टीगंज होते हुए गुरहट्टी चौराहे तक रोस्टर के अनुसार अभियान चलेगा।



जिगर कॉलोनी में नाली के ऊपर बने स्लैब को तोड़ती नगर निगम की जेसीबी। ● अमृत विचार



नगर निगम के अधिकारी व टीम के सदस्यों से स्लैब तोड़ने का विरोध जताते क्षेत्र के लोग।

- निगम के अधिकारियों ने क्षेत्रीय लोगों को दोबारा अतिक्रमण करने को लेकर चेताया

### इस नंबर पर करें पेयजल से संबंधित शिकायत

नगर निगम के जलकल कार्यालय में कंट्रोल रूम के नंबर 9105900538, 9105900678 पर शिकायत कर सकते हैं। इसके अलावा विभाग के अधिशासी अभियंता आदि के नंबर पर भी शिकायत कर समस्याओं का समाधान कराया जा सकता है।

### 139 एलईडी लाइटों को ठीक कराया

नगर निगम के पथ प्रकाश अनुभाग में आई शिकायतों के आधार पर वार्ड 7, 10, 19, 21, 27, 38, 55, 64 आदि में खराब 139 एलईडी लाइटों की मरम्मत कराई गई। लाइन फाल्ट को भी टीम ने ठीक कराया। वहीं नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सुनील कुमार दोहरे के निर्देश पर टीम ने फैजगंज, आदर्श कॉलोनी, चक्कर की मिलक में जेसीबी व छोटी पोकलैन मशीन से नाले की सफाई कराई। संचारी रोगों की रोकथाम के लिए एंटीलार्वा का छिड़काव भी कराया। नगर स्वास्थ्य अधिकारी ने मंडी समिति के पीछे बने नाले की सफाई कार्य का स्वयं निरीक्षण किया।

### जलकल की टीम ने कांशीराम नगर में बदली पुरानी पाइप लाइन

अधिशासी अभियंता जल, सहायक अभियंता, अवर अभियंता के साथ टीम ने वार्ड नंबर 40 नवाबपुरा सैनी बस्ती में जलकल कार्यालय द्वारा कराए जा रहे नलकूप के लोरिंग लिफ्टिंग कार्य व वार्ड नंबर 20 कांशीराम नगर में पुरानी पाइप लाइन के बदलने के कार्य का निरीक्षण किया। दोनों कार्यों को समय से पूरा करने का निर्देश ठेकेदार को दिया। वहीं वार्ड 1, 4, 5, 11, 12, 16, 20, 23, 29, 31, 44, 45 में पेयजल की पाइप लाइन में लीकेज की मरम्मत कराई गई।



काजीपुरा स्थित अमृत सरोवर में कछुए को छोड़ते प्रकृति सेवा समिति ट्रस्ट के सदस्य।

## प्रकृति सेवा समिति ने वन्य जीव संरक्षण के लिए किया जागरूक

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** प्रकृति सेवा समिति ट्रस्ट ने कछुआ संरक्षण की मुहिम के तहत कछुए को अमृत सरोवर काजीपुरा में छोड़ा। इस दौरान एक विचार गोष्ठी का भी आयोजन किया गया। जिसमें वन्य जीव संरक्षण को लेकर लोगों को जागरूक किया।

बुधवार को प्रकृति सेवा समिति की ओर से आयोजित गोष्ठी में वन्य जीव संरक्षण अधिनियम 1972 के अनुसार कछुए का पालन करना अवैध और अपराध बताया। इसके समिति ने मुहिम चलाई है। संस्थापक डा.नेपाल सिंह ने बताया कि कुछ महिलाओं द्वारा कछुए को पकड़कर अपने घर की तरफ ले जाया जा रहा था। इसी दौरान प्रकृति सेवा समिति के संस्थापक महासचिव पर्यावरण सचेतक के सदस्यों की निगाह एक महिला के हाथ में ली हुई जूट के थैले पर गई उन्होंने उस थैले में कुछ हलचल सी लगी तो तुरंत उन महिलाओं के पास गए और उस जूट की थैली को खोल दिखाने के लिए कहा।इस पर उन्होंने मना किया। थैले में हो रही हलचल से उन्हें थैले में कोई जीव आशंका लगी। उन्होंने कछुए को महिलाओं से छुड़ाकर अमृत सरोवर काजीपुरा में छोड़ दिया।

## आपदा में कैडेट्स की महत्वपूर्ण भूमिका

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** आपदा चाहे मानव निर्मित हो या प्राकृतिक, दोनों में एनसीसी कैडेट्स महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। चूंकि प्राकृतिक आपदाओं में तेजी से मदद की जरूरत होती है। इसलिए एनसीसी कैडेट्स काफी अच्छा परिणाम दे सकते हैं। एनसीसी कैडेट्स को इसी उद्देश्य से तैयार किया जाता है। इन दिनों एनसीसी कैडेट्स को नागरिक सुरक्षा संगठन के सहयोग से प्रशिक्षण दिया जा रहा है। उक्त बातें मेजर राजीव ढल ने महाराजा अग्रसेन इंटर कॉलेज में एनसीसी के फायर फाइटर के पांच दिवसीय प्रशिक्षण के प्रथम दिन कही।

महाराजा अग्रसेन इंटर कॉलेज, सिविल लाइन्स के स्टॉफ ऑफिसर शरीफ अहमद एवं मेजर राजीव ढल के सहयोग से सतीश कुमार जीएडीसी द्वारा फायर फाइटर की पांच दिवसीय ट्रेनिंग दी जा रही है। प्रथम दिन गृह अग्निशमन (फायर फाइटर) के प्रशिक्षण में एडीसी नागरिक सुरक्षा मुरादाबाद सतीश कुमार द्वारा 23 यू पी बटालियन एनसीसी के कैडेटों को आपदा के बारे में जानकारी दी गई। इसमें बताया गया कि अचानक आई आपदा से कैसे बचा जा सकता है। साथ ही अपने को बचाते हुए दूसरे लोगों की मदद कैसे की जा सकती है। हमें आपदा आने पर क्या-क्या सावधानियां रखनी चाहिए। घायल व्यक्तियों को अस्पताल ले जाने से पहले किस प्रकार उन्हें प्राथमिक चिकित्सा दी जा सकती है। इस अवसर पर प्रशिक्षण के संयोजक शरीफ अहमद ने सभी से कहा कि जो कुछ आप यहां से सीखें, उसे अपने जीवन में उतार लें। इस कैंप में विद्यालय के प्रधानाचार्य अरुण कुमार शुक्ल का सहयोग रहा। इस मौके पर एनसीसी कैडेट योगेश कुमार, सिद्धार्थ, बिट्टू, उदयवीर, लक्ष्य वर्मा, अंकित सैनी, मुनीत कुमार, शाहिद आदि मौजूद रहे।



महाराजा अग्रसेन इंटर कॉलेज में आपदा से बचाव का प्रशिक्षण देते वक्ता। ● अमृत विचार

### मेधावी छात्र-छात्राओं को किया सम्मानित

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** समर वैली स्कूल के छात्र-छात्राओं ने कक्षा दसवीं और बारहवीं में शानदार प्रदर्शन किया है। विद्यालय का परिणाम सौ प्रतिशत रहा है। कक्षा बारहवीं में अभिराज भरंगर ने 95.6, और कक्षा दसवीं में अनमय आशीष ने 97.8 प्रतिशत लेकर सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया है।

दसवीं कक्षा के सोमांश गोयल अविशी सिंह 96.8 प्रतिशत हासिल कर दूसरे स्थान पर रहे। ऋषभ राज गुप्ता ने 96.4%, देवांशी बंसल व वैष्णवी बिष्ट ने 95.6 और शरण्या सिंघल ने 95 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का मान बढ़ाया है। सोमांश गोयल ने विज्ञान, देवांशी बंसल ने गणित और सिद्धार्थ पंवार ने सामाजिक विषय में 100 अंक हासिल किए हैं। विद्यालय के निदेशक करन मनचंदा व प्रधानाचार्य विशाल उपाध्याय ने छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## गेहूं खरीद लक्ष्य पाने को जुटें अधिकारी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- मुरादाबाद संभाग को मिला है 4,05,000 मीट्रिक टन खरीद का लक्ष्य
- पिछले दिनों शासन के नोडल अधिकारी ने बैठक में खरीद बढ़ाने का दिया था निर्देश

**अमृत विचार:** मुरादाबाद संभाग गेहूं खरीद में प्रदेश में दूसरे नंबर पर होने के बाद भी अभी लक्ष्य से काफी पीछे है। 14 मई तक के आंकड़े देखें तो अभी तक संभाग में सिर्फ 26.13 प्रतिशत गेहूं खरीद हुई है। जबकि लक्ष्य 4,05,000 मीट्रिक टन खरीद का है। ऐसे में अब अधिकारियों को लक्ष्य हासिल करने को और तेजी दिखानी होगी। क्योंकि विभाग के अधिकारियों का ही मानना है कि अब 10-15 दिन ही गेहूं खरीद के लिए अहम हैं।

इस बार एक मार्च से गेहूं की खरीद मंडल के पांचों जिलों में बने 418 केंद्रों पर शुरु हुई। इन पांचों जिलों मुरादाबाद, रामपुर, बिजनौर, सम्भल, अमरोहा को शासन से गेहूं खरीद के लिए 4,05,000 मीट्रिक टन लक्ष्य दिया गया। लेकिन, ढाई महीने में अभी तक सिर्फ 26.13 प्रतिशत गेहूं की खरीद ही हो पाई है। जबकि पिछले दिनों शासन के नोडल अधिकारी कामता प्रसाद सिंह ने सर्किट हाउस सभागार में बैठक में खरीद बढ़ाने और अवैध भंडारण व परिवहन रोकने के लिए निर्देश दिया था। लोकसभा चुनाव में मतदान के बाद गेहूं खरीद बढ़ी है। मुरादाबाद संभाग प्रदेश में खरीद के मामले में दूसरे स्थान पर है। 14 मई तक 1,05,839.78 मीट्रिक टन गेहूं खरीदा गया है। जो कि बरेली के बाद दूसरे स्थान पर है। लेकिन, अभी भी लक्ष्य काफी दूर है। ऐसे में अब अधिकारियों को और तेजी दिखानी पड़ेगी जिससे शासन की मंशा गेहूं खरीद में पूरा हो सके।

संभागीय खाद्य नियंत्रक मनोज कुमार का कहना है कि गेहूं खरीद में पहले से तेजी आई है। लोकसभा चुनाव के चलते खरीद पर असर पड़ा है। अब खरीद के मामले में मुरादाबाद संभाग प्रदेश में दूसरे स्थान पर है। शत प्रतिशत लक्ष्य हासिल कराने पर पूरा जोर है।

**मंडल में यह है खरीद की स्थिति (मीट्रिक टन में)**

| जिला | लक्ष्य | 14 मई तक खरीद |
|---|---|---|
| मुरादाबाद | 76,000 | 31,483.95 |
| सम्भल | 96,000 | 26,486.89 |
| अमरोहा | 38,000 | 33,11.91 |
| बिजनौर | 38,000 | 8,624.26 |
| रामपुर | 1,57,000 | 35,932.77 |
| **कुल** | **4,05,000** | **1,05,839.7** |

### इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी राइट्स पर कार्यशाला

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** आईएफटीएम विश्वविद्यालय में बुधवार को इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी राइट्स पर कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यशाला में शारदा विश्विद्यालय ग्रेटर नोएडा में फार्मेसी विभाग के डीन अमरीश चंद्रा व आईपीआर सेल के समन्वयक व फार्मेसी संकाय के डीन नवनीत वर्मा बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। मुख्य अतिथि ने अपने वक्तव्य में शोधार्थियों को अपनी शोध का पेटेंट कराने के टिप्स देते हुए इसके लाभों के बारे में भी बताया। कार्यक्रम के अध्यक्ष व फार्मेसी संकाय के डीन वर्मा ने आईपीआर के महत्व के बारे में जानकारी दी। साहू ओंकार सरन कोठीवाल, अरूण कुमार मिश्र, प्रशांत उपाध्याय, अभिषेक तिवारी, श्वेता वर्मा, डॉ. अलंकार श्रीवास्तव आदि रहे।

**समारोह** केजीके महाविद्यालय में एनसीसी तृतीय वर्ष के कैडेट्स का विदाई समारोह

## अनुष्का मिस फेयरवेल, कनक बनीं मिस फेवरेट

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** केजीके महाविद्यालय में एनसीसी तृतीय वर्ष की कैडेट्स के लिए विदाई समारोह का आयोजन हुआ। इसमें अनुष्का यादव को मिल फेयरवेल चुना गया।

कार्यक्रम का आरंभ मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष प्रो. जीसी पाण्डेय, प्रो. डीके सिन्हा, सीनियर जीसीआई करुणा त्यागी और कैप्टन प्रोफेसर ममता सिंह द्वारा माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलित करके हुआ। कैडेट नेहा और मोनिका ने मां शारदे की वंदना प्रस्तुत की। उसके बाद प्रथम और द्वितीय वर्ष के कैडेट्स ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इसमें नेहा और मीनू ने एकल गीत गाया और याचिका, भावना , मोनिका, पायल, उपासना, आंचल, उजाला , नेहा, मनीषा, दीपाली, यशवी ने अपने एकल और समूह नृत्य से सभी का मन मोह लिया।

उजाला, नेहा और स्वाति ने समूह नृत्य प्रस्तुत किया। तृतीय वर्ष कैडेट्स को गेम्स भी खिलाए गए। इसमें अंजलि विजेता रही।

महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर सुनील चौधरी, समाजशास्त्र विभागाध्यक्ष प्रो जीसी पाण्डेय और कैमिस्ट्री विभागाध्यक्ष प्रो दिनेश कुमार सिन्हा ने सभी प्रतिभागियों से प्रश्न पूछे और उसके आधार पर मिस फेयरवेल का खिताब तृतीय वर्ष की अनुष्का यादव और कैडेट्स की पसंद के आधार पर मिस फेवरेट का खिताब अंडर आफिसर कनक को मिला। संचालन कैडेट पुष्पांजलि ने किया।



विदाई समारोह में प्रतिभागी एनसीसी कैडेट्स के साथ केजीके महाविद्यालय के प्रो. सुनील चौधरी व अन्य। ● अमृत विचार

### रुक्मिणी विवाह का प्रसंग सुन झूमे श्रद्धालु

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** अमरोहा गेट स्थित रस्तोगी मंदिर में चल रही श्रीमद्भागवत कथा में रुक्मिणी विवाह की धूम रही। कथा व्यास आचार्य प्रदीप शर्मा ने कहा कि धर्मशास्त्र के स्वाध्याय और उन्हें जीवन में उतारने से मनुष्य का जीवन सार्थक हो जाता है।

कथावाचक ने कहा कि उन्होंने कहा स्कूली शिक्षा जहां सांस्कारिक सुख सुविधा का मार्ग प्रशस्त करती हैं, वहीं धर्म शास्त्र की शिक्षा जीवन जीने की कला सिखाती है और आवागमन के चक्र से मुक्त करती है। अंत में उन्होंने रुकमणी विवाह का प्रसंग सुनाया तो श्रद्धालु झूमने लगे। उन्होंने देर तक नृत्य किया। मुख्य यजमान राजीव रस्तोगी एवं सीमा रस्तोगी रहे। नमिता रस्तोगी, शिवानी, ममता बंसल, शुभम, शाल्वी, उमेश, मुकेश, प्रभात, डा. मनोज रस्तोगी, दिनेश, कुलदीप, शिखा, ओम प्रकाश, राखी, कल्पना, सुनीता, मधु, निशा आदि मौजूद रहे।



आरएसडी एकेडमी में सम्मानित किए गए मेधावी छात्र-छात्राएं व शिक्षक। ● अमृत विचार

## 10वीं, 12वीं के मेधावी किए सम्मानित

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** आरएसडी एकेडमी में बुधवार को 10वीं व 12वीं के मेधावी विद्यार्थियों को निदेशक डॉ. विनोद कुमार, डॉ. जी कुमार ने सम्मानित किया। इन्होंने मेधावी छात्र-छात्राओं की प्रशंसा की और कहा कि यह आने वाले होनहार विद्यार्थी देश की प्रगति में अपना भरपूर योगदान देंगे।

प्रधानाचार्य अभिषेक शर्मा ने कहा कि निरंतर मेहनत करने से ही सफलता का परचम लहराया जा सकता है। कक्षा 12 में प्रखर त्यागी 90.6 प्रतिशत, आयुष अग्रवाल 89.8 प्रतिशत, अमृत कुमार 80.4 प्रतिशत और कार्तिक गुप्ता 78.6 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। इसी प्रकार 10वीं में प्रियम सिंह 95.2 प्रतिशत, हंसिका सिंह 95 प्रतिशत, सुप्रिया सिंह 94.2 प्रतिशत और खुशी भटनागर ने 93 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। इस दौरान विशेष अतिथि डॉ. गौरव कुमार, डॉ.अजय शर्मा, डॉ.गरिमा शर्मा ने सभी विद्यार्थियों को बहुत-बहुत बधाई दी। कार्यक्रम में ज्योति पाठक, अंजू सुखीजा, निधि सिंह, मोनिका भटनागर, दीपक रस्तोगी ,कल्पना पांडे, अमित बिश्नोई, मयंक कश्यप, अभिषेक बिश्नोई, मोहित चौधरी,ताहिर हुसैन,मोहसिन, मो. हुजेब, मनन, लेफ्टिनेंट सुखरानी आदि मौजूद रहीं।

## शहर में आज

- नेताजी सुभाष चन्द्र बोस स्टेडियम सोनकपुर में बैडमिंटन टूर्नामेंट सुबह 10 :30 बजे से ।
- रेलवे स्टेडियम में कलेक्ट्रेट क्रिकेट मैच सुबह 10 बजे से।
- अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद मेरठ प्रांत की समीक्षा बैठक कृष्णा बाल विद्या मंदिर मंगूपुरा में सुबह 10 :00 बजे से।

## एक नजर



जिला अस्पताल में भर्ती मजदूर अनुज।

### दबंगों ने मजदूर को पीटा जिला अस्पताल में भर्ती

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** मझोला थाना क्षेत्र के अंतर्गत दबंगों ने मजदूरी करके घर जा रहे युवक के साथ मारपीट कर डाली। मारपीट में घायल मजदूर को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पीड़ित ने आरोपियों के खिलाफ मझोला थाने में तहरीर दी है। थाना मझोला क्षेत्र के गांव डिडौरी निवासी अनुज मेहनत मजदूरी करता है। बताया गया कि मंगलवार की शाम अनुज मजदूरी करके वापस घर लौट रहा था। आरोप है कि रास्ते में उसे दबंग संजीव चौधरी, मुकुल चौधरी व लाला ने रोक लिया। जिसके बाद तीनों ने उसके साथ मारपीट की। मारपीट में अनुज गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी मिलने पर मौके पर पहुंचे परिजनों ने घायल अनुज को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया। पीड़ित ने मारपीट करने वाले आरोपियों के खिलाफ मझोला थाने में तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई है।

### नौ साल की बच्ची लापता मां की तहरीर पर रिपोर्ट

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** मझोला थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक नौ साल की बच्ची लापता हो गई। बच्ची की मां ने मझोला थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। मूल रूप से जनपद रामपुर के थाना शाहबाद के गांव खरसौल निवासी महिला राधा अपनी नौ साल की बेटी पारूल के साथ बुद्धि विहार स्थित उर्मिला देवी के मकान पर किराए पर रहती है। पति की मौत के बाद राधा नौकरी करती है। पुलिस को दी गई तहरीर में महिला ने बताया कि बीती 12 मई को वह अपने काम पर चली गई थी और उसकी बेटी घर पर थी। महिला जब काम से लौटकर आई तो उसकी बेटी घर पर नहीं थी। महिला ने उसकी काफी तलाश की, लेकिन वह नहीं मिली। पुलिस ने महिला की तहरीर पर बच्ची की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### पुलिस ने पकड़ा शातिर चोर, स्कूटी बरामद

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** गलशहीद थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना मिलने के बाद एक शातिर चोर को गिरफ्तार किया। पुलिस ने उसके पास से चोरी की एक स्कूटी और चाकू बरामद करने के बाद उसे जेल भेज दिया। थाना गलशहीद एसओ सौरभ त्यागी ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर शातिर चोर मोहसिन निवासी मियां कालोनी जयंतीपुर थाना मझोला को गिरफ्तार किया गया। पुलिस को आरोपी के पास से एक चोरी की स्कूटी और चाकू मिला है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर उसे कोर्ट में पेश किया। आरोपी युवक को पकड़ने वाली टीम में थानाध्यक्ष सौरभ त्यागी के अलावा दरोगा अमर मलिक, ऋषभ कुमार, विकास कुमार व सिपाही रवित कुमार शामिल हैं।

### गर्मी के मौसम में यात्रियों को सता रही ट्रेनों की लेटलतीफी, यात्रियों का स्टेशन पर गुजर रहा अधिकांश समय

# अमरनाथ 9 तो बेगमपुरा एक्सप्रेस 7 घंटे देरी से पहुंची, यात्री रहे परेशान

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** भीषण गर्मी में यात्री सफर से ज्यादा स्टेशन पर समय गुजारने को मजबूर हैं। जिसकी वजह प्रमुख ट्रेनों की लेटलतीफी है। यात्री भीषण गर्मी के बीच सुबह से शाम तक ट्रेनों के इंतजार में स्टेशन पर ही समय गुजार रहे हैं। ट्रेनों के बिगड़े संचालन की वजह किसान आंदोलन बताया जा रहा है। जिसके कारण यात्रियों को भीषण गर्मी में दुश्वारियों का सामना करना पड़ रहा है। बुधवार को भी मुरादाबाद से होकर गुजरने वाली 10 से ज्यादा मुख्य ट्रेनें अपने निर्धारित समय पर नहीं पहुंची। जिससे यात्रियों को काफी परेशानी हुई।



रेलवे स्टेशन परिसर में ट्रेन के इंतजार में बैठे यात्री। ● अमृत विचार

पंजाब के अंबाला मंडल के शंभू स्टेशन पर एक महीने से किसान आंदोलनरत हैं। आंदोलन के चलते रेलवे प्रशासन ने कई मुख्य ट्रेनों का मार्ग बदल रखा है। जिसके बाद से ट्रेनों का संचालन पूरी तरह से गड़बड़ाया हुआ है। ट्रेनों का मार्ग बदलने से दैनिक व समर स्पेशल ट्रेनें बेपटरी हो गई हैं। मुरादाबाद में आने वाली 10 से 12 प्रमुख ट्रेनें प्रतिदिन अपने निर्धारित समय पर नहीं पहुंच रही हैं। ट्रेनों के लेट होने से भीषण गर्मी के दौरान यात्री परेशानियां झेल रहे हैं। ट्रेनों की देरी से परेशान होकर यात्री अपने टिकट भी रद करा रहे हैं। जिससे रेलवे को लाखों रुपये का नुकसान भी हो रहा है। बुधवार को बेगमपुरा एक्सप्रेस सात घंटे और भागलपुर अमरनाथ एक्सप्रेस नौ घंटे की देरी से पहुंची, जिसके कारण यात्रियों को काफी दुश्वारी झेलनी पड़ी।

| ट्रेन संख्या | नाम | कितनी देरी से पहुंची |
|---|---|---|
| 12238 | बेगमपुर एक्सप्रेस | सात घंटे 45 मिनट |
| 15098 | अमरनाथ एक्सप्रेस | नौ घंटे 56 मिनट |
| 15015 | लालकुआं साप्ताहिक एक्सप्रेस | आठ घंटे 54 मिनट |
| 12469 | जम्मूतवी सुपरफास्ट एक्सप्रेस | चार घंटे पांच मिनट |
| 14604 | सहरसा जनसाधारण एक्सप्रेस | तीन घंटे 35 मिनट |
| 04057 | आनंद विहार टर्मिनल स्पेशल | सात घंटे 31 मिनट |
| 04003 | न्यू दिल्ली समर स्पेशल | छह घंटे 16 मिनट |
| 12331 | हिमगिरी एक्सप्रेस | तीन घंटे 53 मिनट |
| 04309 | देहरादून समर स्पेशल | दो घंटे 41 मिनट |

### डेढ़ महीने बाद दर्ज हुई मारपीट की रिपोर्ट

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** लगभग डेढ़ माह बाद वरिष्ठ अधिकारियों से शिकायत करने पर पुलिस ने मारपीट मामले में चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

थाना मझोला क्षेत्र की बैंक कालोनी निवासी पूनम पत्नी मिथिलेश 26 मार्च को होली पर मां और बच्चों के साथ कांशीराम नगर गई थीं। इसी बीच वहां मौजूद अंकुर वर्मा, राहुल, अजय सक्सेना व रवि निवासी पीएम आवास योजना ने रंग लगाने की कोशिश की। विरोध करने पर आरोपियों ने स्कूटी में तोड़फोड़ की और लोहे की रॉड से वार कर घायल कर दिया था। रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए थाना मझोला थाना के चक्कर काटती रही। लेकिन सुनवाई नहीं हुई। अधिकारियों से शिकायत करने पर पुलिस ने अंकुर वर्मा, राहुल, अजय सक्सेना व रवि पंडित के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

# मंडी में लाखों की सब्जी सड़ने के कगार पर

### लाखों के मंडी टैक्स का नुकसान, मतगणना स्थल बनने से व्यापारियों का कारोबार भी प्रभावित

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** कृषि उत्पान मंडी समिति में लाखों की सब्जियां सड़ने के कगार पर हैं। मंडी टैक्स का भी नुकसान हो रहा है। सब्जी-फल कारोबार से जुड़े व्यापारी लोकसभा चुनाव के प्रथण चरण के मतदान के बाद ईवीएम स्ट्रांग रूम बनाने और मतणना स्थल बनने के कारण परेशान हैं। 15 मई की बंदी को रोकने की मांग की गई तो दूसरा गुट बंदी रहने के पक्ष में आ खड़ा हुआ। एक गुट कह रहा है कि जब चुनाव के कारण कई बार मंडी कारोबार बंद रखना पड़ा तो 15 मई की बंदी स्थगित करनी चाहिए थी। लेकिन दूसरा गुट इस पक्ष में नहीं था। वह प्रशासन के पक्ष में खड़ा हो गया। लिहाजा बुधवार को पूरे दिन खींचतान बनी रही। अब मतगणना तक कई बार कारोबार बंद रहेगा ऐसे में व्यापारी लाखों का नुकसान होने का अंदेशा जता रहे हैं।

हाल ही में हुए लोकसभा चुनाव का मुरादाबाद में प्रथम चरण का मतदान होने से फल सब्जी मंडी में सब्जी विक्रेताओं को कारोबार में बड़े पैमाने पर नुकसान हुआ है। क्योंकि 19 अप्रैल को मतदान होने के कारण मंडी कई बार बंद रह चुकी है। करीब डेढ़ महीना बाद चार जून को मतगणना होगी। ऐसे में कई बार कारोबार बंद रखना पड़ा है। ईवीएम स्ट्रांग रूम होने के कारण कई रास्ते बंद है। कारोबार प्रभावित है। सब्जी आढ़ती वेलफेयर एसोसिएशन के सचिव हरिओम गुप्ता ने बताया कि अभी मतगणना तक मंडी में काम अपनी चाल पर नहीं आ सकेगा।

मंडी में आढ़तियों के बड़े पैमाने पर भरे हुए आलू और प्याज में सड़न की बदबू आने लगी है। जिसको देखते हुए मंडी में सब्जी के बड़े आढ़तियों ने महीने के बीच में 15 तारीख को मंडी बंदी दिवस न रखकर मंडी को खोले जाने का प्रस्ताव रखा था। लेकिन एसोसिएशन के अध्यक्ष महावीर और व मोहम्मद अली ने मंडी सचिव से मंडी को पूर्व की तरह बंद रखने की बात रखी। एसोसिएशन के सचिव का कहना है कि मंडी सचिव ने उनकी बात पर गौर किए बिना ही सब्जी फल कल्याण समिति के अध्यक्ष पीतम सैनी से मिलकर मंडी बंद रखने के निर्देश दे दिए।

ऐसे में कारोबार काफी प्रभावित रहा। बता दें कि मंडी महीने की 15 तारीख को बंद रखने का कोई सरकारी निर्देश नहीं है। इसे आढ़तियों ने ही अपनी सहूलियत के बनाया है। मंडी कारोबार प्रभावित होने पर अब एक गुट मंडी निदेशालय तक जाने की तैयारी कर रहा है। दूसरा गुट प्रशासन के पक्ष में है। बुधवार को मंडी में पूरे दिन खींचतान बनी रही। लेकिन प्रशासन के हस्तक्षेप के चलते मंडी बंद रही।



मंडी समिति में सोनू प्याज एंड कंपनी आढ़त पर मंडी खोलने को लेकर बैठक करते आढ़ती। ● अमृत विचार

#### आज होगा मंडी आढ़तियों की समस्या का समाधान



मैं अवकाश पर थी। इसलिए मंडी का संचालन पुरानी व्यवस्था के अनुरूप ही चलाने को कहा गया था। अब गुरुवार को दोनों पक्षों को सुनकर आढ़तियों की समस्याओं का समाधान कराया जाएगा। उसके बाद मंडी और आढ़तियों के हित में जो भी फैसला होगा वो सबके लिए मान्य होगा। सब्जी के सड़ने की बात सामने आई है उसका भी हल निकाला जाएगा।

**-किंशुक श्रीवास्तव,** सिटी मजिस्ट्रेट एवं सभापति फल-सब्जी मंडी

#### परेशानी

- 15 तारीख को मंडी बंद करने को लेकर दो गुट आमने सामने
- एक गुट 15 की बंदी के पक्ष में तो दूसरा गुट जता रहा है विरोध

#### सब्जी आढ़ती वेलफेयर एसोसिएशन का ये है कहना

☞ लोकसभा चुनाव से लेकर अब तक मंडी का कारोबार ठप।

☞ मंडी नहीं आ पा रहे बाहर से आने वाले सब्जी व्यापारी।

☞ मंडी के आढ़तियों की आमदनी के साथ मंडी को भी टैक्स की हो रही क्षति।

☞ मंडी में आलू और प्याज के भंडारण में गर्मी से आने लगी बदबू।

☞ जल्द नहीं हुआ समाधान तो आढ़तियों को होगा भारी नुकसान।

#### फल-सब्जी कल्याण समिति के पदाधिकारियों का ये है कहना

☞ मंडी वर्षों से महीने में दो दिन बंद होती चली आई है।

☞ चुनाव भी हर पांच वर्ष में दो बार होते हैं।

☞ इस बार 15 तारीख को मंडी खोले जाने की जरूरत नहीं थी।

☞ एक दिन के लिए नियम नहीं टूटने चाहिए।



दिल्ली रोड पर ऑटो में इस तरह स्कूली बच्चों की जान जोखिम में डालकर ले जाता चालक।

## उम्र पूरी कर चुके 160 स्कूली वाहन कर रहे बच्चों की जान से खिलवाड़

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** वाहनों में स्कूल जाने वाले सैकड़ों बच्चों की सुरक्षा की कोई गारंटी नहीं है। जिले में बच्चों को स्कूल ले जा रहे वाहनों में से 160 वाहनों की उम्र पूरी हो चुकी है। जिन्हें संभागीय परिवहन विभाग ने नोटिस देकर अपना पल्ला झाड़ लिया है। 15 वर्ष की आयु पूरी करने वाले वाहन अभी भी स्कूली बच्चों को भरकर सड़कों पर फर्राटा भर रहे हैं।

जिले में 2156 स्कूली वाहनों में से 160 वाहनों को संभागीय परिवहन विभाग ने अनफिट घोषित कर दिया है। इन वाहनों की 15 वर्ष की आयु पूर्ण हो चुकी है। विभाग ने इन पर बिना फिटनेस कराए सड़क पर चलने तक की पाबंदी लगाई है। लेकिन ये वाहन स्कूल जाने वाले मासूम बच्चों की जान से खिलवाड़ कर रहे हैं। बच्चों को भरकर सड़क पर दौड़ रहे वाहनों को कोई रोकने वाला नहीं है।



वाहन में इस तरह से स्कूली बच्चों को ले जाता वाहन चालक। ● अमृत विचार

जबकि चौकी चौराहों के सामने से निकलने वाले इन वाहनों को चौराहे पर खड़ी ट्रैफिक पुलिस भी नहीं रोकती। संभागीय परिवहन विभाग नोटिस देने की जिम्मेदारी निभाकर अपना पल्ला झाड़ चुका है।आरटीओ प्रवर्तन आनंद निर्मल ने बताया कि ऐसे वाहनों को नोटिस दिए जा चुके हैं। सड़क पर या किसी स्कूल के बच्चों को ले जाते मिलने पर इनकी आरसी सस्पेंड कर दी जाएगी। बिना परमिट स्कूली बच्चों को ले जा रहे वाहनों को सीज कर दिया जाएगा।

## 23.3 करोड़ से रामपुर में बनेगा एफओबी

- आज से शुरू किया जाएगा पुराने ब्रिज को हटाने का कार्य

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** जनपद रामपुर में पुराना फुट ओवर ब्रिज (एफओबी) गुरुवार से हटाना शुरू किया जाएगा। जिसके साथ ही नया पुल बनाने की तैयारी भी शुरू हो जाएगी। नया ब्रिज 12 मीटर चौड़ा होगा। जिसका एक सिरा स्टेशन के बुकिंग कार्यालय व दूसरी ओर लाइनपार क्षेत्र से भी ब्रिज की कनेक्टविटी होगी।

मुरादाबाद की दिशा में बनने वाले एफओबी के लिए डिजाइन तैयार कर लिया गया है। साथ ही स्टेशन को विकसित करने के लिए बिल्डिंग, लिफ्ट-एस्केलेटर, वाईफाई समेत यात्री सुविधाओं पर 23.3 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे।

अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत मुरादाबाद मंडल के कई स्टेशनों पर कार्य कराए जा रहे हैं। जिसके तहत रामपुर स्टेशन को धीरे रफ्तार मिलने लगी है। स्टेशन की पुरानी बिल्डिंग की बजाय आधुनिक होगी। इसके अलावा यात्री व कारोबार के लिहाज से नई सुविधाएं मुहैया कराई जाएंगी। स्टेशन पर बड़े बदलाव की शुरुआत गुरुवार फुट ओवर ब्रिज को हटाने से की जाएगी। मौजूदा पुल प्लेटफार्म एक व दो पर स्थित है। रेलवे की मानें तो एफओबी हटाने के साथ ही योजना में प्रस्तावित अन्य कामों पर अमल शुरू हो जाएगा। योजना के तहत सभी चिह्नित स्टेशनों पर नया एफओबी 12 मीटर चौड़ा बनाया जा रहा है। रामपुर में पुराने पुल की जगह नया पुल इतना ही चौड़ा होगा। सीनियर डीसीएम आदित्य गुप्ता ने बताया कि अमृत भारत योजना में मंडल के 19 स्टेशनों को पुनर्विकसित करने का काम चल रहा है। स्टेशनों पर लिफ्ट- एस्केलेटर, कैफेटेरिया, बिजनेस बैठक के लिए कार्यकारी लाउंज, वेटिंग हॉल, सर्कुलेटिंग एरिया, पोर्च, बेहतर क्वालिटी के फर्नीचर समेत अन्य आधुनिक सुविधाएं मिलेगी।

### पति के उत्पीड़न से त्रस्त महिला ने दर्ज कराई रिपोर्ट

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** पत्नी ने गलत काम से मना किया तो आरोपी पति ने उसका उत्पीड़न करना शुरू कर दिया। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर आरोपी पति समेत छह लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

थाना मूंढापांडे क्षेत्र की रहने वाली महिला की शादी आठ साल पहले जनपद रामपुर के थाना सिविल लाइंस क्षेत्र के अगापुर निवासी अमित यादव से हुई थी। लेकिन पति उससे गलत काम करना चाहिता था। इनकार पर उसे यातनाएं दी गईं। पीड़िता ने थाने में पति अमित यादव, ओमकार, धर्मवती, रामबाबू, मिथलेश व दीपक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

## आरएसएस नेता से ठगी का प्रयास, रिपोर्ट

- फर्जी कंपनी ने मेडिकल संचालक को डिफाल्टर बताकर की ठगी की कोशिश

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** उधारी का पैसा वसूलने के नाम पर फर्जी कंपनी बनाकर लोगों से ठगी करने का नया मामला सामने आया है। बिजनेस अलर्ट इंफोटेक प्राइवेट लिमिटेड नाम से कंपनी बनाकर महानगर के मेडिकल संचालक व आरएसएस नेता से ठगी का प्रयास किया गया। पुलिस ने पीड़ित मेडिकल संचालक की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज की है।

थाना मझोला के बुद्धि विहार निवासी पवन कुमार जैन आरएसएस नेता हैं और जैन मेडिकेयर के प्रोपराइटर है। उन्होंने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि बिजनेस अलर्ट इन्फोटेक प्राइवेट लिमिटेड चित्रलोक वैशाली नगर जयपुर की एक ऐसी कंपनी है जो लोगों को प्रताड़ित करके अवैध वसूली करने का काम करती है। पवन जैन ने बताया कि इस कंपनी ने मेरी फर्म जैन मेडिकेयर बुद्धि विहार को अवैध तरीके से अपनी क्रेडिट क्यू नाम की वेबसाइट पर एमएसएमई सिविल डिफाल्टर घोषित किया है। जबकि किसी को डिफाल्टर घोषित करने का इस कंपनी के पास कोई अधिकार नहीं है। इसके अलावा उन्होंने कभी इस कंपनी से कोई लेन-देन नहीं किया। यह कंपनी दिन में लगभग 800-1000 बार ऑटोमेटिक कॉल रिकॉर्डिंग से उन्हें फोन करके मानसिक रूप से प्रताड़ित कर रही है। इससे पहले उन्होंने इसकी शिकायत साइबर क्राइम सेल में की थी। जिसमें उनके द्वारा जानकारी जुटाई गई तो पता चला कि इस कंपनी की एक डायरेक्टर मुक्ता मित्तल चित्रकूट अजमेर रोड वैशाली नगर जयपुर व दूसरी डायरेक्टर अंजलि धारीवाल कलर गली, फतेहपुर सीकरी आगरा की है। पुलिस ने इस मामले में रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

फलों का राजा

### मलिहाबाद का दशहरी व अमरोहा के लंगड़ा आम की जून तक होगी आवक

# दक्षिण भारत के आम से पटा बाजार, स्थानीय का इंतजार

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** फलों के राजा आम की हर किस्म खाने की चाहत हर किसी की होती है। गर्मी के मौसम में आम का सीजन शुरू होते ही लोगों की अन्य फलों में दिलचस्पी कम होने लगती है। लोग अधिकतर आम ही खरीदना चाहते हैं। अगर आप आम खरीदने बाजार जा रहे हैं तो इस वक्त आपको बाजार में दक्षिण भारत के महाराष्ट्र और तेलंगाना के वारंगल का सबसे बेहतरीन आम तोतापरी मिलेगा। वहीं बाजार में सफेदा भी वहीं से आ रहा है। साथ ही गुजरात का सबसे महंगा आम सुरखा और अलफानसो भी दस्तक दे चुका है। हालांकि जिले में भी 3 हजार 190 हेक्टेयर में आम की कई प्रजातियों की फसल होती है। लेकिन उसे आने में अभी एक महीना लगेगा।



बाजार में एक दुकान पर रखा तोतापरी आम। ● अमृत विचार

मुरादाबाद और अमरोहा का आम बिहार, बंगाल, कलकत्ता और नेपाल के लोग ज्यादा पसंद करते हैं। आम के सीजन में बाहर से आने वाले आम की प्रजातियों में अभी चार प्रजातियां ही मिल पाएंगी। शहर में दक्षिण भारत के आम ने दस्तक दे दी है। देखा जाए तो बाजारों में तेलंगाना का तोतापरी आम लोगों को बेहद पसंद आ रहा है।

वहीं महाराष्ट्र से आने वाली सफेदा प्रजाति के आम का अधिकतर लोग मैंगो शेक बनाना पसंद कर रहे हैं। इसके अलावा मुरादाबाद के बड़े फल विक्रेताओं के पास तेलंगाना के कई जिलों से सबसे महंगा आम सुरखा और अलफानसो आ चुका है। इस आम की कीमत थोक में 250 से 300 रुपये किलो है। इस आम के चाहने वालों ने इसे ऑर्डर दे कर मंगवाया है।

वहीं गुजरात से आने वाला आम मालगो, हापुस भी मुरादाबाद के बाजारों की रौनक एक सप्ताह बाद बढ़ाएगा। हालांकि इन प्रजातियों के आम की कीमत देखकर आम आदमी खाने की हिम्मत नहीं जुटा पाएगा। मुरादाबाद में भी आम की अच्छी तादाद में पैदावार होती है।

#### बाजार में आम के भाव

● तोतापरी 100 से 120 रुपये प्रति किलो ● सफेदा 80 से 90 रुपये प्रति किलो ● सुरखा व अलफानसो 250 से 300 रुपये प्रति किलो



पिछले वर्ष जनपद में 3 हजार 190 हेक्टेयर में 5 लाख 63 हजार 673 क्विंटल आम का उत्पादन हुआ था। उन्होंने बताया कि मुरादाबाद में दशहरी, चौसा, आम्रपाली, मलिका प्रजाति के आम की पैदावार होती है। लखनऊ के मलिहाबाद की दशहरी मुरादाबाद में पसंद की जाती है। वहीं बिहार, बांग्लादेश, कोलकाता और नेपाल में अमरोहा का लंगड़ा आम पसंद किया जाता है। बाकी प्रचलित अन्य प्रजातियों के आम का जून के दूसरे सप्ताह तक इंतजार करना पड़ेगा।

**-गया प्रसाद,** जिला उद्यान अधिकारी

### महेश को गोली मारने का आरोपी भेजा जेल

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** सदर कोतवाली क्षेत्र में हत्यारोपी को गोली मारने के मामले में पुलिस ने एक हमलावर को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया है। पुलिस अब फरार दूसरे हमलावर की तलाश में संभावित ठिकानों पर छापेमारी कर रही है।

सदर कोतवाली क्षेत्र में दुर्गा मंदिर के पास मंगलवार की रात एक हत्या में आरोपी महेश यादव को गोली मार दी गई थी। पीठ में गोली लगने से वह घायल हो गया था। मामले में पुलिस ने हैप्पी उर्फ सुमित और बबलू उर्फ देवीदास निवासी दुर्गा मंदिर कटरा पूरनजाट कंजरी सराय के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज की थी। सदर कोतवाली इंस्पेक्टर ऊषा मलिक ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर हैप्पी उर्फ सुमित को रेलवे स्टेशन के पास से गिरफ्तार कर लिया गया।

## दुकान के बंटवारे के विवाद में युवक को भाइयों ने पीटा

- गंभीर हालत में हायर सेंटर किया रेफर, पुलिस ने दर्ज की रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** मझोला थाना क्षेत्र के अंतर्गत दुकान के बंटवारे को लेकर दो सगे भाइयों ने युवक के साथ मारपीट कर डाली। मारपीट में गंभीर रूप से घायल युवक को हायर सेंटर रेफर किया गया है।

थाना मझोला क्षेत्र के गांव कंजीवाली निवासी महिला पुष्पा ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि उसके पति चंद्रपाल सैनी का अपने भाई राधेश्याम व चंद्रभान से दुकान के बंटवारे को लेकर विवाद चल रहा है। दुकान गागन वाले बड़ा मंदिर के पास है और उस पर महिला का पति बैठता है। महिला का आरोप है कि 14 मई को उसका पति रात में अपनी दुकान पर पहुंचा तो उसका भाई राधेश्याम व चंद्रभान दुकान के गेट पर अपना गेट लगा रहे थे। विरोध करने पर राधेश्याम व चंद्रभान ने अपने बेटे साजन और चार अज्ञात साथियों के साथ मिलकर महिला के पति पर हमला बोल दिया। इस दौरान सभी ने लाठी-डंडों व सरियों से सिर व शरीर पर कई वार किए। जिससे महिला का पति गंभीर रूप से घायल हो गया। सभी आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। आनन-फानन में घायल चंद्रपाल सैनी को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां चिकित्सकों से उसकी हालत नाजुक बताते हुए उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया। पुलिस ने महिला पुष्पा की तहरीर पर आरोपी राधेश्याम, चंद्रभान, साजन व चार अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## एक नजर


अस्पताल में निर्माण कार्य करते मजदूर।

### अधर में पड़े अस्पताल का निर्माण कार्य शुरू

**अगवानपुर, अमृत विचार :** लगभग पंद्रह वर्ष पहले पूर्व प्रधान हाजी फराहीम द्वारा आयुर्वेदिक व होम्योपैथिक अस्पताल का प्रस्ताव पारित कराया गया था। जिसका निर्माण कार्य पूरा नहीं हो पाया था। तब से अब तक अधूरे पड़े अस्पताल की हालत जर्जर थी। अस्पताल की यह हालत थी कि लोगों ने अस्पताल में अपने पशु बांध रखे थे। अस्पताल की हालत देखकर नगर के कुछ लोगों ने जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर जानकारी दी थी। तब कही जाकर प्रशासन ने इस ओर ध्यान दिया और अस्पताल का दोबारा निर्माण कार्य शुरू कराया गया।

### नेताजी सुभाषचंद्र बोस स्पोर्ट्स स्टेडियम सोनकपुर में उपलब्ध हैं फुटबाल की 40 सीटें, कोच सचिन विश्नोई दे रहे युवा खिलाड़ियों को प्रशिक्षण

# भविष्य निखारने को स्टेडियम में पसीना बहा रहे फुटबाल खिलाड़ी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** नेताजी सुभाष चंद्र बोस स्पोर्ट्स स्टेडियम में फुटबॉल में भविष्य बनाने के लिए खिलाड़ी रोज पसीना बहा रहे हैं। यहां खिलाड़ियों को अनुभवी कोच सचिन विश्नोई प्रशिक्षण दे रहे हैं। स्टेडियम में आए दिन फुटबॉल मैच होते रहते हैं। स्टेडियम में 210 रुपये में पंजीकरण कराकर प्रशिक्षण प्राप्त कर सकता है और फुटबॉल में अपना कॅरिअर बना सकता है।

महानगर में फुटबॉल के प्रति लोगों का रुझान बढ़ रहा है। यहां भी राष्ट्रीय, राज्य स्तर के फुटबालर मौजूद हैं। जिला फुटबॉल एसोसिएशन के महासचिव मोहम्मद नासिर कमाल ने बताया कि फुटबॉल लगातार अपनी पकड़ मजबूत कर रहा है। जनपद में हर साल एक राज्य स्तरीय प्रतियोगिता कराने की कोशिश रहती है।

सोनकपुर स्टेडियम में भी खिलाड़ी नियमित अभ्यास कर रहे हैं। इसके अलावा भी विभिन्न एकेडमियों में भी बच्चे अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रहे हैं। सोनकपुर स्टेडियम में रोज सुबह शाम खिलाड़ी अपने भविष्य निखारने के लिए पसीना बहा रहे हैं।


नेताजी सुभाष चंद्र बोस स्टेडियम में अभ्यास करते फुटबॉल के खिलाड़ी। ● अमृत विचार

#### नौकरी के अवसर प्रदान करते हैं खेल

फुटबॉल खेल से युवा अपना भविष्य निखार सकते हैं। इससे वह बेहतर खिलाड़ी बनने के साथ सरकारी नौकरी में भी कोटा पा सकते हैं। महानगर में ऐसे कई फुटबॉल खिलाड़ी हुए हैं। जिन्होंने फुटबॉल के माध्यम से सरकारी नौकरी तक का सफर तय किया है। इसमें नगीम अंसारी आज आर्मी में जम्मू में पोस्टिंग है। वहीं नितेश सैनी की सेना में बी हैदराबाद में पोस्टिंग है। अब्दुर रहमान हाल ही में अंडर 20 नेशनल खेल कर आए हैं। वहीं राजकुमारी महिला रेफरी बन चुकी हैं। वह भी स्टेट चैम्पियनशिप भी खेली हैं।

#### ऐसे करें आवेदन

फुटबॉल कोच सचिन विश्नोई ने बताया कि स्टेडियम में खेलना बहुत ही आसान है। यहां रोज फुटबॉल खिलाड़ियों को सुबह-शाम अभ्यास कराया जा रहा है। यहां फुटबॉल में 40 सीटें हैं। इसके अलावा भी खिलाड़ियों को निराश नहीं किया जाता है। यहां आप सीधे स्टेडियम कार्यालय में आकर क्रीड़ा अधिकारी प्रेम कुमार या फिर कोच सचिन विश्नोई से मिल सकते हैं। यहां अगर आपकी आयु 18 साल से कम है तो आपको 210 रुपये प्रति साल देने होंगे। जबकि 18 साल से अधिक आयु के खिलाड़ियों को 210 रुपये प्रति माह देने होंगे।


फुटबॉल खेलना मेरा सपना है। मैंने बहुत छोटी आयु से खेलना शुरू किया था। इस खेल से सबसे पहले आपका शरीर फिट रहता है।
-अब्दुर्रहमान


मैंने हाल ही में अंडर 20 का नेशनल कैंप किया है। युवाओं को क्रिकेट के साथ फुटबॉल में भी रुझान बढ़ाना चाहिए। इसमें भी इतनी ही प्रसिद्धि है।
-अदनान अंसारी


फुटबॉल ने मेरे सारे सपने पूरे किए हैं। मैं पढ़ाई में इतनी अच्छी नहीं थी। लेकिन, आज फुटबॉल से मेरी पहचान है। मैं क्वालीफाइड फुटबॉल रेफरी हूं। साथ ही मैंने स्टेट चैंपियनशिप भी खेली है।
-निशिता सिंह


सोनकपुर स्टेडियम में फुटबॉल समेत सभी खेलों को आगे बढ़ाने पर जोर दिया जा रहा है। स्टेडियम में सभी खेलों के लिए खेल सामग्री उपलब्ध कराई जाती है। हमेशा प्रयास रहता है कि खिलाड़ियों को किसी प्रकार की कोई कमी न हो।
-प्रेम कुमार, जिला क्रीड़ा अधिकारी

# जिले में आठ परीक्षा केंद्रों पर शांतिपूर्ण हुआ सीयूईटी

### पेपर के बदले पैटर्न से नाखुश दिखे छात्र, तो कुछ ने जताई खुशी, 2070 अभ्यर्थी रहे अनुपस्थित

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) द्वारा आयोजित कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट बुधवार को प्रारंभ हुआ। देश के सबसे बड़ी परीक्षाओं में शुमार सीयूईटी परीक्षा देने जिले में मंडलभर से परीक्षार्थी पहुंचे। परीक्षा के बदले पैटर्न को लेकर परीक्षार्थी नाखुश दिखे। वहीं कुछ अभ्यर्थियों की परीक्षा अच्छी होने पर वह प्रसन्न होकर केंद्र से बाहर लौटे।

महानगर में चार केंद्रों पर परीक्षा हुई। इसमें 7529 अभ्यर्थियों का पंजीकरण रहा। सीयूईटी परीक्षा से जिले में आठ केंद्रों पर आयोजित हुई। जिसमें बड़ी संख्या में परीक्षार्थी शामिल हुए। परीक्षा सुबह दस बजे से आरंभ होकर दोपहर 3:45 तक आयोजित हुई। पहली परीक्षा रसायन विज्ञान की आयोजित हुई, इसके बाद जीव विज्ञान और अंत में अंग्रेजी विषय की परीक्षा आयोजित हुई। रसायन विज्ञान की परीक्षा में कुछ सवालों ने परीक्षार्थियों खूब घुमाया। प्रश्नपत्र में परीक्षार्थियों को न्यूमेरिकल सवालों ने परेशान किया, जिनको हल करने में उन्हें अधिक समय लग गया। परीक्षा केंद्रों पर उचित व्यवस्था न होने के कारण भी अभ्यर्थियों को काफी दुश्वारियों का सामना करना पड़ा। केंद्रों के पास खाद्य सामग्री की दुकानें न होने पर अभ्यर्थियों को परेशानी झेलनी पड़ी।


केंद्रीय विद्यालय में परीक्षा देकर बाहर आते अभ्यर्थी। ● अमृत विचार

| 8 केंद्रों में अभ्यर्थियों की स्थिति | |
|---|---|
| पंजीकृत अभ्यर्थी | 12143 |
| उपस्थित | 10073 |
| अनुपस्थित | 2070 |


मुझे पूरी उम्मीद है कि इस परीक्षा में अच्छे अंक आएंगे। पहले पाली की परीक्षा बहुत अच्छी हुई है। अब आगे की परीक्षा की तैयारी करनी है।
-चित्रांश, अमरोहा


परीक्षा के लिए मेरी तैयारी बहुत अच्छी थी। इसलिए किसी प्रकार की कोई परेशानी नहीं हुई। उम्मीद है इसमें पर्याप्त अंक प्राप्त होंगे।
-आदित्य, लाइनपार


परीक्षा केंद्र पर तय समय से पहले ही पहुंच गया था। लेकिन, इस बार परीक्षा के बदले पैटर्न ने परेशान किया। उधर, यहां सभी अभ्यर्थियों के हाथों से कड़े व अन्य चीजें उतार ली गई।
-गुरविंदर, रजपुरा


केमेस्ट्री के पेपर में अधिकांश प्रश्न कैलकुलेशन करने वाले रहें। इस वजह से इसमें थोड़ा समय अधिक लगा। वैसे पेपर अच्छा हुआ है।
-शोहेब रजा, संभल

## सीए हत्याकांड में 27 मई को होगी सुनवाई

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** महानगर के चर्चित सीए श्वेताभ तिवारी की हत्या और विहिप नेता पर जानलेवा हमले मामले में बुधवार को सुनवाई टल गई। इस मामले में गवाह के न आने से अदालत ने अब अगली कार्यवाही के लिए 27 मई तय की है।

बीते साल 15 फरवरी को सीए की हत्या की गई थी। सीए श्वेताभ तिवारी दिल्ली रोड स्थित कार्यालय से घर जाने की तैयारी कर रहे थे। इसी बीच सीए की गोली मारकर हत्या कर दी थी। पत्नी की तहरीर पर मुकदमा कायम हुआ। पुलिस ने सिविल लाइंस के पूर्व ब्लॉक प्रमुख ललित कौशिक, केशव शरण शर्मा, खुशवंत सिंह उर्फ भीम और विकास शर्मा को गिरफ्तार कर लिया था। इस केस की सुनवाई एडीजे-सात मनीष कुमार की अदालत में चल रही है। कोर्ट में आरोपी ललित कौशिक से जुड़ा मुकदमा विहिप नेता संतोष पंडित पर हमले का है। 12 फरवरी 2023 को पीड़ित के बयान के आधार पर पूर्व ब्लाक प्रमुख का नाम सामने आया। हालांकि कोर्ट में दोनों केसों में सुनवाई निर्धारित थी। एडीजीसी नीलम वर्मा ने बताया कि दोनों केसों में गवाह संदीप ओझा और संतोष पंडित को अदालत में तलब किया गया था, लेकिन दोनों गवाहों के न आने से सुनवाई नहीं हो पाई।

# इनकम टैक्स अधिकारी के घर दिनदहाड़े लाखों की चोरी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

● पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर शुरू की जांच, जल्द पर्दाफाश का दावा

**अमृत विचार:** दिनदहाड़े चोरों ने इनकम टैक्स अधिकारी के घर को निशाना बना लिया। चोर दरवाजा तोड़कर हजारों की नकदी व सोने-चांदी के जेवरात समेत लाखों का सामान लेकर फरार हो गए। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

थाना सिविल लाइंस क्षेत्र के हिमगिरी कालोनी निवासी प्रकाश तिवारी आयकर विभाग में कार्यालय अधीक्षक के पद पर तैनात हैं। पुलिस को दी गई तहरीर में प्रकाश तिवारी ने बताया कि बीती 14 मई मंगलवार को उनके पत्नी व बच्चे गाजियाबाद गए हुए थे और वह अपने कार्यालय चले गए। इस बीच अज्ञात चोर उनके फ्लैट का दरवाजा तोड़कर घर में दाखिल हो गए। चोर अलमारी में रखी 18,000 की नकदी, सोने-चांदी के सिक्के, चांदी की गणेश व लक्ष्मी की मूर्तियां व अन्य जेवरात समेत लाखों रुपये का माल लेकर फरार हो गए। पड़ोसियों द्वारा जानकारी मिलने पर प्रकाश तिवारी घर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल की। पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे भी देखे। एसपी सिटी अखिलेश भदौरिया ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच कराई जा रही है। जल्द ही घटना का पर्दाफाश किया जाएगा।

#### 500 मीटर की दूरी पर दो पुलिस चौकी

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** थाना सिविल लाइंस क्षेत्र की हिमगिरी कालोनी में मंगलवार को चोरों ने दिनदहाड़े चोरी की वारदात को अंजाम दिया। जिस स्थान पर चोरी की घटना हुई, वहां से लगभग 500 मीटर की दूरी पर फकीरपुरा और हरथला पुलिस चौकी है। उसके बावजूद चोरों ने दिनदहाड़े घटना को अंजाम दे डाला। पुलिस अधिकारियों ने मामले को गंभीरता लेते हुए घटना का शीघ्र खुलासा करने के निर्देश सिविल लाइंस पुलिस को दिए हैं।

# पुलिस ने दो गैंगस्टर की लाखों की संपत्ति कुर्क की

कार्यालय संवाददाता, मैनाठेर

● जिलाधिकारी के आदेश पर पुलिस व तहसीलदार ने की कार्रवाई

**अमृत विचार:** जिलाधिकारी के आदेश पर पुलिस और नायब तहसीलदार की ओर से गोकशी और अन्य अपराध के दो गैंगस्टर की 19.15 लाख की संपत्ति को बुधवार को कुर्क किया गया।

जनपद के थाना मैनाठेर क्षेत्र के नानकार निवासी मतीन हुसैन और मोहम्मद उस्मान लंबे समय से गिरोह बंद और समाज विरोधी कार्यों में लिप्त थे। आरोपी गोकशी के मामलों में भी सक्रिय थे। जिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह के आदेश के अनुसार थाना मैनाठेर पुलिस, बिलारी नायब तहसीलदार लोकेश कुमार और लेखपाल फहीम अहमद की संयुक्त टीम की ओर से आरोपी मतीन हुसैन और मोहम्मद उस्मान निवासी नानकार के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट में लगभग 19.15 लाख रुपये की संपत्ति को कुर्क करने की कार्रवाई की गई। इस दौरान आरोपियों के मकान पर संयुक्त टीम ने गांव में मुनादी भी करवाई। कुर्क हुई आरोपी मतीन की संपत्ति आठ लाख 60 हजार और दूसरे आरोपी उस्मान की कुर्क हुई संपत्ति की कीमत 10 लाख 55 हजार रुपये बताई गई। इस दौरान थाना प्रभारी सर्वेंद्र शर्मा, एसएसआई पवन शर्मा, चौकी प्रभारी डींगरपुर कुलदीप राजौरा और हल्का प्रभारी उम्मीद सिंह पोसवाल समेत पुलिस प्रशासन व तहसील की टीम मौजूद रही।

## अगवाकर किशोरी से दुष्कर्म, रिपोर्ट दर्ज

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** सिविल लाइंस थाना क्षेत्र के अंतर्गत 14 वर्षीय किशोरी को अगवाकर जान से मारने की धमकी देकर उसके साथ दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

पीड़ित किशोरी की मां ने सीओ सिविल लाइंस अर्पित कपूर को प्रार्थना पत्र देते हुए बताया जिला अमरोहा के गांव सैहलपुरा निवासी युवक निकित उसकी नाबालिग बेटी को बहला फुसलाकर कर तीन मार्च को अपने साथ भगा ले गया था। पीड़ित किशोरी की मां ने बताया उसकी बेटी को अगवा करने से पूर्व आरोपी द्वारा उसके ही घर में किशोरी को जान से मारने की धमकी देते हुए दुष्कर्म की वारदात किया गया था। पीड़िता की शिकायत पर सीओ सिविल लाइंस अर्पित कपूर ने सिविल लाइंस पुलिस को रिपोर्ट दर्ज करने के आदेश दिए हैं।

# वर्क फ्राम होम के नाम पर 15 लाख रुपये की ठगी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

● साइबर अपराध थाने में दर्ज की गई रिपोर्ट

**अमृत विचार:** मझोला थाना क्षेत्र के अंतर्गत साइबर अपराधियों ने वर्क फ्राम होम का झांसा देकर 15 लाख 27 हजार रुपये ठग लिए। आरोपियों ने प्रोडक्ट की रेटिंग करने का काम दिया और धीरे-धीरे रकम ट्रांसफर करा ली।

थाना मझोला क्षेत्र के खुशहालपुर निवासी नितिन सिंह ने बताया कि वह निजी कंपनी में कार्यरत हैं। टेलीग्राम पर नितिन के पास प्रिया प्रसाद नाम की आइडी से मैसेज आया था। जिसमें बताया गया था कि आप घर बैठे आनलाइन कार्य कर आमदनी कर सकते हैं। कंपनी के आदेशानुसार प्रोडक्ट की रेटिंग का कार्य शुरू कर दिया गया। शुरुआत में नितिन के खाते में 928 रुपये आए थे। इसके बाद कंपनी द्वारा बताया गया कि अगर रकम लगाकर प्रोडक्ट की रेटिंग करेंगे तो अधिक मुनाफा होगा। आठ दिसंबर 2023 को नितिन ने 10 हजार रुपये लगाए तो उनके खाते में 17 हजार रुपये रिफंड हो गए थे। इसके बाद 23 हजार रुपये लगाकर 37 हजार रुपये रिफंड हो गए। इसके बाद पीड़ित ने 30 हजार, 58 हजार 809, 40 हजार, 21 हजार 93 रुपये, एक लाख रुपये, 27 हजार 500 रुपये आरोपियों द्वारा बताए गए खातों में ट्रांसफर कर दिए। इस तरह साइबर ठगों ने नितिन से 15 लाख 27 हजार रुपये ट्रांसफर करा लिए थे। एसपी क्राइम सुभाष चंद्र गंगवार ने बताया कि तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट कर विवेचना कराई जा रही है।


पारकर इंटर कॉलेज में आयोजित प्रतियोगिता में सम्मानित किए गए विजयी छात्र। ● अमृत विचार

# प्रतियोगिता में अब्दुल, अभिषेक प्रथम

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** पारकर इंटर कॉलेज में बुधवार को व्हाइट कॉलर इमिग्रेशन आर्गेनाइजेशन ने संवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया। इसमें प्रधानाचार्य मेजर एसके नाथन, शिक्षक नवीन सिंह, साथ ही व्हाइट कॉलर के निदेशक कुलवंत सिंह और सचिन कुमार, प्रबंधक आशुतोष शर्मा मौजूद रहे।

संवाद प्रतियोगिता का विषय शिक्षा की महत्ता रहा। निदेशक कुलवंत सिंह ने प्रतियोगिता को शिखर पर पहुंचाया और शिक्षा की परिवर्तक शक्ति पर एक संदेश दिया। उसके बाद छात्रों ने उत्साहपूर्वक शिक्षा के अनगिनत लाभों को व्यक्त किया, जिससे उनका जीवन सरल हो जाता है और वह वैश्विक सफलता की ओर अग्रसर होते हैं। लाभकारी भाषणों के बीच व्हाइट कॉलर के निदेशक सचिन कुमार ने अपनी बातों से छात्रों को प्रेरित किया। उन्होंने शिक्षा के परिवर्तनशील संभावनाओं को ग्रहण करने का आह्वान किया। प्रधानाचार्य ने अपनी जीवन यात्रा साझा की, जिससे स्पष्ट होता है कि शिक्षा ने उनके जीवन को कैसे बदला। इसमें अब्दुल कादिर और अभिषेक ने पहला स्थान, समीर सिंह और रेयान राव ने दूसरा और तीसरा स्थान अक्षय कुमार और अभि सिंह ने हासिल किया।



लाभार्थी छात्र-छात्राओं के साथ एसएस चिल्ड्रन स्कूल की प्रधानाचार्य डॉ. बबीता अग्रवाल। ● अमृत विचार

# जरूरतमंद विद्यार्थियों को बांटीं किताबें

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** एसएस चिल्ड्रन एकेडमी में बुधवार को चैलेंजर सदन के कक्षा 6 से 8वीं के विद्यार्थियों द्वारा दान उत्सव का आयोजन किया गया। इसमें सामाजिक संस्था परिवर्तन दी चेंज ने विद्यार्थियों को किताबें, कॉपी पेंसिल, पेन व रंग आदि शिक्षा में सहायक सामग्री वितरित की।

विद्यालय के शिक्षकों और विद्यार्थियों की ओर से सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। इसमें विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने मनमोहक नृत्य, गायन एवं विभिन्न फन गेम्स की प्रस्तुति दी। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. बबीता अग्रवाल, शैक्षिक निदेशक अपूर्व अग्रवाल, उप प्रधानाचार्या सुप्रिया अग्रवाल भी मौजूद रहीं। प्रधानाचार्या ने बताया कि इस तरह के आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों को समाज के प्रति उत्तरदायित्वों से परिचित कराना एवं विद्या दान का सही अर्थ समझाना है। संचालन कंचन रानी ने किया।

## आर्यंस ने गांधी नगर स्कूल को 10 विकेट से रौंदा

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** एमपीएस क्रिकेट मैदान में चल रही क्रिकेट लीग में बुधवार को दो मैच खेले गए। पहले मैच में आर्यंस ने गांधी नगर पब्लिक स्कूल को 10 विकेट से हरा दिया। जबकि दूसरे मैच में एमपीएस स्कूल ने ब्राइट लैंड पब्लिक स्कूल को 8 विकेट से हरा दिया। पहला मैच में गांधी नगर की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 14.1 ओवर में कुल 44 रन बनाकर आलआउट हो गई। जवाब में आर्यंस ने 3.1 ओवर में 45 रन बनाकर मैच 10 विकेट से जीत लिया। दूसरा मैच में ब्राइट लैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 13 ओवर में 73 रनों पर अपने सभी विकेट गवा दिए। लक्ष्य का पीछा करते हुए एमपीएस ने 4.4 ओवर में 2 विकेट के नुकसान पर 75 रन बनाकर मैच जीत लिया। टीम के लिए यश ने सर्वाधिक 40 रनों की पारी खेली।

**सीपीएल लीग** उमेर ने 2 विकेट लेने के साथ बनाए 70 रन, सेंसेस ने शंभु को 69 रनों से शिकस्त दी

# एएच ब्लास्टर ने जेडबीएमएन को 6 विकेट से हराया

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** रेलवे स्टेडियम में खेली जा रही सीपीएल लीग में बुधवार को दो मैच खेले गए। इसमें एएच ब्लास्टर ने जेडबीएमएन को 6 विकेट से हराया। टीम के लिए उमेर ने 2 विकेट लेने के साथ 70 रनों की शानदार पारी खेली। वहीं अन्य मैच में सेंसेस ने शंभु को 69 रनों से हराया।

जेडबीएमएन और एएच ब्लास्टर के बीच रोमांचक मैच खेला गया। इसमें एएच ब्लास्टर की टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला लिया। जेडबीएमएन ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 5 विकेट के नुकसान पर 242 रन बनाए। टीम के लिए रहमान ने सर्वाधिक 53 रनों की पारी खेली। वहीं ब्लास्टर के लिए उमेर अहमद और अशरफ ने दो-दो विकेट लिए। जवाब में ब्लास्टर ने 19.4 ओवर में 4 विकेट के नुकसान पर 246 रन बनाकर मैच 86 विकेट से अपने नाम किए। टीम के लिए उमेर अहमद 70, आकिब अंसारी 61 रनों की पारी खेली। जेडबीएमएन के लिए शाहवेज ने 2 विकेट लिए। उमेर अहमद को उनके हरफनमौला खेल के लिए मैन ऑफ द मैच चुना गया।

दूसरे मैच सेंसेस स्ट्राइकर्स और शंभु ट्रेडर्स के बीच खेला गया। इसमें स्ट्राइकर्स ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला लिया। टीम ने निर्धारित 20 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर 216 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। टीम के लिए सोनू कुमार 53 और आर्यन चौधरी ने 49 रनों की अहम पारियां खेली। वहीं शंभु टीम के लिए आकाश चौधरी ने 2 विकेट लिए। जवाब में लक्ष्य का पीछा करने उतरी शंभु टीम 18.3 ओवर मे 147 रनों पर आलआउट हो गई। टीम के लिए गौरव ने सर्वाधिक 42 रन बनाए। वहीं सेंसेस के लिए तवरेज और विरेश ठाकुर 2-2 विकेट लिए। सोनू कुमार को उनकी शानदार बल्लेबाजी के लिए मैन ऑफ द मैच चुना गया।


रेलवे स्टेडियम में आयोजित मैच में शॉट लगता बल्लेबाज। ● अमृत विचार

## एक नजर

### पिता-पुत्र से गाली गलौज व मारपीट, तहरीर दी

**छजलैट, अमृत विचार :** मामला तहसील क्षेत्र के छजलैट तिराहे का है। जहां चाय के पैसे को लेकर आपस में गाली गलौज व मारपीट हो गई। पीड़ित ने इस संबंध में थाना छजलैट में तहरीर दी है। तहसील क्षेत्र के ग्राम किशनपुर निवासी मनोज कुमार ने थाने में प्रार्थना पत्र देकर बताया कि देर शाम वह और उसका पुत्र छजलैट तिराहे पर किसी काम से गए थे। वहां पर एक दुकान पर चाय पीने खड़े हो गए। दुकान वाले ने चाय के पैसे मांगे तो मैंने चाय के पैसे पहले ही दे दिए। परंतु दुकान वाले ने चाय नहीं दी। हमने अपने पैसे वापस मांगे तो दुकान वाला गाली गलौज करने लगा। विरोध करने पर वह अपने साथियों के साथ मारपीट करने लगा।

### मोटरसाइकिल की टक्कर से बच्ची गंभीर घायल

**छजलैट, अमृत विचार :** जंगल से आ रही बच्ची को गांव के ही युवक ने बाइक से टक्कर मार दी। जिससे बच्ची को गंभीर चोटें आई हैं। इस संबंध में थाने में तहरीर देकर आरोपी पर कार्रवाई की मांग की है। थाना छजलैट क्षेत्र के ग्राम किरतपुरी निवासी कपिल पुत्र रामदास ने थाने में तहरीर देकर बताया कि 14 मई की शाम को मेरी पत्नी व 4 वर्षीय पुत्री घर आ रही थी। गांव का एक युवक उसी रास्ते से आ रहा था जिसने लापरवाही से मोटरसाइकिल चलाते हुए बच्ची को टक्कर मार दी जिससे वह दूर जा गिरी। मां के शोर मचाने पर आरोपी मोटरसाइकिल लेकर भाग गया। पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

### खेलने के लिए निकला हेड कांस्टेबल का पुत्र लापता

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** कोतवाली में तैनात हेड कांस्टेबल रविन्द्र कुमार अपने परिजनों के साथ उत्तराखंड के काशीपुर आवास विकास कालोनी में रहते हैं। दो दिन पूर्व हेड कांस्टेबल का पुत्र रचित घर से खेलने की बात कहकर घर से स्कूल के निकट बने मैदान में गया था। इसके बाद से ही वह घर नहीं लौटा। काफी तलाश करने पर भी उसका पता नहीं चला। रचित की गुमशुदगी के बाद से ही रविन्द्र कुमार व उनकी पत्नी चीनू सागर व अन्य परिजन परेशान हैं। परिजनों ने गुमशुदा रचित की तस्वीर सोशल मीडिया पर डालकर लोगों से बच्चे की तलाश करने के लिए मदद मांगी है। हेड कांस्टेबल रविन्द्र कुमार ने बताया कि मेरे तीन पुत्र हैं और गायब हुआ रचित सबसे छोटा पुत्र है।



# किसानों के मसीहा बाबा टिकैत को किया याद

## चौधरी महेंद्र सिंह को किसानों ने दी श्रद्धांजलि, संगठन को मजबूत बनाने का लिया संकल्प

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार :** ब्लॉक परिसर में किसानों के मसीहा और भारतीय किसान यूनियन के संस्थापक चौधरी महेंद्र सिंह टिकैत को उनकी 13वीं पुण्यतिथि पर भारतीय किसान यूनियन के कार्यकर्ताओं ने श्रद्धांजलि अर्पित की। साथ ही उनके आदर्शों पर चलकर सगठन को मजबूत बनाने का संकल्प लिया।

नगर में भारतीय किसान यूनियन के कार्यकर्ताओं ने ब्लॉक परिसर में तहसील अध्यक्ष चौधरी राजेन्द्र सिंह व जिला महामंत्री घनेंद्र शर्मा की अध्यक्षता में एकत्र होकर चौधरी महेंद्र सिंह टिकैत की 13वीं पुण्यतिथि पर उनको याद किया गया।

वक्ताओं ने उनके जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्होंने देश के किसानों के हितों के लिए संघर्ष किया। वही भाकियू कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र के समक्ष पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। भाकियू के जिला महामंत्री घनेंद्र शर्मा ने कहा कि महेंद्र सिंह टिकैत ने जीवन भर किसानों के हितों के लिए संघर्ष किया और किसानों को संगठित कर आवाज उठाना सिखाया है।

उन्होंने युवाओं और किसानों से किसान मसीहा के आदर्शों पर चलने का आह्वान किया। साथ ही उनके आदर्शों पर चल कर संगठन को मजबूत बनाने का भी संकल्प लिया। इस दौरान हरि सिंह, हरकेश सिंह, राकेश विश्कर्मा, गजेंद्र सिंह, चौधरी अय्यूब अली, सुमित चौहान, मुनीश कुमार, जयपाल सिंह, गोविंद सिंह, मंशाराम यादव सहित अन्य लोग मौजूद रहे।



ठाकुरद्वारा ब्लॉक परिसर में चौधरी महेंद्र सिंह टिकैत की पुण्यतिथि मनाते किसान।



छजलैट में ज्ञापन देते भाकियू कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

### बाबा महेंद्र सिंह टिकैत को दी श्रद्धांजलि

**बिलारी, अमृत विचार :** नगर के हाईवे किनारे स्थित गन्ना समिति प्रांगण में किसान नेता बाबा महेंद्र सिंह टिकैत की पुण्यतिथि मनाई गई। बुधवार को राष्ट्रीय राजमार्ग किनारे स्थित गन्ना समिति प्रांगण में स्वर्गीय बाबा महेंद्र सिंह टिकैत की 13वीं पुण्यतिथि पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित किए गए। सुबह से ही किसान नेता कार्यक्रम स्थल पर एकत्र होने शुरू हो गए थे। उन्होंने किसानों के मसीहा बाबा महेंद्र सिंह टिकैत के विषय में विस्तार से बताया और उनकी उपलब्धियां गिनवाई। इस दौरान जिला अध्यक्ष मनोज चौधरी, रणवीर सिंह यादव, जयवीर सिंह, भानु यादव, रणजीत सिंह यादव, रामवीर सिंह, अनुज कुमार, विशंभर सिंह, हाशिम सिंह, पप्पू सिंह, अनुज, रवि, धर्मेंद्र, माजिद हुसैन, अनीस अहमद, वीर सिंह प्रधान, जीशान अहमद, सोमपाल सिंह, विपिन, वीरेंद्र सिंह, चंद्रपाल सिंह, यशवीर सिंह, आशु बालियान, अभिषेक, सचिन आदि मौजूद रहे।

### भाकियू कार्यकर्ताओं ने किसान नेता को अर्पित किए श्रद्धा सुमन

**छजलैट, अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन टिकैत ने किसानों के मसीहा बाबा महेंद्र सिंह टिकैट की पुण्यतिथि पर किसान भवन छजलैट पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके उपरांत एसडीएम कांठ को किसानों की समस्याओं के संबंध में ज्ञापन प्रेषित किया गया। किसान भवन छजलैट में किसानों के मसीहा बाबा महेंद्र सिंह टिकैत को श्रद्धांजलि अर्पित करने के उपरांत एसडीएम कांठ को सौंपे गए ज्ञापन में महमूदपुर रजवाहा नहर में शीघ्र टेल तक पानी पहुंचाने, सिंचाई के लिए विद्युत व्यवस्था को दुरुस्त करने एवं क्षेत्र में नलकूपों पर हो रही चोरी का खुलासा करने की मांग की। इस अवसर पर भाकियू के वरिष्ठ नेता चौधरी ऋषिपाल सिंह, हरदीप सिंह, दीपक चौधरी, दर्शन सिंह, धर्मपाल सैनी, मनीष कुमार, राकेश सिंह, राहुल चौधरी, राजवीर सिंह, अमन ढिल्लों आदि मौजूद रहे।

# सीएचसी में बंदरों के उत्पात से मरीज और स्टाफ परेशान, पकड़ने की मांग

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार :** नगर में स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को बंदरों ने अपना ठिकाना बना लिया है। दिनभर उछल कूद कर उत्पात मचाते रहते हैं। जिससे दवा लेने आने वाले मरीज, तीमारदार और अस्पताल का स्टाफ परेशान हैं। बंदर हमला कर जख्मी कर देते हैं। साथ ही कमरों में घुसकर सामान व कागजात आदि को भी नष्ट कर देते हैं।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर प्रतिदिन बंदरों के हमले से घायल होने वाले लोग एंटी रैबीज वैक्सीन (एआरवी) लगवाने के लिए आते हैं। नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इन दिनों बंदरों का उत्पात अन्य दिनों की अपेक्षा और अधिक बढ़ गया है। अस्पताल परिसर में खुलेआम घूमने वाले बंदरों से मरीज व तीमारदार भी भयभीत रहते हैं।

गर्मी का अत्यधिक प्रकोप बढ़ने से संक्रामक बीमारियों ने भी पैर पसार लिए जिस कारण सरकारी अस्पताल में मरीजों की संख्या में वृद्धि हुई है। पिछले कुछ दिनों से नगर के सरकारी अस्पताल में बंदर उछल कूद कर उत्पात मचाते रहते हैं। किसी रोगी के हाथ में थैला देख दौड़कर थैला छीन लेते हैं।

जब कोई उन्हे भगाता है तो थैला फाड़कर उसमें रखा सामान व दवा बिखेर देते हैं। रोगियों की खड़ी बाइक व कारों पर जमकर उत्पात मचाते हैं। वहीं नवजात शिशुओं को भी खतरा बना हुआ है। जहा प्रसव पीड़ा के लिए पूरे क्षेत्र से महिलाएं अस्पताल आती हैं। वही इसके अलावा डिस्चार्ज होते समय महिलाएं व नवजात शिशुओं को खतरा बना रहता है।

> सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में रहने वाले स्टाफ, कर्मचारियों के साथ-साथ प्रतिदिन आने वाले रोगियों को भी बंदरों के काटे जाने का खतरा बना रहता है। इस संबंध में उन्होंने उच्चाधिकारियों से बंदरों को पकड़वाकर दूर स्थान पर छोड़ने के लिए कई बार लिखा है। ताकि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बंदरों के उत्पात से मुक्त हो सके।
> -डॉ. राजपाल सिंह सैनी, चिकित्सा अधीक्षक, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र

**परेशानी**
- दवा लेने आने वालों व स्टाफ पर कर देते हैं हमला
- कमरों में घुसकर नष्ट कर देते हैं सामान व कागजात

# भगवान शिव का अपमान होने पर माता सती ने दी प्राणों की आहुति

संवाददाता, कांठ

**अमृत विचार :** भगवान शिव की आज्ञा का उल्लंघन कर माता सती ने अपने पिता दक्ष प्रजापति के यज्ञ में पहुंची। जहां अपने पति का अपमान सहन नहीं कर सकीं और अपने प्राणों की आहुति दे दी।

यह विचार श्री रामलीला प्रांगण में चल रही नौ दिवसीय श्रीराम कथा के दूसरे दिन बिजनौर के विख्यात कथा वाचक कृष्णकांत शास्त्री ने अमृत वर्षा करते हुए व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि माता सती अपने पति भगवान शिव की आज्ञा के बिना अपने पिता दक्ष प्रजापति के यज्ञ में चली गईं, जहां उन्हें अपने पति का अपमान महसूस हुआ और उन्होंने यज्ञ कुंड में कूद कर अपने प्राणों की आहुति दे दी। उनका कहना था कि माता सती ने अपने प्राणों का त्याग कर यह संदेश दिया कि अपने पति का अपमान सहन करने से अधिक अपने प्राणों का त्याग करना उचित है। उन्होंने बताया कि माता सती ने शिव अपने पति के रूप में पाने के लिए कठोर तप किया था। उनके पिता दक्ष भगवान शिव को पसंद नहीं करते थे। इसलिए दक्ष ने शिव का अपमान किया। इस अवसर पर धर्मपाल सिंह चौहान, विजय कुमार, महेंद्र सिंह एडवोकेट, जयप्रकाश सिंह, मुकेश माहेश्वरी, अभय विश्नोई आदि मौजूद रहे।



कथा सुनाते आचार्य कृष्णकांत शास्त्री।

## सार-संक्षेप

### चोरी की मोटरसाइकिल के साथ युवक गिरफ्तार

**कांठ, अमृत विचार :** कांठ पुलिस ने एक युवक को चोरी की मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर न्यायालय भेज दिया है। नगर के मोहल्ला पृथ्वी गंज निवासी संदीप कुमार पुत्र स्वर्गीय सूरज प्रकाश की मोटरसाइकिल चोरी हो गई थी। पीड़ित की तहरीर पर थाना कांठ पुलिस के उप निरीक्षक यशवीर सिंह एवं विनीत कुमार ने बुधवार को एक व्यक्ति को चोरी की गई मोटरसाइकिल संख्या यूपी 21 बी वाई 7434 के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्त में आए युवक ने अपना नाम अतुल पुत्र गोविंद निवासी नवादड़ी थाना कांठ बताया है। आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर जेल भेज दिया है।

### चोरों ने एक ही रात में सात घरों को बनाया निशाना

**छजलैट, अमृत विचार :** थाना छजलैट क्षेत्र में चोरों का कहर जारी है। मंगलवार की रात्रि में चोरों ने एक ही गांव में सात व्यक्तियों के घरों में हाथ साफ कर दिया। थाना छजलैट क्षेत्र के ग्राम खुशहालपुर निवासी हरवीर सिंह पुत्र विजयपाल सिंह के घर में रात में चोर घुस गए एवं गेट का ताला तोड़कर 20 हजार की नगदी लेकर चंपत हो गए। इसी प्रकार गांव के अशोक कुमार, सतपाल सिंह, भूप सिंह, शो प्रसाद, नितेंद्र सिंह आदि के घर में चोरों ने हाथ साफ कर दिया। पीड़ितों का कहना है कि जो भी घर में सोना चांदी या नगदी रखी थी चोर रात्रि में ताला तोड़कर सामान लेकर फरार हो गए। पीड़ितों ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। थाना प्रभारी अध्यक्ष अर्जुन त्यागी ने गस्त न करने के आरोपों को निराधार बताया है।



पौधे के साथ छात्र-छात्राएं व शिक्षक। ● अमृत विचार

### बच्चों ने दिया प्रकृति को हरा भरा रखने का संदेश

**कांठ, अमृत विचार :** प्राथमिक विद्यालय मुख्त्यारपुर नवादा द्वितीय में बच्चों ने प्लास्टिक की खाली बोतलों द्वारा गमले तैयार कर प्रकृति को हरा भरा रखने का संदेश दिया। बुधवार को प्राथमिक विद्यालय मुख्त्यारपुर नवादा द्वितीय में विद्यालय के बच्चों द्वारा प्लास्टिक की खाली बोतल को गमले के रूप में तैयार किया गया तथा उसमें विभिन्न प्रकार के हरे भरे पौधे लगाए गए। विद्यालय के प्रधानाचार्य अभिषेक विश्नोई ने बताया कि सभी बच्चों को पौधे विद्यालय स्तर से ही उपलब्ध कराये गए हैं। इसके उपरांत बच्चों द्वारा अपने-अपने पौधों पर नाम की स्लिप भी लगायी गयी है। उन्होंने बताया कि गर्मियों के अवकाश में सभी बच्चे पौधों को अपने घर ले जाकर उनकी देखभाल करेंगे और विद्यालय खुलने पर वापस लेकर आएंगे।

### सट्टे की खाईबाड़ी कर रहे दो गिरफ्तार

**कांठ, अमृत विचार :** थाना कांठ पुलिस ने अलग-अलग स्थान से दो लोगों को सट्टे की खाईबड़ी करते सट्टे की सामग्री के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। थाना कांठ पुलिस के उप निरीक्षक विपिन कुमार एवं पुलिस कर्मचारी गशत करते हुए नगर के रामलीला मंदिर पहुंचे तो उन्हें मुखबिर ने सूचना दी कि रविदास मंदिर के चबूतरे पर एक व्यक्ति सट्टे की खाई बड़ी कर रहा है। सूचना पर पुलिस ने राजू पुत्र स्वर्गीय रामगोपाल को सट्टा, पर्ची, सट्टा पेंसिल एवं 450 रुपये नगद के साथ गिरफ्तार कर लिया। वहीं दूसरी ओर उपनिरीक्षक विनीत कुमार एवं यूटी सौरभ कुमार को सूचना मिली कि एक व्यक्ति कावड़ पथ मौढ़ी हजरतपुर में देसी शराब के ठेके के पास बाग के निकट सट्टे की खाई बड़ी कर रहा है। पुलिस ने सट्टे की खाई बड़ी कर रहे वकार पुत्र मोहम्मद उमर निवासी नयी तहसील रोड मोहल्ला पट्टी वाला को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के पास से सटटा पर्ची व 510 रुपये नगद बरामद हुए।

### निरीक्षण में तीन डाक्टर व कर्मचारी गैरहाजिर मिले

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा अधीक्षक ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र शरीफ नगर संयुक्त चिकित्सालय रामपुर घोघर व हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर पीपली अहीर व रामपुर घोघर और आरबीएसके राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम की टीम का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र शरीफ नगर के लैब तकनीशियन अमरदीप अनुपस्थित पाए गए। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शरीफ नगर के चिकित्सक डॉ. इंतेखाब आलम अनुपस्थित पाए गए। डॉ. रीता अनुपस्थित पाई गई। डॉ. आकाश देवास दंत चिकित्सक अनुपस्थित पाए गए वहीं आरबीएसके टीम में वेद प्रकाश सिंह ऑप्टोमेट्रिस्ट एवं अर्चना रहेला एएनएम अनुपस्थित पाए गए। इस दौरान अस्पतालों पर मरीज परेशान दिखाई दिए। सभी अनुपस्थित कर्मचारियों का एक दिन का वेतन काटने का आदेश दिया गया।



सिदरातुल को मिठाई खिलाते परिजन। ● अमृत विचार

### सिदरातुल मुंतहा ने 10वीं में 95 प्रतिशत अंक प्राप्त किए

**कुंदरकी, अमृत विचार :** कुंदरकी ब्लाक क्षेत्र के ग्राम डींगरपुर स्थित इंडियन पब्लिक स्कूल की दसवीं कक्षा की छात्रा सिदरातुल मुंतहा ने सीबीएसई परीक्षा में 95 प्रतिशत अंक प्राप्त करते हुए स्कूल टॉप किया है। जिस पर स्कूल के शिक्षकों ने बधाई दी है। इस दौरान इंडियन पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य ने कहा कि ने कहा कि छात्रा की उपलब्धि पर सभी को गर्व है। प्रधानाचार्य ने बताया कि सिदरा के अलावा सामिया ऐजाज़ और लाइबा ने क्रमश : 89% और 88% अंक हासिल किए हैं। लड़कियों को लड़कों की तुलना में उच्च स्थान मिला है, जो स्कूल के लिए गर्व का विषय है।

# सऊदी अरब में युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार :** नगर निवासी एक युवक की सऊदी अरब में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। जिससे परिजनों में कोहराम मचा है। नगर के मोहल्ला जमनावाला वार्ड13 निवासी लियाकत मंसूरी (25) पुत्र कासिम मंसूरी चार माह पूर्व सऊदी अरब गया था। वहां एक कंपनी में काम करता था। बुधवार को उसकी संदिग्ध परिस्थितियों में मौत होने की सूचना मिली। घटना से परिजनों में गम का माहौल है, वही परिवार में कोहराम मचा हुआ है। जानकारी के अनुसार युवक सऊदी अरब में 12 दिन से लापता बताया जा रहा था। तभी अचानक से उसकी संदिग्ध परिस्थितियों में मौत होने की सूचना मिलने पर परिवार वाले हत्या की आशंका व्यक्त कर रहे हैं।



### पाकबड़ा के रिलीफ अस्पताल के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**पाकबड़ा अमृत विचार :** नोडल अधिकारी की ओर से रिलीफ अस्पताल के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज हो गई है। रिपोर्ट की कार्यवाही मेडिकल एक्ट में की गई है। डिप्टी सीएमओ ने पाकबड़ा में रिलिफ अस्पताल पर छापा मारा था। डिप्टी सीएमओ ने एनआईसीयू को सील कर दिया था।मंगलवार की शाम को डिप्टी सीएमओ/ नोडल अधिकारी डॉ. नरेंद्र चौधरी ने पाकबड़ा के समाथल रोड स्थित रिलीफ अस्पताल में छापा मारा था। छापा लगते ही पूरे अस्पताल में हड़कंप मच गया था।

### बोलेरो की टक्कर लगने से घायल की मौत

**कांठ, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र में बोलेरो कर की टक्कर लगने से एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया और उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। थाना कांठ क्षेत्र के कस्बा ऊमरी कलां के मोहल्ला मंगल का बाजार निवासी फहीम अहमद (35) पुत्र इसरार ऊमरी चौराहे पर बुधवार को किसी कार्य से आया था और वह शराब की दुकान के पास खड़ा था। तभी तेज रफ्तार बोलेरो ने फहीम को टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। वहां पर मौजूद लोगों ने घटना की सूचना ऊमरी कलां चौकी पुलिस को दी। सूचना मिलते ही ऊमरी कलां चौकी प्रभारी रविंद्र कुमार पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और गंभीर रूप से घायल व्यक्ति को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कांठ भिजवाया। अस्पताल में उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

# सफाई व्यवस्था और अतिक्रमण को लेकर सभासदों ने किया प्रदर्शन

संवाददाता, कुंदरकी

**अमृत विचार :** बुधवार को नगर पंचायत कार्यालय मे सभासदों ने जल, पथ प्रकाश एवं सफाई व्यस्था को लेकर नाराजगी जताई। साथ ही अधिशासी अधिकारी के खिलाफ धरना दिया।

सभासदों का कहना है कि नगर की सारी व्यवस्था चौपट पड़ी है। अतिक्रमण चरम सीमा पर है। नगर मे आने जाने वाले रास्तों पर अतिक्रमण के चलते निकलना मुश्किल हो रहा है। वीर अब्दुल हमीद चौक का सौंदर्यकरण नहीं कराया जा रहा। समस्याओं को लेकर सभासद नाराज दिखे। वही सभासदों का आरोप था कि गर्मी में चौराहों पर लगे प्याऊ बंद पड़े हैं जिससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस बारे में जब ईओ कुंदरकी अरविंद कुमार से बात की गई तो उन्होंने बताया कि कुछ सभासदों ने सफाई व्यवस्था को लेकर नाराजगी जताई है। इसके संबंध में उनसे समय मांगा गया है। चुनाव की व्यस्तता के चलते मुलाकात नहीं पाई। जल्द ही अतिरिक्त सफाई कर्मी लगाकर सफाई व्यवस्था को दुरुस्त कराया जाएगा। प्रदर्शन करने वालों में सभासद अख़्तर रजा, ताहिर खान नजीर अहमद, नदीम अहमद, राशिद कुरैशी, सभासद के पति पप्पू सभासद आदि उपस्थित रहे।



नगर पंचायत में प्रदर्शन करते सभासद। ● अमृत विचार

**मनमानी** सूचना के बाद भी नहीं पहुंचती पुलिस, अवैध कारोबारियों के हौसले बुलंद

# खेतों से मिट्टी का अवैध खनन जारी

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र व थाना डिलारी क्षेत्र के गांव राजपुर केसरिया में बड़े पैमाने पर उपजाऊ खेतों से मिट्टी का अवैध खनन रात के अंधेरे में धड़ल्ले से जारी है। ग्रामीणों ने पुलिस पर मिलीभगत का आरोप लगाते हुए आरोपियों पर कार्रवाई न करने की बात कही।

थाना डिलारी क्षेत्र के दर्जन भर गांवों में रातों रात उपजाऊ खेतों व नदियों के किनारे से जेसीबी मशीन चलाकर ट्रैक्टर-ट्रालियों व डंपरों से बड़े पैमाने पर रेत व मिट्टी का अवैध खनन हो रहा है। लोगों की माने तो यह सब पुलिस की मिलीभगत से ही संभव है। मंगलवार रात जलालपुर चौकी क्षेत्र के गांव राजपुर केसरिया में दर्जन भर ट्रैक्टर-ट्रालियों से उपजाऊ खेत का सीना चीर कर जेसीबी मशीन से मिटटी का अवैध खनन हो रहा है। रात के अंधेरे में गांव की सड़कों पर दौड़ रहे मिट्टी से भरी ट्रैक्टर-ट्रालियों से गिरी मिट्टी धूल बनकर लोगों के घरों में जा रही है। जिससे ग्रामीणों को काफी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। यही कारण है कि धूल के कारण लोगों को सांस, दमा व अन्य बीमारियों ने घेर लिया है। वहीं, रातों को ट्रैक्टर ट्रालियों की तेज रफ्तार से होने वाले शोर के कारण लोगों की नींद में भी खलल पड़ रहा है। कई बार लोगों ने अवैध खनन कारोबारियों के खिलाफ की शिकायत की। इसके बावजूद भी प्रशासन कार्रवाई करता नहीं दिख रहा। वही ग्रामीणों ने बताया कि कई बार उच्चाधिकारियों से शिकायत की मगर इसके बावजूद अवैध खनन जोरों पर है। लोगों ने अवैध खनन करने वालों पर कार्रवाई की मांग की।



जटपुरा क्षेत्र में अवैध खनन कर ट्रैक्टर ट्राली से मिट्टी ले जाता चालक।

> ऑनलाइन परमिशन से मिट्टी खनन का कार्य दिन में किया जाता है जो रात के अंधेरे में मिट्टी का खनन हो रहा है, वह अवैध है। ऐसे खनन कारोबारियों के खिलाफ अभियान चला कर सख्त कार्रवाई की जाएगी।
> -अजय कुमार मिश्रा, उप जिलाधिकारी

### क्रिकेट टूर्नामिंट में मऊ रॉयल किंग्स ने मारी बाजी

**बिलारी, अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव मकरंदपुर में ग्रामीण अंचल की प्रतिभाओं को प्रेरित करने के लिए मकरंदपुर क्रिकेट टूर्नामेंट कार्यक्रम का आयोजन हुआ। पहला मैच मऊ रॉयल किंग्स व महमूदा नगला के बीच हुआ।

इससे पहले क्रिकेट मैच का उद्घाटन राशन डीलर संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष अनिल चौधरी ने टॉस उछालकर व क्रिकेट खेलकर किया। पहले खेलते हुए मऊ रॉयल किंग ने 10 ओवर में 108 रन बनाए। जवाब में महमूद नगला की टीम 11 ओवर में 86 रन पर सिमट गई। मऊ रॉयल किंग 22 रन से विजयी रहा। प्लेयर ऑफ द मैच अनुकूल चौधरी को दिया गया। जिसने तीन ओवर में 5 विकेट झटके। इसके अलावा महमूद नगला के शेखर ने 14 गेंद पर 22 रन, नासिर ने 15 गेंद पर 23 रन, जबकि मऊ रॉयल किंग के संजय ने 16 गेंद पर 18 रन बनाएं।

# प्रभु श्रीकृष्ण की जन्म की कथा सुन झूमे श्रद्धालु

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार :** नगर के रमनावाला रोड स्थित होली का मंदिर पर चल रही श्रीमद् भागवत कथा के चौथे दिन कथावाचक ने श्रीकृष्ण जन्म की कथा का मनोहर वर्णन सुनाया। श्री कृष्ण जन्म लीला सुन श्रद्धालु मंत्रमुग्ध होकर झूमने लगे।

कथा वाचक प्रमोद मोहन शास्त्री ने समुद्र मंथन की कथा का विस्तार से वर्णन किया। श्रीकृष्ण के जन्म का वर्णन करते हुए कहा कि राजा कंस अपनी चचेरी बहन देवकी का विवाह वासुदेव के साथ करते हैं। राजा कंस अपनी चचेरी बहन देवकी को विवाह के बाद विदा कर रहे थे। उसी समय आकाशवाणी होती है कि हे राजा कंस जिस बहन को खुशी के साथ विदा कर रहा है उसी की संतान तेरा काल बनेगी। आकाशवाणी सुन कंस क्रोधित हो बहन देवकी का वध करने के लिए म्यान में से तलवार निकाल लेते हैं, उसी दौरान वासुदेव वचन देते हैं कि देवकी की होने वाली संतान आपके हवाले कर देंगे। इसी दौरान कंस देवकी व वासुदेव को कारागार में डाल देते हैं। प्रत्येक होने वाली संतान का कंस वध कर देते हैं। देवकी के सातवीं संतान के अवतार के रूप में कृष्ण जन्म लेते हैं। रातों-रात वासुदेव घनघोर वर्षा के दौरान यमुना नदी पार कर बाबा नंद के यहां श्री कृष्ण को पहुंचा देते हैं। वहां पर जन्मी कन्या को देवकी के पास पहुंचा देते हैं जब राजा कंस सातवीं संतान का वध करने का प्रयास करते हैं तो उसी समय आकाशवाणी होती है, हे कंस तेरा काल गोकुल में जन्म ले चुका है। उधर गोकुल में बाबा नंद के यहां बड़े धूमधाम के साथ जन्म उत्सव मनाया जाता है। इस दौरान ब्लाक प्रमुख वीर सिंह सैनी, नागेंद्र प्रताप सिंह, जयप्रकाश चौहान, हरकरण सिंह, राम बहादुर प्रथम, अशोक गहलोत, विनय कुमार, नीरू, उषा देवी, प्रियांशु, निशा देवी व प्रखर कुमार आदि मौजूद रहे।



होली का मंदिर में चल रही श्रीमद् भागवत कथा सुनते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

- श्रीमद्भागवत कथा के चौथे दिन कथा वाचक ने सुनाया प्रसंग

## एक नजर

### बस की टक्कर से बाइक सवार दो लोग घायल

**गजरौला, अमृत विचार :** नेशनल हाईवे पर रोडवेज बस की टक्कर से बाइक सवार दो लोग घायल हो गए। मोहल्ला मायापुरी निवासी कामेंद्र व रूप किशोर बुधवार सुबह बाइक से बृजघाट जा रहे थे। इसी दौरान नेशनल हाईवे पर गांव ख्यालीपुर ढाल के पास उनकी बाइक में पीछे से रोडवेज बस ने टक्कर मार दी। जिसमें बाइक सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर राहगीरों की भीड़ जमा हो गई। घायलों को राहगीरों ने पास के ही निजी अस्पताल में भर्ती कराया। सूचना मिलने पर घायलों के परिजन भी अस्पताल पहुंच गए। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन ने बताया कि मामले में तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### खेत से आ रही महिला पर कुत्तों ने किया हमला

**गजरौला, अमृत विचार :** मोहल्ला अल्लीपुर निवासी राकेश पत्नी विजय सिंह बुधवार सुबह खेत पर काम करने के लिए गई थी। दोपहर को वह घर आ रही थी। तभी रास्ते में आवारा कुत्तों ने महिला पर हमला बोलकर घायल कर दिया। चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग मौके पर दौड़े और महिला को कुत्तों से बचाया। लोगों ने घायल महिला को सीएचसी में भर्ती कराया। सूचना मिलने पर घायल महिला के परिवार वाले भी सीएचसी पहुंच गए। जहां चिकित्सक ने हालात गंभीर देख प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया।

### किशोरी से दुष्कर्म में आरोपी पर रिपोर्ट दर्ज

**गजरौला, अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव का निवासी युवक गांव की किशोरी को 14 मई की रात तालाब के पास ले गया और दुष्कर्म किया। किशोरी के घर से गायब होने पर परिवार वालों ने तलाश शुरू की तो किशोरी तालाब के पास बेहोशी की हालत में मिली। परिवार वाले किशोरी को किसी तरह घर ले गए। होश आने पर किशोरी ने घटना के बारे में परिवार वालों को जानकारी दी। परिजन किशोरी को लेकर थाने पहुंचे तथा आरोपी युवक के खिलाफ घटना की तहरीर दी। कार्यवाहक प्रभारी निरीक्षक ब्रजेश कुमार ने बताया आरोपी मोहित पर रिपोर्ट दर्ज कर गई है। उसकी तलाश की जा रही है।

### भूमि विवाद को लेकर मारपीट, तहरीर दी

**हसनपुर, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के नया गांव में इसरार मंगलवार रात लगभग 10 बजे अपने खेत से घर को आ रहा था। तभी रास्ते में गांव निवासी तीन युवकों ने उस पर हमला कर लिया। इसरार के साथ मारपीट देख उसकी भाभी अफरोश आई तो आरोपियों ने उसके साथ भी मारपीट की। मारपीट के दौरान देवर भाभी घायल हो गए। दोनों घायल परिजनों के साथ कोतवाली पहुंचे और तीनों आरोपियों के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने तहरीर लेकर घायलों को उपचार के लिए सीएचसी भेज दिया। वरिष्ठ उप निरीक्षक शोकेंद्र सिंह ने बताया कि जमीन के विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई थी तहरीर प्राप्त हुई है, जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

### पुलिस ने बस की सीज

**गजरौला,अमृत विचार :** चौपला पुलिस ने डग्गामार वाहनों के खिलाफ चेकिंग अभियान चलाया। बुधवार को चौकी प्रभारी ने दिल्ली की तरफ से आ रही डग्गामार बस को रोका। कई कागजात न होने पर चौपला चौकी प्रभारी प्रवेंद्र सिंह ने बस को सीज कर दिया। कई घंटे पुलिस टीम के साथ गजरौला में वाहनों का चेकिंग अभियान चलाया गया। वाहन चेकिंग देखकर लोगों ने रास्ता बदलकर चेकिंग से बचने का प्रयास भी किया।

# उपचार के दौरान महिला की मौत, हंगामा

## परिजनों ने अस्पताल में की तोड़फोड़, चिकित्सक व स्टाफ फरार

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा



अस्पताल में हंगामा करते मृतका के परिजन। ● अमृत विचार


सूचना पर पहुंची पुलिस। ● अमृत विचार

- महिला के पेट में दर्द होने पर कराया था भर्ती
- अस्पताल संचालक और चिकित्सक पर रिपोर्ट

**अमृत विचार :** निजी अस्पताल में भर्ती महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। परिजनों ने अस्पताल संचालक व स्टॉफ की लापरवाही बताते हुए हंगामा किया और अस्पताल में तोड़फोड़ की। सूचना पर पहुंची पुलिस ने परिजनों को समझाया और मामले को शांत किया। जिसके बाद पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मामले में मृतका के पति की तहरीर पर अस्पताल संचालक व अज्ञात चिकित्सक के खिलाफ गैर इरादतन हत्या के आरोप में रिपोर्ट दर्ज की गई है।

मामला नगर कोतवाली क्षेत्र के कैलसा रोड स्थित निजी अस्पताल का है। अमरोहा देहात थाना क्षेत्र के गांव जलीलपुर बक्काल में किसान वीर सिंह का परिवार रहता है। परिवार में पत्नी क्रांति के अलावा दो बेटियां मानवी, लवी और एक बेटा सूर्यांश है। बताया जा रहा है कि सोमवार को क्रांति के पेट में दर्द होने की शिकायत पर परिजनों ने उन्हें शहर में कैलसा रोड स्थित अस्पताल में भर्ती कराया था। उपचार के बीच मंगलवार रात को क्रांति देवी की मौत हो गई। इसके बाद गुस्साए परिजनों ने चिकित्सक व स्टाफ पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा शुरू कर दिया। गलत तरीके से इंजेक्शन व ड्रिप लगाने का आरोप लगाया। मामला बढ़ता देख चिकित्सक व स्टॉफ मौके से फरार हो गए। वहीं, अस्पताल में तोड़फोड़ किए जाने की सूचना पर पहुंची पुलिस ने स्थिति संभाली और शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार तिवारी ने बताया कि मामले में मृतका के पति वीर सिंह की तहरीर पर अस्पताल संचालक व अज्ञात चिकित्सक के खिलाफ गैर इरादतन हत्या के आरोप में रिपोर्ट दर्ज की गई है। मामले की जांच की जा रही है।

### दुकानदार को पीटा, तीन लोगों पर रिपोर्ट दर्ज

**गजरौला, अमृत विचार :** तीन युवकों ने दुकान में घुसकर दुकानदार को पीटा और दुकान में तोड़फोड़ कर दी। मामले में पुलिस अधीक्षक के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज की गई है।

शहर के मोहल्ला संत नगर निवासी जीतू उर्फ जितेंद्र की जूस की दुकान है। जीतू के मुताबिक छह मई को वह दुकान पर बैठा था। आरोप है कि इसी दौरान वहां मोहल्ले के तीन युवक पहुंचे और झगड़ा करने लगे। विवाद बढ़ने पर तीनों युवकों ने उसके साथ मारपीट कर दुकान में तोड़फोड़ भी कर दी।

शोर होने पर आसपास के लोग जमा हुए तो आरोपी फरार हो गए। पीड़ित ने घटना की तहरीर पुलिस को दी लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। परेशान पीड़ित ने एसपी से न्याय की गुहार लगाई। कार्यवाहक प्रभारी निरीक्षक ब्रजेश कुमार ने मामले में एसपी के आदेश पर मोहल्ला संत नगर निवासी आरोपी आशू, विपिन व अमर सिंह के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू करने की बात कही।

## सार-संक्षेप



छात्रा को सम्मानित करते वेव शुगर मिल के महाप्रबंधक।

### चीनी मिल महाप्रबंधक ने छात्रा को किया सम्मानित

**मंडी धनौरा,अमृत विचार :** गांव मोहद्दीनपुर स्थित तुषार पब्लिक इंटर कॉलेज में यूपी बोर्ड हाईस्कूल परीक्षा में प्रदेश में 9वां व जिले में दूसरा स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा पलक धामा को सम्मानित किया। वेब शुगर मिल धनौरा के महाप्रबंधक जगतवीर सिंह व यूनिट हेड एसपी तोमर ने विद्यालय पहुंचकर छात्रा पलक धामा को सम्मानित कर छात्रा के उज्जवल भविष्य की कामना की। महाप्रबंधक जगतवीर सिंह ने कहा कि शिक्षा अनमोल है। जिसकी कीमत आंकी नहीं जा सकती। इस अवसर पर वेव शुगर मिल गन्ना महाप्रबंधक जगतवीर सिंह, यूनिट हेड एसपी तोमर, स्कूल प्रबंधक डॉ. गिरिराज सिंह आर्य सहित आदि मौजूद रहे।


सैदनगली में सरस्वती शिशु मंदिर में विजेता छात्र-छात्राएं व शिक्षक। ● अमृत विचार

### प्रतियोगी परीक्षा के विजेता विद्यार्थी सम्मानित

**सैदनगली, अमृत विचार :** सरस्वती प्रतिभा खोज परीक्षा में विद्यालय के पांच छात्र-छात्राओं ने प्रांत की टॉप टेन सूची में स्थान प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया। सरस्वती शिशु एवं विद्या मंदिर इंटर कॉलेज सैदनगली के कक्षा अष्टम की सरस्वती प्रतिभा खोज परीक्षा में श्रेष्ठ प्रदर्शन कर विद्यालय को गौरवान्वित किया किया। जन शिक्षा समिति पश्चिम उत्तर प्रदेश के अंतर्गत प्रशासनिक दृष्टि से आने वाले 16 जिलों में संचालित सरस्वती शिशु एवं विद्या मंदिरों की प्रज्ञा कुमारी तथा रिकांश कोहली ने संयुक्त रूप से पंचम स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के छात्र आरव गुप्ता, छात्रा दीक्षा शर्मा, रचना ने स्थान प्राप्त कर प्रदेश की वरीयता सूची में विद्यालय का दबदबा कायम किया। प्रबंध समिति के वरिष्ठ एवं सक्रिय सदस्य बुद्धा सिंह तथा विद्यालय के प्रधानाचार्य दिवाकर पांडेय ने छात्रों को स्मृति चिह्न व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।

# शॉर्ट सर्किट से मोबाइल की दुकान में लगी आग, नुकसान

संवाददाता, हसनपुर

- बुधवार सुबह दुकान खोलने आया मालिक तो निकल रहा था धुंआ

**अमृत विचार :** नगर के मोहल्ले में मोबाइल की दुकान में शॉर्ट सर्किट होने से आग लग गई। सूचना पर पहुंची दमकल विभाग की गाड़ी ने आग पर काबू पाया। पीड़ित दुकानदार के अनुसार आग लगने से लाखों रुपये का नुकसान हुआ है।

मोहनलाल लालबाग निवासी हसन अली एवं मोहम्मद रशीद ने रशीद मोबाइल के नाम से मोबाइल की दुकान खोल रखी है। बुधवार सुबह लगभग नौ बजे एहसान अली दुकान खोलने आया तो शटर के नीचे से धुआं निकल रहा था। तो उसने दुकान खोलकर इनवर्टर की सप्लाई बंद की और तार काटने चला गया। इसी बीच दुकान में रखी बैटरी फट गई और दुकान में आग लग गई। देखते देखते आग ने भयंकर रूप धारण कर लिया। इससे मोहल्ले में हड़कंप मच गया। मोहल्लेवासियों ने पुलिस एवं दमकल विभाग को आग लगने की सूचना दी गई। सूचना मिलते ही दोनों विभाग के जिम्मेदार मौके पर पहुंचे। दमकल विभाग के कर्मचारियों ने मोहल्ले वासियों की मदद से आग पर काबू पाया। पीड़ित दुकानदार एहसान अली के अनुसार दुकान में बैटरी फटने से आग लगी है। आग लगने से दुकान में लगभग 25 लाख रुपये का नुकसान हुआ है। दुकान में आग लगने की सूचना पर उप जिलाधिकारी भगत सिंह एवं हल्का लेखपाल मौके पर पहुंचे और पीड़ितों से जानकारी ली। वरिष्ठ उप निरीक्षक शोकेंद्र सिंह ने बताया कि मोबाइल की दुकान में आग लगने की सूचना प्राप्त हुई थी। सूचना मिलती मौके पर पहुंचे। आग लगने से पीड़ित दुकानदार को आर्थिक नुकसान हुआ है। आग पर काबू पा लिया गया है।

### अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के पार

**अमरोहा, अमृत विचार :** बुधवार को गर्मी से लोगों का बुरा हाल हो गया। अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया। जबकि न्यूनतम तापमान 30 डिग्री सेल्सियस रहा।

भीषण गर्मी से लोगों का बुरा हाल हो गया। अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के पास पहुंच गया है। आसमान से जैसे आग बरस रही है। तेज धूप में घर से निकलते ही लोगों के पसीने छूट रहे हैं। दोपहर होते ही बाजार और सड़कों पर सन्नाटा छा गया। उधर घरों में भी गर्मी से लोगों का बुरा हाल है। अघोषित बिजली कटौती के बीच विद्युत उपकरण शोपीस बने हैं। हालांकि मौसम विभाग ने अगले एक सप्ताह में बारिश की संभावना जताई है। जिला कृषि अधिकारी बबलू कुमार सिंह ने बताया कि मौसम विभाग के अनुसार अगले सप्ताह ही बारिश होने की संभावना जताई है।

# अवैध आरा मशीनों पर कार्रवाई, आठ पर रिपोर्ट

संवाददाता, हसनपुर


हसनपुर में आरा मशीनों को नष्ट करती जेसीबी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** वन विभाग द्वारा कोतवाली क्षेत्र के गांव में अवैध रूप से संचालित आरा मशीनों पर कार्रवाई की गई है। मामले में आठ लोगों पर रिपोर्ट दर्ज की गई है।

हसनपुर कोतवाली क्षेत्र का गांव बावनखेड़ी अवैध लकड़ी एवं आरा मशीनों के संचालन का गढ़ बन चुका था। वन विभाग को लगातार इसकी शिकायत मिल रही थी। बुधवार को वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर वन क्षेत्र अधिकारी नरेश कुमार ने स्थानीय पुलिस को लेकर गांव स्थित आरा मशीनों पर छापेमारी की।

छापेमारी के दौरान कुछ मशीनों को मौके पर नष्ट कर दिया गया तथा कुछ को जब्त कर लिया गया। वन विभाग ने ताहिर, रिजवान, शाहजहां, नदीम, अजीम, सलीम, ताहिर, साजिद एवं सानू के खिलाफ कोतवाली में तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराई है। वन विभाग की कार्रवाई से लकड़ी माफिया में हड़कंप मचा हुआ है। वन क्षेत्र अधिकारी नरेश कुमार ने बताया की कार्रवाई के दौरान छापेमारी कर कुछ आरा मशीन जब्त की गई है। कुछ को नष्ट कर दिया गया है। आठ लोगों के खिलाफ कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज की गई है।



गजरौला में राहगीरों को पानी पिलाते छात्र। ● अमृत विचार

### शिव इंटर कॉलेज के विद्यार्थियों ने पिलाया शरबत

**गजरौला, अमृत विचार :** शिव इंटर कालेज के शिव सेवा स्काउट दल की ओर से इंद्रा चौक पर शरबत का प्याऊ लगाया। प्रधानाचार्य डॉ. शलभ भारद्वाज के निर्देशन में विद्यार्थियों ने राहगीरों को शरबत पिलाकर लू एवं गर्मी से राहत व बचाव के प्रति जागरूक किया। स्काउट शिक्षक नरेंद्र कुमार ने बताया कि समाज सेवा ही हमारा धर्म है।सेवा कार्य में खुशबू, महक, संजना, सोनिया, अंकित, अक्षित, नवनीत, लक्की, शशिकांत विश्व कर्मा, निकुंज वर्मा, हिमांशु प्रियांशु, गुरविंदर, दीपक ने सहयोग किया।

### मरने के बाद मोहनलाल की आंखें देखेंगी दुनिया

**हसनपुर, अमृत विचार :** पुराना डाकघर के निकट निवासी व्यापारी संजीव अग्रवाल के पिता मोहनलाल अग्रवाल बीमारी से ग्रस्त थे। घर पर उनका उपचार चल रहा था। मंगलवार दोपहर मोहनलाल अग्रवाल का निधन हो गया।



उसके बाद राजन अग्रवाल की पहल पर संजीव अग्रवाल एवं राजीव अग्रवाल ने पिता मोहनलाल अग्रवाल की आंखें दान करने पर सहमति जताई। इसके बाद राजन अग्रवाल द्वारा मुरादाबाद स्थित सीएल गुप्ता आई बैंक को सूचना दी तो उनकी टीम हसनपुर पहुंची और मोहनलाल अग्रवाल के नेत्रदान कराए। इस अवसर पर संजीव अग्रवाल, राजीव अग्रवाल, प्रदीप अग्रवाल, भागेश्वर प्रसाद अग्रवाल, अक्षि अग्रवाल, विकास अग्रवाल, मधुर अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।

# वेव चीनी मिल फिर से शुरू कराई जाए

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा


जिला गन्ना अधिकारी कार्यालय पर प्रदर्शन करते भाकियू शंकर के कार्यकर्ता।

**अमृत विचार :** भाकियू शंकर ने जिला गन्ना अधिकारी कार्यालय पर प्रदर्शन कर कहा कि अमरोहा डीसीओ कार्यालय में हुए घोटाले की जांच धीमी गति से चल रही है। जिसको जल्द से जल्द पूरा कराया जाए।

बुधवार को भाकियू शंकर के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी दिवाकर सिंह के नेतृत्व में कार्यकर्ता जिला गन्ना अधिकारी कार्यालय पर पहुंचे। धरने में दिवाकर सिंह ने कहा कि डीसीओ कार्यालय में हुए घोटाले की जांच धीमी गति से चल रही है। प्रदेश की गन्ना सहकारी समितियों में गन्ना किसानों से की कटौती के कई सौ करोड़ रुपये बेकार पड़े हैं। इस धन से किसान हित में नई चीनी मिल लगाई जानी चाहिए। वर्ष 2012 से बंद पड़ी वेव शुगर मिल अमरोहा का संचालन फिर से कराया जाए। किसानों का पिराई सत्र 2023-24 का अवशेष गन्ना मूल्य भुगतान वेव चीनी मिल धनौरा, राणा शुगर मिल बेलवाड़ा व शाहाबाद से तत्काल कराया जाए। 10 करोड़ रुपये का जो गबन किया था। उसमें जो कर्मचारी संलिप्त थे उनसे रिकवरी करवाते हुए सभी की सेवा समाप्त की जाए। बाबू आशीष सैनी के कार्यकाल की शुरू से जांच की जाए। जिला संरक्षक चौधरी धर्मवीर सिंह ने कहा कि प्रदेश में 2008 के बाद गन्ना प्रजाति 0238 का विकल्प अब तक कृषि वैज्ञानिक नहीं खोज पाए हैं। जिला अध्यक्ष सतपाल सिंह ने कहा कि गन्ना विभाग द्वारा निर्मित सड़कें जो टूटी-फटी पड़ी हैं उन सभी की तत्काल मरम्मत कराई जाए। प्रदर्शन की अध्यक्षता विक्रम पवार ने व संचालन सत्यवीर सिंह ने किया। प्रदर्शन में उमेश पाल सिंह, शेर सिंह राणा, अनिल भटनागर, प्रियंका भटनागर, अशोक चौधरी, नीरज मंजू, सुशीला, आदेश, दीप, नरगिस, शबाना, सना, सुखबीर सिंह, महिपाल सिंह, रवि चौधरी, नेम पाल सिंह, दीपक गुर्जर, राजवीर सिंह, वीरपाल सिंह, हरि सिंह सैनी आदि मौजूद रहे।

### पालिकाकर्मी ने मारपीट की दर्ज कराई रिपोर्ट

**गजरौला, अमृत विचार :** अधिवक्ता कावेन्द्र सिंह ने नगर पालिका अध्यक्ष राजेन्द्री देवी के पुत्र संजय कुमार व प्रमोद कुमार व नगर पालिका कर्मियों पर मारपीट करने व रुपये छीनने का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

वहीं नगर पालिका के कर्मचारी मुनेश ने भी अधिवक्ता कावेन्द्र सिंह व कुलवीर सिंह निवासी पीपली दाउद के खिलाफ तहरीर दी गई थी। मंगलवार को पालिका कर्मियों ने थाने पहुंचकर प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन को तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराने की मांग की थी। पुलिस ने अधिवक्ता कावेन्द्र सिंह व कुलवीर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। रिपोर्ट में मुनेश का आरोप है कि उक्त दोनों लोग अधिकारी बताकर गोशाला में आए और वीडियो बनाने लगे। जिसके बाद उन्होंने मारपीट की और अपमानित किया। प्रभारी कार्यवाही बृजेश सिंह ने बताया कि मामले में दोनों की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।


मंडी धनौरा में भजन प्रस्तुत करता कलाकार। ● अमृत विचार

### प्यारा सजा है तेरा द्वार भवानी पर झूमे भक्त

**मंडी धनौरा, अमृत विचार :** मंगलवार रात मोहल्ला महादेव स्थित नवदुर्गा मंदिर में मां भगवती का जागरण किया गया। मुख्य अतिथि राजकुमार वर्मा व शोभा वर्मा ने पूजा कर माता रानी की ज्योत प्रज्वलित की। इसके बाद माता रानी को चुनरी पहनाकर माता रानी का आशीर्वाद प्राप्त किया। जागरण में भजन गायक पंडित हरिओम त्रिवेदी ने भजन प्रस्तुत कर समां बांधा। जागरण में प्यारा सजा है तेरा द्वार भवानी' भेंट के साथ शुरू हुआ। इस अवसर पर हरिओम त्रिवेदी, श्याम सुंदर वर्मा, राजीव त्रिवेदी, डालूराम सिंह, टीकाराम सैनी, श्याम वर्मा, विमल शर्मा, रामचरण शर्मा, ऋषि पाल सैनी, शिव प्रकाश, विपिन, रुद्र त्रिवेदी, राहुल आर्य, रूपेश, आमोद, गुलाब, गुड्डू, ओमपाल, विजय रस्तोगी, राजू वर्मा, शिवकुमार त्रिवेदी, ममता, सीमा, स्वाति, मंजू आदि मौजूद रहे।


मंडी धनौरा में हवन करते भाकियू कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

# महेंद्र सिंह टिकैत को दी श्रद्धांजलि

संवाददाता, मंडी धनौरा

**अमृत विचार :** चौधरी महेंद्र सिंह टिकैत की 13वीं पुण्यतिथि पर कार्यकर्ताओं ने श्रद्धांजलि अर्पित की। बुधवार को गांव फत्तेहपुर छीतरा स्थित किसान भवन पर कार्यक्रम में भारतीय किसान यूनियन के कार्यकर्ताओं ने हवन में आहुति दी तथा बाबा टिकैत की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। संगठन के दानवीर सिंह ने कहा कि प्रत्येक पदाधिकारी को 25 सदस्य बनाकर संगठन को मजबूत करना होगा। किसान यूनियन का प्रत्येक पदाधिकारी जिले की मीटिंग में अपनी उपस्थिति जरूर दर्ज कराए। आगामी 16 जून को हरिद्वार में होने वाले राष्ट्रीय शिविर के लिए ट्रेन से हरिद्वार की ओर कूच करने की बात कही। इस दौरान रामपाल सिंह, चौधरी सुरेंद्र सिंह, मुन्नू सिंह गुर्जर, देवेंद्र चौधरी, सुभाष सिंह, राहुल यादव, सौबीर सिंह, बॉबी चाहल, धर्मेंद्र चौधरी, लवेंद्र भाटी, अशोक सिंह, जयपाल सिंह, मुजम्मिल हुसैन, डॉ. चंद्रभान सैनी, सुधाकर सिंह, सतीश त्यागी सहित आदि मौजूद रहे।

### पूर्व सभासद के बेटे से मारपीट में रिपोर्ट दर्ज

**हसनपुर, अमृत विचार :** रहरा बस स्टैंड के निकट अंग्रेजी शराब की दुकान के निकट अवैध रूप से कैंटीन का संचालन किया जा रहा है।

जिस पर सोमवार रात दो युवकों में शराब खरीदने को लेकर कहासुनी के बाद पूर्व सभासद के पुत्र विजय से मारपीट हो गई थी। मारपीट में विजय घायल हो गया। हंगामे की सूचना पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची थी और विजय को उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया। जहां हालत गंभीर होने पर घायल को जिला अस्पताल रैफर कर दिया गया। वहीं बुधवार को कैंटीन स्वामी जितिन की तहरीर पर ग्राम गंगानगर निवासी बिजेंद्र व दो अज्ञात पर रिपोर्ट दर्ज कराई गई। कस्बा इंचार्ज संदीप कुमार ने बताया कि कैंटीन स्वामी की तहरीर पर एक नामजद व दो अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

# नहाने के लिए नदी में कूदा युवक लापता

संवाददाता, कैसरा


बाहे नदी में युवक की तलाश करती एसडीआरएफ की टीम। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** गर्मी में नहाने के लिए युवक ने पुल से बाहे नदी में छलांग लगा दी। जिसके बाद से पहले लापता है। मंगलवार दोपहर से गोताखोर लगातार युवक को खोज रहे हैं, लेकिन सफलता नहीं मिली।

घटना मंडी धनौरा थाना क्षेत्र के गांव जैथल की है। यहां गढ़ी मंदिर के निकट बाहे नदी पर पुल बना है। मंगलवार को तेज गर्मी से राहत लेने के लिए गांव निवासी 30 वर्षीय सतीश ने पुल से नदी में छलांग लगा दी। यहां जलस्तर अधिक होने के कारण युवक डूब गया। बचाव के लिए हाथ पैर मारने व चीख-पुकार मचने पर आस पास के ग्रामीण मदद को दौड़े। शेरपुर चौकी से पुलिस को भी बुला लिया गया। स्थानीय गोताखोर की मदद से तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। तहसीलदार परमानंद श्रीवास्तव ने भी यहां मौका मुआयना किया। लेकिन अभी तक युवक का पता नहीं चला है। परिजनों का बुरा हाल है।

### गंगा में डूबे युवक का शव मिला

**रहरा, अमृत विचार :** रविवार सुबह थाना क्षेत्र आदमपुर के गांव बुखारीपुर निवासी मुरारी गिरी 80 वर्ष का बीमारी के चलते निधन हो गया था। इसके बाद शव को अंतिम संस्कार के लिए अनूपशहर के मस्तराम गंगा घाट पर ले जाया गया। जहां अग्नि दहन के बाद ग्रामीण गंगा में स्नान करने लगे। स्नान के दौरान गांव के दो युवक शिवयंत शर्मा पुत्र कांति शर्मा व वसीम पुत्र मुनव्वर गंगा में डूब गए। जिसमें गांव के ही मूलचंद गिरी ने वसीम को तो बचा लिया, लेकिन शिवयंत शर्मा गंगा में समा गए। गोताखोरों एवं पुलिस और एनडीआरएफ की टीम की मदद से तलाश जारी थी। तलाशी के दौरान मंगलवार शाम शिवयंत शर्मा का शव अनूपशहर से आठ किलोमीटर दूर करनखाल गांव के निकट बरामद हो गया।


मंडी धनौरा में एसडीएम को ज्ञापन सौंपते आल इंडिया सैनी सभा के कार्यकर्ता।

### जिले का नाम बदलने को लेकर दिया ज्ञापन

**मंडी धनौरा, अमृत विचार :** बुधवार को ऑल इंडिया सैनी सभा के कार्यकर्ताओं ने जनपद अमरोहा का नाम पुन: ज्योतिबा फुले नगर करने को लेकर जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन उप जिलाधिकारी चंद्रकांता को सौंपा। ऑल इंडिया सैनी सभा के जिला अध्यक्ष राजपाल सैनी ने अवगत कराया कि वर्ष 1997 में नये जनपद को सृजन कर तत्कालीन मुख्यमंत्री मायावती ने जनपद का नाम ज्योतिबा फूले नगर किया था। जिसको 17 जुलाई 2012 में तत्कालीन सपा सरकार ने जनपद का नाम पुन: अमरोहा कर दिया था। ऑल इंडिया सैनी सभा के कार्यकर्ताओं ने एसडीएम को ज्ञापन देकर जनपद का नाम ज्योतिबा फुले नगर करने की मांग की है। ज्ञापन देने वालों में ओमवीर सिंह सैनी, धर्मपाल सिंह सैनी, राजवीर सिंह सैनी, विक्रम सैनी, कृपाल सिंह सैनी, विजयपाल सैनी, विनोद सैनी, राम सिंह सैनी आदि मौजूद रहे।

### मुंबई के लिए सीधी ट्रेन चलाने की मांग

**अमरोहा, अमृत विचार :** लोगों की सुविधा के लिए डॉ. जावेद अख्तर सिद्दीकी ने उत्तर रेलवे के जनरल मैनेजर समेत अन्य अधिकारियों से पत्राचार के माध्यम से अमरोहा से मुंबई के लिए सीधी ट्रेन चलाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि इस संबंध में रेल मंत्री से बार-बार मांग किए जाने के बाद भी कोई सुनवाई नहीं हुई है। जबकि रामनगर से वाया किच्छा बहेड़ी, बरेली, बालामऊ मथुरा के रास्ते से मुंबई के लिए ट्रेन है। कहा कि ट्रेन को सप्ताह में एक दिन वाया काशीपुर, मुरादाबाद, अमरोहा गाजियाबाद मथुरा होकर मुंबई के लिए चलवाया जाए।

# CARMEL PUBLIC SCHOOL

Affiliated to CBSE, New Delhi
(PCM, PCB, COMMERCE & ARTS STREAM)

**Our Facilities:**

- Ecofriendly Environment
- Caring Atmosphere
- Wide & Verified Curriculam
- Smart Classes
- Co - Curricular Activities
- Library, Science Lab, Sports
- Qualified & Dedicated Staff

**ADMISSION OPEN**
For Class Play to IX & XI



M: 9412308312
Website : www.cpsgajraula.edu.in
E-mail : cpsgajraula@yahoo.in

Add.: Nawada Road, Gajraula (Amroha)



# Carmel Public School
## GAJRAULA

Affiliated to CBSE, New Delhi
CBSE Affiliation No. 2130787

THE CPS GAJRAULA FAMILY PROUDLY ANNOUNCES THE OUTSTANDING CLASS X & XII CBSE RESULT OF 2024.

**Congratulations!**
*Our Star Performers*







Best wishes to all the students.
From : The Management, Principal & Staff

Nawada Road, Gajraula (Amroha)
+91-9412308312 | cpsgajraula@yahoo.in | www.cpsgajraula.edu.in

## एक नजर

### आज कई घंटे बंद रहेगी आधे शहर की बिजली

**संभल, अमृत विचार :** आरडीएसएस योजना के तहत पुराने केबल हटाकर नए केबल लगाने के कार्य को लेकर गुरुवार को आधे शहर की बिजली कई घंटे बंद रहेगी। एसडीओ तृतीय महेंद्र सिंह ने बताया कि केबल बदलने के कारण विद्युत उपकेंद्र हयातनगर के फीडर नवादा क्षेत्र की बिजली सुबह 7 बजे से दोपहर 12 बजे तक बाधित रहेगी। विद्युत उपकेंद्र रुकनुद्दीन सराय के फीडल अलीशा क्षेत्र में सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक बिजली नहीं आएगी। वहीं चौधरी सराय बिजलीघर से जुड़े वंशगोपाल प्रथम, वंशगोपाल द्वितीय, वाटर वर्क्स और मनोकामना फीडर क्षेत्र की बिजली सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक नहीं आएगी। कार्य पूर्ण होते ही क्षेत्र के उपभोक्ताओं को बिजली आपूर्ति सुचारू करा दी जाएगी।

### सीएचसी परिसर से ट्रेनी फार्मासिस्ट की बाइक चोरी

**रजपुरा अमृत विचार :** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रजपुरा के परिसर से ट्रेनी फार्मासिस्ट की बाइक चोरी हो गई। रजपुरा थाना क्षेत्र के गांव तुमरिया खादर निवासी उमेश चंद्र सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डी-फार्मा करने के बाद ट्रेनिंग कर रहा है। बुधवार को सुबह 10 बजे उमेश चंद्र ने बाइक अस्पताल परिसर में खड़ी की और अंदर चला गया। करीब दो घंटे बाद आकर देखा तो बाइक नहीं थी। उमेश चंद्र ने रजपुरा थाने पहुंचकर पुलिस को बाइक चोरी की तहरीर दी। थाना प्रभारी निरीक्षक अमरपाल सिंह ने बताया कि मामले में तहरीर मिली है। जांच पड़ताल की जा रही है।

### पति व सास के खिलाफ दहेज हत्या की रिपोर्ट दर्ज

**संभल/सरायतरीन, अमृत विचार :** हयातनगर थाना पुलिस ने मायके वालों की तहरीर मिलने पर मृतक महिला के पति सहित दो लोगों के खिलाफ दहेज हत्या के आरोप में रिपोर्ट दर्ज की। सरायतरीन के मुहल्ला तकिया निवासी शकील की पत्नी मीनस की मंगलवार को संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे हरियाणा के कुरुक्षेत्र निवासी मायके वालों ने शकील व उसकी मां शमशादी पत्नी शरीफ पर दहेज हत्या का आरोप लगाकर पुलिस को तहरीर दी। तहरीर मिलने पर पुलिस ने मीनस का शव पोस्टमार्टम को भेजकर देर रात शकील व शमशादी के खिलाफ दहेज हत्या के आरोप में रिपोर्ट दर्ज की।

# बच्चे को बेचकर शादी करना चाहता था प्रेमी युगल

## पुलिस ने 36 घंटे में बरामद किया अपहृत बच्चा, युवती बोली-प्रेमी से विवाह को नहीं थे पैसे, इसलिए अगवा किया मासूम

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार:** प्रेमी से शादी के लिए पैसों की कमी आड़े आई तो पड़ोसी का आठ माह का बच्चा अगवा कर लिया। मंशा बच्चे को बेचकर पैसे जुटाने की थी लेकिन बच्चा बिकता इससे पहले ही पुलिस ने बच्चे को अगवा करने वाली युवती व उसके प्रेमी को गिरफ्तार कर बच्चे को सकुशल बरामद कर लिया।

13 मई को नखासा थाना क्षेत्र के मोहल्ला हातिम सराय से रियाजुल का 8 माह का बेटा मोहम्मद शाहजेब अगवा कर लिया गया था। पड़ोस में ही रहने वाली मंतसा नाम की युवती रिजायुल के घर आई थी और किसी बहाने से मासूम मोहम्मद शाहजेब को अपने साथ लेकर चली गई । इसके बाद वह वापस नहीं लौटी और घर से भी गायब हो गई तो रियाजुल ने थाना नखासा में बेटे को अगवा कर लेने का मुकदमा दर्ज कराया था। अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी श्रीश्चंद्र ने बताया कि थाना प्रभारी गजेंद्र सिंह के साथ ही कई अन्य टीमें बच्चे की बरामदगी के लिए काम कर रही थीं। बुधवार सुबह पुलिस को सूचना मिली कि अगवा किये गये बच्चे के साथ मंतशा को राय सत्ती के निकट देखा गया है। सूचना पर सक्रिय हुई पुलिस ने संभल जोया बस स्टैंड के पास से मंतशा व उसके प्रेमी शाहनवाज को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से अगवा मासूम को बरामद कर लिया।



पुलिस गिरफ्त में बच्चे को अगवा करने का आरोपी प्रेमी युगल। ● अमृत विचार



बरामदगी के बाद अपनी मां की गोद में मोहम्मद शाहजेब। ● अमृत विचार

### बेटे को देख माता-पिता की आंख में छलके आंसू

**संभल, अमृत विचार :** आठ माह का बेटे को पड़ोस में रहने वाली मंतशा बहाने से अगवा कर ले गई तो बच्चे के माता पिता बेहाल हो गये। पिता रियाजुल थाना नखासा पहुंचकर पुलिस से बार-बार यही सवाल करता था कि उसका बेटा कब मिलेगा। सोमवार को पुलिस ने फोन कर बच्चे मोहम्मद शाहजेब की बरामदगी की जानकारी दी तो रियाजुल पत्नी के साथ आनन फानन में थाना नखासा जा पहुंचा। रियाजुल ने देखते ही बेटे मोहम्मद शाहजेब को गोद में उठाकर गले से लगा लिया। मोहम्मद शाहजेब को गले लगाकर रियाजुल व उसकी पत्नी की आंखों से खुशी के आंसू निकल आए। पुलिस ने कानूनी कार्रवाई कर मोहम्मद शाहजेब को रियाजुल को सौंप दिया।

### प्रेमी-प्रेमिका ने अपना गुनाह किया कुबूल

**संभल, अमृत विचार :** पुलिस गिरफ्त में आने के बाद आठ माह के बच्चे को अगवा करने वाली मंतशा व उसके प्रेमी शाहनवाज ने अपना गुनाह कुबूल लिया। बताया कि वह घर वालों की मर्जी के खिलाफ प्रेम विवाह करना चाहते थे लेकिन पैसे न होने की वजह से शादी नहीं कर पा रहे थे। मंतशा ने बताया कि वह पड़ोसी रियाजुल के घर जाकर मोहम्मद शहवेज को खिलाने के लिए घर ले आती थी। इसी दौरान उसके मन में आया कि इस बच्चे को अगवा कर बेच दिया जाये तो प्रेमी शाहनवाज के साथ शादी कर जिंदगी बसर करने के लिए पैसों का इंतजाम हो जायेगा। मंतशा ने बताया कि सोमवार को फोन कर शाहनवाज को चंदौसी मार्ग पर एक होटल पर बुला लिया। इसके बाद रियाजुल के घर से मोहम्मद शाहजेब को लाकर शाहनवाज के पास जा पहुंची। वह बच्चे को बेचने के लिए लेकर जाने वाले थे लेकिन पुलिस ने बस अड्डे से पकड़ लिया।



सिरसी में हादसे के बाद इकट्ठा भीड़ व लगा जाम। ● अमृत विचार

# ट्रक ने बस में मारी टक्कर तो यात्रियों में मची चीख पुकार

कार्यालय संवाददाता, संभल/सिरसी

- पुलिस ने मशक्कत कर खुलवाया जाम, लोग हुए परेशान

**अमृत विचार :** हजरत नगर गढ़ी थाना क्षेत्र के कस्बा सिरसी में संभल-मुरादाबाद मार्ग पर सड़क निर्माण के बीच ट्रक ने बस में टक्कर मारी तो यात्रियों में चीख पुकार मच गई। हालांकि हादसा बच गया लेकिन जाम लगा तो तमाम वाहन फंस गए। पुलिस ने मशक्कत कर जाम खुलवाया।

पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा सिरसी में सड़क का निर्माण कराया जा रहा है। निर्माण कार्य धीमी गति से चल रहा है। बुधवार को संभल-मुरादाबाद मार्ग पर जा रही बस में अचानक बराही की तरफ से आए ट्रक ने टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही बस में सवार यात्रियों में चीख पुकार मच गई। ट्रक गति धीमी थी तो हादसा बच गया लेकिन वाहनों के थमने पर जाम लग गया। तमाम वाहन जाम में फंसे तो लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। सूचना मिलने पर पुलिस भी पहुंच गई।

पुलिस ने काफी मशक्कत कर जाम खुलवाया। वाहन गंतव्य की तरफ बढ़े तो राहत की सांस ली गई।

# आंध्र प्रदेश में बावड़ी में डूब कर गुन्नौर के युवक की मौत

संवाददाता, गुन्नौर

- करनूल क्षेत्र में दरी गलीचे बेचने का काम करता था युवक

**अमृत विचार :** आंध्र प्रदेश में फेरी लगाकर दरी गलीचे बेचने वाले गुन्नौर के युवक की बावड़ी में डूबकर मौत हो गई। परिजनों ने शव को यहां लाने के बाद सुपुर्देखाक कर दिया।

कस्बे के मुहल्ला शेखान निवासी चांद कुरैशी का नूर आलम (20 वर्ष) आंध्र प्रदेश के करनूल इलाके में फेरी लगाकर दरी गलीचे बेचने का काम करता था। आंध्र प्रदेश में लोकसभा चुनाव में चौथे चरण के मतदान के दिन 13 मई को सार्वजनिक अवकाश होने पर नूर आलम साथियों के साथ राजाओं की बावड़ी में नहाने के लिए गया। बताया गया है कि वहां नहाने के दौरान नूर आलम बावड़ी में गहरे पानी में पहुंच गया और उसमें डूब गया। साथियों के शोर मचाने पर गोताखोरों ने काफी देर खोजबीन के बाद उसे निकाला और अस्पताल पहुंचाया गया। जहां डॉक्टर ने नूर आलम को मृत घोषित कर दिया। हादसे में नूर आलम की मौत की खबर मिलने पर परिजनों में कोहराम मच गया। परिजन करनूल पहुंचे और बुधवार को नूर आलम का शव लेकर लौटे।

### पेंटर की हार्टअटैक से मौत

**संभल/सिरसी, अमृत विचार :** हजरत नगर गढ़ी थाना क्षेत्र में बुधवार की सुबह काम पर जाने की तैयारी कर रहे पेंटर की हार्ट अटैक से मौत हो गई। थाना क्षेत्र के गांव धीमरखेड़ी निवासी मोहम्मद इस्लाम 32 वर्ष मजदूरी पर घरों की रंगाई-पुताई करता था। बुधवार को इस्लाम काम पर जाने की तैयारी कर रहा था। अचानक सीने में दर्द उठने लगा। परिजन उसे लेकर अस्पताल आ गए। यहां डॉक्टर ने इस्लाम को मृत घोषित कर दिया।

### ट्रेन के इंजन की चपेट में आकर युवक की मौत

**बहजोई, अमृत विचार:** होटल पर काम करने वाले युवक ट्रेन के इंजन की चपेट में आकर मौत हो गई। पुलिस ने ग्रामीणों से पूछताछ कर युवक की शिनाख्त कराई।

बहजोई बबराला मार्ग स्थित गांव पाठकपुर रेलवे ट्रैक पर एक युवक चंदौसी की ओर से जा रहे ट्रेन के इंजन की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गया । उसकी मौके पर ही मौत हो गई। उधर से गुजर रहे राहगीरों ने जब युवक को रेलवे ट्रैक पर पड़ा देखा तो दर्जनों ग्रामीणों की भीड़ एकत्रित हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौजूद ग्रामीणों से युवक की शिनाख्त की ग्रामीणों के मुताबिक उसकी शिनाख्त कमल सैनी निवासी सरायतरीन के रूप में हुई। पुलिस ने कमल सैनी के परिजनों को इसकी सूचना दे दी। सूचना पर पहुंचे परिजनों में कोहराम मच गया। कोतवाल सत्येंद्र पवार ने बताया कि युवक होटल पर काम करता था। ट्रेन के इंजन की चपेट में आकर उसकी मौत हुई है।

# धधक रहे कूड़े से उठ रहा जहरीला धुआं, घुट रहा दम

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार :** चार लाख की आबादी वाले संभल शहर से निकल रहे कूड़े के धधकने से न सिर्फ आबोहवा प्रदूषित हो रही है, बल्कि लोगों का दम भी घुट रहा है। कूड़ा निस्तारण की व्यवस्था नहीं होने की वजह से ऐसे हालात बने हैं। आलम यह है कि लोगों को सांस लेने में तकलीफ महसूस हो रही है लेकिन नगर पालिका परिषद उदासीन बनी हुई है।

वैसे तो नगर पालिका परिषद की ओर से वर्षों पहले कूड़ा निस्तारण के लिए हसनपुर मार्ग पर स्थित तुर्तीपुर इल्हा में प्लांट तैयार कराने के लिए कदम उठाए गए थे। कार्यदायी संस्था ने करोड़ों रुपये की मशीनें और उपकरण भी खरीद लिए लेकिन किन्हीं कारणों से कूड़ा निस्तारण प्लांट तैयार नहीं हो सका। हालांकि मामला शासन स्तर तक पहुंचा मगर अब भी हालात पुराने बने हैं। वर्तमान में शहर से निकल रहे कूड़े को तुर्तीपुर इल्हा में प्लांट वाले स्थान पर भी डाला जा रहा है। गंभीर बात यह है कि कूड़ा धधक रहा है तो उसमें से जहरीला धुआं निकल कर आबोहवा को प्रदूषित कर रहा है। दिन में तो धुआं कम रहता है लेकिन जैसे ही शाम होती है तो जहरीला धुआं तेजी से वातावरण में फैलने लगता है। तुर्तीपुर इल्हा, खग्गूपुरा समेत आसपास के गांवों तक जहरीला धुआं पहुंचने पर लोगों को सांस लेने में तकलीफ हो रही है। आलम यह है कि मार्ग से गुजरने वाले लोग मुंह पर कपड़ा रखकर निकल रहे हैं।



संभल में कूड़ा निस्तारण प्लांट पर जलता कूड़ा। ● अमृत विचार



प्लांट के निकट मुंह पर कपड़ा लगाये खड़ा पेट्रोल पंप कर्मी।

- संभल के तुर्तीपुर इल्हा में स्थित कूड़ा निस्तारण केंद्र पर जल रहा कूड़ा
- नगर पालिका परिषद बनी उदासीन, लोगों में पनप रहा रोष

### दुर्गंध और धुआं कर रहा परेशान

**संभल, अमृत विचार :** बुधवार को कूड़ा निस्तारण प्लांट वाले स्थान पर पड़ताल की कूड़ा धधकता हुआ दिखा। कूड़े से भीषण दुर्गंध के साथ ही जहरीला धुआं निकल रहा था। कई स्थानों पर कूड़ा जलने के बाद की स्थिति नजर आई। मौजूद कर्मचारियों का कहना रहा कि भीषण गर्मी में कूड़ा खुद ब खुद जल रहा है लेकिन यह बात गले नहीं उतर सकी। यहां सवाल यह भी उठता है कि आखिर कूड़े में आग लगाकर लोगों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ और पर्यावरण को प्रदूषित क्यों किया जा रहा है।



शपथ लेती छात्र संसद की पदाधिकारी। ● अमृत विचार

# छात्र संसद प्रमुख और पदाधिकारियों को दिलाई शपथ

संवाददाता, मनोटा

**अमृत विचार :** विकासखंड असमोली क्षेत्र की ग्राम पंचायत मढ़न के सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में छात्र संसद प्रमुख और पदाधिकारियों को पद एवं कर्तव्यनिष्ठा की शपथ दिलाई गई। जिसमें छात्रा मेघा गहलोत ने प्रधानमंत्री, प्रियांशु राघव ने सेनापति की शपथ ली। अन्य पदाधिकारियों को भी शपथ दिलाई गई। छात्र संसद प्रमुख आचार्य बब्बर भान ने छात्र संसद के बारे में बताया। उनके कार्यों की जानकारी दी। प्रधानाध्यापक विश्व दीपक शर्मा ने छात्र छात्राओं को कर्तव्य के प्रति सजग रहने और ईमानदारी से कार्य करने के प्रति प्रेरित किया। इस दौरान विद्यालय का स्टाफ मौजूद रहा।

# छोटी बहन ने नहीं दिया मोबाइल तो छात्रा ने कीटनाशक पीकर दी जान

कार्यालय संवाददाता, संभल/सौंधन

**आहत**

- कीटनाशक का सेवन करने पर बिगड़ी छात्रा की हालत, चिकित्सक ने मृत घोषित किया
- बिना पुलिस कार्रवाई के परिजनों ने छात्रा के शव का अंतिम संस्कार कर दिया

**अमृत विचार :** कैला देवी थाना क्षेत्र में छोटी बहन ने मोबाइल नहीं दिया तो इंटर की छात्रा का विवाद हो गया। आहत हुई छात्रा ने कीटनाशक पदार्थ का सेवन कर लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन उसे चिकित्सक के पास ले गए । चिकित्सक ने छात्रा को मृत घोषित कर दिया गया।

थाना क्षेत्र के एक गांव की 18 वर्षीय युवती गांव सौंधन मोहम्मदपुर के एक निजी स्कूल में कक्षा 12 की छात्रा थी। मंगलवार को देर शाम छात्रा के माता-पिता खेत पर थे। छात्रा की छोटी बहन मोबाइल का प्रयोग कर रही थी। तभी छात्रा ने छोटी बहन से मोबाइल मांगा। छोटी बहन ने मोबाइल नहीं दिया तो दोनों में झगड़ा हो गया। जिससे आहत होकर छात्रा ने घर में रखे कीटनाशक पदार्थ का सेवन कर लिया। कुछ ही देर में छात्रा की हालत बिगड़ गई। सूचना मिलते ही छात्रा के माता-पिता घर पहुंचे। आनन फानन में छात्रा को लेकर नजदीक के चिकित्सक के यहां पहुंचे। जहां चिकित्सक ने छात्रा को मृत घोषित कर दिया। देर रात में ही परिजनों ने बिना पुलिस कार्रवाई के छात्रा के शव का अंतिम संस्कार कर दिया। मोबाइल नहीं देने पर छात्रा द्वारा आत्महत्या करने का मामला चर्चा का विषय बना है।

# बदायूं सीट पर हार और जीत को लेकर दो दोस्तों में लगी 2.30 लाख की लिखित शर्त

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव के नतीजे आने में भले ही अभी काफी समय है लेकिन प्रत्याशियों की हार-जीत को लेकर शर्तें लगाने का दौर चल रहा है। बदायूं लोकसभा सीट पर हार-जीत को लेकर गुन्नौर तहसील क्षेत्र के दो दोस्तों के बीच अनोखी शर्त लगी है। दोस्तों ने बाकायदा ई स्टाम्प तैयार कराते हुए 2.30 लाख रुपये की शर्त लगाई है। यह भी साफ किया है कि अगर कोई भी प्रत्याशी पांच हजार या इससे कम वोटों से जीता तो अनुबंध पत्र स्वतः निरस्त माना जाएगा। यह मामला क्षेत्र में चर्चा का विषय बना है।

गुन्नौर तहसील क्षेत्र में थाना रजपुरा अंतर्गत गांव पतेई नासिर निवासी विजेंद्र सिंह पुत्र राजवीर और नीरेश कुमार पुत्र अमर सिंह के बीच शर्त लगी है। दोनों ने ई स्टाम्प तैयार कराते हुए इस पर गवाहों के हस्ताक्षर भी कराए हैं। अनुबंध पत्र में कहा गया है कि भाजपा प्रत्याशी दुर्विजय सिंह शाक्य की जीत होती है तो नीरेश कुमार विजेंद्र सिंह को 2.30 लाख रुपये देंगे। अगर समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी आदित्य वीर विजयी होते हैं तो विजेंद्र सिंह द्वारा नीरेश कुमार को 2.30 लाख रुपये दिए जाएंगे। दोनों ने रकम को जिम्मेदार व्यक्ति के पास जमा कर दिया है।

जमा की गई रकम जीतने वाले पक्ष को दी जाएगी। यह भी कहा गया है कि दोनों पक्षों में से कोई भी प्रत्याशी पांच हजार या पांच हजार से अधिक वोटों से जीतता है तो यह अनुबंध पत्र स्वतः निरस्त माना जाएगा।



गुन्नौर में दो दोस्तों द्वारा चुनावी हार जीत पर लगाई गई शर्त का लिखित अनुबंध।

- दोस्तों ने ई स्टाम्प पर लगाई शर्त गवाहों के कराए हस्ताक्षर

# झूलते बिजली के तारों से हादसे को न्योता, विभाग गंभीर नहीं

कार्यालय संवाददाता, संभल/ओबरी

**अमृत विचार :** असमोली क्षेत्र के गांव ओबरी और मतावली पट्टी जग्गू में बिजली के झूलते तार हादसे को न्योता दे रहे हैं लेकिन विभाग गंभीर नहीं दिख रहा है। यह हालात तब हैं जबकि मार्ग से वाहनों के अलावा स्कूली बच्चों का भी आना जाना रहता है। विभागीय अधिकारियों की उदासीनता से ग्रामीणों में रोष है।

असमोली क्षेत्र में ओबरी-खासपुर मार्ग पर गांव ओबरी में करीब दो साल पहले वाहन की टक्कर से सड़क किनारे लगा विद्युत पोल टूट गया था। तब से विभाग ने दूसरा पोल नहीं लगवाया है। पोल के टूटने की वजह से दूसरे पोलों की दूरी अधिक हुई तो बिजली के तार झुक गए। इसी मार्ग से भूसा और तुरी से लदे वाहनों को लकड़ी से तार ऊंचे करके निकालना पड़ रहा है। गांव ओबरी के अनीस और फईम का कहना है कि सड़क के बीचो बीच झुके बिजली के तारों को ऊंचा कर पोल लगाने के लिए विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों को कई बार पत्र दिए गए लेकिन समस्या का समाधान नहीं हुआ। ऐसे में झूल रहे तारों से हादसे का अंदेशा बना है। वहीं गांव मतावली पट्टी जग्गू में मुख्य रास्ते पर कई दिनों से बिजली के झूलते तार हादसे को न्योता दे रहे हैं। इसी रास्ते से लोगों के अलावा स्कूली बच्चों का आना जाना होता है।



सड़क पर झूलते बिजली की लाइन के तार।

- असमोली क्षेत्र के गांव ओबरी और मतावली पट्टी जग्गू का मामला

**उदासीनता** रजपुरा कस्बा में लगे पांच वाटर कूलरों से नहीं आ रहा ठंड पानी

# भीषण गर्मी में प्यास बुझाने को भटक रहे लोग

कार्यालय संवाददाता, संभल/रजपुरा

**अमृत विचार :** शहर ही नहीं बल्कि कस्बों में भी लोगों को ठंडा पानी मुहैया कराने के लिए इंतजाम सिर्फ दिखावा साबित हो रहे हैं। कस्बा रजपुरा में एक दो नहीं बल्कि पांच वाटर कूलर कई महीनों से खराब पड़े हैं तो भीषण गर्मी में लोग प्यास बुझाने के लिए भटकने को मजबूर हैं। फिर भी जिम्मेदार उदासीन बने हुए हैं।

दिन प्रतिदिन दिन पारा चढ़ने की वजह से जनजीवन प्रभावित हो रहा है। आलम यह है कि कुछ मिनटों में भी गला सूख रहा है तो लोग प्यास बुझाने के लिए पानी पी रहे हैं।लेकिन कस्बा रजपुरा में लोगों का गला तर करने का कोई इंतजाम नहीं है। कस्बा में पांच वाटर कूलर बंद पड़े हैं। जिस कारण गांव देहात से आने वाले लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। अमृत विचार ने मंगलवार को पड़ताल की तो साप्ताहिक बाजार दो वाटर कूलर लगे दिखाई दिए।

कई लोग वाटर कूलर देखकर पास पहुंचे लेकिन पता चला कि यह चालू हालत में नहीं हैं तो फिर मायूस होकर लौटना पड़ा। इसी तरह रजपुरा में मुख्य चौराहा पर भी विधायक निधि से लगा वाटर कूलर बंद नजर आया। लोगों के अलावा आसपास के दुकानदार भी ठंडे पानी की उम्मीद लेकर वाटर कूलर तक पहुंचते हैं लेकिन ठंडा पानी नहीं मिलने पर लौट जाते हैं। लोगों ने वाटर कूलर ठीक कराकर ठंडे पानी का इंतजाम कराने की मांग उठाई है।



रजपुरा में मुख्य बाजार के निकट खराब पड़ा वाटर कूलर। ● अमृत विचार

### चाइनीज मांझे की चपेट में आकर बुआ भतीजी घायल

**संभल, अमृत विचार:** छत पर टहल रही बुआ भतीजी चाइनीज मांझे की चपेट में आकर जख्मी हो गईं। चीख पुकार सुनकर मौके पर पहुंचे परिजनों ने बुआ भतीजी को उपचार के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया।

कोतवाली के मुहल्ला कोटगर्वी निवासी शारिक की एक वर्षीय बेटी ईरा फात्मा की मंगलवार को तबीयत खराब थी। ईरा फात्मा रो रही थी तो शारिक की बहन भतीजी ईरा फात्मा को लेकर छत पर पहुंची। युवती गोदी में लेकर ईरा फात्मा के साथ छत पर टहल रही थी। अचानक से चाइनीज मांझा ने लिपटकर ईरा फात्मा के गले पर जख्म कर दिया। जिससे ईरा फात्मा के गले से खून बहने लगा। युवती ने जैसे ही चाइनीज मांझे को हाथ से तोड़ना चाहा, उसका हाथ भी जख्मी हो गया। चीख पुकार को सुनकर परिजन छत पर पहुंचे और किसी तरह से चाइनीज मांझे से छुड़ाकर ईरा फात्मा व युवती को लेकर आनन फानन में निजी अस्पताल पहुंचे और उपचार के लिए बुआ भतीजी को भर्ती कराया।




सरायतरीन में कारीगरों का पंजीकरण करते संस्था से जुड़े लोग। ● अमृत विचार

# शिविर में 150 कारीगरों का पंजीकरण, मिलेगा फायदा

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार :** हार्न क्राफ्ट से संबंधित जीआई अधिकृत उपयोगकर्ता के पंजीकरण करने के लिए नामित कार्यदायी संस्था टू विजन वेलफेयर सोसायटी ने हैंडीक्राफ्ट वेलफेयर एसोसिएशन के सहयोग से फैज गर्ल्स इंटर कॉलेज सरायतरीन में शिविर लगाया। जिसमें 150 कारीगरों का पंजीकरण किया गया।

शिविर में पंजीकरण कराने के लिए कारीगरों की भीड़ उमड़ी। दस्तावेजों के आधार पर कारीगरों का पंजीकरण किया गया। बताया कि पंजीकरण कराने वाले कारीगरों को सरकार की विभिन्न योजनाओं से जोड़ा जा सकेगा और फायदा भी होगा। इस दौरान हैंडीक्राफ्ट वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष ताहिर सलामी, सचिव कमल कौशल, कार्यदायी संस्था की अध्यक्ष सुबुही जेहरा जैदी, प्रबंधक विवेक राठौर, अब्दुल हकीम, शाजिया खान आदि रहे।

## एक नजर

### वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक घायल

**चन्दौसी, अमृत विचार :** थाना बहजोई क्षेत्र के रम्पुरा मार्ग पर बाइकों की आमने-सामने की भिडंत में बाइक सवार एक युवक घायल हो गया। घायल को सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया। थाना बहजोई के गांव अकबरपुर निवासी तालिब पुत्र अकबर बहजोई में पेट्रोल पंप पर कार्य करता है। बुधवार की सुबह करीब आठ बजे तालिब ड्यूटी करके बाइक से घर लौट रहा था। रम्पुरा मार्ग पर ईंट-भट्ठा के निकट सामने से आ रही दूसरी बाइक से टक्कर हो गई।

### सड़क हादसे में डीडीओ के स्टेनो घायल

**चन्दौसी, अमृत विचार :** नगर के गोशाला रोड स्थित एमआईजी कॉम्प्लेक्स निवासी तरुण श्रीवास्तव पुत्र अरुण श्रीवास्तव बहजोई में जिला विकास अधिकारी (डीडीओ) कार्यालय में स्टेनो हैं। रोजाना की तरह बुधवार की शाम वह ड्यूटी करके बाइक से घर लौट रहे थे। शाम मुरादाबाद-आगरा नेशनल हाइवे पर थाना बनियाठेर क्षेत्र में संजीवनी वाटिका के निकट पहुंचे ही थी। उसी समय अचानक बाइक के आगे कुत्ता आ गया। जिसे बचाने के प्रयास में बाइक सड़क पर फिसल गई। हादसे में स्टेनो तरुण घायल हो गए।

### कार की टक्कर से बाइक सवार घायल

**संभल, अमृत विचार :** अमरोहा जिले की नगर पंचायत सैदनगली निवासी साबिर बाइक पर सवार होकर संभल से घर जा रहा था। नखासा थाना क्षेत्र में संभल हसनपुर मार्ग पर गांव कुरकावली से निकलते ही बाइक में कार ने टक्कर मार दी। जिससे साबिर घायल हो गया।

### गाली गलौज करने में तीन गिरफ्तार

**धनारी, अमृत विचार :** धनारी थाना क्षेत्र में अलग अलग जगह से पुरानी रंजिश व मामूली बात पर गाली गलौज करने पर पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया। थाना क्षेत्र के गांव धनारी पट्टी बालू शंकर निवासी वीरेंद्र व रामौतार उर्फ सूखे के बीच बुधवार को किसी बात को लेकर विवाद पर पुलिस ने वीरेंद्र व रामौतार को हिरासत में ले लिया। दूसरी ओर थाना क्षेत्र के गांव पीपलवाडा निवासी आफत पुरानी रंजिश को लेकर गांव की ही महिला फूलवती पत्नी हरपाल के साथ गाली गलौज कर रहा था। मौके पर पहुंची पुलिस ने आफत को गिरफ्तार कर लिया।

# पत्नी से अनबन पर फंदा लगाकर जान दी

## आत्महत्या से पहले रिश्तेदार के मोबाइल पर मैसेज भेजा कि मैं मर जाऊंगा

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी





युवक की मौत के बाद जानकारी करती पुलिस। ● अमृत विचार



गांव मौलागढ़ में युवक की मौत के बाद विलाप करती मां।

**अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के नगर से सटे गांव मौलागढ़ में पत्नी से अनबन होने पर युवक ने फंदे पर लटक कर आत्महत्या कर ली। घटना के वक्त पत्नी मायके गई हुई थी। सूचना पाकर पहुंची कोतवाली पुलिस और फॉरेंसिक टीम ने जांच पड़ताल की। सीओ प्रदीप कुमार सिंह ने भी मौके पर पहुंच कर जानकारी ली है।

गांव मौलागढ़ निवासी धर्मेंद्र पाल उर्फ बाबू 34 वर्ष पुत्र स्व. जगदीश पाल प्राइवेट गाड़ी चला कर परिवार का भरण पोषण कर रहा था। 10 मई को पत्नी सत्यवती से किसी बात को लेकर अनबन हो गई थी। जिससे पत्नी अपने बेटे अखिलेश व बेटी तनिष्का को लेकर जनपद बदायूं के थाना उघैती क्षेत्र के गांव खंडुआ चली गई। बुधवार की सुबह धर्मेंद्र पाल ने अपने रिश्तेदार चन्दौसी के कैथल गांव निवासी प्रमोद पुत्र राजाराम के मोबाइल पर मैसेज भेजा कि मैं मर जाऊंगा। इस पर तत्काल प्रमोद गांव मौलागढ़ पहुंचा तो घर में धर्मेंद्र के छोटे भाई बदन सिंह की पत्नी विमलेश थी। विमलेश ने बताया कि धर्मेंद्र दूसरी मंजिल पर बने कमरे में सो रहे हैं। प्रमोद ने ऊपर जाकर देखा तो उसकी चीख निकल गई। कमरे के गेट के ऊपर बने रोशनदान से धर्मेंद्र लटका हुआ था। गले में रस्सी का फंदा कसा था। शोर शराबा होने पर परिवार के अन्य लोग भी पहुंच गए। ग्रामीणों की भीड़ लग गई। सूचना पाकर प्रभारी निरीक्षक अतर सिंह मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को फंदे से उतारा और परिजनों से जानकारी की। सीओ डॉ. प्रदीप कुमार सिंह भी पहुंचे और फॉरेंसिक टीम बुला कर नमूने लिए। देर शाम पत्नी भी बच्चों के साथ घर पहुंच गई।

> क्षेत्र के गांव मौलागढ़ में युवक ने फांसी का फंदा लगा कर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर जानकारी की है। शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। अभी तक की जांच में पति-पत्नी के बीच विवाद की बात सामने आ रही है।
>
> **-अतर सिंह**
> प्रभारी निरीक्षक, चन्दौसी

### गैंगस्टर भाइयों की 17 लाख की संपत्ति जब्त

**चन्दौसी, अमृत विचार:** न्यायालय के आदेश पर थाना कुढ़फतेहगढ़ के गांव कोकावास में दो गैंगस्टर सगे भाइयों की 17 लाख से अधिक की संपत्ति बुधवार को मुनादी करा कर कुर्क कराई गई। इस दौरान सीओ समेत तहसील प्रशासन मौजूद रहा।

थाना कुढ़फतेहगढ़ में मुकदमा अपराध संख्या 34/2023 धारा 3(1) गैंगस्टर अधिनियम के तहत अलीम व सलीम पुत्र गण बाबू निवासी गांव कोकावास थाना कुढ़फतेहगढ़ के खिलाफ अभियोग पंजीकृत है। जिला मजिस्ट्रेट के आदेश पर बुधवार को गैंगस्टर अलीम व सलीम की अपराध कर अवैध रुप से धन अर्जित कर मकान की कुर्की कराई गई। सीओ डॉ. प्रदीप कुमार सिंह, थाना प्रभारी संदीप बालियान समेत नायब तहसीलदार दीपक चौधरी अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और ढोल बजवा कर मुनादी करा कर गैंगस्टर भाईयों के मकान की कुर्की कराई। मकान पर कुर्की का नोटिस चस्पा किया गया। सीओ ने बताया कि कुर्क किए गए मकान की अनुमानित कीमत 17 लाख 34 हजार 866 रुपये लगाई गई है।



न्यू सत्यम एकेडमी में टॉपर्स को सम्मानित करता विद्यालय का स्टाफ। ● अमृत विचार

# टॉपर्स को 5,100 के चेक देकर किया सम्मानित

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

- **न्यू सत्यम अकादमी की इंटर की छात्रा याशिका अग्रवाल ने मंडल में पाया द्वितीय स्थान**

**अमृत विचार:** न्यू सत्यम अकादमी में बुधवार को हाईस्कूल व इंटरमीडिएट के टॉपर होनहारों को चेक देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत नमिता चौधरी, प्रधानाचार्य एससी गंगवार व उप प्रधानाचार्य श्वेता मचंदा ने संयुक्त रुप से मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित करके किया।

कार्यक्रम में इंटरमीडिएट की छात्रा याशिका अग्रवाल ने मंडल में द्वितीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। छात्रा याशिका अग्रवाल, छात्रा धान्या वार्ष्णेय व राज वार्ष्णेय को 5,100-5,100 रुपये का चेक देकर सम्मानित किया गया। हाईस्कूल में 93 से 95 प्रतिशत तक अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को 3100-3100 रुपये तथा 93 प्रतिशत से नीचे अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को 2100 रुपये का चेकर देकर सम्मानित कर उनकेउज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर स्नेहा, स्वाति, मीमांसा, यशी, आयुशी, रूबी, आरती, सपना, अमित, जयगोपाल, विशाल, विशेष, अभय, अंशिका, गौरव राखी आदि का सहयोग रहा।

# चिकित्सा अधीक्षक से गाली गलौज कर हमलावर हुए कर्मी

संवाददाता, गुन्नौर

- **स्वास्थ्य कर्मचारियों ने भी लगाए गंभीर आरोप, चार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज**

**अमृत विचार :** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गुन्नौर के चिकित्सा अधीक्षक ने चार स्वास्थ्य कर्मियों पर गाली गलौज करने और मारपीट के लिए हमलावर होने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज कराई है। वहीं आरोपी स्वास्थ्य कर्मियों ने चिकित्सा अधीक्षक पर पैर दबवाने, आवास की सफाई कराने जैसे काम कराने के गंभीर आरोप लगाए हैं। स्वास्थ्य कर्मियों का कहना है कि आनाकानी करने पर उपस्थिति पंजिका वेरीफाई नहीं की। जिससे उनका वेतन भुगतान भी लटक गया।

सीएचसी चिकित्सा अधीक्षक डॉ. पवन कुमार सिंह 14 मई को दोपहर करीब 12 बजे कार्यालय में सरकारी काम में जुटे थे। आरोप है कि तभी चौकीदार डंबर सिंह, वार्ड ब्वाय पूरन सिंह, शिवम शाक्य और रामरतन कार्यालय में घुस आए। गाली गलौज करते हुए मारपीट करने के लिए हमलावर हो गए। सीएचसी के स्टाफ के सामने जान से मारने की धमकी दी और चले गए। चिकित्सा अधीक्षक की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया। वहीं, आरोपी कर्मियों ने सीएचसी चिकित्सा अधीक्षक पर आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि घरेलू सफाई के साथ ही वेतन आहरण के एवज में सुविधा शुल्क की मांग की जाती है। कोतवाल संजीव बालियान ने बताया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा अधीक्षक की तहरीर पर डंबर सिंह, पूरन सिंह, शिवम शाक्य और रामरतन के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। कस्बा इंचार्ज सत्येंद्र चौहान जांच कर रहे हैं। बहरहाल, यह पूरा मामला चर्चा का विषय बना हुआ है।

## सार-संक्षेप



मेहंदी प्रतियोगिता में प्रतिभाग करतीं छात्राएं। ● अमृत विचार

### मेहंदी लगाओ प्रतियोगिता में छात्राओं ने दिखाई प्रतिभा

**चन्दौसी, अमृत विचार :** भारत विकास परिषद शाखा चन्दौसी की ओर से बुधवार को सरोजिनी नायडू जूनियर हाई स्कूल मोहल्ला खातियान में मेहंदी लगाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में छात्राओं ने बढ़चढ़ कर प्रतिभाग किया और सुंदर आकृति में हाथों पर मेहंदी लगा कर प्रतिभा को उजागर किया। प्रतियोगिता में नेहा प्रथम, तपस्या द्वितीय, राधिका एवं आरती ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सभी विजेता प्रतिभागी छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। रेखा रस्तोगी के संयोजन में कार्यक्रम संपन्न हुआ। सचिव डॉ. दुर्गा टंडन ने बताया कि महिला एवं बाल विकास प्रकल्प के अंतर्गत यह कार्यक्रम आयोजित किया गया है। महिला ही सृष्टि का आधार है एवं बच्चों से ही भविष्य है। यह सात दिवसीय कार्यक्रम है। जिसमें विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसका प्रमुख उद्देश्य महिलाओं एवं बच्चों के लिए संरक्षण, पोषण एवं उचित जानकारी प्रदान करना है। कार्यक्रम में सोनी आरोही, अराधना, मानवी, आरोही, अभिषेक गुप्ता आदि समिति के सदस्य एवं विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।



विश्व परिवार दिवस मनाते नारायण सेवा समिति के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

### नारायण सेवा समिति ने मनाया विश्व परिवार दिवस

**चन्दौसी, अमृत विचार :** श्री नारायण सेवा समिति की ओर से बुधवार को अंतर्राष्ट्रीय परिवार दिवस समिति के वरिष्ठ उपाध्यक्ष विपिन कुमार गुप्ता के परिवार के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए समिति के वरिष्ठ संरक्षक कृष्ण गोपाल गुप्ता ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र संघ ने 1994 में लोगों के बीच परिवारों के महत्व को समझाने की शुरुआत की। पारिवारिक मुखिया के रूप में हम अपनी संतति को जीवन में सब कुछ सर्वश्रेष्ठ देना चाहते हैं। परिवार के मुखिया के रूप में विपिन कुमार गुप्ता ने कहा कि परिवार समाज की मुख्य इकाई है। परिवार के रूप में हम अपने वंशानुगत, सामाजिक, सांस्कृतिक और आर्थिक मूल्यों का हस्तांतरण करते हैं। प्रबंधक हरीश कठेरिया ने बताया कि समिति की ओर से प्रतिवर्ष परिवार दिवस का आयोजन विभिन्न परिवारों में किया जाता है ताकि पारिवारिक सदस्यों को परिवार के महत्व के बारे में जानकारी हो सके। अंत में परिवार के मुखिया की ओर से अपने परिवार के सदस्यों को उपहार प्रदान किए गए। इस अवसर पर परिवार के मुखिया समेत उनकी पत्नी शिक्षिका श्वेता गुप्ता तथा दोनों पुत्र वंश गुप्ता, इशित गुप्ता व अर्पित गुप्ता मौजूद रहे।



महेंद्र सिंह टिकैत को श्रद्धांजलि अर्पित करते भाकियू अराजनैतिक के पदाधिकारी।

### भाकियू अराजनैतिक ने किया बाबा टिकैत को याद

**चन्दौसी, अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के युवा प्रदेश प्रवक्ता कौशल क्रांतिकारी के कार्यालय पर संगठन का स्थापना दिवस एवं किसानों के मसीहा बाबा महेंद्र सिंह टिकैत की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पंडित मोहित भारद्वाज ने हवन में आहुतियां दिलाई। तत्पश्चात गोष्ठी में बाबा महेंद्र सिंह टिकैत के जीवन पर प्रकाश डाला। कहा कि बाबा टिकैत का जीवन किसानों की हक की लड़ाई लड़ते हुए गुजर गया। बाबा टिकैत के विचारों पर चलते हुए 15 मई 2022 में भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक का गठन हुआ। जिससे किसानों की हर लड़ाई को लड़ा जा सके। आज भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक वट वृक्ष के रूप में कार्य कर रही है। इस अवसर पर संजीव यादव, रजत यादव, डॉ. गिरीश दिवाकर, श्रीपाल, कुंवरपाल, रामनिवास, चरण सिंह, रोदाश यादव, भगवान, सतपाल सिंह, जसवीर दिवाकर, सलमान, महानंदन, ललित, खुश कुमार, जॉनी, बॉबी, विनय, सिद्धार्थ आदि उपस्थित रहे।

### बाबा टिकैत को श्रद्धांजलि देकर संगठन विस्तार पर जोर

**असमोली, अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक ने थाना ऐंचौड़ा कम्बोह क्षेत्र के गांव पाली में सौरभ त्यागी के मकान पर बाबा महेंद्र सिंह टिकैत को पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि दी। स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में पंचायत भी हुई। जिसमें संगठन का विस्तार करने पर जोर दिया गया। कहा कि अधिकारियों से किसानों की समस्याओं का समाधान कराया जाएगा। जिला प्रभारी विवेक त्यागी ने पदाधिकारियों व सदस्यों के साथ संगठन विस्तार को लेकर मंथन किया। इस दौरान योगेश कुमार, राहुल त्यागी, विवेक त्यागी, दिनेश त्यागी, राजीव त्यागी, राम प्रकाश सिंह, खेमपाल सिंह, टेकचंद, मुनिदेव त्यागी, राजू, पुनीत त्यागी, नरेश त्यागी आदि रहे।



चन्दौसी में क्रांतिकारी सुखदेव के चित्र पर पुष्प अर्पित करते समिति के सदस्य।

### क्रांतिकारी सुखदेव की वीर गाथा को किया याद

**चन्दौसी, अमृत विचार :** महापुरुष स्मारक समिति एवं सर्व समाज जागरूकता अभियान भारत ने संयुक्त रुप से विनायक कालोनी में कार्यक्रम का आयोजन कर महान स्वतंत्रता सेनानी क्रांतिकारी शहीद सुखदेव की जयंती मनाई। उनकी वीरगाथा को याद किया। मुख्य वक्ता अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष कवि माधव मिश्र ने चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर नमन किया। कहा कि स्वंतत्रता सेनानी क्रांतिकारी शहीद सुखदेव का जन्म 15 मई 1907 को पंजाब के लुधियाना में हुआ था। आपके पिता रामलाल थापर आपके जन्म के तीन महीने पहले स्वर्ग सिधार गए। तब आपकी माता रल्ली देवी एवं ताऊजी ने पालन पोषण किया। क्रांतिकारी सुखदेव का पूरा नाम सुखदेव थापर है। आप शहीद भगत सिंह, राजगुरु, चंद्रशेखर आजाद के मित्र थे। जलियां वाला बाग हत्याकांड का प्रभाव इन पर पड़ा। उस समय मात्र सुखदेव बारह वर्ष के थे। शहीद भगत सिंह ने इस घटना के बाद नौजवान सभा बनाई। जिसके क्रांतिकारी सुखदेव सक्रिय सदस्य बनकर देश की आजादी को किशोरो को तेयार करने लगे। जेपी सांडर्स की हत्या में क्रांतिकारी शहीद भगत सिंह, राजगुरु, सुखदेव को दोषी ठहराते हुए फांसी की सजा सुनाई गई। अध्यक्षता सृष्टि सिंह ने व संचालन बृजेंद्र प्रसाद तिवारी ने किया। रश्मि शर्मा, सत्यप्रिया मिश्रा, राम सिंह, हर्ष तिवारी, उत्कर्ष तिवारी, किशन सिंह, गोपी सिंह, पवन सिंह, अमन सिंह आर्यन, शांतनु मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

# चौधरी महेंद्र सिंह टिकैत का जीवन किसानों के लिए समर्पित

कार्यालय संवाददाता, संभल



संभल में नई तहसील पर महेंद्र सिंह टिकैत की पुण्यतिथि मनाते भाकियू कार्यकर्ता।



बाबा टिकैत की पुण्य तिथि पर हवन करते भाकियू के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

- **भाकियू टिकैत के कार्यकर्ताओं ने मनाई पुण्यतिथि**

**अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन टिकैत ने नई तहसील कार्यालय पर किसानों के मसीहा बाबा महेंद्र सिंह टिकैत की पुण्यतिथि मनाई। उनके जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बाबा टिकैत ने किसानों को आवाज उठाना सिखाया। उनका पूरा जीवन किसानों के लिए समर्पित रहा।

भाकियू टिकैत कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने महेंद्र सिंह टिकैत की पुण्यतिथि को जल, जंगल, जमीन, पर्यावरण बचाओ संकल्प दिवस के रूप में मनाया। कहा कि बाबा टिकैत ने सरकारों को किसान हित में काम करने के लिए बाध्य किया और सरकारों को हिलाने का काम किया। उनका पूरा जीवन किसान हितों के लिए समर्पित रहा। बड़े राजनेता उन्हें राजनीतिक रूप से लाभ देने के लिए उत्साहित रहते थे लेकिन बाबा टिकैत ने पूर्ण जीवन सादगी, खेती, किसानी और किसान उत्थान में गुजार दिया। मंडल सचिव रामवीर सिंह त्यागी ने कहा कि धान का बीज ब्लैक किया जा रहा है। किसानों को पक्का बिल नहीं दिया जाता। किसानों को वसंती धान उचित दाम पर मिलना चाहिए। इस दौरान डॉ.शुभम चौधरी, राजीव त्यागी, सतवीर सिंह चौधरी, मोहम्मद दानिश, अंकित त्यागी, मोहम्मद शखावत, देवेश कुमार आदि रहे।

### बाबा टिकैत की पुण्यतिथि पर हवन कर दी आहुतियां

**चन्दौसी, अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन के संस्थापक व किसानों के मसीहा स्व. चौधरी महेन्द्र सिंह टिकैत की 13वीं पुण्यतिथि प्रदेश प्रमुख महासचिव/प्रभारी पश्चिमी उत्तर प्रदेश विजेंद्र सिंह यादव के आवास पर मनाई गई। देश की सुख शांति के लिए हवन में आहुतियां दीं। किसानों के हित में किए बाबा टिकैत के कार्यों को याद किया। इस दौरान जल जंगल जमीन पर्यावरण बचाओ व किसान जागरूकता गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें सभी वक्ताओं ने जल जंगल जमीन व पर्यावरण बचाने के प्रयास के उपाय करने के बारे में सुझाया। प्रदेश प्रमुख महासचिव विजेंद्र सिंह यादव ने कहा कि सभी किसानों को जल जंगल जमीन पर्यावरण बचाने को आगे आना चाहिए। जल है तो जीवन है, जंगल है तो रोटी है। पर्यावरण को सुरक्षित रखना सभी की जिम्मेदारी है। साथ ही संगठन की मजबूती पर जोर देते हुए कहा कि संगठन मजबूत होगा तो किसान मजबूत होगा। अंत में मिष्ठान वितरण किया गया। इस अवसर पर हाजी अजीम, विपिन यादव, रामवीर, जबर सिंह, महावीर सिंह यादव, संजीव शर्मा, राजेश मौर्य, हैदर अली, देशराज सिंह, अजयपाल सिंह, लल्ला बाबू, लकी रस्तौगी, चन्द्रविजय आदि उपस्थित रहे।

### टिकैत ने किसानों के लिए किया संघर्ष

**संभल/जुनावई अमृत विचार :** जुनावई ब्लॉक मुख्यालय परिसर में भाकियू संस्थापक महेंद्र सिंह टिकैत की 13वीं पुण्यतिथि मनाई गई। कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर हवन किया। उनके बताए रास्ते पर चलने की शपथ ली।पुण्यतिथि के मौके पर डॉ. दिनेश यादव, चरण सिंह, ओमप्रकाश नेताजी, पंकज, देवेंद्र यादव, अवधेश, संजय, जगदीश यादव ने कहा कि बाबा टिकैत एक ऐसी महान आत्मा थे, जिन्होंने जीवनभर किसानों के लिए संघर्ष किया और किसानों के अधिकार की लड़ाई लड़ी। देश व पूरे विश्व में किसानो को एक नई पहचान दिलाने का काम किया। नेत्रपाल यादव ने कहा कि बाबा टिकैत ने भाकियू का गठन कर किसानों को अपनी आवाज उठाने का जो प्लेटफार्म तैयार किया, उसी वजह से देश में किसानों का अस्तित्व बचा हुआ है। इस दौरान बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और किसान मौजूद रहे।

# हवन में आहुतियां देकर किसानों ने बाबा टिकैत को दी श्रद्धांजलि

संवाददाता,बहजोई



बाबा टिकैत की पुण्यतिथि पर हवन में आहुतियां देते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन टिकैत से जुड़े पदाधिकारियों ने महेंद्र सिंह टिकैत की 13वीं पुण्यतिथि पर हवन में आहुतियां देकर उन्हें श्रद्धांजलि दी। वहीं उनके बताए मार्ग पर चलने का कार्यकर्ताओं से आह्वान किया।

रेलवे स्टेशन परिसर में आयोजित कार्यक्रम के तहत सर्वप्रथम बाबा टिकैत के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। इसके बाद आयोजित हवन में आहुतियां देकर सुख समृद्धि की कामना करते हुए बाबा टिकैत को श्रद्धांजलि दी। जिलाध्यक्ष मनपाल सिंह यादव ने कहा कि संगठन को और मजबूत करने के लिए कार्य करना चाहिए। उन्होंने कहा कि किसान बहुत परेशान है। बिजली विभाग अपनी मनमानी कर रहा है और किसानों की कोई सुनने वाला नहीं है। जनपद में मक्का बहुतायत में होती है। सरकार के द्वारा खरीद केंद्र नहीं होने के कारण किसान से बहुत सस्ते दाम पर खरीदी जाती है। समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो जिला मुख्यालय पर बड़ा आंदोलन किया जाएगा। इस दौरान चंद्रपाल सिंह, राजपाल सिंह, महेश यादव, मुनेंद्र यादव, वीरेश यादव, विजेंद्र सिंह, दिनेश कुमार, जयपाल यादव, सतवीर सिंह, उदयवीर सिंह, जैद अली, किशन पाल राणा सहित आदि मौजूद रहे।

**चुनौती** — चन्दौसी मंडी में आठ सरकारी क्रय केंद्र, अभी तक 25000 क्विंटल की हुई खरीद

# धीमी गति से हो रही गेहूं खरीद, कैसे होगा लक्ष्य पूरा

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी



मंडी समिति में सरकारी क्रय केंद्र पर बैठे केंद्र संचालक। ● अमृत विचार

- **एक लाख 20 हजार क्विंटल गेहूं खरीद का लक्ष्य है निर्धारित**

**अमृत विचार:** गेहूं का सीजन शुरू हुए डेढ़ माह का समय बीत गया। मंडी समिति स्थित सरकारी गेहूं क्रय केंद्रों पर धीमी गति से गेहूं की खरीद हो रही है। अभी तक कुल 25,000 क्विंटल गेहूं की खरीद ही हो सकी है। खास बात ये कि शहर के बाहरी क्षेत्रों में व्यापारी महंगे दाम पर गेहूं की खरीद कर रहे हैं। जिससे सरकारी क्रय केंद्र ही नहीं मंडी के आढ़तियों पर भी गेहूं कम मात्रा में पहुंच रहा है। यही हाल रहा तो गेहूं खरीद का लक्ष्य कैसे पूरा हो सकेगा।

एक अप्रैल से गेहूं का सीजन शुरू हो गया है। मंडी समिति में आठ सरकारी गेहूं क्रय केंद्र खोले गए हैं। जिनमें एफसीआई और आरएफसी का एक-एक, नेफिट के दो व पीसीएफ के चार क्रय केंद्र खोले गए हैं। कुल एक लाख 20 हजार क्विंटल खरीद का लक्ष्य दिया गया है। सीजन शुरू हुए डेढ़ माह का समय बीत गया। अभी तक 25000 क्विंटल गेहूं की खरीद ही हो सकी है। पंद्रह जून तक सीजन चलेगा।

गेहूं खरीद के लिए एक माह का समय ही बाकी रह गया है। यही हाल रहा तो गेहूं खरीद का लक्ष्य भी पूरा नहीं हो सकेगा। बुधवार को भी सभी क्रय केंद्रों पर सन्नाटा पसरा मिला। अधिकारी व कर्मचारी हाथ पर हाथ धरे बैठे मिले। वहीं आढ़तियों पर भी गेहूं कम आ रहा है। क्योंकि इस बार गेहूं का सरकारी रेट 2180 रुपये प्रति क्विंटल है। जबकि मंडी के आढ़ती 2230 रूपए प्रति क्विंटल की खरीद कर रहे हैं। सरकारी रेट से अधिक रेट में खरीद करने के बावजूद भी आढ़तियों के पास ही इक्का दुक्का किसान ही गेहूं लेकर पहुंच रहे हैं।

बताया जाता है कि नगर के औरछी चौराहे पर चन्दौसी के तमाम व्यापारी किसानों से 2250 रुपये प्रति क्विंटल के हिसाब से गेहूं खरीद कर रहे हैं। जिससे किसान भी सीधे उन्हीं के पास पहुंच रहे हैं।

> गेहूं के सरकारी रेट से 50 रुपये प्रति क्विंटल महंगा गेहूं आढ़ती खरीद रहे हैं। जबकि शहर के बाहरी क्षेत्रों में व्यापार कर रहे व्यापारी आढ़तियों से भी 20 रुपये महंगा गेहूं खरीद रहे हैं। जिससे मंडी समिति में किसान कम आ रहे हैं। फिलहाल गांव-गांव किसानों को सरकारी क्रय केंद्रों पर गेहूं लाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।
>
> **-शीर्षमोहन दीक्षित,** विपणन अधिकारी, चन्दौसी

अर्थागमो नित्यमरोगिता च प्रिया च भार्य प्रियवादिनी च।
वश्यश्च पुत्रोऽर्थकरी च विद्या षट् जीवलोकस्य सुखानि राजन्॥

धन प्राप्ति, स्वस्थ जीवन, अनुकूल पत्नी, मीठा बोलने वाली पत्नी, आज्ञाकारी पुत्र तथा धनार्जन करने वाली विद्या का ज्ञान से छह बातें संसार में सुख प्रदान करती हैं।

## संपादकीय

# अमेरिका की सोच संकीर्ण

भारत और ईरान के बीच चाबहार बंदरगाह को लेकर हुए समझौते से अमेरिका की बेचैनी समझी जा सकती है। अमेरिका कभी नहीं चाहता कि दुनिया का कोई भी देश ईरान के साथ किसी तरह का व्यापारिक संबंध रखे। इसलिए भारत ने सोमवार को ईरान के साथ चाबहार बंदरगाह के प्रबंधन के लिए 10 साल के समझौते पर हस्ताक्षर किए तो अमेरिका ने प्रतिबंध लगाने तक की धमकी दे डाली। अमेरिकी चेतावनी के संदर्भ में बुधवार को विदेश मंत्री एस जयशंकर कहा कि चाबहार बंदरगाह से पूरे क्षेत्र को लाभ होगा और इसे लेकर संकीर्ण सोच नहीं रखनी चाहिए। गौरतलब है कि भारत ईरान, अफगानिस्तान, कजाकिस्तान और उज्बेकिस्तान जैसे मध्य एशियाई देशों तक अपनी पहुंच आसान बनाने के लिए चाबहार पोर्ट पर एक टर्मिनल विकसित कर रहा है। ईरान के साथ इस समझौते को चीन द्वारा पाकिस्तान में विकसित किए जा रहे ग्वादर बंदरगाह की काट के तौर पर देखा जा रहा है। इस समझौते के माध्यम से भारत और ईरान के बीच क्षेत्रीय कनेक्टिविटी को बढ़ावा मिलेगा और अफगानिस्तान, मध्य एशिया, और यूरेशिया के लिए नए रास्ते खुलेंगे। ऐसे समय पर जब भारत हमास के खिलाफ जंग में रणनीतिक रूप से इजराइल का साथ दे रहा है और एक समझौते के तहत फिलिस्तीनियों की जगह इजराइल में भारतीय कामगारों को भेज रहा है, चाबहार समझौता अवसर है कि भारत पश्चिम एशिया में अपने रिश्तों को नए सिरे से संतुलित करे। चाबहार बंदरगाह दक्षिण-पूर्वी ईरान में ओमान की खाड़ी में स्थित है। यह एकमात्र ईरानी बंदरगाह है जिसकी समुद्र तक सीधी पहुंच है।

अमेरिका ने ईरान के परमाणु कार्यक्रम को लेकर उस पर प्रतिबंध लगा दिए थे। पश्चिम एशिया संकट के दौरान ईरान और इजराइल के बीच बढ़े तनाव के मद्देनजर अमेरिका ने ईरान पर नए सिरे से आर्थिक प्रतिबंध लगाए हैं। ऐसे में भारत के लिए सभी संबंधित पक्षों को विश्वास में लेते हुए ईरान के साथ एक दीर्घकालिक समझौते को अंतिम रूप देना चुनौतीपूर्ण था। अभी भारत को एक ऐसी उभरती हुई शक्ति के रूप में देखा जाता है, जो वैश्विक शक्ति बनने की महत्वाकांक्षा रखता है। भारत के इस कदम से देश को मध्य एशिया के साथ कारोबार बढ़ाने में मदद मिलेगी। यानी भारत और ईरान के बीच चाबहार बंदरगाह की देखभाल, विकास और संचालन को लेकर हुआ समझौता न सिर्फ दोनों देशों के आपसी संबंधों के लिहाज से अहम है, बल्कि आने वाले वर्षों में इस पूरे क्षेत्र की भू-राजनीति को भी निर्णायक ढंग से प्रभावित कर सकता है।

# राजनीति के मौजूदा मिजाज को प्रतिबिंबित करता मीडिया



रणवीर सिंह फोगाट
इतिहासकार

अटल बिहारी वाजपेयी के समय उनके कारण और कुछेक अनुभवी सांसदों की मर्यादित बहस के कारण पार्लियामेंट में गरिमा बनी रहती थी। सांसद जैसे होंगे और जैसी इनकी बैकग्राउंड होगी वैसा ही मिजाज पॉलिटिक्स का बनेगा और वैसी ही इसकी छवि संसद और प्रांतीय विधान सभाओं में दिखाई देगी।

राजनीतिक पत्रकारिता का मिजाज पिछले 50 साल में खासतौर से इमरजेंसी खत्म होने के बाद से बदला है। दो साल तक तो यह बढ़िया रहा, लेकिन देश में संघीय सरकार से संबंधित राजनीति का स्तर गिरता गया। साथ ही पार्लियामेंट की रोजमर्रा की कार्रवाई में अधिकांश सांसदों द्वारा की गई बहस की निम्न स्तरीयता के कारण भी स्तर गिरता गया। प्रांतीय पॉलिटिक्स और राजनीतिक शासन का स्तर तो और भी नीचे गिरा। मीडिया ने इसकी बढ़िया आलोचनात्मक कवरेज की और देशवासियों को नियमित तौर से जागरूक और सचेत ही नहीं किया, बल्कि आमजन को राजनीति के प्रति विवेकशील भी बनाया।

अटल बिहारी वाजपेयी के समय उनके कारण और कुछेक अनुभवी सांसदों की मर्यादित बहस के कारण पार्लियामेंट में गरिमा बनी रहती थी। सांसद जैसे होंगे और जैसी इनकी बैकग्राउंड होगी वैसा ही मिजाज पॉलिटिक्स का बनेगा और वैसी ही इसकी छवि संसद और प्रांतीय विधान सभाओं में दिखाई देगी। मीडिया रिपोर्टिंग तो जो हो चुका है उसका प्रतिबिंब मात्र है, लेकिन एक पहलू और है, यह है पॉलिटिकल विचार और राजनेताओं के बयानों और भाषणों की व्याख्या का कंटेंट जेनेरेट करना और इसे समाचार में समाहित करना। समाचार पत्रों में संपादकीय विभाग की यह मॉडर्न पॉलिसी जाहिरा तौर से अमेरिकन मीडिया से सत्तरादी दशक में वाटरगेट कांड से शुरू हुई थी जिसकी क्षीण सी यादें अभी जिंदा हैं।

इन्वेस्टिगेटिव जर्नलिज्म की शुरुआत भी हम अमेरिकन मीडिया से ही मान सकते हैं जब अमेरिकन पार्लियामेंट ने फ्रीडम ऑफ द इनफार्मेशन एक्ट, 1967 पास किया था। वार कोरेस्पोंडेट्स और चुनाव कॉरेस्पोंडेन्ट्स के रिपोर्टिंग स्टाइल में कोई खास फर्क मुझे इसलिए नजर नहीं आता कि दोनों में 'ह्यूमन इंटरेस्ट' अर्थात् मौलिक मानव प्रवृत्ति और रुचिकर जानकारी का तत्व काफी मात्रा में शुमार करने की प्रवृत्ति बढ़ गई है और लोग इस चटपटे मसाले को चाव से पढ़ते हैं। यह 1880 और 1980 के जर्नलिज्म से काफी भिन्न है, खास तौर से पॉलिटिशियंस आधुनिक जर्नलिज्म के तीखे तेवर और इन्वेस्टिगेटिव तत्व से हल्का-सा आतंकित भी रहते हैं। ऐसे में चुनाव के दौरान पॉलिटिकल रिपोर्टर्स के स्टाइल ऑफ रिपोर्टिंग का महत्व बढ़ जाता है। मीडिया एनालिस्ट्स इसकी खूब पहचान रखते हैं। मीडिया और पॉलिटिकल दिग्गज़ों में 'दूर की दोस्ती' किसी और मतलब से होती है अर्थात् कुछेक बड़े पत्रकार एथिक्स नहीं छोड़ते और न्यूज कंटेंट में किसी तरह की ढील भी नहीं बरतते और न ही इसे एक मुलम्मा चढ़ाकर पेश करते हैं। ऐसा इसलिए कि ये जिस मीडिया हाउस से संबंध रखते हैं, उसकी समृद्ध साख या 'रेपुटेशन' होती है और वह इन पत्रकारों की कार्यशैली और पृष्ठभूमि से बनती है।

ऐसे में जर्नलिज्म ऐसा ही होगा जैसा यह रूस और चीन में है। लोकतंत्र का यह चौथा स्तंभ सिसकता हुआ तब दम तोड़ देता है, लेकिन कहते हैं वित्त के बिना अर्थात् लक्ष्मी के बिना सरस्वती अराधना भी असंभव है, कुछ ऐसा ही जर्नलिज्म के साथ भी है।

हिंदी और अन्य क्षेत्रीय भाषाओं के जिन अखबारों ने पिछले दो दशक में देश में अपनी प्रसार संख्या बढ़ाई है, इन्होंनें ट्रेडिशनल जर्नलिज्म को हल्का और समझौता-परक ही किया है। बेशक इनमें से किसी के 60 संस्करण आज छपते हैं और इनकी वित्तीय स्थिति मजबूत होने से पॉलिटिकल गवर्नेंस में इनकी साख भी बड़ी हो गई है। खेद है कि मीडिया स्टडीज करने वाले विश्वविद्यालयों के सीनियर प्रोफेसर्स और मीडिया अध्ययन संस्थानों द्वारा जर्नलिज्म में इस बदलाव पर कम ही रिसर्च होती है और ऐसे पेपर्स देखने-पढ़ने को अब अधिक संख्या में और नियमित तौर से नहीं मिलते हैं जैसे दो दशक पहले मिला करते। 'विदुर' पत्रिका बंद हो गई, लेकिन 'सेंटर फॉर स्टडीज इन डेवलपिंग सोसाइटीज' की 'प्रतिमान' और 'स्टडीज इन इंडियन पॉलिटिक्स' पत्रिकाओं ने इस परंपरा को चालू रखा है। असल में मीडिया इंडस्ट्री के लिए वित्त का 'फाउंटेन हेड' क्रिटिकल पॉलिटिकल जर्नलिज्म है जिसके प्रति मालिक और स्पेशल कॉरेस्पोंडेन्ट्स अत्यंत सचेत रहते हैं। यह अलग बात है कि कुछेक बार ये दोनों, अर्थात् अखबार का मालिक और इनका एग्जीक्यूटिव एडिटर, पॉलिटिकल गवर्नेंस की धारा को भी बदल देने की हिम्मत रखते हैं। अरुण शौरी ने महाराष्ट्र के तत्कालीन मुख्यमंत्री अब्दुल रहमान अंतुले की नाजायज तरीके से धन उगाहने की प्रवृत्ति पर 'इंदिरा गांधी एज कॉमर्स' नाम से एक लेखमाला इंडियन एक्सप्रेस में दी थी। इसे तीन किस्तों में तीन दिन तक छापा गया था। अरुण शौरी ने इसके लिए बहुत समय लगाकर और अपने स्रोतों से अकाट्य साक्ष्य जुटाकर अखबार के मालिक रामनाथ गोयनका से सहमति लेकर इसे प्रकाशित किया था। इंदिरा गांधी इस लेखमाला को लेकर अंतुले पर बहुत कुपित हुई थी और तुरंत प्रभाव से अंतुले का इस्तीफा मांग लिया था। ऐसा जर्नलिज्म अब कहां?

प्रिंट मीडिया में एक माध्यम, जैसे कि एक समाचार पत्र, की साख प्रसार संख्या या प्रिंट आर्डर से नहीं बनती और न ही इस अवधारणा से कि विज्ञापन से मिलने वाला रिवेन्यु इसे बहुत अच्छी वित्तीय स्थिति प्रदान करता है, बल्कि इससे कि अमुक अखबार 'कैसा' जर्नलिज्म करता है। अमूमन, क्रिटिकल और तीखे तेवर वाले अखबार अधिक पसंद किए जाते हैं। कुछ नए अखबारों की सर्कुलेशन फिगर्स तो ऑडिट ब्यूरो ऑफ़ सर्कुलेशन (एबीसी) की वेबसाइट पर भी उपलब्ध नहीं हैं। अर्थात् एबीसी द्वारा मान्य एक न्यूनतम क्राइटेरिया या औकात तक अभी ये नहीं पहुंचे हैं।

साख बनाने के लिए अखबार के लोगों को एक दूरगामी नीति पर काम करना होता है और ऐसे मिजाज के लोग प्रेस, एडिटोरियल और सर्कुलेशन के अलावा विज्ञापन विभागों में रखने होते हैं जिनका मिजाज तथ्यपरकता पूर्ण हो और समाज एवं देश हित को सर्वोपरि मानते हुए काम करने को ये लोग सदा उद्धत रहते हों। इस लाइन को जो फॉलो करते हैं वे टिके रहते हैं और अखबार की साख को बनाकर रखते हैं या बढ़ाते हैं। एक प्रतिष्ठित या/और उभरते हुए अखबार के मालिक या इसके एडिटर्स सरकार से या नेताओं से जानबूझकर नहीं उलझते। पब्लिक इंटरेस्ट में वास्तव में ही कुछ उघाड़ने से पहले और इसकी कवरेज को अकाट्य बनाने के लिए तथ्यों की ठीक से जांच करते हैं अर्थात् बारम्बार क्रॉस-चेक करते हैं। संबंधित लोगों से संपर्क करके सही बात जानने का प्रयास करते हैं और तभी कोई ब्रेकिंग स्टोरी प्रकाशित करते हैं। सरकार के सतर्कता विभाग को भी यह अनेक बार मालूम नहीं होता कि कहां, क्या हो रहा है या हो चुका है। हिंदी के अखबारों में एक आम कमी है कि ये अपनी ही न्यूज का और अगर कहीं से 'लीड' मिली है तो भी इसका फॉलोअप नहीं करते और अपनी स्थिति को मजबूत करने से लगातार चूकते हैं।

देश में ऐसे उदाहरण हैं कि बिजनेस पर्सन्स ने अपनी एंपायर को सुरक्षित बनाए रखने के लिए घाटा खाकर भी अखबार चलाए हैं। श्रम का उचित मूल्य दिया जाना और एथिक्स को मानना मीडिया में दो बड़ी बातें होती हैं। अगर ये दोनों नहीं हैं, अर्थात् दोनों तत्व ही 'कॉम्प्रोमिज्ड' हैं, तो राजनैतिक शासन या कहें तो पॉलिटिकल गवर्नेंस, के साथ यह हाथ मिलाकर चलने वाली बात होती है। ऐसे में जर्नलिज्म ऐसा ही होगा जैसा यह रूस और चीन में है। लोकतंत्र का यह चौथा स्तंभ सिसकता हुआ तब दम तोड़ देता है, लेकिन कहते हैं वित्त के बिना अर्थात् लक्ष्मी के बिना सरस्वती अराधना भी असंभव है, कुछ ऐसा ही जर्नलिज्म के साथ भी है। गोयनका जी का बहु-संस्करणी 'इंडियन एक्सप्रेस', कलकत्ता और दिल्ली से अंग्रेजी और हिंदी में प्रकाशित 'द स्टेट्समैन' एवं दोबारा से प्रकाशन जगत में आए 'द पायनियर' के अलावा 'द हिन्दू' और 'द टाइम्स ऑफ इंडिया' और 'द हिंदुस्तान टाइम्स' द्वारा साख बनाए जाने के इतिहास से भी पत्रकारिता करने वाले बहुत से लोग परिचित नहीं हैं। गणेश शंकर विद्यार्थी और बाबू बालमुकुंद गुप्त और इंदौर से शुरू नई दुनिया और जनसत्ता के प्रभाष जोशी एवं नवभारत टाइम्स के राजेंद्र माथुर जैसी पत्रकारिता अब नहीं रही। वक्त ने इनका ही नहीं, बल्कि पॉलिटिकल रिपोर्टिंग का मिजाज भी बदल दिया है। वक्त की नजाकत को देखते हुए इन्होंने खुद को ही बदल लिया, ऐसा कहना अधिक उपयुक्त है।

## प्रसंगवश

# मोदी को छत्र: कैसे हैं नक्षत्र

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 14 मई को पूर्वाह्न 11.58 पर अभिजित मुहूर्त में वाराणसी में अपना नामांकन दाखिल कर दिया। मोदी का जन्म 17 सितंबर, 1950 को बड़नगर में हुआ। तत्समय वृश्चिक लग्न थी। सूर्य, बुध और केतु कन्या पर थे, चंद्रमा व मंगल लग्न यानी वृश्चिक पर, गुरु कुंभ में, शनि व शुक्र सिंह पर तथा राहु मीन पर अवस्थित थे।



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

इस तरह मंगल केंद्र में स्वगृही, चंद्रमा नीच के होकर बली मंगल से युत होने के कारण नीच भंग स्थिति में। राज्येश सूर्य लाभ स्थान में उच्च के बुध के साथ बैठे थे। राज्य भाव में शनि, शुक्र और चौथे में गुरु। गुरु व शनि, शुक्र परस्पर दृष्टि संबंध रख रहे हैं। मोदी की 22 अप्रैल-2024 से मंगल की महादशा में शनि की अंतर्दशा चलना प्रारंभ हो गई है जिनका संप्रति घटने वाली घटनाओं पर विशेष प्रभाव पड़ेगा। गोचर में भ्रमण करते हुए 4 जून को (परिणाम वाले दिन) ग्रह स्थिति यह होगीः सूर्य, बुध, गुरु और शुक्र वृष पर, चंद्रमा व मंगल मेष पर, शनि कुंभ में तथा राहु व केतु क्रमशः मीन व कन्या पर। ऐसे में लग्नेश तथा महादशानाथ मंगल तथा भाग्येश चन्द्रदेव शनि द्वारा दृष्ट होंगे। शनि की दृष्टि ग्रह के प्रभाव की घटोतरी करती है और भाव की हानि करती है। भाव तो वह शत्रु का है, जिसे डाउन करने का मतलब शत्रु पराजय से है, किंतु लग्नेश और भाग्येश जैसे महत्वपूर्ण ग्रहों को भी शनि तत्समय हीन प्रभाव बनाएंगे। विशेष बात यह है कि अंतर्दशानाथ महादशानाथ को कमजोर करेंगे। मतलब मोदी के ठीक नीचे वाले पहली कतार के लोग उनके प्रभाव को कम करने का प्रयास करेंगे। राजयोग बनने में सूर्य की स्थिति जरूर देखी जाएगी, जो इनकी कुंडली में राज्य भाव के स्वामी भी हैं। सूर्य वृष पर हैं और उस समय भी होंगे, जो उनके शत्रु शुक्र का घर है। शत्रु के घर में ग्रह कमजोर होता है। इसके अलावा सूर्य सातवें भाव में शुभ नहीं होते हैं। शनि राज्य भाव को भी देखकर कमतर कर रहे हैं तथा उनके चौथे भाव में विराजमान होने का फल है 'शत्रु वृद्धि, विरोधी प्रबल'। यद्यपि जन्मी उच्च के बुध और केन्द्रस्थ गुरु लग्न को देखकर स्थिति बलवती करने का प्रयास करेंगे। स्थिति में ह्रास सम्भाव्य है। धर्म से ग्रह गति में कुछ परिवर्तन हो जाता है।

# इंटरनेट के उपयोग और कल्याण के बीच संबंध



डॉ. अरविंद मिश्र
वरिष्ठ विज्ञान संचारक

ऑनलाइन गतिविधियां लोगों को नई चीजें सीखने और दोस्त बनाने में मदद कर सकती हैं और यह लाभकारी बदलावों में योगदान दे सकती है।

विगत शती के 1990 में शुरू हुए वर्ल्ड वाइड वेब को इंटरनेट का नामकरण मिला। तभी से यह विवाद चल रहा है कि यह मनुष्य के लिए यह जरूरी है या हानिकर है। अभी हाल में ही वैश्विक स्तर पर संपन्न 24 लाख लोगों पर किए गए एक 16 वर्षीय अध्ययन में पाया गया है कि इंटरनेट का उपयोग जीवन में संतुष्टि और उद्देश्य की भावना जैसे कल्याणकारी उपायों को प्लेटफार्म देता है। यह इस आम धारणा को चुनौती देने वाला अध्ययन है कि इंटरनेट का उपयोग मानव कल्याण पर नकारात्मक प्रभाव डालता है।

जर्मनी में वुर्जबर्ग विश्वविद्यालय के मनोवैज्ञानिक मार्कस एप्पल की मानें तो डिजिटल मीडिया का उपयोग मानसिक स्वास्थ्य पर सकारात्मक डालने का एक महत्वपूर्ण उपाय है। इंटरनेट विरोधियों के इस दावे कि सोशल मीडिया, इंटरनेट और मोबाइल फोन का उपयोग वास्तव में हमारे समाज के लिए नकारात्मक प्रभाव उत्पन्न करता है, सही नहीं है और हमें इस नए अध्ययन को गंभीरता से देखने को आमंत्रित करता है। इंटरनेट के हानिकारक प्रभावों की चिंता आमतौर पर सोशल मीडिया के उपयोग से जुड़े व्यवहारों से संबंधित होती हैं, जैसे साइबरबुलिंग, सोशल मीडिया की लत आदि, लेकिन एप्पल का मानना है कि अब तक के कई सर्वश्रेष्ठ अध्ययनों ने इंटरनेट के उपयोग के कुछ छोटे नकारात्मक प्रभाव ही देखे गए हैं। कोई बड़ा हानिकारक प्रभाव इससे नहीं है। ब्रिटेन के ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय के एक शोधकर्ता एंड्रयू प्रिजिबिल्स्की ने 9 मई को एक प्रेस ब्रीफिंग में कहा कि भले ही इंटरनेट वैश्विक हो चला है, लेकिन अभी भी मानव समाज पर इसे लेकर गंभीर अध्ययन का अभाव है। उन्होंने कहा कि 90 प्रतिशत से अधिक डेटा उन्हें मात्र मुट्ठी भर अंग्रेजी बोलने वाले देशों से आते हैं।

प्रिजबिल्स्की और उनके सहयोगियों ने वाशिंगटन डीसी स्थित एनालिटिक्स कंपनी गैलप द्वारा आयोजित गैलप वर्ल्ड पोल से इंटरनेट एक्सेस के आठ उपायों से संबंधित डेटा का विश्लेषण किया है। डेटा को 2006 से 2021 तक 168 देशों में 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के 1,000 लोगों से फोन या व्यक्तिगत साक्षात्कार के माध्यम से सालाना एकत्र किया गया था। शोधकर्ताओं ने उन कारकों को नियंत्रित किया, जो इंटरनेट के उपयोग और कल्याण को प्रभावित कर सकते हैं जिसमें आय स्तर, रोजगार की स्थिति, शिक्षा का स्तर और स्वास्थ्य समस्याएं शामिल हैं। टीम ने पाया कि औसतन जिन लोगों के पास इंटरनेट तक पहुंच थी, उन्होंने जीवन की संतुष्टि, सकारात्मक अनुभवों और अपने सामाजिक जीवन से संतुष्टि के उपायों को अपनाने पर आठ प्रतिशत अधिक स्कोर किया, उन लोगों की तुलना में जिनके पास वेब तक पहुंच नहीं थी। ऑनलाइन गतिविधियां लोगों को नई चीजें सीखने और दोस्त बनाने में मदद कर सकती हैं और यह लाभकारी बदलावों में योगदान दे सकती है।

हालांकि 15-24 वर्ष की आयु की महिलाएं, जिन्होंने अध्ययन के पिछले सप्ताह इंटरनेट का उपयोग करने की सूचना दी थी। औसतन वे जिस स्थान पर रहती हैं, उससे उन लोगों की तुलना में कम खुश थीं, जिन्होंने वेब का उपयोग नहीं किया था। ऐसा इसलिए हो सकता है, क्योंकि जो लोग अपने समुदाय में स्वागत सम्मान महसूस नहीं करते हैं। प्रिजिबिल्स्की ने कहा वे अधिक समय ऑनलाइन बिताते हैं, उन्होंने कहा कि यह निर्धारित करने के लिए आगे के अध्ययनों की आवश्यकता है कि इंटरनेट के उपयोग और कल्याण के बीच संबंध का कोई ठोस कारण है या केवल एक जुड़ाव भर है। यह अध्ययन ऐसे समय में आया है जब इंटरनेट और सोशल मीडिया के उपयोग के नियमन को लेकर खासकर युवाओं के बीच चर्चा हो रही है। वैसे टोबियास डिएनलिन, जो वियना विश्वविद्यालय में सामाजिक मीडिया कल्याण को कैसे प्रभावित करता है, इसका अध्ययन करते हैं।

वे कहते हैं, "संदर्भित अध्ययन हाल की बहस में योगदान नहीं दे सकता है कि सामाजिक मीडिया का उपयोग हानिकारक है या नहीं या स्कूलों में स्मार्टफोन पर प्रतिबंध लगाया जाना चाहिए या नहीं," जैसे सवालों के लिए यह अध्ययन जवाब देने के लिए डिजाइन नहीं किया गया था।

## सोशल फोरम

# पेंदा नहीं है

कबाड़ी ठेले पर कबाड़ लादे जा रहा था। ऊपर प्लास्टिक की कुर्सियां और प्लास्टिक की बिन्स। गन्ने की दुकान वाले ने शायद कूड़ेदान के लिए प्लास्टिक की डलिया के दाम पूछे।

'पेंदा नहीं है उनमें'-कबाड़ी ने ठिलिया को धकियाते हुए बताया। कूड़ेदान भी बिना पेंदे का बेकाम होता है। हम लोग इधर-उधर लुढ़कते-पुढ़कते बेपेंदी के जनप्रतिनिधियों से काम चला रहे हैं। कूड़े से बिजली तो तमाम देश बना लेते हैं। हम कबाड़ हुए प्रतिनिधियों से भी अपना काम चला लेते हैं। गन्ने की दुकान पर रस पीते हुए हमने मोटरसाइकिल पर बगल में रस पीते नौजवान जोड़े को देखा। लड़की शायद गर्मी से बचने के लिए पूरा चेहरा ढके थी। लड़का खुल्ला मुंह। गर्मी भी लिंग भेद करती है।



अनूप शुक्ल
कानपुर

कल्पना करने को एक कल्पना अपन करते हैं। पानी में हाइड्रोजन और ऑक्सीजन होते हैं। पानी की कमी दूर करने के लिए हाइड्रोजन और ऑक्सीजन के पाउच मिलने लगेंगे कभी जिसको पानी पीना होगा वह एक पाउच से आक्सीजन और दूसरे से हाइड्रोजन निकालेगा। सुर्ती और चूने की तरह हाइड्रोजन व ऑक्सीजन को रगड़ पानी बनाएगा और फांक लेगा। इसके साथ ही मानो कहीं आक्सीजन की कमी हुई। वहां वह पानी के अणु को पटककर या छीलकर ऑक्सीजन और हाइड्रोजन अलग-अलग कर लेगा। बात यहीं तक नहीं है भाई। निकली है तो दूर तलक जाना बात की नियति है। जब ऑक्सीजन उपयोग होने के बाद बाहर निकलेगी तो कार्बन डाई आक्साइड में बदल चुकी होगी। उससे भी पटककर या छीलकर आक्सीजन निकाल ली जाएगी, जो कार्बन बचेगा उसको दबाकर कोयला बनाया जाएगा। उर्जा समस्या हल होगी। आप को मेरी बातें अगर लंतरानी लगें तो कोई ताज्जुब नहीं है। अपने लोकतंत्र और संविधान में लंतरानी हांकने में कोई रोक भी तो नहीं है। दुनिया के तमाम अविष्कार सही सिद्ध होने के पहले लंतरानी ही माने गए हैं। अब यह अलग बात है ज्यादातर लंतरानी बिना पेंदे की होती हैं और उनकी हैसियत मात्र कबाड़ की होती है।

-फेसबुक वॉल से

# प्रोत्साहन ज्यादा, सख्ती कम



अमृता पांडे
स्वतंत्र लेखिका, हल्द्वानी

हम बाहरी तौर पर कुछ भी कह दें, लेकिन अपने बच्चे के सुरक्षित भविष्य को लेकर चिंतित जरूर रहते हैं, उसके अच्छे अंक आते हैं, वह अच्छे पद पर कार्यरत होता है तो स्वाभाविक तौर पर हमें अच्छा लगता है, यह सच्चाई है।

बोर्ड परीक्षाओं के परिणाम आ चुके हैं। बहुत सारे लोगों ने सोशल मीडिया के माध्यम से अखबारों में, टीवी में अपने विचार रखे हैं कि बच्चों को अधिक नंबर लाने के लिए बाध्य नहीं करना चाहिए और माता-पिता को अपने बच्चों के नंबर सोशल मीडिया में शेयर नहीं करने चाहिए। इससे कम अंक लाने वाले बच्चे हतोत्साहित होते हैं और उनमें दुष्प्रभाव पड़ता है। बुद्धिजीवियों के, मनोचिकित्सकों के अपने-अपने सुझाव हैं। बहुत अधिक सीमा तक यह बात सच है। आपसी तुलना या आलोचना तो हम बड़े लोग ही बर्दाश्त करने की क्षमता नहीं रखते हैं, फिर बच्चे तो बच्चे ही हैं।

14-15 साल की उम्र में मानसिक रूप से परिपक्व भी नहीं हो पाते हैं। हर बच्चे की क्षमता अलग है। उसे समझकर ही उसके करियर और भविष्य के बारे में योजना बनानी चाहिए, लेकिन मेरा सोचना है कि स्वस्थ रूप से की गई तुलना और प्रोत्साहन की प्रवृत्ति कभी-कभी गजब का काम भी करती है। ऐसे कई उदाहरण हैं जब इस दुनिया में दूसरों के बड़े और अच्छे कामों को देखकर ही लोगों ने आगे बढ़ने की कोशिश की है और सफल भी हुए हैं। मेरा मानना है कि एक स्वस्थ तुलना कभी-कभी बच्चे के करियर को नई दिशा भी प्रदान करती है, पर इसे लानत के तौर पर इस्तेमाल नहीं करना है। साथ ही बच्चे को भी इस बात का एहसास दिलाना है कि उसे अपनी क्षमता के अनुरूप ही काम करना है। क्षमता एक ऐसी वस्तु है जिसे इच्छा शक्ति के द्वारा कुछ हद तक बढ़ाया जा सकता है। एक महत्वपूर्ण बात यह भी है कि बच्चा किस क्षेत्र में अपना कैरियर बनाएगा, यह कौन तय करे। माता-पिता, शिक्षक या बच्चा खुद? मेरे विचार से बच्चों को खुद अपना भविष्य तय करने की आजादी देनी चाहिए, लेकिन फिर वही बात कि इस उम्र में बच्चे परिपक्व नहीं होते और अपने भविष्य के बारे में निर्णय करने में पूरी तरह से समर्थ नहीं होते।

ऐसे में शिक्षकों और माता-पिता का मार्ग दर्शन और प्रोत्साहन बच्चों के लिए बहुत जरूरी है। कई बार अभिभावक साल भर बच्चों की पढ़ाई-लिखाई से वास्ता नहीं रखते। यह नहीं देखते कि वह स्कूल में ढंग से पढ़ाई कर रहा है या नहीं और अगर ट्यूशन या कोचिंग के बहाने घर से बाहर जा रहा है तो क्या समय से आ जा रहा है? उसकी संगत कैसी है। मोबाइल पर कितना समय व्यतीत करता है, लेकिन रिजल्ट के समय कम अंक देखकर बच्चे पर बरस पड़ते हैं। यह बिल्कुल भी उचित नहीं है। बच्चे के साथ थोड़ा बहुत सख्ती भी जरूरी है, लेकिन यह अन्याय और मारपीट के रूप में न हो। परिवार का माहौल ही कुछ ऐसा हो कि बच्चे कुछ नियमों से बंधे रहें। शुरुआत में मैंने भी महसूस किया कि पेरेंटिंग एक जटिल विषय है, लेकिन धीरे-धीरे जब माता-पिता की भूमिका निभाते हुए जीवन में परिपक्वता आई तो महसूस किया कि अगर बच्चों के मन को थोड़ा समझ लिया जाए तो कोई मुश्किल नहीं है। बिटिया ने बिना किसी ट्यूशन के सेल्फ स्टडी और अपने पिता की मदद से पीसीएम विषय के साथ अच्छे अंकों से 12 वीं पास की और अपने स्कूल में अपनी ब्रांच की सेकंड टॉपर रही, लेकिन उसने मंतव्य बता दिया कि मैं आगे साइंस न पढ़कर ह्यूमैनिटीज पढ़ूगी और इंजीनियरिंग के कोई एग्जाम भी नहीं दूंगी।

हमने उसके इस निर्णय का स्वागत किया और उसने दिल्ली विश्वविद्यालय के अच्छे कॉलेज से पढ़कर केंद्रीय स्तर पर आयोजित प्रतियोगी परीक्षा के माध्यम से नौकरी पाकर समाज में अपना स्थान बनाया। चार साल बाद बेटे ने पीसीएम विषय के साथ ही अच्छे अंकों से 12 वीं पास की। 11 वीं से ही उसका रुझान जेईई की तरफ था, जिसे हमने पहचाना और उसे प्रोत्साहित किया। उसने भी बिना किसी कोचिंग या ट्यूशन के सिर्फ स्वाध्याय के बल पर जेईई एडवांस्ड परीक्षा पास करके आईआईटी में दाखिला प्राप्त किया। कभी-कभी कुछ सवाल लेकर अपने शिक्षक के पास चला जाया करता था, लेकिन इन सात-आठ वर्षों के दौरान माता-पिता के तौर पर हमें भी कुछ त्याग करने पड़े थे। मेरे पति जो खुद अपने विद्यार्थी जीवन में एक अच्छे छात्र रहे हैं और एक सफल इंजीनियर और प्रशासनिक अधिकारी हैं। बेटे को प्रोत्साहित करने के लिए उन्होंने वर्षों बाद फिर से रजिस्टर और पेन थामा। कुछ टेस्ट सीरीज बेटे को लाकर दीं। जिसे ऑफिस से आने के बाद वे खुद भी हल करते थे। पिता-पुत्र में एक स्वस्थ प्रतियोगिता चलती थी। कभी-कभी रात सोने में भी काफी देर हो जाती थी और मैंने दो वर्षों तक यह महसूस किया कि मेरे घर में बोर्ड की परीक्षा देने वाला एक नहीं, बल्कि दो बच्चे हैं। इस दौरान थोड़ा घूमना-फिरना कम हुआ। टीवी और सोशल मीडिया का इस्तेमाल तो घर में हमेशा से ही बहुत कम रहा।

दरअसल कई बार माता-पिता बच्चों को अपनी धरोहर समझ बैठते हैं जिससे वे एक स्वतंत्र व्यक्तित्व के रूप में विकसित नहीं हो पाते। बच्चे को कोचिंग के लिए कोटा या घर से बाहर भेजने का माता-पिता का एकल निर्णय कई बार घातक साबित होता है। उसकी मर्जी को जानना जरूरी है और अगर वह वहां जाकर सामंजस्य नहीं बना पाता है तो इस बारे में जानकारी रखना और उसे वापस लेकर आना भी माता-पिता का कर्तव्य है। हम बाहरी तौर पर कुछ भी कह दें, लेकिन अपने बच्चे के सुरक्षित भविष्य को लेकर चिंतित जरूर रहते हैं, उसके अच्छे अंक आते हैं, वह अच्छे पद पर कार्यरत होता है तो स्वाभाविक तौर पर हमें अच्छा लगता है, यह सच्चाई है। भले ही सामाजिक तौर पर हमारी स्वीकारोक्ति न हो।

# लघु कथाकार एलिस का चला जाना

साहित्य के प्रतिष्ठित नोबेल पुरस्कार की विजेता एलिस मुनरो का कल कनाडाई नगर ओंटारियो में निधन हो गया। वे 92 वर्ष की थीं। मतिभ्रम से पीड़ित थीं। लघुकथा लेखिका के रूप में मशहूर एलिस की समता भारतीय लघुकथाकार मुल्कराज आनंद और आरके नारायण से की जाती है।



के. विक्रम राव
वरिष्ठ पत्रकार, लखनऊ

रूसी कथाकार एंटोन चेखोव और एलिस में काफी सादृश्य देखा गया। एलिस की लघुकथाओं के अधिकांश पात्र महिलाएं होती थीं। एक समूची नई पीढ़ी के पाठकों को उनका प्रशंसक माना जाता रहा। इनमें अधिकतर आंचलिक युवजन थे, जो मध्यम वर्ग के रहे। वे उनके बड़े प्रशंसक थे। उनमें सहलेखक वर्ग एलिस के महानतम प्रशंसक हैं। एलिस के समालोचकों ने कहा :'एलिस को पढ़ने से लगता है कि अपने वैसा कभी पहले नहीं पढ़ा था।' उनकी कहानियां सरल गद्य शैली में मानवीय जटिलताओं का पता लगाती हैं। उनके लेखन ने चेखव के समान एक महान लेखक के रूप में उनकी प्रतिष्ठा स्थापित की। नोबेल पुरस्कार के अलावा, मुनरो को समकालीन लघु कहानी शैली में उनके काम के लिए कई पुरस्कार मिले। उन्हें अपने जीवन भर के काम के लिए 2009 में प्रतिष्ठित मैन बुकर इंटरनेशनल पुरस्कार मिला।

वह फिक्शन के लिए कनाडा के गवर्नर जनरल पुरस्कार की तीन बार विजेता भी रहीं और उन्हें राइटर्स ट्रस्ट ऑफ कनाडा का 1996 मैरियन एंगेल पुरस्कार और रनवे के लिए 2004 रोजर्स राइटर्स ट्रस्ट फिक्शन पुरस्कार मिला, मगर 2013 के आसपास उन्होंने लिखना लगभग बंद कर दिया था। अपना उपनाम एलिस ने 'मल्लिका' रखा था। अर्थात् बेलवाला, सुगंधित पुष्प, कुटज वृक्ष, करुण पेड़ आदि। भारतीय शब्दों से कितना सामीप्य और साम्य।

## एक नजर

### देवी-देवताओं पर टिप्पणी करने में अध्यापक बर्खास्त

**नगीना, अमृत विचार :** देवी-देवताओं पर टिप्पणी करने वाले सेंट मैरी स्कूल के अध्यापक को हिंदू संगठनों के विरोध करने पर स्कूल प्रबंधक ने बर्खास्त कर दिया है। सेंट मैरी स्कूल नगीना के इतिहास के अध्यापक विकेश कुमार पिछले कई दिनों से कक्षा में बच्चों के समक्ष सनातन धर्म व देवी देवताओं पर अभद्र टिप्पणी कर रहे थे। इसकी लिखित शिकायत छात्रों ने स्कूल के प्रधानाचार्य से की थी। प्रधानाचार्य के अध्यापक पर कोई कार्रवाई न करने से नाराज जय बजरंग दल नगीना के कार्यकर्ताओं ने पुलिस क्षेत्राधिकारी राकेश वशिष्ठ को ज्ञापन देकर मामले में कार्रवाई की मांग की थी और कार्रवाई न होने पर आंदोलन की चेतावनी दी थी। मामला बढ़ता देख व मामले में पुलिस और जय बजरंग दल के कार्यकर्ताओं को सक्रिय देख कर सेंट मैरी स्कूल के प्रबंधक फादर अनूप पीटर ने आरोपी अध्यापक को स्कूल से बर्खास्त कर दिया।

### ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

**मंडी धनौरा, अमृत विचार :** नजीबाबाद-गजरौला रेलखंड पर लखनऊ चंडीगढ़ ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत हो गई। क्षेत्र के गांव चुचैला कलां के मोहल्ला खदाना निवासी होराम सिंह सैनी रेलवे लाइन के निकट रहता है। उसका 32 वर्षीय पुत्र दीपक खेत पर जा रहा था। जाते समय वह लखनऊ चंडीगढ़ ट्रेन की चपेट में आ गया। जिससे उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची जीआरपी व थाना पुलिस ने शव की शिनाख्त के बाद पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को भेज दिया। पोस्टमार्टम के बाद शव घर आने पर परिजनों ने अंतिम संस्कार कर दिया।

### तहसीलदार संगठन के महासचिव बने नोटरी

**हसनपुर, अमृत विचार :** तहसील बार एसोसिएशन के महासचिव सुरमित कुमार गुप्त को नोटरी एडवोकेट नियुक्त किए जाने पर उनके समर्थकों में खुशी का माहौल है।



भाजपा विधि प्रकोष्ठ के जिला संयोजक एवं तहसील बार एसोसिएशन के महासचिव सुरभित गुप्त को नोटरी एडवोकेट नियुक्त किया गया है। सुरमित कुमार गुप्त ने कहा कि सरकार द्वारा जो उन्हें मान सम्मान दिया गया है उसके लिए वह हमेशा ऋणी रहेंगे।

# बाबा टिकैत ने किसानों के हक की आवाज उठाई

## पुण्यतिथि पर किसानों के मसीहा को याद किया

संवाददाता, किरतपुर

**अमृत विचार :** बाबा महेंद्र सिंह टिकैत की 13वीं पुण्यतिथि भाकियू अराजनीतिक के कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर माला अर्पित करके मनाई। साथ ही 21 तारीख को कलेक्ट्रेट चलने की सभी किसानों से अपील की।

बुधवार को ग्राम हेबतपुर में भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के कार्यकर्ताओं ने बाबा महेंद्र सिंह टिकैत की 13वीं पुण्यतिथि पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित किए। सभी कार्यकर्ताओं ने बाबा के चित्र के समक्ष नमन किया। इसी के साथ भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक की दूसरी स्थापना दिवस पर सभी किसानों को शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में आजमाइन प्रधान ने 21 मई को बिजनौर कलेक्ट्रेट पर पंचायत को सफल बनाने के लिए किसानों को जागरूक किया। कार्यक्रम में ब्लॉक अध्यक्ष अरविन्द राजपूत, महेंद्र सिंह, मुकुल कुमार, मनोज कुमार, प्रधान मोहम्मद अजमाईन, ब्रजेश कुमार,



बाबा महेन्द्र सिंह टिकैत के चित्र पर पुष्प अर्पित करते किसान। ● अमृत विचार

हितेष कुमार, भोले भाई, शैलेंद्र, धर्मेन्द्र, राजेंद्र सिंह, मुख्या, योगेंद्र सिंह, सुखवीर सिंह, चमन सिंह, ऋषि, राम सिंह, रामबहादुर मौजूद रहे। वहीं नगीना में भी बाबा महेंद्र सिंह टिकैत की 13वीं पुण्यतिथि को स्थापना दिवस के रूप में भाकियू अराजनैतिक ने मनाया। बैंक्वेट हॉल में हुए कार्यक्रम में बाबा महेंद्र सिंह टिकैत की पुण्यतिथि मनाई। कार्यक्रम का संयोजन नगर अध्यक्ष हर्षवर्धन सिंह ने, अध्यक्षता हाजी मोराजुद्दीन तथा संचालन अनुज तोमर ने किया। जिलाध्यक्ष नितिन कुमार सिरोही ने कहा बाबा टिकैत ने किसानों के हक की आवाज उठाई। चौधरी दिगंबर सिंह ने टिकैत की नीतियों पर चलने की बात कही। कहा कि दो वर्ष पहले लखनऊ गन्ना संस्थान में भाकियू अराजनीतिक की स्थापना की गई थी और इस संगठन का मुख्य उद्देश्य बाबा टिकैत के विचारों को आगे बढ़ाना है। चौधरी दिगंबर सिंह ने कार्यकर्ताओं से कहा कि हमारा संगठन राजनीतिक संगठन नहीं है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रदेश उपाध्यक्ष अतुल बालियान, जिला महासचिव नितेंद्र, सैंपल सिंह, उदयवीर सिंह, रामेंद्र राठी, नरेंद्र सिंह, गौरव कुमार, भूकंप सिंह आदि रहे।

### प्रतिमा पर माल्यार्पण कर याद किया

**नहटौर, अमृत विचार :** भाकियू टिकैत ने बैंक्वेट हाल में चौधरी महेंद्र सिंह टिकैत की पुण्यतिथि पर उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि करके श्रद्धांजलि अर्पित की। साथ ही राहगीरों को शरबत बांटा। बुधवार को नहटौर-पैजनिया मार्ग पर स्थित बैंक्वेट हाल में चौधरी महेंद्र सिंह टिकैत की पुण्यतिथि पर वक्ताओं ने कहा कि बाबा टिकैत किसानों के मसीहा थे। उन्होंने हमेशा किसानों के हक की आवाज उठाई। इस मौके कर कार्यकर्ताओं ने चौधरी महेंद्र सिंह टिकैत की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। संगठन के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने शिविर लगाकर राहगीरों को शरबत बांटा। इस मौके पर प्रधान महेंद्र सिंह, विजयपाल, मुनेश कुमार, सुजीव कुमार, संजीव पवार, अशोक सैनी, रईस अहमद, नौबहार सिंह, सुंदर सिंह, रिशव देशवाल, शमीम अहमद, अब्दुल खालिक, निपेंद्र सिंह, मुदित त्यागी, सतपाल सिंह, नरेंद्र सिंह, निखिल ढाकरान, हेमेंद्र राठी आदि रहे।

### टिकैत ने किसानों के हित में किए काम

**अफजलगढ़, अमृत विचार :** भाकियू के पदाधिकारियों ने बुधवार को किसानों के मसीहा बाबा महेंद्र सिंह टिकैत की पुण्यतिथि मनाई। बुधवार को डाक बंगला में बाबा टिकैत के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यकर्ताओं ने श्रद्धांजलि दी। इस दौरान ब्लाक अध्यक्ष मदन सिंह राणा ने कहा कि बाबा महेंद्र सिंह टिकैत ने किसानों के अधिकार की लड़ाई लड़ी। उन्होंने आजीवन किसानों के हित में आंदोलन किए और राज्य व केंद्र सरकार तक किसानों की पीड़ा पहुंचाई। भारतीय किसान यूनियन के संस्थापक महेंद्र सिंह टिकैत खेत खलियान और अन्नदाता के उत्थान को चिंतित रहते थे। इस मौके पर ब्लॉक अध्यक्ष मदन सिंह राणा के अलावा राणा सिंह सैनी, जसपाल सिंह, विरसा सिंह, अतुल शर्मा, डॉ. राजपाल सिंह, रमेश शेखावत, गुरमुख सिंह, चरण सिंह, वसीम गुर्जर रामकरण सिंह, विजेंद्र सिंह, हरि सिंह, देवेन्द्र कौशिक, प्रदीप सिंह तथा जसवीर सिंह फौजी तथा सुरजीत सिंह रहे।

## सार-संक्षेप

### विवाद होने पर साझेदार ने विषाक्त पदार्थ खाकर जान दी

**नहटौर, अमृत विचार :** दुकान में विवाद होने पर साझेदार ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर आत्महत्या कर ली। मृतक ने दूसरे साझेदार व उसके परिजनों पर 20 लाख रुपये मांगने का आरोप लगाते हुए आडियो बनाकर अपने मित्र को भेजी थी। मोहल्ला लकड़हान निवासी साजिद ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि उसके भाई आमिर से मोहल्ला झील कॉलोनी निवासी सुहैल व उसके परिवार के लोग नाजायज तरीके से 20 लाख रुपये मांग रहे थे और प्रताड़ित कर जान से मारने की धमकी भी दी जा रही थी। इसी के चलते उसके भाई ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। उसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया था। हालत नाजुक होने पर बिजनौर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उपचार के दौरान मौत हो गई। बताया जाता है कि अमिर व सुहैल ने साझेदारी में जामा मस्जिद के पास दुकान खोली थी। कुछ दिन विवाद होने पर साझेदारी टूट गई थी। तभी से दोनों में विवाद हो रहा था।

### मारपीट करने और धमकी देने में छह पर रिपोर्ट

**अफजलगढ़, अमृत विचार :** गांव आलमपुर गांवड़ी निवासी विपिन कुमार पुत्र स्व. सुरेश कुमार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 14 मई को समय करीब शाम नौ बजे वह अपने घर में बैठा था। इस दौरान नरेश कुमार, संतोष पुत्र रामचरन, अजय, रोहित पुत्र संतोष, अर्जुन पुत्र संतोष तथा कमलेश पत्नी संतोष ने घर के बाहर आकर उसके साथ गाली-गलौज शुरू कर दी। पीड़ित ने जब मना किया तो सभी ने उसके साथ लाठी डंडों से मारपीट शुरू कर दी। शोर मचाने पर उसके पत्नी किरन व ताऊ मौके पर पहुंचे जहां आरोपियों ने पत्नी व ताऊ राजपाल को भी लाठी डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया। थानाध्यक्ष पुष्कर सिंह मेहरा ने बताया कि विपिन कुमार की तहरीर पर गांव निवासी नरेश कुमार, संतोष, अजय, रोहित, अर्जुन तथा कमलेश पत्नी संतोष सहित छह लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

### जैनब ने इंटर में विज्ञान वर्ग में टॉप किया

**सहसपुर, अमृत विचार :** स्थानीय हकीमपुरा पक्का बाग अलीगढ़ हेल्थ केयर सेंटर के डायरेक्टर डॉ. मेराजुद्दीन अंसारी की पुत्री जैनब निगार ने धामपुर के सेंट मेरी सीनियर सेकेंडरी में इंटर साइंस वर्ग में प्रथम व कक्षा में पांचवां स्थान प्राप्त किया है। जैनब निगार के पिता डॉ. मेराजुद्दीन ने बताया कि 500 में से 448 अंक प्राप्त कर 89.6 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। जैनब निगार ने बताया कि उनके पिता डॉ. मेराजुद्दीन व माता निगार सुलताना भी डॉक्टर हैं।

### नौकरी के नाम पर 50 हजार हड़पने का आरोप

**नहटौर, अमृत विचार :** गांव मजहरपुर निवासी दिव्यांग महिला पूजा रानी ने पुलिस से शिकायत में कहा है कि डेढ़ वर्ष पहले मुझसे हमारे गांव में स्थित सामुदायिक शौचालय पर काम दिलाने का वायदे कर आरोपी ने 50,500 रुपये ले लिए। आरोपियों ने मुझे सरकारी रजिस्टर देकर रोजाना उसमें उपस्थति दर्ज करने की बात कहते हुए नियुक्ति की बात कही थी। ढाई माह सामुदायिक शौचालय पर कार्य करने के बाद मानदेय न मिलने पर मैंने अपने नियुक्ति रजिस्टर को ब्लाक के सरकारी कार्यालय में दिखाकर मानदेय दिलाने की मांग की। तब मुझे पता चला कि गलत रजिस्टर दिया है तथा ऐसी कोई नियुक्ति सामुदायिक शौचालय पर नहीं हुई है। मेरे साथ धोखा होने का पता चलने पर मैंने रुपये वापस मांगे तो आरोपी बहाने बनाकर टालते रहे। मेरे द्वारा रुपये देने का तकाजा करने पर जमील, कामिल, अबराना ने जाति सूचक शब्द कहते हुए गालियां देते हुए मुझे भगा दिया। वहीं, प्रधान पुत्र जामिल ने सभी आरोपों को निराधार बताया है।

### खैर की लकड़ी काटने के मामले में छह को सजा

**बढ़ापुर, अमृत विचार :** कई वर्ष पहले वन आरक्षित क्षेत्र से खैर की लकड़ी के साथ वन विभाग ने आठ आरोपियों को गिरफ्तार कर रिपोर्ट दर्ज की गई थी। मामले में न्यायालय द्वारा आठ अभियुक्तों के खिलाफ 3-3 साल की साधारण कारावास व अर्थ दंड दिया गया। विवेचना के दौरान आठ व्यक्तियों में से दो के मौत हो गई। बढ़ापुर वन क्षेत्र के अंतर्गत मुखबिर की सूचना पर वन विभाग ने लगभग 30 वर्ष पहले खैर की लकड़ी काटते हुए आठ आरोपियों को पकड़कर रिपोर्ट दर्ज की थी। बुधवार को न्यायालय द्वारा रामावतार पुत्र बिंदा सिंह, महेश पुत्र बिंदा सिंह, बलराम उर्फ बल्ले पुत्र बिहारी सिंह, हुक्मी पुत्र परवीन सिंह, देता सिंह पुत्र शिवराज सिंह, मेहर सिंह पुत्र देता, निवासी मुकंदपुर जबकि विवेचना के दौरान दो लोगों की मृत्यु हो गई। छह लोगों को न्यायालय ने तीन-तीन साल की साधारण करवास प्रति एक-एक को 4500 रुपये का अर्थ दंड दिया गया।

### सूचना आयुक्त से सुनवाई शुरू कराने की मांग

**हसनपुर, अमृत विचार :** राष्ट्रीय मानव अधिकार एवं आरटीआई परिषद की ओर से प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को लखनऊ स्थित राज्य सूचना आयोग के मुख्य सूचना आयुक्त राजकुमार विश्वकर्मा से मुलाकात की और ज्ञापन सौंपा। जिसमें आरटीआई से सम्बन्धित बिंदुओं पर जन सूचना अधिकारियों द्वारा आदेशों की अवहेलना और समय से सूचना नहीं दिए जाने का उल्लेख किया। ज्ञापन में महत्वपूर्ण बिंदु मुरादाबाद मंडल स्तर पर द्वितीय अपील की सुनवाई त्रैमासिक व्यवस्था शुरू करने की मांग की गई। सूचना आयुक्त ने कार्रवाई का भरोसा दिया। ज्ञापन देते समय दीनदयाल यादव, प्रमोद कुमार शर्मा, टेकचन्द सिंह राणा, अतुल गर्ग, अरूण कुमार त्यागी, हरिप्रकाश राणा, धीरज कुमार, हरिश्चंद्र सरदार, राधेलाल अग्रवाल, अंकुर अग्रवाल व विद्यासागर मिश्रा रहे।

### बगद नदी का पुनरुद्धार क्षेत्र के लिए संजीवनी



**हसनपुर, अमृत विचार :** बगद नदी को प्रदूषण मुक्त करने तथा उसके पुनरुद्धार और कब्जा मुक्ति के लिए वरिष्ठ अधिवक्ता तथा पर्यावरण एवं मानवाधिकार संरक्षण कार्यकर्ता मुजाहिद चौधरी ने अधिकारियों का धन्यवाद किया। कहा कि जिलाधिकारी राजेश कुमार त्यागी, सीडीओ, तहसील धनौरा, तहसील हसनपुर के उपलाधिकारी एवं तहसीलदार व उनके सहयोगी अधिकारियों, कर्मचारियों ने बगद नदी के पुनरुद्धार को अभियान प्रारंभ करने पर उनका आभार व्यक्त किया है। मुजाहिद चौधरी ने इस प्रयास को क्षेत्र के लिए संजीवनी करार दिया है। उन्होंने कहा कि एक ओर इस नदी के पुन:प्रवाहित होने से बगद नदी के आसपास के ग्रामीण क्षेत्र में जल प्रदूषण समाप्त होगा। मुजाहिद चौधरी ने सहयोग का आश्वासन देते हुए जिलाधिकारी अमरोहा से बदायूं के जिलाधिकारी से उनके क्षेत्र में बगद नदी जो महाबा नदी के नाम से जानी जाती है, उसके पुनरुद्धार के अनुरोध करने की मांग की है।

# बाइक सवार को गोली मारी 4.80 लाख रुपये लूटे

संवाददाता, सहसपुर

**अमृत विचार :** बुधवार शाम आटा कंपनी के मालिक को गोली मारकर 4.80 लाख रुपये लूट लिए। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

मोहम्मद नाजिम पुत्र लियाकत हुसैन निवासी सहसपुर की सहसपुर में आटा कंपनी है। पीड़ित ने बताया कि वह बुधवार शाम बाइक से घर से 4.80 लाख रुपये बैग में लेकर रैनी और जयपुर देने जा रहा था। जब वह महमूदपुर के निकट पहुंचा तो चार अज्ञात बाइक सवार लोगों ने उसको रोक लिया और उसका रुपयों से भरा बैग छीनने लगे। जिसका नाजिम ने विरोध किया तो उसको गोली मार दी। जो उसके हाथ में लगी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल नाजिम को सीएचसी लाया गया। जहां एसपी पूर्वी धर्म सिंह मार्छाल ने घटना की जानकारी ली और घायल को हायर सेंटर भिजवाया। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है।



पीड़ित से जानकारी करती पुलिस।

**दुस्साहस**

- सहसपुर में आटा कंपनी चलाता है पीड़ित मोहम्मद नाजिम
- रूपयों का थैला छीनने के विरोध पर आरोपियों ने मार दी गोली

### स्कूल में अध्यापक ने कक्षा सात के बच्चे को पीटा

**नजीबाबाद, अमृत विचार :** एमडीएस इंटर कॉलेज के कक्षा सात के छात्र अब्दुल्ला ने बताया कि उसको अध्यापक अतुल कुमार ने गाली देकर मुर्गा बनाया और बेल्ट से पीटा। जिससे शरीर पर नील पड़ गया व कान के पीछे जख्म हो गया।

मोहम्मद आदिल पुत्र कदीर अहमद निवासी मोहल्लाह इस्लामनगर कस्बा जलालाबाद ने स्कूल के अध्यापक अतुल कुमार के खिलाफ तहरीर दी है। उनका पुत्र अब्दुल्ला नजीबाबाद के एमडीएस इंटर कॉलेज के कक्षा सात में पढ़ता है। उन्होंने स्कूल के अध्यापक अतुल कुमार पर आरोप लगाया है कि उन्होंने अब्दुल्ला को मुर्गा बनाया। इसके बाद बच्चे को बेल्ट से पीटा। जिससे बच्चे की कमर पर नील पड़ गया और सिर पर घाव हो गए। परिजनों ने अध्यापक के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है। स्कूल के प्रिंसिपल ने अध्यापक के खिलाफ शिकायत होने पर अध्यापक को निलंबित कर दिया है।

# फर्जी चिकित्सकों और लैब संचालकों पर रिपोर्ट दर्ज

संवाददाता, अफजलगढ़

**अमृत विचार :** बिना डिग्री मरीजों का इलाज कर रहे 10 से अधिक फर्जी चिकित्सकों पर स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। छापामारी की सूचना पर अवैध रूप से अस्पतालों का संचालन करने वाले संचालकों में हड़कंप मच गया।

गौरतलब है कि शासन के निर्देश पर क्षेत्र में फर्जी चिकित्सकों के खिलाफ छापामार अभियान चलाया गया था, जिसमें नौ चिकित्सकों को चिह्नित कर डिग्री या डिप्लोमा दिखाने के लिए नोटिस दिया था। नोटिस का जवाब न मिलने पर अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं नोडल अधिकारी डॉ. अनिल कुमार ने ग्राम कासमपुर गढ़ी में वसीम हेल्थ केयर लैब के संचालक वसीम निवासी ग्राम कासमपुरगढ़ी, ग्राम महावतपुर जटपुरा में धर्मेन्द्र कुमार राजपूत, ग्राम कासमपुरगढ़ी में सन शाइन अस्पताल के संचालक परवेज, फैमिली अस्पताल कासमपुरगढ़ी के संचालक वक्तीयार, ग्राम कासमपुरगढ़ी में मुमताज परवीन, ग्राम सीरवासुचंद कासमपुरगढ़ी बच्चा बाग में गुफरान, ग्राम मनोहरवाली में पंकज तथा गांव मेघपुर नहर पर स्थित अकबर अली पर बिना किसी डिग्री के मरीजों का इलाज करने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। एसीएमओ ने बताया कि अभी कई चिकित्सकों के जवाब नहीं मिले हैं। इनके खिलाफ भी एफआईआर दर्ज कराई जाएगी। उधर, थानाध्यक्ष पुष्कर सिंह मेहरा ने बताया कि एसीएमओ एवं नोडल अधिकारी डॉ. अनिल कुमार की तहरीर पर अस्पताल संचालक वसीम, धर्मेन्द्र कुमार राजपूत, परवेज, वक्तीयार, मुमताज, गुफरान, पंकज तथा गांव मेघपुर निवासी अकबर अली के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। मामले की विवेचना की जा रही है।

# शादी से इनकार पर वायरल किए अश्लील फोटो, रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

- आरोपी ने युवती के चेहरे पर तेजाब डालने की दी धमकी

**अमृत विचार :** युवक ने किशोरी द्वारा शादी से इनकार करने पर उसके अश्लील फोटो सोशल मीडिया पर वायरल कर दिए। आरोपी युवक ने उसके चेहरे पर तेजाब डालने की भी धमकी दी। शिकायत के बाद पुलिस ने चार सगे भाइयों सहित पांच आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

यह मामला नगर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ले का है। आरोप है कि मोहल्ले का निवासी वसीम युवती पर बुरी नजर रखता है। वह शादी का दबाव भी बना रहा था। शादी से इनकार करने पर वह रंजिश रखने लगा। आरोप है कि रास्ते में घेरकर छेड़छाड़ की। पहले भी पीड़िता ने इसकी शिकायत अपने भाइयों से की थी। लेकिन तब बदनामी के डर से परिजनों ने मामला दबा दिया था। लेकिन इसके बाद युवक ने एडिट कर किशोरी का अश्लील फोटो अपने फेसबुक पेज के जरिए सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। आरोप है कि किशोरी अपनी भाभी के साथ बाजार से घर लौट रही थी कि तभी मोहल्ले में मिले आरोपी ने अपने भाई कासिम, रोहित उर्फ़ दिल नवाज, कामिल के साथ मिलकर रास्ते में उसे रोक लिया।

आरोपियों ने उसे उठाकर ले जाने का प्रयास भी किया। साथ में मौजूद भाभी के शोर मचाने पर वह बच गई। पीड़िता ने इसकी शिकायत जिलाधिकारी से की। जिस पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। सीओ अरूण कुमार सिंह ने बताया कि मामले में पांच आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज की गई है। मामले की जांच की जा रही है।

### 45 प्रतिशत विद्यालयों को निपुण बनाने का लक्ष्य

**अमरोहा, अमृत विचार :** बीएसए कार्यालय पर एसआरजी और एआरपी की बैठक की गई। जिसमें बीएसए डॉ. मोनिका ने 2024-25 में जिले के 45 प्रतिशत स्कूलों को निपुण बनाने का लक्ष्य दिया।

बुधवार को बीएसए कार्यालय में बैठक में बीएसए ने बताया कि जिले के 45 प्रतिशत स्कूलों को निपुण बनाने का लक्ष्य है। उन्होंने ब्लॉकवार निपुण विद्यालयों की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए विद्यालय में शिक्षक शिक्षा पर विशेष ध्यान दें। सभी कक्षाएं बाल केंद्रित हों। एआरपी गोद लिए अपने 10 विद्यालय अक्टूबर तक निपुण कर लें। सभी विद्यालयों में शिक्षक प्रिंट रिच मटेरियल शिक्षा डायरी का प्रयोग जरूर करें। डीसी प्रशांत गुप्ता ने शारदा ऐप पर बच्चों के नामांकन के बारे में बताया है। उन्होंने कहा कि योजना में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। ब्लॉकवार में विद्यालय में बच्चों के लिए ड्रेस और पुस्तक भेजने का कार्य तेज किया जाए।

# सड़क पर खड़े बाप-बेटे को बाइक ने रौंदा, बेटे की मौत

संवाददाता, रहरा

**दुखद**

- एक दुकान पर पेट्रोल लेने के लिए खड़े थे दोनों
- टक्कर मारकर बाइक लेकर आरोपी मौके से फरार

**अमृत विचार :** थाना रहरा क्षेत्र गांव रहरई निवासी महेंद्र पुत्र रामकुमार अपने बेटे सचिन के साथ मंगलवार दोपहर को आदमपुर के साप्ताहिक बाजार में जा रहा था।



रास्ते में स्कूटी का पेट्रोल खत्म हो गया था। तभी दोनों पिता पुत्र अपनी स्कूटी लेकर ढेकला मोड़ पर पहुंचे और वहां एक दुकान से पेट्रोल लेने के लिए खड़े हो गए थे। इतने में एक बाइक पीछे से आई और पिता पुत्र को जोरदार टक्कर मार दी। जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गये। टक्कर मारने के बाद बाइक सवार फरार हो गया। आस पड़ोस के व्यक्तियों ने घायलों को निजी चिकित्सक के यहां भर्ती कराया। जहां दोनों की हालत गंभीर देखते हुए उन्हें संभल भेज दिया।

संभल के चिकित्सक ने भी सचिन की हालत ज्यादा गंभीर देखते हुए मुरादाबाद रेफर कर दिया गया। देर रात सचिन की उपचार के दौरान मौत हो गई। सचिन कक्षा आठ का छात्र था। सचिन की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। सचिन तीन बहनों का इकलौता भाई था। बुधवार को मृतक के शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया।

### युवती ने कमरे में फंदे से लटककर दी जान

**अमरोहा, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र में युवती ने भाई से झगड़ा होने पर घर के कमरे की छत में लगे फंदे से लटककर आत्महत्या कर ली। परिजनों ने पुलिस को सूचना दिए बिना युवती के शव का अंतिम संस्कार कर दिया।

नगर के बिजनौर रोड पर स्थित मोहल्ला मोती नगर में एक व्यक्ति का परिवार रहता है। मंगलवार शाम उसके बेटी और बेटे के बीच किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया था। इसके बाद मारपीट हो गई। मारपीट के बाद युवती कमरे में चली गई और कमरे की छत में लगे फंदे से लटककर आत्महत्या कर ली। इस घटना से परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों ने पुलिस को सूचना दिए बिना ही युवती के शव का अंतिम संस्कार कर दिया। भाई- बहन में विवाद का कारण पता नहीं चला सका।

### दो गुटों में मारपीट का वीडियो वायरल

**गजरौला, अमृत विचार :** मामूली बात पर बुधवार की दोपहर दो गुटों के बीच मारपीट हो गई। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। हालांकि अभी तक किसी भी गुट की तरफ से थाने में तहरीर नहीं दी गई है।

टोकरा पट्टी गांव में बुधवार की दोपहर दो गुटों के बीच किसी बात पर विवाद हो गया। बताया जा रहा है कि दोनों गुट के लोग शीशोवाली गांव के रहने वाले हैं। वह टोकरा पट्टी गांव में किसी काम से आए थे। मारपीट से लोगों में हड़कंप मच गया। लोगों की भीड़ में शामिल किसी ने मारपीट का वीडियो बनाया तथा सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। कार्यवाहक प्रभारी निरीक्षक ब्रजेश कुमार ने बताया कि झगड़े की सूचना मिली है। मामले की जांच की जा रही है। हालांकि अभी तक तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# शतरंज प्रतियोगिता में पांचवें स्थान पर रहे बिजनौर के अनय

संवाददाता, बिजनौर

**अमृत विचार :** 14 व 15 मई को दो दिवसीय उप्र राज्य स्तरीय अंडर 9 आयु वर्ग के बालक वर्ग में लखनऊ के अग्ररार्थ मिश्रा तथा बालिका वर्ग में गोरखपुर की दीपांजलि श्रीवास्तव ने शतरंज प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। जनपद बिजनौर के अनय अग्रवाल ने प्रथम पांच में स्थान प्राप्त करते हुए जिले का मान बढ़ाया।

बालक वर्ग में अग्ररार्थ मिश्रा जनपद लखनऊ, दिव्यम तलवार गौतम बुद्ध नगर, रेयांश कश्यप लखनऊ, अनय अग्रवाल जनपद बिजनौर, शिवाय सिंह जनपद प्रयागराज, प्रथम पांच में स्थान प्राप्त करने में सफल रहे। बालिका वर्ग में दीपांजलि श्रीवास्तव गोरखपुर, प्रांशी निगम जनपद गाजियाबाद, अनुप्रिया यादव प्रयागराज, निहिरा मित्तल आगरा, निविका अरोड़ा गाजियाबाद, प्रथम पांच में स्थान बनाने में सफल रहे। पुरस्कार समारोह में सीडीओ पूर्ण बोरा, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी जयकरण यादव, जिला क्रीड़ा अधिकारी जयवीर सिंह, जिला शतरंज एसोसिएशन बिजनौर के सचिव दुष्यंत कुमार, मुख्य ऑर्बिटर आनंद उपस्थित रहे।



विजेता को पदक देते के मुख्य विकास अधिकारी पूर्ण बोरा।

प्रतियोगिता कराने में आनंद सिंह, आदित्य, एकता, रूपा, एवं ओमकार रहे। आयोजक मंडल में वंदना शर्मा, अनंत पंवार, तथा सीमा, नितिन, मेघा, मीनाक्षी, साक्षी आदि रहे।

### चरागाह की जमीन से हटवाया अवैध कब्जा

**रहरा, अमृत विचार :** बुधवार को हसनपुर तहसील क्षेत्र के ब्लाक गंगेश्वरी के ग्राम रहरा में चरागाह की भूमि से एसडीएम के नेतृत्व में मेढ़ बंदी कराकर अवैध कब्जा हटवाया गया।

वहीं, अवैध कब्जाधारकों द्वारा चरागाह की भूमि पर बोई गई गन्ना तथा मेंथा की फसल को ट्रैक्टर द्वारा जुतवाकर चरागाह की भूमि को खाली कराया। एसडीएम भगत सिंह ने बताया कि किसी भी कीमत पर चरागाह की भूमि पर अवैध कब्जा नहीं होने दिया जाएगा।

कब्जा मुक्त कराई चरागाह की भूमि को ग्राम पंचायत अधिकारी कृपाल सिंह के सुपुर्द कर दी गई। इस मौके पर उप जिलाधिकारी भगत सिंह, पुलिस क्षेत्र अधिकारी दीप कुमार पंत, एसीओ चकबंदी समेत भारी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहा।

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
- डी. फार्मा (2 वर्षीय)
- बी. फार्मा (4 वर्षीय)
- एम. फार्मा (फार्मास्यूटिक्स) (2 वर्षीय)
- एम. फार्मा (फार्माकोलॉजी) (2 वर्षीय)
रोहिलखंड कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
- डी. फार्मा (2 वर्षीय)
- बी. फार्मा (4 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
केशलता कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
- डी. फार्मा (2 वर्षीय)
मो. 9457672942
केशलता हॉस्पिटल कैंपस, डेलापीर रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट
- एम.एच.ए. (2 वर्षीय)
- एम.पी.एच. (2 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202), E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) योगेन्द्र सिंह (9760578366)

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
फैकल्टी ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (बी.एम.एल.एस.) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन फिजियोथिरेपी (बी.पी.टी.) (4 वर्षीय)
- बैचलर ऑफ आप्टोमेट्री (बी. आप्टम) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन मेडिकल रेडियोलॉजिक इमेजिंग टेक्नॉलॉजी (बी.एम.आर.आई.) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन ऑपरेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (बी.ओ.टी.टी) (अगामी पाठ्यक्रम) (3 वर्षीय)
- एम.एस.सी. क्लीनिकल एंब्रियोलॉजी (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
- मास्टर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (एम.एम.एल.एस. (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
- मास्टर ऑफ फिजियोथिरेपी (एम.पी.टी.) (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
फैकल्टी ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज
- बी.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (3 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन लैब टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन रेडियोथिरेपी टेक्नीशियन (आगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
रोहिलखंड कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- डिप्लोमा इन डायलेसिस टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन एम.आर.आई. टेक्नीक्स (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन इमरजेन्सी एण्ड ट्रामा केयर टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- सर्टिफिकेट इन सेनीटेशन (1 वर्षीय)
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202), E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) डॉ. प्रशांत गुप्ता (8445508214)

## एक नजर

### युवक पर लगाया किशोरी के साथ छेड़छाड़ का आरोप

धनारी, अमृत विचार : धनारी थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति बुधवार को अपनी पत्नी के साथ खेत में लगी अरबी फसल की निराई कर रहा था। थोड़ी दूर पर ही व्यक्ति की 16 वर्षीय पुत्री बकरी चरा रही थी। आरोप है कि गांव का ही युवक किशोरी के पास पहुंचा और छेड़छाड़ करने लगा। किशोरी ने विरोध करते हुए शोर मचा दिया। शोर को सुनकर व्यक्ति व उसकी पत्नी को आता देखकर युवक मौके से भाग गया। छेड़छाड़ की जानकारी होने पर व्यक्ति किशोरी के लेकर थाने पहुंचा और तहरीर देकर पुलिस से युवक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

### तीन दिन पांच घंटे बंद रहेगी बिजली आपूर्ति

चन्दौसी, अमृत विचार : 17 मई दिन शुक्रवार से 19 मई दिन रविवार तक सुबह साथ बजे से दोपहर 12 बजे तक 33/11 केवी उपकेंद्र पावर हाउस से पोषित 11केवी स्टेशन रोड फीडर से संबंधित घटियागेट में आगामी ग्रीष्म ऋतु के दृष्टिगत जर्जर एलटी एबीसी लाइन के तार बदलने का कार्य आरडीएसएस योजना के अंतर्गत किया जाएगा। ये जानकारी देते हुए उप खण्ड अधिकारी प्रथम अजय कुमार शुक्ला ने बताया कि कार्य के चलते मोहल्ला उदय देवता, घटियागेट आदि मोहल्लों की बिजली आपूर्ति सुबह सात से आठ बजे तक बंद रहेगी। उपभोक्ता समय से अपने घरेलू कार्य निपटा लें।

### उधार में दिए रुपये मांगने पर मारपीट में एक घायल

संभल/बहजोई, अमृत विचार : बहजोई थाना क्षेत्र के गांव पाठकपुर निवासी विकास ने थाने पहुंचकर बुधवार को पुलिस को तहरीर दी। कहा कि गांव के ही मेरे दोस्त प्रशांत ने थोड़े दिन पहले सौ रुपये उधार लिए थे। विकास जब भी रुपये देने के लिए तकादा करता प्रशांत टालमटोल कर देता। आरोप है कि बुधवार को विकास ने रुपये मांगे तो प्रशांत गाली गलौज करने लगा। विरोध किया तो प्रशांत ने मारपीट शुरू कर दी। जिसमें रास्ते पर गिरने की वजह से विकास घायल हो गया। मौके पर पहुंचे परिजनों ने थाने पहुंचकर पुलिस को तहरीर दी और उपचार के लिए विकास को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे। हालत गंभीर होने पर डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार देकर विकास को जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

## मक्का मिल में लोगों ने पद्मश्री सुशील सहाय के अंतिम दर्शन कर किए पुष्प अर्पित, आंखें दिखीं नम

# सहाय ने शिवालिक प्रजाति से किसानों को किया मालामाल

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : पद्मश्री सुशील सहाय ने रामपुर समेत आसपास के जिलों के किसानों को शिवालिक मेंथा प्रजाति से मालामाल बना दिया। इस प्रजाति की खूबी यह है कि कम लागत में अधिक तेल निकलता है। शिवालिक मेंथा की फसल को एक बार बुवाई करने के बाद तीन बार काटा जा सकता है। उन्होंने किसानों को मेंथा से तेल निकालने का हुनर भी सिखाया। हजारों किसानों ने खेतों में मेंथा की टंकियां लगाकर खूब रुपये कमाए। मेंथा व्यवसाय से हजारों किसानों के साथ सैकड़ों मेंथा व्यवसायी भी जुड़े हैं।

रामपुर से हर वर्ष लगभग 1750 करोड़ रुपये का मेंथा उत्पादों का निर्यात होता है। शिवालिक प्रजाति से एक बीघा में 10 से 11 किलोग्राम तेल निकलता है जबकि, अन्य प्रजातियों में आठ किलोग्राम तेल प्रति बीघा निकलता है। बुधवार सुबह 10:45 बजे मेंथा प्रजाति शिवालिक के जनक सुशील सहाय का पार्थिव शरीर फूलों से सजे वाहन में बिलारी के ग्राम नगली फार्म हाउस से अंतिम दर्शन के लिए रामपुर के मक्का मिल पहुंचा। लोगों ने पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर मेंथा व्यवसायी प्रदीप गुप्ता, स्वाति मेंथाल के स्वामी एसके गुप्ता, कपिल आर्य, बच्चन सिंह, धीरेंद्र कुमार अग्रवाल, सरित सिंघल, सुमन जौहरी, एसपी रस्तोगी, देवेंद्र कुमार गुप्ता, आशु गुप्ता समेत काफी लोग पहुंचे। इनके अलावा सुशील सहाय की पत्नी शाहीन सहाय, बेटी सुचेता और सुनैना के अलावा दोनों दामाद भी अंतिम यात्रा वाहन के साथ रामपुर आए।

व्यवसायी पारितोष चांदीवाला ने बताया कि रामपुर से सुशील सहाय का पार्थिव शरीर अंत्येष्टिक के लिए बृजघाट ले जाया गया। मेंथा व्यवसाय को इस मुकाम तक पहुंचाने में सुशील सहाय की मेहनत को भुलाया नहीं जा सकता।



मक्का मिल में मेंथा प्रजाति शिवालिक के जनक के अंतिम दर्शन करने मौजूद लोग।



एंबुलेंस से बिलारी से रामपुर पहुंचा सुशील सहाय का पार्थिव शरीर।

● एक बीघा जमीन में उगाई गई फसल में 10 से 11 किलो निकलता है तेल

### शिवालिक के जनक को 2005 में मिला था पद्मश्री

पारितोष चांदीवाला ने बताया कि वर्ष 2005 में मेंथा की शिवालिक प्रजाति का आविष्कार करने के लिए तत्कालीन राष्ट्रपति डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम ने उन्हें पद्मश्री से सम्मानित किया था। सुशील सहाय के परिवार में उनकी पत्नी शाहीन आशा सहाय, दो बेटियां सुचेता और सुनैना का भरापुरा परिवार है। उन्होंने बताया कि छोटी बेटी सुनैना का विवाह सीएल गुप्ता निर्यात फर्म के मुदित गुप्ता के साथ हुआ है। बड़ी बेटी सुचिता का विवाह जनपद मुजफ्फरनगर में कुंवर समर्थ प्रकाश से हुआ है।

## सार-संक्षेप



सिरसी में थाना प्रभारी को ज्ञापन देते अभिभावक। ● अमृत विचार

### अभिभावकों ने उठाई छात्रों की सुरक्षा की मांग, दिया ज्ञापन

संभल/सिरसी, अमृत विचार : हजरतनगर गढ़ी क्षेत्र में मंगलवार को संभल मुरादाबाद मार्ग पर स्टंट करने का विरोध करने पर स्कूली वैन चालक के साथ हुई मारपीट से छात्रों के मन में भय व्याप्त हो गया है। बुधवार को छात्रों ने स्कूल जाने से मना कर दिया। अभिभावकों ने छात्रों की सुरक्षा की मांग करते हुए थाना प्रभारी को प्रार्थना पत्र सौंपा। नगर पंचायत सिरसी निवासी अभिभावकों ने बुधवार को थाने पहुंचकर पुलिस को प्रार्थना पत्र सौंपकर स्कूल से आते-जाते समय बच्चों की सुरक्षा की मांग की। कहा कि मुहल्ला शर्की निवासी चालक फिरोज हैदर ने स्कूल वैन के आगे स्टंट करने का विरोध किया तो तीन बाइक सवारों ने फिरोज हैदर के साथ लाठी डंडों से मारपीट की। जिससे बच्चों के मन में भय व्याप्त है और बच्चे स्कूल में पढ़ने जाने से मना कर रहे हैं। अभिभावकों ने बच्चों को सुरक्षा देने व आगे इस तरह की घटनाओं को रोकने के लिए बाइक सवारों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की। इस दौरान मास्टर असगर, अमन, शोभित, मोहम्मद अली, विक्की, फैजी आदि अभिभावक मौजूद रहे।

### किशोरी से छेड़छाड़, शिकायत करने पर पिता से मारपीट

चन्दौसी/बनियाठेर, अमृत विचार : थाना बनियाठेर के गांव अकरौली में घर में घुस कर किशोरी से छेड़छाड़ की गई। शिकायत करने गए पिता से युवक के परिवार वालों ने मारपीट की। पीड़ित पिता ने पुलिस को मामले की जानकारी देते हुए तहरीर दी है। पीड़ित पिता का कहना है कि 13 मई दिन सोमवार की शाम करीब पांच बजे वह परिवार के साथ खेत पर नराई करने गया था। पत्नी मायके गई हुई थी। घर पर 15 वर्षीय बेटी अकेली थी और नहा रही थी। उसी समय गांव का एक युवक घर में घुस गया और उसकी बेटी के साथ छेड़छाड़ करने लगा। बेटी के शोर मचाने पर पास पड़ोस के लोग मौके पर पहुंचे। इससे पहले ही आरोपी युवक जीने के रास्ते भाग निकला। पीड़ित पिता ने बताया कि वह जब घर पहुंचा तो बेटी ने आपबीती बताई। जिससे वह युवक के घर शिकायत करने पहुंचा तो परिवार के लोगों ने उसके साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट की।

### रोडवेज बस ने कार में मारी टक्कर, बचा चालक

गुन्नौर/जुनावई, अमृत विचार : जुनावई में रोडवेज बस ने खड़ी कार में टक्कर मार दी। जिससे कार क्षतिग्रस्त हो गई तो चालक बाल-बाल बच गया। कार चालक ने रोडवेज बस को गुन्नौर में रुकवाया। बुधवार को देर शाम साढ़े सात बजे बदायूं डिपो की रोडवेज बस बदायूं से दिल्ली जा रही थी। जुनावई चौराहे पर रोडवेज ने ईको कार में टक्कर मार दी। जिससे कार में काफी नुकसान हो गया। टक्कर के बाद भी चालक ने रोडवेज बस नहीं रोकी तो कासिम ने पीछा शुरू कर दिया। गुन्नौर में आकर रोडवेज बस को रुकवा लिया। सूचना मिलने पर पुलिस भी पहुंच गई। आसपास के लोग मौके पर जुट गए। पुलिस ने रोडवेज बस कब्जे में लेते हुए चालक को हिरासत में ले लिया।

# दूल्हे की भाभी ने हंगामा कर रुकवा दिया निकाह

कार्यालय संवाददाता, संभल/गुन्नौर

● महिला ने कहा काफी समय से युवक के साथ रह रही तो कैसे हो सकता है निकाह

● पुलिस ने दूल्हे को हिरासत में लिया तो दोनों पक्षों में शुरू हो गए समझौते के प्रयास

अमृत विचार : गुन्नौर कोतवाली क्षेत्र में निकाह की रस्म से पहले ही दूल्हे की विधवा भाभी पुलिस के साथ पहुंच गई। भाभी ने हंगामा खड़ा कर काफी समय से दूल्हे के साथ रहने की बात कही तो पुलिस ने निकाह रुकवा दिया। पुलिस ने दूल्हे को हिरासत में ले लिया। निकाह टला तो दुल्हन और दूल्हा पक्ष में समझौते के प्रयास शुरू हो गए।

बहजोई थाना क्षेत्र के गांव जैरोई हयातनगर से युवक की बारात बुधवार को गुन्नौर क्षेत्र के गांव सैंजना मुस्लिम पहुंची। बारात में शामिल लोगों ने दावत खाई तो बाद में दूल्हा और दुल्हन का निकाह कराने की तैयारी शुरू हो गई। इस बीच दूल्हे की विधवा भाभी पुलिस के साथ मौके पर पहुंच गई। महिला का कहना रहा कि वह काफी समय से दूल्हे के साथ पत्नी की तरह रह रही है तो फिर वह किसी अन्य से निकाह कैसे कर सकता है। यह सुनकर मौजूद लोगों के होश उड़ गए। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए निकाह रुकवा दिया तो बारात में गए लोग भी वापस लौटने लगे। पुलिस ने दूल्हे को हिरासत में ले लिया और कोतवाली आ गई। यहां दूल्हा और दुल्हन पक्ष के लोग पहुंच गए। जिसके बाद दोनों पक्षों में समझौते के प्रयास शुरू हो गए। इस मामले को लेकर चर्चा का माहौल बना है। कोतवाल संजीव बालियान ने बताया की महिला आपत्ति पर निकाह रुक गया है।

# गुन्नौर पुलिस ने 14 गोवंशीय पशुओं से लदा कैंटर पकड़ा

संवाददाता, बबराला

अमृत विचार:गुन्नौर पुलिस ने गोवंशीय पशुओं से लदा कैंटर पकड़ा है। पुलिस का कहना है कि गोवंशीय पशुओं को वाहन में लाद कर गांव फरीदपुर स्थित गोशाला में ले जाने की बात बताई गई है। जांच की जा रही है।

बुधवार रात करीब आठ बजे इंदिरा चौक पर गोवंश लदे कैंटर की सूचना पर पुलिस वाहन को पुलिस चौकी ले आई। वाहन में 14 गोवंश लदे हुए हैं। वाहन में सवार लोगों ने बताया कि वह रजपुरा क्षेत्र के गांव रजापुर के पशुपालक हैं और छुट्टा पशुओं को गांव फरीदपुर स्थित गोशाला में ले जा रहे हैं। पुलिस ने गांव फरीदपुर की प्रधान के पति अरुण यादव को इसकी पुष्टि के लिए बुलाया है। गोवंश को वाहन में लादकर कहां और किस प्रयोजन के लिए ले जाया जा रहा था, इसके बारे में पुलिस पड़ताल कर रही है। बताया गया है कि असदपुर की गोशाला में गोवंश की संख्या कम मिलने पर सीडीओ की कार्रवाई से गोशाला संचालकों में हड़कंप मचा है। गोशालाओं में गोवंश की संख्या पूरी करने के जहां तहां से गोवंश मंगवाया जा रहा है। बीडीओ नरेश पाल ने बताया कि दूसरे ब्लॉक के पशुओं को गोशाला में संरक्षित करने के लिए सूचना देनी चाहिए।

### नो एंट्री में ट्रक लाने से रोकने पर नोकझोंक

चन्दौसी, अमृत विचार : मंडी समिति के निकट स्थित रेलवे फाटक के पास ही यातायात पुलिस चौकी है। नया बाईपास बनने के बाद से ही इस मार्ग से भारी वाहनों का आवागमन बंद कर दिया गया है। बुधवार की दोपहर करीब डेढ़ बजे भूसा डाल कर बहजोई की ओर से आ रहा एक ट्रक फाटक पर पहुंच गया। चौकी पर तैनात यातायात पुलिस कर्मी ने ट्रक को रोकने का प्रयास किया तो उसने रफ्तार बढ़ा दी। हालांकि ट्रक रेलवे लाइन पर जाकर रुक गया। इसी दौरान चालक और यातायात पुलिस कर्मी की नोकझोंक के साथ तनातनी हो गई। जिससे भीड़ लग गई। भीड़ का फायदा उठा कर चालक मौका पाकर ट्रक लेकर फरार हो गया।

# डॉक्टर नहीं मिलने पर मरीजों व तीमारदारों का हंगामा

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी



सीएचसी में डॉक्टर के इंतजार में लाइन में लगे मरीज। ● अमृत विचार

अमृत विचार: सरकारी अस्पताल में सीट पर डॉक्टर नहीं मिलने पर मरीजों व तीमारदारों ने हंगामा किया। हालांकि हंगामे के दौरान चिकित्सा अधीक्षक अपने कमरे में कुछ मरीजों को देख रहे थे। हंगामा होने पर उन्होंने मौके पर पहुंच कर जानकारी की और स्टाफ को बुला कर व्यवस्था सुचारु कराई। तब कहीं मामला शांत हो सका।

सरकारी अस्पताल में मरीजों को देखने का समय सुबह आठ बजे से दोपहर दो बजे तक का है। इसके बाद इमरजेंसी लागू रहती है। बुधवार की सुबह सुबह आठ बजे अस्पताल खुलने पर मरीजों व तीमारदारों का पहुंचना शुरु हो गया। मरीज अपना-अपना पर्चा बना कर डॉक्टर के कक्ष के बाहर लाइन में लग गए और डॉक्टर के आने का इंतजार करने लगे। करीब 10 बज गए लेकिन डॉक्टर नहीं पहुंचे। जिससे मरीजों का गुस्सा फूट पड़ा और हंगामा काटना शुरू कर दिया। कमलेश, सर्वजीत सिंह, कुंवरपाल सिंह, लियाकत आदि मरीजों ने बताया कि वह सुबह साढ़े आठ बजे अस्पताल आकर लाइन में लग गए थे। लेकिन दस बजे तक डॉक्टर नहीं पहुंचे। जिससे परेशानी का सामना करना पड़ा। हंगामा होने पर अपने कक्ष में मरीजों को देख कर चिकित्सा अधीक्षक डॉ. हरवेंद्र सिंह मौके पर पहुंचे और महिला अस्पताल से स्टाफ बुला कर व्यवस्था सुचारु कराई।

● सरकारी अस्पताल में सुबह 10 बजे तक ओपीडी में नहीं मिले डॉक्टर

● चिकित्सा अधीक्षक अपने कमरे में कुछ मरीजों का इलाज करते मिले

"सीएचसी में बुधवार को एक चिकित्सक पोस्टमार्टम करने के लिए बहजोई चले गए। जबकि दूसरे चिकित्सक को परिवार में तबियत खराब होने पर अचानक छुट्टी लेकर जाना पड़ा। जिससे मरीजों को देखने का कार्य शुरू होने में देरी हुई। लेकिन उस समय मैं खुद अपने कक्ष में मरीजों को देख रहा था।

-डॉ. हरवेंद्र सिंह, चिकित्सा अधीक्षक

### बालिका ने दिया बच्चे को जन्म

बागेश्वर। बुधवार को एक नाबालिग बालिका अपनी दीदी के साथ जिला चिकित्सालय पहुंची तथा पेट दर्द की शिकायत की। उसने महिला चिकित्सक के पास स्वास्थ्य परीक्षण कराया तो महिला चिकित्सक ने उसे भर्ती होने को कहा तथा उसकी सुरक्षित डिलीवरी हुई। जिसमें बच्चे को जन्म दिया।

## सम्बन्ध-विच्छेद

मैंने व मेरे परिवार ने अपने पुत्र सचिन कुमार से उसके गलत संगत में पड़ जाने के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर लिया है एवं अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में अपने कृत्यों का यह स्वंय जिम्मेदार होगा। अशोक कुमार पुत्र रोरी लाल नि० ग्राम रम्पुरा बुजुर्ग तह० बिलासपुर जि० रामपुर (उ०प्र०)

## सार-संक्षेप

### आग की झूठी सूचना पर दौड़ी पुलिस व अग्निशमन कर्मी

संभल/सरायतरीन, अमृत विचार :सरायतरीन में हैंडीक्राफ्ट के कारखाने में रखे केमिकल में आग लगने की सूचना मिलने पर फायर ब्रिगेड व पुलिस बुधवार को मुहल्ला में खाक छानती रही। लेकिन किसी भी कारखाने में रखे केमिकल में आग का मामला सामने नहीं आया। हयातनगर थाना क्षेत्र के मुहल्ला सरायतरीन में किसी व्यक्ति ने बुधवार को दरगाह के पास स्थित कारखाने में रखे केमिकल में आग लगने की सूचना फायर ब्रिगेड व पुलिस को दी। केमिकल में आग लगने की सूचना मिलने पर फायर ब्रिगेड व पुलिस में हड़कंप मच गया और आनन फानन में अग्निशमन कर्मी व पुलिस मौके पर पहुंचे। लेकिन दरगाह के पास कारखाने में आग लगी हुई नहीं थी। एहतियात बरतते हुए फायर ब्रिगेड कर्मी व पुलिस जगह जगह सरायतरीन में स्थित दरगाहों पर आते जाते रहे, लेकिन घंटों की तलाश करने के बाद भी फायर ब्रिगेड व पुलिस को केमिकल में आग लगने वाली जगह नहीं मिली। अग्निशमन अधिकारी रामबाबू ने बताया कि किसी ने परेशान करने के लिए फायर ब्रिगेड व पुलिस को झूठी सूचना दी थी।

### धोखाधड़ी में सगे भाइयों सहित तीन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

संभल, अमृत विचार :सदर कोतवाली पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर मुहल्ला हल्लूसराय निवासी सीएससी संचालक सगे भाइयों सहित तीन लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी के मामले में रिपोर्ट दर्ज की है।मुहल्ला हल्लूसराय निवासी सीएससी संचालक शैलेंद्र कुमार बंसल व सिंटू बंसल उर्फ भुवनेश बंसल सगे भाई दुकान पर आधार कार्ड से ग्राहकों से कमीशन पर उनके बैंक अकाउंट से रुपये निकालने का काम करते हैं। आरोप है कि शैलेंद्र कुमार ने मुहल्ला कोटपूर्वी निवासी हर्षित रस्तोगी से माता-पिता के रिटायरमेंट के बाद मिली रकम कमीशन का लालच देकर ले ली। दिसंबर माह तक शैलेंद्र ने हर्षित रस्तोगी के केनरा बैंक एकाउंट से 1 करोड़ 43 लाख 46 हजार 340 रुपये ट्रांजेक्शन किए। आरोप है कि जब हर्षित रस्तोगी ने बाकी बचे 30 लाख 65 हजार 520 रुपये मांगे तो गाली गलौज करते हुए शैलेंद्र ने रुपये देने से मना कर दिया। बुधवार को न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने शैलेंद्र कुमार बंसल व सिंटू बंसल उर्फ भुवनेश बंसल और एक अज्ञात सहित तीन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। वहीं शैलेंद्र का कहना है कि आरोप झूठे हैं और उसकी रकम हर्षित पर है।

## छात्रा से ओयो में दो युवकों ने किया दुष्कर्म

हापुड़, अमृत विचार : पिलखुवा क्षेत्र के एक ओयो होटल में 14 वर्षीय छात्रा का एक नाबालिग सहित दो युवकों ने तमंचे के बल पर दुष्कर्म कर दिया। इस दौरान छात्रा इतनी भयभीत हो गई कि वह होटल के बारे में नहीं बता सकी। इस मामले में छात्र के परिजनों ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस तहरीर के आधार पर मामले की जांच में जुट गई है। क्षेत्र के एक गांव की किशोरी एक विद्यालय में कक्षा 9 की छात्रा है। सोमवार को वह रोज की तरह स्कूल गई थी। आरोप है कि उसके एक साथी ने उसे स्कूल से पहले ही रोक लिया और अपने 22 वर्षीय साथी के साथ मिलकर तमंचे के बल पर ओयो होटल में ले गए। आरोप है कि वहां दोनों ने छात्रा के साथ दुष्कर्म किया। दोनों ने छात्रा को यह बात बताने पर जान से मारने की भी धमकी दी । इस वजह छात्रा बुरी तरह से डर गई थी, लेकिन घर पहुंचने पर वह अपने को रोक नहीं पाई और सारी बात परिजनों को बता दी। इसके बाद स्वजनों ने कोतवाली पहुंचकर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की।

## नोटिस

मिनजानिब शाहरून खां पुत्र हारून खां निवासी मौ० पीपल टोला थाना टीन शहर रामपुर द्वारा अबुल हसन एडवोकेट, चै०नं० 107 जिला कचहरी रामपुर। नोटिस देहिन्या

**बनाम**

1. नईम पुत्र मच्छन 2. श्रीमती नजमा पत्नी नईम निवासीगण मौह० बजरिया खानसामा घेर आजम खां शहर व जिला रामपुर। पावतीगण

**चौहद्दी मकान स्थित मौ०घेर आजम खां बजरिया खानसामा रामपुर**

पूरब:- मकान समीर कुरैशी पश्चिम:- रास्ता (सड़क)
उत्तर:- मकान रईस दक्षिण:- मकान फरीदा

श्रीमान जी, हस्बे हिदायत अपने मुवक्किल उपरोक्त आपको निम्नलिखित नोटिस दिया जाता है:- 1. यह कि मेरा मुवक्किल एक किता मकान जिसमें एक कमरा कहीपोश किचन, लैट्रीन व बाथरूम बने है, स्थित मौहल्ला बजरिया खानसामा घेर आजम खां शहर रामपुर का मालिक व काबिज है। 2. यह कि उक्त मकान काफी पुराना बना है और खस्ता एवं जर्जर हालत में है और उक्त मकान मेरे मुवक्किल द्वारा मौ० इब्राहीम पुत्र दूला खां निवासी म०नं० 1204 स्ट्रीट नं०-6 चौहनवानगर भजनपुरा नायें ईस्टदिल्ली से दिनांक 17.12.2018 को जरिये पंजीकृत बेनामा प्रतिफल अदा करके खरीदा है। 3. यह कि आप पावतीगण मेरे मुवक्किल से पूर्व श्री मौ० इब्राहीम के किरायेदार थे और उन्हें किराया अदा करते थे परन्तु उक्त मकान श्री मौ० इब्राहीम द्वारा मेरे मुवक्किल को विक्रय करने के उपरान्त आपके सामने मेरे मुवक्किल को मकान उपरोक्त पर कब्जा दे दिया गया और आपने मेरे मुवक्किल से केवल 15 दिन में खाली करने की इजाजत मांगी और कहा कि में दूसरा मकान किराये पर ले लूंगा। मेरे मुवक्किल ने आपकी परेशानी को देखते हुये आपको 15 दिन की इजाजत दे दी। 4. यह कि आपने लगभग 6 माह तक मेरे मुवक्किल का मकान खाली नही किया तो मेरे मुवक्किल ने आपसे मकान खाली कराने को कहा तो आपने कहा कि मुझे मकान नहीं मिल रहा है और आप मुझसे किराया तय कर लो और मैं आपको किराया देता रहूंगा। जिसके कारण मेरे मुवक्किल ने आपको मशकूर खां व सिकन्दर शाह खां के सामने मु० 2000/-रु० प्रतिमाह दिनांक 01.07.2019 से किराये पर दे दिया। 5. यह कि आप मेरे मुवक्किल को किराया अदा करने लगे परन्तु आपने 01 अप्रैल 2023 से मेरे मुवक्किल को किराया अदा करना बंद कर दिया और बार-बार मांगने पर भी किराया अदा नहीं कर रहे है और मकान को खुर्द-बुर्द करना चाहते है जबकि मकान काफी जर्जर हालत में और मेरे मुवक्किल को अब स्वयं रहने हेतु मकान की आवश्यकता है मेरा मुवक्किल उक्त मकान को पुनः निर्माण करके अपने परिवार के साथ उसमें रहेगा जिसके कारण मेरे मुवक्किल ने आपसे कई बार बकाया किराया अदा करने व मकान खाली करने को कहा परन्तु आप सुनवा नही हो रहे है और टाल-मटोल कर रहे है। जबकि आपको मेरे मुवक्किल द्वारा दिनांक 15.12.2023 को मकान खाली किये जाने हेतु नोटिस दिया जा चुका है। 6. यह कि आपके मकान खाली न करने व किराया अदा न करने के कारण नोटिस देने की आवश्यकता पेश आयी और आपको नोटिस देकर दिनांक 05.06.2024 से आपकी किरायेदारी व इजाजत समाप्त की जाती है। इसलिये आप उक्त दिनांक तक मकान खाली करके कब्जा मकान मेरे मुवक्किल को दे दे। अन्यथा दिनांक 05.06.2024 के उपरान्त अगले दो माह तक कानूनन दो गुना किरायेदारी 4000/-रु० प्रतिमाह व उसके उपरान्त प्रत्येक माह चार गुना किराया मु० 8000/-रु० प्रति माह की दर से वसूल किया जायेगा। अतः आपको नोटिस मियादी 30 दिन दिया जाकर अपेक्षा की जाती है कि आप दिनांक 05.06.2024 को मेरे मुवक्किल का मकान जिसकी चौहद्दी नोटिस के अन्त में दी गयी है, को खाली करके कब्जा मेरे मुवक्किल को दे दे अन्यथा मेरा मुवक्किल दिनांक 05.06.2024 के उपरान्त दो माह तक कानूनी रूपये से 4000/-रु० प्रतिमाह व उसके उपरान्त कानूनी रूप से मकान खाली होने तक चार गुना किराया मुवलिग 8,000/-रु० प्रतिमाह वसूल करेगा और हर्जे-खर्चे के भी आप जिम्मेदार होंगे। इति।

दिनांक-04-05-2024

नोटिस देहिन्दा
अबुल हसन एड०
चै०नं०-107, जिला कचहरी रामपुर।
वास्ते शाहरून खां

## BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY

Rohilkhand Medical College Campus, Pilibhit Bypass Road, Bareilly-243006 (UP) India, Phone: 0581-2526051, 053, 153
Email: registrar@biu.edu.in, Website: www.biu.edu.in
For any query contact : 7906374491, 9105500202, 9105500404

APPLICATIONS ARE INVITED FOR ADMISSION TO Ph. D. PROGRAMMES JULY 2024 SESSION IN THE FOLLOWING DISCIPLINES

- FACULTY OF MEDICAL SCIENCES (All Clinical and Non-Clinical Specialties)
- FACULTY OF DENTAL SCIENCES All Specialties)
- FACULTY OF PHARMACY
- FACULTY OF NURSING M. Sc.(N) with 3 years teaching or clinical experience
- HUMANITIES AND JOURNALISM English

Last Date of Receiving Application : 20th May, 2024
Application Submission Address : To, The Registrar, Administrative Block, Bareilly International University, Bareilly-243006 (U.P.), India
For more details and application form & application fee
Visit University Website : www.biu.edu.in
(https://biu.edu.in/research/Latest-Application-form-for-PHD-pogramme.pdf

## बरेली इंटरनेशनल विश्वविद्यालय

प्रवेश प्रारम्भ
सत्र : 2024-25

Accreditations, Affiliations & Approvals

University Grants Commission of India · Medical Council Of India · Dental Council of India · Pharmacy Council of India · Indian Nursing Council · Uttar Pradesh Nursing & Midwives Council · Association of Indian Universities · Uttar Pradesh State Medical Faculty

**प्रस्तुत पाठ्यक्रम**
CUET (UG/PG) स्कोर स्वीकृत और CUET (UG/PG) में सूचीबद्ध

**मेडिकल साइसेंज**
एमएससी मेडिकल (एनाटॉमी/बायोकेमिस्ट्री/माइक्रोबायोलॉजी/फार्माकोलॉजी/फिजियोलोजी)

**डेन्टल साइंसेज**
डिप्लोमा - डेंटल हाइजिनिस्ट/डिप्लोमा - डेंटल मैकेनिक्स

**नर्सिंग विज्ञान**
एएनएम/जीएनएम/बीएससी नर्सिंग/पोस्ट बेसिक बीएससी नर्सिंग/निर्स प्रक्टिशनर इन क्रिटिकल केयर (NPPCC)/ एमएससी नर्सिंग (मेडिकल सर्जिकल/चाइल्ड हेल्थ/मेंटल हेल्थ/अब्स्टेट्रिक्स एवं गायनेकोलॉजिस्ट)

**फार्मेसी**
डी. फार्मा/बी. फार्मा/एम फार्मा (फार्माकोलॉजी/फार्मास्यूटिक्स)

**पैरामेडिकल साइंसेज**
डिप्लोमा इन मेडिकल लैब तकनीशियन (DMLT)/डिप्लोमा इन एक्स-रे तकनीशियन/डिप्लोमा इन डायलिसिस तकनीशियन/ डिप्लोमा इन इमरजेंसी और ट्रामाकेयर/डिप्लोमा इन एम आर आई तकनीशियन/बैचलर इन फिजियोथेरेपी (BPT)/ बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी (BMLT)/बैचलर ऑफ रेडियोलॉजी एंड इमेजिंग टेक्नोलॉजी (BRIT)/बीएससी (ऑप्टोमेट्री)

**फोरेंसिक साइंसेज**
बीएससी फोरेंसिक विज्ञान

**मैनेजमेंट एंड कॉमर्स**
बी.कॉम (ऑनर्स)/बीबीए (Finance & Texation)/बीसीए (आईटी और मल्टीमीडिया)/एम.कॉम (ऑनर्स)/मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (MBA)/मास्टर ऑफ हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन (MHA)/मास्टर ऑफ पब्लिक हेल्थ (MPH)

**ह्यूमैनिटीज एंड जर्नलिज्म**
बी.ए (पत्रकारिता)/बी.ए (जनसंचार)/एम.ए (अंग्रेजी)/एम.ए (मनोविज्ञान)/एम.ए (पत्रकारिता)/एमए (जनसंचार)

**योगा एंड नेचुरोपैथी**
पीजी डिप्लोमा इन योगा एंड नेचुरोपैथी (PGDYN)

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें - 9105500202, 9105500404, फोन-0581-2526153, 051, 053

पता : एडमिशन सेल, एडमिनिस्ट्रेटिव ब्लॉक, बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज कैंपस, बरेली, पिन कोड-243006 (उ.प्र.)
E-mail : admission@biu.edu.in

# सियासत का बदलापुर बन गया इस बार मुजफ्फरपुर

**चुनौती नई, लड़ाई वही**

- दो बार भाजपा से जीते सांसद अजय निषाद इस बार कांग्रेस की तरफ से उतरे हैं मैदान में
- पिछली बार महागठबंधन से लड़े राजभूषण निषाद को भाजपा ने बनाया है उम्मीदवार

दिग्विजय सिंह

**अमृत विचार:** बिहार में पांचवें चरण में जिन लोकसभा सीटों पर मतदान होगा, उनमें शाही लीची के लिए प्रसिद्ध और एक जमाने में समाजवादी नेता जार्ज फर्नांडीज के नाम से जाना जाने वाला मुजफ्फरपुर क्षेत्र भी है। लेकिन मुजफ्फरपुर का इस बार का लोकसभा चुनाव थोड़ा अजब-गजब है। इस बार के चुनावी मुकाबले को लेकर कहा जा रहा है कि यह लंगोट बदल कर लड़ने वाले सियासी पहलवानों के दांव-पेच के लिए याद किया जाएगा। मुजफ्फरपुर लोकसभा सीट पर 2019 में भाजपा से चुनाव लड़कर दूसरी बार सांसद बने अजय निषाद इस बार 2024 के लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन की तरफ से कांग्रेस प्रत्याशी के रूप में ताल ठोंक रहे हैं। इसके दूसरी तरफ 2019 में महागठबंधन की तरफ से वीआईपी के टिकट पर चुनाव लड़ने वाले राज भूषण निषाद इस बार एनडीए की तरफ से भाजपा के उम्मीदवार हैं। ऐसे में बड़ा सवाल है कि क्या भाजपा यहां अपनी जीत की हैट्रिक लगाएगी या अजय निषाद अपनी जीत का सिलसिला कायम रखते हुए तीसरी जीत दर्ज करने में सफल रहेंगे। भाजपा और कांग्रेस दोनों के प्रत्याशी निषाद जाति के होने के कारण इस बार निषाद मतों के साथ सवर्ण और मुस्लिम मतदाता निर्णायक माने जा रहे हैं।


अजय निषाद।


राजभूषण निषाद ।

### एक दूसरे के मतों में सेंधमारी और निषाद मतों पर छिड़ा घमासान

- मुजफ्फरपुर लोकसभा सीट से दो बार के भाजपा सासंद और इस बार कांग्रेस के उम्मीदवार अजय निषाद के पिता जय नारायण निषाद मुजफ्फरपुर से तीन बार सांसद चुने गए थे। इस कारण अजय निषाद की सजातीय मतों पर अच्छी पकड़ है। 10 साल भाजपा का सांसद रहने के कारण भाजपा समर्थक मतों में सेंध लगा सकते हैं। कांग्रेस का उम्मीदवार होने के कारण सवर्णों का भी मत हासिल कर सकते हैं। आरजेडी और तेजस्वी यादव के प्रभाव से मुस्लिम-यादव थोक वोट मिल सकते हैं। इसके साथ ही उनके समर्थन से वीआईपी की भी अग्नि परीक्षा है। वीआईपी के मुकेश सहनी इंडिया गठबंधन का हिस्सा हैं। ऐसे में देखने वाली बात होगी कि वह कितना वोट अजय निषाद के पक्ष में ला सकते हैं, क्योंकि यहां उनके दल का आधार है। उधर पिछली बार महागठबंधन में शामिल वीआईपी के टिकट से चुनाव लड़े राजभूषण चौधरी के लिए भी स्थितियां इस बार बदली हुई हैं। नीतीश कुमार के प्रभाव से राजभूषण को कुर्मी, कोयरी और अति पिछड़ा वोट हासिल हो सकता है। चिराग पासवान के कारण दलित वोट भी मिल सकता है।

### पांच बार सांसद चुने गए थे जार्ज फर्नाडीस

- मुजफ्फरपुर सीट से दिग्गज समाजवादी नेता जॉर्ज फर्नाडीस चुनाव जीतकर संसद पहुंचते थे। फर्नाडीस ने इमरजेंसी के बाद 1977 का लोकसभा चुनाव जनता पार्टी के टिकट पर जेल के अंदर रहकर लड़ा था और कांग्रेस के खिलाफ रिकार्ड वोटों के अंतर से जीत दर्ज की थी। जॉर्ज फर्नाडीस मुजफ्फरपुर लोकसभा सीट से पांच बार सांसद चुने गए थे।

### स्मार्ट सिटी के अधूरे काम बरसात में डूब जाता शहर

- मुजफ्फरपुर में सबसे बड़ा मुद्दा स्मार्ट सिटी के काम हैं। 966 करोड़ रुपये के स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट में अभी तक सिर्फ 570 करोड़ रुपये खर्च हुए है। शेष बची आठ योजनाएं अभी शुरू ही नहीं हो सकी हैं। हाजीपुर-मुजफ्फरपुर बाईपास का काम अधूरा है। समस्तीपुर से मुजफ्फरपुर के बीच ट्रेन की मांग पूरी नहीं हो पा रही है। बरसात में जलभराव होने से पूरा शहर साल डूबता है। हालांकि मुजफ्फरपुर को सुपर स्पेशलिटी हॉसपिटल की सौगात मिली है। एनएच मुजफ्फरपुर-बरौनी को फोरलेन बनाने की योजना पर भी हरी झंडी मिल गई है। इसके अलावा मुजफ्फरपुर रेलवे जंक्शन को 2026 तक विश्वस्तरीय बनाने का काम शुरू किया गया है।

- **पहला चुनाव दो तो दूसरा चार लाख से जीते थे** : 2014 के लोकसभा चुनाव में मुजफ्फरपुर सीट भाजपा के खाते में आई थी। भाजपा प्रत्याशी अजय निषाद ने कांग्रेस उम्मीदवार दिग्गज नेता अखिलेश प्रसाद सिंह को दो लाख से अधिक वोटों से हराया था। 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा से अजय निषाद फिर जीते। इस बार उन्होंने महागठबंधन की तरफ से उतरे विवेकशील इंसान पार्टी (वीआईपी) के उम्मीदवार राजभूषण निषाद को चार लाख से अधिक वोटों से हरा दिया।
- **भाजपा-आरजेडी के दो-दो, जेडीयू और कांग्रेस का एक-एक विधायक** : मुजफ्फरपुर लोकसभा सीट के अंतर्गत छह विधानसभा क्षेत्र आते हैं। दो विधानसभा सीटों पर भाजपा के विधायक हैं। दो विधानसभा सीटों पर आरजेडी का कब्जा है, जबकि एक-एक सीट पर विधायक जेडीयू और कांग्रेस से है।

**2019 के पिछले चुनाव में भाजपा ने रायबरेली को छोड़कर 14 में से13 सीटों पर खिलाया था कमल**

# पांचवें चरण में पांच सीटों पर भाजपा की राह मुश्किल भरी

मनोज त्रिपाठी

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश में पांचवें चरण का लोकसभा चुनाव अवध, बुदेलखंड और दोआब के इलाके में होगा। इन तीनों क्षेत्रों की 14 लोकसभा सीटों पर 20 मई को वोट डाले जाएंगे। इस चरण की एक-दो सीटों को छोड़कर 2014 की मोदी लहर के बाद से भाजपा ने लगातार अपना वर्चस्व बना रखा है। 2014 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने 12 सीटें जीती थी तो 2019 में उसकी जीती हुई सीटों की संख्या बढ़कर 13 हो गई थी, सिर्फ रायबरेली सीट पर कांग्रेस से सोनिया गांधी जीत सकी थीं। लेकिन इस बार का मुकाबला पिछले दो चुनाव से थोड़ा अलग माना जा रहा है। इसकी वजह यह है कि इन 14 में से पांच सीटें ऐसी हैं, जिन पर 2019 में जीत-हार का आंकड़ा एक लाख वोटों से कम था। इसके साथ ही कांग्रेस के साथ गठबंधन में चुनाव लड़ रहे सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने इस बार सीट दर सीट जातीय समीकरण साधते हुए ओबीसी और अति पिछड़े वर्ग पर खास दांव लगाया है। तीसरा बड़ा फैक्टर विधानसभा सीटों पर कब्जे का है। इन 14 लोकसभा सीटों के अंतर्गत 71 विधानसभा सीटें हैं। इनमें से 45 पर भाजपा और 21 सीटों पर सपा का कब्जा है। इन्हीं कारणों से माना जा रहा है कि इस बार लड़ाई थोड़ी मुश्किल भरी हो सकती है।

भाजपा को 2019 के चुनाव में पांचवें चरण की जिन लोकसभा सीटों पर एक लाख से कम वोटों के अंतर से जीत मिली थी, उसमें अमेठी भी शामिल है, जहां भाजपा की केंद्रीय मंत्री स्मृति इरानी ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी को 55 हजार मतों से हरा दिया था। इसके अलावा कौशांबी, फैजाबाद, बांदा और मोहनलालगंज लोकसभा क्षेत्र में भी भाजपा की जीत का अंतर एक लाख वोटों से कम था। ऐसे में पिछली बार की कम अंतर से जीत वाली पांचों सीटों पर भाजपा ने पूरा जोर लगा रखा है कि इनमें से कोई सीट किसी भी तरह हाथ से फिसलने न पाए।

- पांच सीटों पर पिछले चुनाव में भाजपा की जीत का आंकड़ा एक लाख वोटों से कम रहा था
- 2019 में 14 सीटों के 71 विधानसभा क्षेत्रों में 45 पर भाजपा और 21 पर सपा रही थी आगे
- 2022 के विधानसभा चुनाव में 71 विधानसभा सीटों में 41 भाजपा ने जीतीं





**05** वां चरण
**14** लोकसभा सीटें
**144** प्रत्याशी
**20** मई मतदान

**08**
सीटें अवध क्षेत्र
लखनऊ, मोहनलालगंज, रायबरेली, अमेठी, फैजाबाद, कैसरगंज, बाराबंकी, गोंडा

**04**
सीटें बुंदेलखंड क्षेत्र
झांसी, हमीरपुर, बांदा और जालौन लोकसभा क्षेत्र

**02**
सीटें दोआब क्षेत्र
फतेहपुर और कौशांबी लोकसभा क्षेत्र

**01**
सीट
कौशाम्बी में 2014 व 2019 दोनों बार हुआ नजदीकी मुकाबला

**2019 में एक लाख से कम वोटों से जीतने वाली सीटें**

| लोकसभा क्षेत्र | जीत का अंतर |
| --- | --- |
| मोहनलालगंज | 90,204 |
| अमेठी | 55,120 |
| फैजाबाद | 65,477 |
| बांदा | 58,938 |
| कौशांबी | 38,722 |





**2019 का परिणाम**
13 भाजपा
01 कांग्रेस

**2014 का परिणाम**
12 भाजपा
02 कांग्रेस

**2009 का परिणाम**
06 सपा
06 कांग्रेस
01 भाजपा
01 बसपा

### बुंदेलखंड में सपा और बसपा की नहीं गल पा रही दाल

- बुंदेलखंड इलाका कभी बसपा का गढ़ कहा जाता था। लेकिन यहां की चारों लोकसभा सीटों पर भाजपा ने 2014 से दबदबा बना रखा है। पार्टी ने सवर्ण मतों के साथ पिछड़ा और दलित वर्ग में ऐसी सोशल इंजीनियरिंग की है कि पिछली बार सपा-बसपा गठबंधन करके भी यहां की किसी भी सीट पर भाजपा को बड़ी चुनौती नहीं दे पाई थीं। जानकारों का मानना है कि इस बार भी बुंदेलखेड में सपा-कांग्रेस गठबंधन या बसपा के लिए भाजपा के वोटबैंक में सेंधमारी करना आसान नहीं है।

### अवध क्षेत्र में भी जातियों की मजबूत व्यूह रचना

- अवध क्षेत्र में भी बुंदेलखंड की तरह भाजपा ने अपने आधार वोट बैंक में गैर यादव पिछड़ा वर्ग और अति पिछड़े वर्ग के साथ ही गैर-जाटव दलितों को जोड़कर मजबूत व्यूह रचना की है। इस समीकरण से ही पार्टी अमेठी में राहुल गांधी को हराने में कामयाब रही थी। पार्टी को पिछले दोनों चुनावों में वोट प्रतिशत बढ़ने का भी लाभ मिल रहा है, जिसके चलते विपक्षी प्रत्याशियों को वोट बैंक में सेंधमारी किए बिना मुकाबला करना कठिन हो रहा है।

### मतदान प्रतिशत बढ़ाने पर पूरा जोर लगा रही है भाजपा

- नजदीकी मुकाबले वाली सीटों में अक्सर मतदान प्रतिशत महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। ऐसे में पांचवें चरण की कम अंतर से जीती सीटों पर भाजपा का पूरा जोर मतदान प्रतिशत ऊंचा रखने पर है। माना जा रहा है कि मतदान प्रतिशत में गिरावट का नुकसान उठाना पड़ सकता है। 2014 और 2019 के लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ने से भाजपा का वोट प्रतिशत भी बढ़ा था। इससे पहले 2009 के चुनाव में मतदान प्रतिशत कम रहा था। इसका सपा, बसपा और कांग्रेस को फायदा मिला था। कांग्रेस ने रायबरेली, अमेठी के साथ फैजाबाद, गोंडा, बाराबंकी और झांसी में जीत सीटों पर दर्ज की थी। बसपा ने हमीरपुर सीट जीती थी। भाजपा को सिर्फ लखनऊ में जीत मिली थी। बाकी छह सीटों पर समाजवादी पार्टी की साइकिल दौड़ी थी।

### बसपा ने एक तिहाई सीटों पर खेला है इस बार ब्राह्मण कार्ड

- पांचवें चरण की सुरक्षित लोकसभा सीटों पर बसपा ने जीत की उम्मीद लगा रखी है। मोहनलालगंज, हमीरपुर, बांदा, जालौन और बाराबंकी सीट पर त्रिकोणीय मुकाबला होने की स्थिति में पार्टी फायदा मिलने की उम्मीद है। इन सीटों पर बसपा ने जातीय समीकरण देखकर ही प्रत्याशी उतारे हैं। पार्टी ने गोंडा में सौरभ कुमार मिश्रा, कैसरगंज से नरेंद्र पांडे, फैजाबाद से सच्चिदानंद पांडेय, हमीरपुर में निर्दोष दीक्षित को उतारकर ब्राह्मण कार्ड खेला है।


**भरी हुंकार** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने हावड़ा में रोड शो किया। उन्होंने तृणमूल कांग्रेस उम्मीदवार के लिए वोट मांगे और केंद्र सरकार को जमकर कोसा।

# भाजपा में शामिल होंगी श्रीकला रेड्डी, अमित शाह से की मुलाकात

चुनाव डेस्क

**अमृत विचार।** जौनपुर संसदीय सीट पर मुकाबला दिलचस्प होता जा रहा है। बसपा से टिकट कट जाने पर नाराज चल रहीं पूर्व सांसद धनंजय सिंह की पत्नी श्रीकला रेड्डी गुरुवार को भाजपा का दामन थाम सकतीं हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सभा में वह पार्टी की सदस्यता ग्रहण करेंगी। जल्द ही जौनपुर में प्रधानमंत्री की सभा होगी। पिछले चुनाव में भाजपा यह सीट हार गई थी। बसपा के उम्मीदवार श्याम सिंह यादव जीते थे। इस बार बसपा ने पहले श्रीकला रेड्डी को उम्मीदवार बनाया था बाद में उनका टिकट काटकर श्याम सिंह यादव को दे दिया। नाराज श्रीकला ने गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की। इससे पहले धनंजय सिंह ने भी जनसभा कर भाजपा के समर्थन की बात कही थी। ऐसे में इस कयास को बल मिल रहा है कि श्रीकला भाजपा का दामन थामेंगी।

भाजपा ने जौनपुर सीट से पूर्व मंत्री कृपाशंकर सिंह, सपा ने पूर्व मंत्री बाबू सिंह कुशवाहा और बसपा ने श्याम सिंह को मैदान में उतारा है। यहां मुकाबला त्रिकोणीय है। यादव मतदाताओं में अच्छी पैठ रखने वाले श्याम सिंह के मैदान में आने से बसपा , सपा के परंपरागत मतदाताओं में सेंध लगाती दिख रही है। बाबू सिंह पर बाहरी प्रत्याशी का ठप्पा लगा हुआ है। भाजपा और बसपा के लोग उन्हें बाहरी बता रहे हैं तो सपा में भी यहां अंतरकलह जबरदस्त है। इस लोकसभा क्षेत्र में राजपूत और यादव मतदाताओं का दबदबा है।

धनंजय के साथ आने से भाजपा यह सीट आसानी से जीत सकती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आने से भी समीकरण सधने की उम्मीद है श्रीकला के औपचारिक रूप से भाजपा में शामिल होने के बाद धनंजय सिंह भी पार्टी नेताओं के साथ प्रचार करेंगे। फिलहाल यहां भाजपा में कृपा शंकर सिंह को उम्मीदवार बनाए जाने को लेकर नाराजगी भी है। भाजपा को यहां भितरघात का भी डर सता रहा है। ऐसे में पार्टी अपने कील- कांटे दुरुस्त करने में लगी हुई है। कृपा शंकर सिंह कांग्रेस में रहे हैं और वे महाराष्ट्र में प्रदेश सरकार में मंत्री भी थे। स्थानीय नेता को टिकट न मिलने का अंदरखाने पार्टी नेता


गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात करती श्रीकला रेड्डी।

- **पूर्व सांसद धनंजय सिंह की पत्नी आज थाम सकतीं हैं भाजपा का दामन**
- **बसपा ने पहले बनाया प्रत्याशी बाद में सांसद श्याम सिंह यादव को दे दिया टिकट**

**आरक्षण बचाओ**


राष्ट्रीय जनता दल के नेता एवं बिहार के पूर्व उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने सारण में बहन रोहिणी आचार्य के समर्थन में आयोजित जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने बिहार के मुख्यमंत्री नितीश कुमार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर जमकर हमला बोला। कहा कि संविधान बचाने के लिए इंडिया गठबंधन का सत्ता में आना जरूरी है। नरेंद्र मोदी यदि इस बार प्रधानमंत्री बन गए तो वह संविधान बदल देंगे और आरक्षण को खत्म कर देंगे। उन्होंने बहन रोहिणी आचार्य को जिताने की अपील की।

# असली और नकली सेना के साथ बगावत व वफादारी का इम्तिहान

**मुंबई दक्षिण लोकसभा सीट पर सांसद अरविंद सांवत लगाएंगे हैट्रिक या शिंदे गुट की विधायक यामिनी जाधव रोक लेंगी रास्ता**

चुनाव डेस्क

**अमृत विचार:** मुंबई से आने वाली लोकसभा की सभी छह सीटों में मुंबई दक्षिण सीट सबसे खास है। भौगोलिक हिसाब से अगर गेट वे आफ इंडिया, मरीन ड्राइव, मुंबा देवी मंदिर, हाजी अली दरगाह, रेलवे स्टेशन सीएसमटी और शेयर कारोबार का दिल बीएसई, इस लोकसभा क्षेत्र की पहचान है, तो सियासत के लिहाज से यह लोकसभा क्षेत्र जहां कल्बादेवी और भूलेश्वर जैसे हिंदु बहुल इलाकों के साथ मुस्लिम बाहुल्य भिंडी बाजार, मस्जिद बंदर जैसे क्षेत्र भी समेटे है। इस लोकसभा सीट पर सेना बनाम सेना का रोचक मुकाबला हो रहा है। महायुति में शामिल मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना ने इस सीट पर विधायक यामिनी जाधव को उतारा है, उनका मुकाबला उद्धव ठाकरे की अगुवाई वाली शिवसेना के प्रत्याशी और मुंबई दक्षिण के मौजूदा सांसद अरविंद सांवत से हो रहा है, जो इस बार जीत की हैट्रिक लगाने की उम्मीद लगाए हैं। यहां 20 मई को पांचवे चरण में वोट डाले जाएंगे। मुंबई दक्षिण लोकसभा क्षेत्र मिनी इंडिया जैसा है और यहां सभी समुदायों, जातियों और आय वर्ग के लोग रहते हैं। यही वजह रही कि महाविकास अघाड़ी में सीट शेयरिंग के दौरान इस सीट को लेकर अगर शिवसेना (उद्धव) और कांग्रेस के बीच खींचतान चली, तो महायुति में भाजपा और शिवसेना (शिंदे) भी इस सीट के लिए खूब जोर-आजमाइश हुई थी।

इस सीट से मौजूदा सांसद अरविंद सावंत को उद्धव ठाकरे का विश्वस्त माना जाता है। उधर, शिंदे शिवसेना की प्रत्याशी भायखाला विधानसभा क्षेत्र से विधायक यामिनी जाधव उन 39 विधायकों में शामिल थीं, जिन्होंने दो साल पहले उद्धव ठाकरे के खिलाफ बगावत करने पर एकनाथ शिंदे को खुला समर्थन दिया था। उनके शिंदे गुट में शामिल होने को लेकर यह भी कहा जाता है कि यामिनी और उनके पति यशवंत जाधव अपने आईटी रिटर्न में विसंगतियों के कारण आयकर विभाग के रडार पर आ गए थे। इसके अतिरिक्त, प्रवर्तन निदेशालय ने फेमा उल्लंघन के लिए दंपति के खिलाफ जांच शुरू की थी। आरोप है कि इससे राहत पाने के लिए भी उन्होंने सत्ता पक्ष के साथ रहने का रास्ता चुना।

साल 2019 में मुंबई दक्षिण सीट से अविभाजित शिवसेना से अरविंद सावंत जीते थे। उन्हें 4,21,937 वोट मिले थे। उन्होंने कांग्रेस के मिलिंद मुरली देवड़ा को चुनाव में हराया था, जिन्हें 3,21,870 वोट मिले थे। लेकिन 2022 में शिवसेना दो भागों में विभाजित हो गई, जिसमें अरविंद ने शिवसेना उद्धव बालासाहेब ठाकरे गुट को चुना। साल 2014 में भी इस सीट से अरविंद सावंत जीते थे। उन्होंने कांग्रेस के मिलिंद देवड़ा को हराया था। अरविंद सावंत को 3,74,609 वोट मिले थे, वहीं देवड़ा ने 2,46,045 वोट पाए थे। इससे पहले साल 2009 और 2004 के लोकसभा चुनाव में इस सीट से कांग्रेस के मिलिंद मुरली देवड़ा जीते थे। मिलिंद देवड़ा इस बार भी यहां से चुनाव लड़ना चाहते थे, लेकिन सीट शेयरिंग में इस लोकसभा क्षेत्र को उद्धव ठाकरे वाली शिवसेना में जाता देखकर कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हो गए थे। इस सीट पर 45% मराठी वोटर्स हैं, लेकिन दोनों मराठी उम्मीदवार भी टक्कर में हैं। ऐसे में गुजराती मतदाताओं के साथ बड़ी संख्या में मौजूद मुस्लिम मतदाता निर्णायक साबित हो सकते हैं।

चुनाव प्रचार अभियान में दोनों तरफ से मुंबई ट्रांस हार्बर लिंक, कोस्टल रोड और पुनर्विकास परियोजनाओं जैसे बुनियादी ढांचे का श्रेय लेने जैसे मुद्दे हावी हैं। शिंदे गुट की प्रत्याशी यामिनी जाधव जहां अपनी जीत के लिए भाजपा कार्यकर्ताओं और राज ठाकरे की पार्टी मनसे के समर्थन पर निर्भर हैं, वहीं अरविंद सामंत को कांग्रेस का साथ मिलने से मुस्लिम मत मिलने की पूरी उम्मीद है। इस लोकसभा क्षेत्र में छह विधानसभा सीटें हैं, जिनमें से तीन महा विकास अघाड़ी और तीन महायुति के पास हैं।


अरविंद सांवत।


यामिनी जाधव।

# गोंडा की जातीय व्यूह में फंसा कमल

## सपा और भाजपा प्रत्याशी के बीच सीधी टक्कर

## बसपा का कैडर वोट सिर्फ देखता है चुनाव चिन्ह

## मुस्लिम और यादव सपा के साथ जाने को दिख रहा तैयार

अरुण कुमार मिश्र, गोंडा

अमृत विचार ग्राउंड रिपोर्ट

**10 प्रतिशत फ्लोटिंग वोट से तय होगी जीत हार**

**अमृत विचार:** गोंडा लोकसभा में भारत-पाकिस्तान, हिंदू-मुस्लिम, राम मंदिर से लेकर सभी ऐसे मुद्दे उछाले गये जो आम लोगों को झिंझोड़ दे लेकिन अयोध्या की शास्त्रीय सीमा में बसे गोंडा में जातिवाद ने अपना विष फिर से उगलना शुरू कर दिया है, जिससे राजनीतिक विश्लेषकों को भी चक्कर आने लगा है। ऐसी स्थिति में भाजपा उम्मीदवार भी अपने कराए काम को भूल केवल मोदी के नाम की माला लेकर निकल पड़ें हैं।

मनकापुर के जयसेन सिंह कहते हैं कि इस बार लड़ाई बहुत बढ़िया है। सपा प्रत्याशी भाजपा को सीधा टक्कर दे रही है। भाजपा प्रत्याशी विकास के मुद्दे पर चुनाव मैदान में हैं। भाजपा प्रत्याशी के गृह विधानसभा के राम लौटन वर्मा कहते हैं कि भाजपा सरकार में महंगाई, बेरोजगारी अहम मुद्दा है। श्रेया वर्मा युवा प्रत्याशी हैं उनके बाबा ने यहां सांसद रहते हुए उन्होंने क्षेत्र में काफी विकास किया है लेकिन वह काम की गिनती नहीं करा सके। लेकिन कहा कि वर्मा वोटर 90 प्रतिशत सजातीय को वोट करेगा। बगल में बैठे सुरेंद्र प्रताप सिंह कहते हैं कि बीजेपी प्रत्याशी को हराना आसान नहीं है। कहा कि यहां लड़ाई है ही नहीं। मोदी और योगी के कार्यों को जनता देख रही है। विकास को देखते हुए जनता बीजेपी के साथ जाएगी और कीर्तिवर्धन सिंह लाखों वोट से जीत दर्ज करेंगे।

बसपा प्रत्याशी का क्या असर रहेगा? इस सवाल पर श्यामलाल भारती ने कहा कि बसपा प्रत्याशी को 50 हजार से अधिक वोट मिलेगा जिससे बीजेपी प्रत्याशी का नुकसान हो सकता है।

यह एक वजह भी सपा प्रत्याशी के बढ़त का कारण हो सकता है। श्यामलाल कहते हैं कि बसपा का कैडर वोट सिर्फ चुनाव निशान को देखता है, प्रत्याशी कौन है, कहां का है, इससे मतलब नहीं है। जो भी बसपा के खाते में जाएगा उसका सीधा असर भाजपा को होगा। मेहनौन विधानसभा के खरगूपुर के अजीज कहते हैं कि सबसे बड़ी बात तो यह है कि सपा और भाजपा का कोई उम्मीदवार वोट मांगने तक नहीं आया। भाजपा का तो कहने सुनने के लिए चुनाव कार्यालय खुला है लेकिन सपा के उम्मीदवार को लोग पहचानते तक नहीं हैं। जब पूछा गया कि फिर मुस्लिम समुदाय की क्या राय है। वह कहते हैं कि मुसलमान तो वोट सपा को ही करेगा। अजीज यह भी कहते हैं कि सपा के उम्मीदवार केवल अपने सजातीय वोटर को साधने में लगी हैं। वह मुस्लिम और यादव मतदाता से बहुत दूर हैं फिर भी मुस्लिम और यादव सपा के साथ जाने को तैयार दिख रहा है।


मनकापुर में एक चाय की दुकान पर चर्चा करते मतदाता। अमृत विचार

### गोंडा लोकसभा




### भाजपा को मिले थे 50 प्रतिशत से अधिक मत

2019 में राष्ट्रवाद, राम मंदिर और हिंदू-मुस्लिम के फैक्टर हावी थे और मोदी-योगी की जोड़ी के नाम का प्रभाव इतना था कि गोंडा सीट से भाजपा को 50 प्रतिशत से अधिक मत मिले थे और विपक्षी को दो लाख से अधिक मतों से शिकस्त मिली थी। लेकिन इस बार सभी राष्ट्रीय मुद्दे गौड़ दिख रहे हैं। जातिवाद और सजातीय प्रेम ने अपना जाल फैला दिया है। अगर कुछ बचा है तो केवल मोदी का नाम। अभी भी मतदाता मोदी के साथ जाने की बात स्वीकार कर रहे हैं। गोंडा सीट पर अभी कांटे की टक्कर दिख रही है। इसमें 10 प्रतिशत का फ्लोटिंग वोट सबसे बड़ा फैक्टर साबित हो सकता है। 17 मई को योगी आदित्यनाथ चार विधानसभा क्षेत्र के जंक्शन वाले स्थान पर जनसभा को संबोधित करेंगे। मेहनौन, उतरौला, मनकापुर और गौरा विधानसभा के मध्य रेहरा बाजार में हिंदू वोटरों को साधेंगे। खासकर कुर्मी वोटरों को रिझाने की कोशिश करेंगे। यदि कुर्मी वोटर की नाराजगी दूर कर ले गए तो बीजेपी को 10 फीसदी वोट का सीधा लाभ मिलेगा। उधर योगी की जनसभा के दूसरे दिन 18 मई को सपा मुखिया अखिलेश यादव की पत्नी सांसद डिंपल यादव रोड शो करेंगी। गोंडा विधानसभा से लेकर मेहनौन विधानसभा तक लंबे रोड शो के माध्यम से प्रत्याशी के सजातीय वोट पर चोट कर दुहाई देने वाली हैं। यदि कुर्मी वोट का झुकाव सपा की ओर हुआ तो 10 फीसदी वोट का लाभ सपा को मिलेगा।

### क्षत्रिय और ब्राह्मण का झुकाव भाजपा की ओर

मनकापुर विधानसभा के बैरीपुर रामनाथ के प्रदीप चंद्र तिवारी कहते हैं कि यदि कुर्मी का झुकाव सजातीय उम्मीदवार पर है तो भाजपा के दो कद्दावर विधायक कुर्मी विरादरी के भी हैं और उनके क्षेत्र में रहने वाले कुर्मी विरादरी को रोकने की भरपूर कोशिश करेंगे। तिवारी कहते हैं कि प्रदेश में भाजपा की सरकार है और अभी साढ़े तीन साल वे विधायक रहेंगे और जरुरत पड़ने पर बिरादरी के लोगों को अपने विधायक के पास ही जाना पड़ेगा। न की बाराबंकी जाएंगे। वह कहते हैं कि क्षत्रिय, ब्राह्मण, निषाद, राजभर, कश्यप सहित अन्य पिछड़ा वर्ग और दलित वोट भी बीजेपी के पाले में जाता दिख रहा है।

### विधानसभा वार मतदाता व वोट शेयर का अनुमान

| उतरौला | मेहनौन | गोंडा | मनकापुर | गौरा |
|---|---|---|---|---|
| 428121 | 378716 | 361702 | 339728 | 334854 |

वर्ष- 2024




नोट-जातिवार आंकड़े अनुमानित हैं। राजनीतिक विश्लेषकों के आधार पर दिए गए हैं।

### उतरौला शहरी क्षेत्र में मुस्लिम आबादी अधिक

गोंडा लोकसभा क्षेत्र की पांच विधानसभा क्षेत्रों में उतरौला एक मात्र ऐसी विधानसभा है जहां हमेशा धार्मिक आक्सीजन पर चुनावी बुखार घटता-बढ़ता रहा है। पिछले कई चुनावों में यहां यह परिणाम देखने को मिला। उतरौला विधानसभा में चार लाख से अधिक मतदाता हैं और उतरौला शहरी क्षेत्र में मुस्लिम आबादी अधिक है। लेकिन राप्ती के कछार से लेकर रेहरा, महदेइया, चमरूपुर व आसपास के अन्य इलाकों में पिछड़ा वर्ग में कंहार, कुर्मी, बनिया, मारवाड़ी, ब्राह्मणों का बोलबाला है। यहां का हिंदू जब नाराज होता है तो मुस्लिम विधायक बन जाता है और जब यूनाइट होता है तो हिंदू विधायक होता है। लोकसभा चुनाव में भी इसका परिणाम मिलता रहा है। यहां हिंदू व मुस्लिम दो धड़ों में चुनाव होता है। इसलिए यहां जातीय समीकरण बहुत मायने नहीं रखते हैं।

# अयोध्या से बड़ा संदेश देने की रणनीति पर सपा और बसपा

## हार-जीत के साथ वोट बैंक के लिए भी लड़ रहीं दोनों पार्टियां

## मामूली वोट प्रतिशत बढ़ने से बदल जाती है तस्वीर

राजेंद्र कुमार पांडेय, अयोध्या:

**अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव में सपा और बसपा अयोध्या से बड़ा संकेत देना चाहती हैं। दोनों पार्टियां जीत-हार के साथ वोट बैंक के जरिए अपनी हैसियत दिखाने के लिए भी लड़ रही हैं। वोट बैंक में मामूली बढ़ोतरी से सीटों की तस्वीर बदल जाती है। बढ़त बनाने के लिए दांव-पेंच तेज है। अपवाद को छोड़ दिया जाए तो अतीत के चुनाव में दोनों दलों के बीच वोटों का अंतर मामूली ही रहा है।

फैजाबाद लोकसभा सीट से दलित वर्ग से प्रत्याशी उतारकर सपा ने बसपा के वोट बैंक पर कब्जा करने की कोशिश की है। जीत का मार्ग भी इसी से खोज रही है। किसी भी दल के लिए अयोध्या में बढ़त का संदेश दूर तक जाता है, खासतौर से वर्तमान की राजनीति में। यह रणनीति इसलिए भी यहां अपनाई गई। सपा ने मिल्कीपुर (सुरक्षित) से विधायक अवधेश प्रसाद को मैदान में उतारा है। वह बसपा के काडर वोट की बिरादरी से हैं। बसपा ने इस क्षरण को रोकने के लिए एक बार फिर सर्व समाज के अपने नारे को चरितार्थ करने के लिए ब्राह्मण प्रत्याशी सच्चिदांनद को मैदान में भेजा है। अतीत में भी सपा-बसपा के बीच वोट बैंक की जंग यहां होती रही है।

साल 2019 के लोकसभा चुनाव में तो इन दोनों दलों का गठबंधन था। गठबंधन प्रत्याशी के रूप में सपा नेता आनंदसेन को मैदान में उतारा गया था। उन्हें 4.63 लाख वोट मिले थे। कुल 10,87,420 वोट पड़े थे। यह कुल पड़े वोटों का 43.01 फीसदी थी। इसमें वोटों का आंकड़ा संयुक्त था। दोनों दलों के वोट इसमें शामिल थे। इसके पहले 2014 के लोकसभा चुनाव में दोनों दलों ने अलग-अलग प्रत्याशी उतारा था। कुल 10,22,734 वोट डाले गए थे। इस चुनाव में सपा प्रत्याशी को 2.08 लाख वोट मिले। यह कुल पड़े वोटों का 20.43 फीसदी था जबकि बसपा प्रत्याशी को 1.41 लाख वोट मिले। यह कुल पड़े वोटों का 13.86 फीसदी रहा। अंतर महज छह फीसदी के आसपास रहा। यह स्थिति तब थी जब सपा ने जिले के कद्दावर मित्रसेन यादव को मैदान में उतारा था। बसपा से जितेंद्र सिंह बब्लू चुनाव मैदान में थे।

दोनों दलों के बीच वोटों के लिए राजनीतिक जंग के पीछे कारण एक और भी है। दोनों दलों के वोट प्रतिशत में मामूली अंतर से सीटों की संख्या के आंकड़े में जबरदस्त उछाल आ जाता है। आंकड़े बताते हैं कि साल 1998 के लोकसभा चुनाव में बसपा और सपा के वोट प्रतिशत में .26 फीसदी वोट के अंतर से दोनों दलों की सीटों में 15 सीटों का अंतर आया। बसपा ने लोकसभा चुनाव में 4.67 फीसदी वोट पाने के बाद केवल पांच सीटें जीती जबकि 4.93 फीसदी वोट पाकर सपा ने 20 सीटे हासिल कर ली थी। साल 1999 के लोकसभा चुनाव में महज दो फीसदी वोट के अंतर से सीटों में छह का अंतर आ गया था। बसपा ने 22.08 फीसदी वोट हासिल करके 14 सीटें जीती थी जबकि सपा ने 24.06 फीसदी वोट लेकर 26 सीटों तक पहुंच गई।

विधानसभा चुनाव के आंकड़े भी वोटों के मामूली अंतर से सीटों में बड़े अंतर को दर्शाते हैं। साल 2017 के विधानसभा चुनाव में सपा को 21.8 फीसदी वोट मिले। सीटें 47 थी जबकि 2022 के विधानसबा चुनाव में 32.06 फीसदी वोट के साथ आंकड़ा 111 सीटों तक पहुंच गया। साल 2017 के विधानसभा चुनाव में बसपा 22.2 फीसदी वोट के साथ 19 सीटों पर थी लेकिन सन् 2022 के विधानसभा चुनाव में 12.88 फीसदी वोट के साथ केवल एक सीट पर सिमट गई।

लोकसभा चुनाव के जरिए दोनों दल अपने सियासी विकास के केंद्र अयोध्या से एक बार फिर अपनी राजनीतिक हैसियत दिखाने की कोशिश में है। इसके लिए तरह-तरह की रणनीति बना रहे हैं। जीत के साथ वोट बैंक के लिए हर नुस्खा अपनाया जा रहा है। वोट बैंक में इजाफे के लिए एक दूसरे के वोट बैंक पर कब्जा करने के लिए तेजी से चालें चल रही हैं।



### सपा और बसपा को एक बार मिली जीत

दोनों दलों की कसक यह भी है कि नब्बे के दशक के बाद से सपा और बसपा अयोध्या वाली फैजाबाद लोकसभा सीट पर केवल एक-एक बार जीत करा पाई। जबकि दोनों के उद्भव में अयोध्या का अहम स्थान रहा है। सपा मंदिर आंदोलन के विरोध पर खड़ी हुई तो बसपा ने यहां की गई सोशल इंजीनियरिंग से सफलता की सीढ़ी चढ़ा। सन् 1998 लोकसभा चुनाव में यह सीट सपा के खाते में रही तो 2004 में बसपा ने कब्जा किया। इसका असर प्रदेश की अन्य सीटों पर भी पड़ता है। आंकड़े बताते हैं कि साल 1998 में जब सपा ने फैजाबाद लोकसभा सीट जीती तो पूरे प्रदेश में उसका आंकड़ा 20 सीटों तक पहुंच गया था। इसके पहले 1996 के लोकसभा चुनाव में सपा को केवल एक सीट मिली थी। इसी तरह साल 2004 के लोकसभा चुनाव में जब बसपा ने इस सीट पर कब्जा किया। उसके खाते में सीटों का आंकड़ा 19 तक पहुंच गई।

### अपनी ढपली अपना राग


कई ऐसे अवसर आते हैं जब आपको पछताना पड़ता है, लेकिन इस बार ऐसा नहीं है, जिसमें आप बाद में पछताएं इसलिए मोदी को फिर से पीएम बनाएं। – केशव प्रसाद मौर्य


मतदाताओं के दिल में एनडीए गठबंधन है। इस रिश्ते को और मजबूत करना है। पहले भी सपा-कांग्रेस गठबंधन फेल हुआ। अब दो लड़के फिर आ गए हैं। – अनुप्रिया पटेल


मतदान के रुझान से यह स्पष्ट है कि अब भाजपा के दिल्ली जाने की सभी संभावनाएं धूमिल हो गई है। भाजपा की लोकतांत्रिक व्यवस्था में जरा भी आस्था नहीं। – राजेन्द्र चौधरी


पीएम मोदी ने अगर लोगों के लिए काम किया होता तो दिखावे के लिए रोड शो नहीं करते। उनके रोड शो में जो भीड़ थी, वह सब दिखावटी है। – अजय राय

## 1,59,97,175 प्रचार-प्रसार सामग्री हटाई गई

**अमृत विचार, लखनऊ :** आचार संहिता के तहत चल रही कार्रवाई में अब तक 1,59,97,175 प्रचार-प्रसार सामग्री हटाई गई है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि अब तक सार्वजनिक स्थानों से 98,54,181 व निजी स्थानों से 61,42,994 प्रचार-प्रसार सामग्री हटाई गई है। इस दौरान सार्वजनिक स्थानों से वालराइटिंग के 11,11,127, पोस्टर के 44,77,505, बैनर के 27,40,256 व अन्य 15,25,293 मामलों में कार्रवाई की गई। इसी प्रकार निजी स्थानों में से वालराइटिंग के 8,65,641, पोस्टर के 28,47,512 बैनर के 15,46,314 व अन्य 8,83,527 मामलों में कार्रवाई की गई। इसी प्रकार अब तक वाहनों में बीकन लाइट, फ्लैग के दुरुपयोग के 1280 मामलों में व लाउड स्पीकर एक्ट के उल्लंघन के 2195 मामलों में कार्रवाई की गई। बिना अनुमति के सभा व भाषण करने, मतदाताओं को लुभाने सहित अन्य मामलों में 136 एफआईआर दर्ज कराई गई है।

### इलेक्शन बायस्कोप


भाजपा प्रदेश मुख्यालय पर दूसरे दल से आए नेताओं को सदस्यता दिलाते प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी। -अमृत विचार

# 7वें चरण के चुनाव के लिए महारथी तैयार

**मोदी समेत दिग्गज नेताओं के बीच होगा मुकाबला**

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** प्रदेश में सातवें व अंतिम चरण में 13 सीटों पर होने वाले चुनाव के लिए 'महारथी' तैयार हैं। नामांकन प्रक्रिया पूरी होने के बाद चुनाव मैदान की तस्वीर लगभग साफ हो गई है। हालांकि, 17 मई को नाम वापसी के बाद स्थिति पूरी तरह साफ होगी। इस चरण में एक जून को मतदान होगा। चुनाव महारथियों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय समेत अन्य दिग्गज नेता शामिल हैं।

लोकसभा सीटों के लिए कुल 317 प्रत्याशियों ने नामांकन किये हैं। इसी चरण में सोनभद्र की दुद्धी (अजजा) विधानसभा सीट के लिए भी उप चुनाव हो रहा है। इस सीट पर आठ प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र दाखिल किये हैं। इस चरण में लोकसभा सीटों में महराजगंज, गोरखपुर, कुशीनगर, देवरिया, बांसगांव (अजा), घोसी, सलेमपुर, बलिया, गाजीपुर, चंदौली, वाराणसी, मिर्जापुर व राबर्ट्सगंज (अजा) सीटें शामिल हैं। इस चरण के चुनाव पर सभी की निगाहें हैं, क्योंकि वाराणसी सीट से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी प्रत्याशी हैं। कांग्रेस से प्रदेश अध्यक्ष पूर्व मंत्री अजय राय उनका मुकाबला कर रहे हैं।

## सपा के पूर्व विधायक समेत कई नेता भाजपा में शामिल

**अमृत विचार, लखनऊ :** समाजवादी पार्टी के कई नेताओं ने काफी संख्या में अपने समर्थकों के साथ भाजपा की सदस्यता बुधवार को ग्रहण की। पार्टी के राज्य मुख्यालय पर इस मौके पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी मौजूद रहे। सपा से भाजपा में आने वाले इन नेताओं में पूर्व विधायक दिलीप कुमार वर्मा (बहराइच), पूर्व विधायक माधुरी वर्मा (बहराइच) और पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष राम कुमार उर्फ चिंकू यादव (सिद्धार्थनगर) अपने समर्थकों के साथ शामिल रहे। इस दौरान सिद्धार्थनगर के पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष राम कुमार उर्फ चिंकू यादव के साथ जिला पंचायत सदस्य, नगर पंचायतों के पार्षद और स्थानीय सपा नेताओं ने भाजपा की सदस्यता ली है।

# सलोन से बढ़त बनाने के लिए राजनीतिक दलों ने झोंकी ताकत

## रायबरेली के सलोन से खुलता है अमेठी की जीत का रास्ता

नीरज श्रीवास्तव, परशदेपुर/रायबरेली

**अमृत विचार:** अमेठी संसदीय क्षेत्र में मतदान होने में महज कुछ ही दिन बचे हैं। ऐसे में राजनीतिक दलों की पूरी नजर अमेठी संसदीय क्षेत्र में आने वाले रायबरेली जिले के सलोन विधान सभा पर है। राजनीतिक दलों को पता है सलोन जीतने से ही अमेठी की जीत का रास्ता खुलता है। यही कारण है कि सलोन से लीड बनाने के लिए भाजपा और कांग्रेस के योद्धाओं ने पूरी ताकत झोंक दी है।

1967 में अस्तित्व में आई अमेठी लोकसभा में रायबरेली जिले का सलोन विधान सभा भी शामिल किया गया था, जिससे अमेठी का सांसद बनाने में सलोन विधान सभा की भी महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि भाजपा प्रत्याशी स्मृति इरानी नामांकन के बाद सलोन का करीब दस बार दौरा कर चुकी हैं। नामांकन करने के दूसरे दिन ही कांग्रेस प्रत्याशी किशोरी लाल शर्मा ने सबसे पहले सलोन का दौरा किया था।

प्रियंका गांधी ने अमेठी में यूं तो सबसे पहले फुरसतगंज में कार्यक्रताओ को संबोधित किया था लेकिन नुक्कड़ सभाओं के लिए सबसे पहले वे भी सलोन ही आई थी। बसपा प्रत्याशी नन्हे सिंह चौहान भी सलोन का दौरा कर चुके हैं।

### सलोन विधान सभा क्षेत्र एक नजर में

वर्ष- 2024




| | |
|---|---|
| कुल ब्लॉक | 03 |
| कुल नगर पंचायत | 03 |
| कुल मतदान केंद्र | 227 |
| कुल मतदेय स्थल | 369 |
| कुल जोन | 03 |
| कुल सेक्टर | 30 |

### जिसने सलोन जीता, उसे अमेठी में भी मिली जीत

2014 के चुनाव में राहुल गांधी को सलोन से 88,111 व स्मृति इरानी को 55,014 वोट मिले थे। 33,097 वोटों की लीड ने राहुल गांधी की जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। स्मृति की टीम ने अगले पांच वर्षों में इन 33,097 वोटों के अंतर की खाई को पाटने में पूरी ताकत झोंक दी। यही कारण था 2019 में स्मृति इरानी को 90,195 और राहुल गांधी को 88,285 वोट मिले। 1,910 वोटों से सलोन जीतकर स्मृति ने अमेठी में भी राहुल को पराजित कर दिया।

### भगवामय है सलोन विधान सभा क्षेत्र

सलोन में विधायक, तीनों ब्लॉक प्रमुख भाजपा के हैं। सलोन और परशदेपुर के नगर पंचायत अध्यक्ष भाजपा में शामिल हो चुके हैं। नसीराबाद के भी भाजपा के समर्थन में जुटे हैं। इसके अलावा ज्यादातर स्थानीय बड़े नेता भी भाजपा में ही दिखाई देते हैं। सभी अपना क्षेत्र जिताने के लिए जोर-शोर से जुटे हैं।

### कांग्रेस के योद्धा भी कर रहे सलोन का दौरा

कांग्रेस की तरफ से प्रियंका गांधी, राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी व किशोरी लाल शर्मा कई नुक्कड़ जनसभाओं को संबोधित कर चुके हैं। राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिका अर्जुन खरगे ने भी डीह में जनसभा को संबोधित किया है। पूर्व सीएम अशोक गहलोत, किशोरी लाल शर्मा की पुत्री अंजली शर्मा भी सलोन आ चुके हैं।

### सलोन आ चुके हैं भाजपा के ये योद्धा

भाजपा की तरफ से उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य जनसभा को संबोधित कर चुके हैं। कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी, राज्यमंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह व राज्यसभा सांसद अमरपाल मौर्य व ब्रजलाल भी सलोन विधान सभा का दौरा कर चुके हैं। केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल आज गुरुवार को जनसभा को संबोधित करने आएंगी। ऊंचाहार के सपा विधायक मनोज पांडेय भी स्मृति के साथ मंच साझा कर रहे हैं। अन्य प्रदेशों के भाजपा नेता भी सलोन में डेरा डाले हैं।

## चुनावी चक्कर

**कॉमेडियन श्याम रंगीला ही पूछ रहे हंस लूं या रो लूं? :**

**कॉमेडियन श्याम रंगीला ही पूछ रहे हंस लूं या रो लूं? प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी से लोकसभा चुनाव लड़ने को लालायित कॉमेडियन श्याम रंगीला का नामांकन खारिज कर दिया गया है। सोशल मीडिया एक्स पर उन्होंने पोस्ट लिखकर यह जानकारी दी है। इससे पहले वाराणसी से चुनाव लड़ने के लिए रंगीला ने निर्दलीय नामांकन पत्र दाखिल किया था। वाराणसी से प्रधानमंत्री समेत 40 लोगों ने नामांकन पर्चा भरा था। इससे पहले श्याम रंगीला ने आरोप लगाया कि मुझे तीन दिन तक पर्चा देने के लिए दौड़ाया गया। मुझे बोला गया कि आपने शपथ नहीं ली। मैंने कहा कि आपने दिलाई नहीं। तो अधिकारियों ने कहा कि वह आपका काम है, हमारा नहीं। दूसरी बात यह कि हमें कहा गया कि आपने 14 मई को 2 बजकर 58 मिनट पर फॉर्म दिया, जबकि हम तो 10 तारीख से इंतजार कर रहे थे। 13 तारीख को पूरे दिन कतार में लगे रहे। बहरहाल, श्याम रंगीला ने एक बयान जारी करते हुए कहा कि मेरा नामांकन खारिज कर दिया गया है, जिसमें राजनीति दिख रही है। मैं हंस लूं या रो लूं?**

## साइकिल की उतरी चैन, कांग्रेस डायनासोर की तरह होगी विलुप्त : राजनाथ

संवाददाता, बख्शी का तालाब/लखनऊ

**अमृत विचार :** राजधानी में 5वें चरण में होने वाले चुनाव को लेकर प्रचार अभियान तेज होता जा रहा है। राजनीतिक दल प्रचार को लेकर कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहे हैं। इसी क्रम में बुधवार को लोकसभा क्षेत्र मोहनलालगंज के बख्शी का तालाब में रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने एक जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि पैर में चोट लगने के कारण मैं खड़े होकर संबोधित नहीं कर पा रहा हूं, मगर अगली बार जब आऊंगा तो खड़े होकर आपसे मिलूंगा। हमारे पुराने साथी कुंवर हरिदत्त सिंह अब हमारे बीच नहीं है, आज उनकी कमी हमें महसूस हो रही है। आज मैं आप सभी के बीच मोहनलालगंज लोकसभा प्रत्याशी कौशल किशोर के लिए वोट मांगने आया हूं। उक्त बातें रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने बख्शी का तालाब में आयोजित जनसभा में कहीं। राजनाथ ने विपक्षी दलों पर टिप्पणी करते हुए कहा कि समाजवादी पार्टी की साइकिल की चैन उतर गई है और अब चढ़ने वाली भी नहीं, कांग्रेस की तो हालत ही खराब है, 2024 के चुनाव के 10 वर्षों बाद बच्चे पूछेंगे कि कौन थी कांग्रेस.. उन्होंने हंसते हुए कहा कि कांग्रेस भी डायनासोर की तरह विलुप्त हो जाएगी। राजनाथ सिंह ने उपस्थित जन समुदाय से कहा कि आजाद भारत में बहुत सी सरकारें बनीं मगर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की कार्यशैली सबसे अलग है।

# 2019 के चुनाव से बेहतर होगा इस बार मतदान प्रतिशतः रिणवा

## मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने जागरूकता रथों को हरी झंडी दिखाई

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने कहा कि 2019 के चुनाव से इस बार का मतदान प्रतिशत बेहतर होगा। मुख्य निर्वाचन अधिकारी सूचना प्रसारण मंत्रालय की ओर से संचालित मतदाता जागरूकता अभियान कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने अभियान के तहत राजधानी स्थित केंद्रीय भवन से मतदाता जागरूकता रथों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

लखनऊ और मोहनलालगंज संसदीय क्षेत्र में ये रथ शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चत करने के लिए मतदाताओं को प्रेरित करेंगे। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के साथ-साथ सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय समेत केंद्र व प्रदेश सरकार के सभी विभागों के समेकित प्रयास से आने वाले तीन चरणों में मतदान प्रतिशत में वृद्धि होगी। उन्होंने कहा कि 2024 में उतर प्रदेश में मतदान का प्रतिशत 2019 के चुनावों से बेहतर होगा। इस मौके पर उन्होंने प्रकाशन विभाग की तीन पुस्तकों 'अनफोल्डिंग इंडियन इलेक्शनस', 'मतदान में विश्वास' और 'बिलीफ इन द बैलट' का लोकार्पण किया। कार्यक्रम में सूचना प्रसारण मंत्रालय के अपर महानिदेशक विजय कुमार, दूरसंचार विभाग के मुख्य लेखा नियंत्रक संगीत कुमार, आईटीबीटी के उप महानिरीक्षक के. संजय कुमार व सीबीसी के निदेशक मनोज कुमार वर्मा भी उपस्थित रहे।



लखनऊ में बुधवार को मतदाता जागरूकता रथों को हरी झंडी दिखाते नवदीप रिणवा।

## एल्विश को बयान के लिए बुलाएगी ईडी

**लखनऊ, अमृत विचार :** यूट्यूबर एल्विश यादव के खिलाफ सांप के जहर बेचने का मुकदमा दर्ज कराने वाले गौरव गुप्ता का बयान ईडी द्वारा दर्ज किया गया। नई दिल्ली स्थित ईडी मुख्यालय में लखनऊ से भेजे गए असिस्टेंट डायरेक्टर ने बयान दर्ज किया। गौरव गुप्ता के मुताबिक 11 मई को ईडी का नोटिस प्राप्त हुआ था। नोटिस के माध्यम से उन्हें लखनऊ स्थित जोनल कार्यालय में बुलाया गया था। नोटिस में कहा गया है कि ईडी द्वारा एक मुकदमा दर्ज किया गया है, जिसकी विवेचना चल रही है। विवेचना पूरी करने के लिए आपके बयान महत्वपूर्ण हैं, जिन्हें दर्ज कराने के लिए लखनऊ साक्ष्य सहित आना है। वादी के बयान और साक्ष्य मिलने के बाद ही ईडी की ओर से एल्विश यादव को पूछताछ के लिए समन भेजा जाएगा। उधर, ईडी के वरिष्ठ अधिकारियों की टीम एल्विश से पूछताछ के लिए प्रश्नों की सूची भी तैयार कर रही है। जल्द ही नोएडा पुलिस के अधिकारियों से भी ईडी के अधिकारी संपर्क कर सकते हैं।

# शाहजहांपुर जेल में बंद पारिया की 10 करोड़ की सम्पत्तियां कुर्क

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

- बार एसोसिएशन के पूर्व सचिव हैं संजीव पारिया

अमृत विचार : शाहजहांपुर जिला जेल में बंद बार एसोसिएशन के पूर्व महासचिव संजीव पारिया की बुधवार को दस करोड़ की संपत्ति कुर्क कर ली गई। इसमें दो करोड़ 70 लाख रुपये की संपत्ति कन्नौज जिले में है। अब तक संजीव पारिया की 46 करोड़ की सम्पतियां कुर्क की जा चुकी हैं। संपत्ति कुर्क करने की कार्रवाई तहसीलदार श्रद्धा पांडेय ने की।

तहसीलदार श्रद्धा पांडे ने पत्रकारों को बताया कि फतेहगढ़ कोतवाली क्षेत्र में गैंगस्टर अधिनियम के तहत संजीव पारिया के खिलाफ दर्ज मामलों में डीएम ने उसकी संपत्ति कुर्क करने के आदेश दिए थे। तहसीलदार सदर श्रद्धा पांडेय को प्रशासक नियुक्त किया था। इसके तहत बुधवार को तहसीलदार सदर श्रद्धा पांडे ने कार्रवाई करते हुए टीम के साथ संजीव पारिया की चार संपत्तियां कुर्क की हैं। जिसमें भोलेपुर स्थित एक प्लाट, मोहल्ला गढ़ी स्थित एक प्लांट एवं मोहल्ला बजाजा स्थित दो संपत्तियां जिसमें चार दुकानें शामिल हैं, कुर्क की हैं। तहसीलदार ने नगर पालिका के टीम के साथ पहुंचकर दुकानों को खाली कराकर सीज कर दिया और नोटिस चस्पा कर दिया है। कुर्क की गई सभी संपत्तियों की कीमत लगभग 7 करोड़ 35 लाख 20 हजार रुपए आंकी गई है । तहसीलदार सदर श्रद्धा पांडे ने बताया कि इसी ऑर्डर में जनपद कन्नौज स्थित इंटर कॉलेज भी सम्मिलित है। जिसकी कीमत लगभग 2 करोड़ 70 लाख रुपए है। उन्होंने बताया कुल संपत्ति का जो कुर्की आदेश है उसमें लगभग 10 करोड़ की संपत्तियां निहित है। तहसीलदार सदर ने बताया कि पारिया की अनैतिक तरीके से अर्जित की गई 36 करोड़ की सम्पत्ति पहले ही कुर्क की जा चुकी है। अब तक उसकी 46 करोड़ की सम्पतियां कुर्क की जा चुकी है। बताते चलें कि बार एसोसिएशन के पूर्व सचिव संजीव पारिया मौजूदा समय में शाहजहांपुर जिला जेल में बंद है। प्रशासन की उनके विरुद्ध कार्रवाई लगातार जारी है।

## सार-संक्षेप

### बिजनौर के भाजपा विधायक अशोक राणा की याचिका को वापस लेने की शर्त पर किया खारिज

**विधि संवाददाता,प्रयागराज :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने रंगदारी, आगजनी और हत्या के मामले में बिजनौर के भाजपा विधायक अशोक राणा की जमानत याचिका वापस लेने की शर्त पर खारिज कर दी। उक्त आदेश में न्यायमूर्ति राजीव गुप्ता और न्यायमूर्ति शिव शंकर प्रसाद की खंडपीठ ने अशोक राणा और एक अन्य की याचिका पर सुनवाई के दौरान अधिवक्ता के अनुरोध पर पारित किया। विधायक और उनके बेटे प्रियांकर राणा के खिलाफ आईपीसी की विभिन्न धाराओं के तहत शिवाला कलां, बिजनौर में 30 अप्रैल 2024 को रविंदर उर्फ रवि पुंडीर द्वारा प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। प्राथमिकी में आरोप लगाया गया कि शिकायतकर्ता के प्लांट पर विधायक के 15-20 आदमियों ने पहुंचकर आगजनी और फायरिंग की, जिसमें वहां का चौकीदार गंभीर रूप से घायल हो गया। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि विधायक और उनके पुत्र ने उससे कई बार पैसों की मांग की थी और पैसे न मिलने पर उसकी मशीनों को क्षतिग्रस्त कर दिया और उसे काम बंद कर बिजनौर छोड़ने की धमकी दी।

### श्रीकृष्ण जन्मभूमि मामले में सुनवाई जारी

**विधि संवाददाता,प्रयागराज :** इलाहाबाद हाईकोर्ट में मथुरा स्थित श्रीकृष्ण जन्मभूमि और शाही ईदगाह विवाद मामले में बुधवार को हुई सुनवाई के दौरान हिंदू पक्ष ने तर्क दिया कि यह संपत्ति एक हजार साल से अधिक समय से भगवान कटरा केशव देव की है और सोलहवीं शताब्दी में भगवान कृष्ण के जन्मस्थल को ध्वस्त कर ईदगाह के तौर पर एक चबूतरे का निर्माण कराया गया था। हिंदू पक्ष की ओर से कहा गया कि वर्ष 1968 में कथित समझौता कुछ और नहीं है, बल्कि सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड और इंतेजामिया कमेटी द्वारा की गई एक धोखाधड़ी है, इसलिए समय सीमा की बाध्यता यहां लागू नहीं होती है। इसमें कहा गया है कि वर्ष 1968 का कथित समझौता वादी के संज्ञान में 2020 में आया और संज्ञान में आने के तीन साल के भीतर यह वाद दायर किया गया है। इसके अलावा 12 अक्टूबर 1968 को हुए समझौते में भगवान पक्षकार नहीं थे और साथ ही समझौता करने वाला श्रीकृष्ण जन्म सेवा संस्थान ऐसे किसी तरह के समझौते के लिए अधिकृत नहीं था, बल्कि इस संस्थान का काम दैनिक गतिविधियों का संचालन करना था। मामले की सुनवाई गुरुवार को भी जारी रहेगी।

### फूलपुर के निर्दलीय प्रत्याशी नफीस अहमद पर रिपोर्ट

**प्रयागराज, अमृत विचार :** फूलपुर लोकसभा संसदीय सीट से निर्दलीय प्रत्याशी नफीस अहमद के व्यय लेखा रजिस्टर प्रस्तुत न करने के बाद निर्वाचन अधिकारी ने कर्नलगंज थाने में तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया है। लोकसभा के सामान्य निर्वाचन अधिकारी अभिषेक कुमार ने कनर्लगंज थाने में रिर्पोट दर्ज करा दी है। आरोप है कि निर्दल प्रत्याशी नफीस अहमद 11 मई को व्यय-लेखा रजिस्टर प्रस्तुत नहीं किया। इसके खिलाफ उनको नोटिस जारी कर 48 घंटे का समय दिया गया। लेकिन उसके बाद भी उन्होंने व्यय रजिस्टर जमा नहीं किया। दो दिन बाद फिर निर्वाचन अधिकारी ने प्रत्याशी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करा दी।

### 178.03 लाख कीमत की शराब, ड्रग व नकदी जब्त

**लखनऊ, अमृत विचार :** आदर्श आचार संहिता के तहत 178 .03 लाख रुपये कीमत की शराब, ड्रग व नकदी जब्त की गई। जिला निर्वाचन अधिकारियों को कार्रवाई और तेज करने के निर्देश दिये गये हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि प्रदेश में प्रवर्तन एजेंसियों व उड़नदस्तों की ओर से अवैध शराब, नकदी आदि की जब्ती संबंधी निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन किया जा रहा है। बीते 1 मार्च से 14 मई तक कुल 42,039 .69 लाख रुपये कीमत की शराब, ड्रग, बहुमूल्य धातुएं व नकदी आदि जब्त किये गये। इसमें 3330 .66 लाख रुपये नकद धनराशि, 5260 .44 लाख रुपये कीमत की शराब, 23381 .32 लाख रुपये कीमत की ड्रग, 2289 .87 लाख रुपये कीमत की बहुमूल्य धातुएं आदि जब्त की गईं।

# पेपर बदलने पर परीक्षार्थियों का हंगामा, तोड़फोड़ की

संवाददाता, कानपुर/बिठूर

- आरोप, परीक्षकों ने परीक्षार्थियों को दे दिया गलत प्रश्न पत्र

**अमृत विचार :** कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट अंडर ग्रेज्युएट एग्जाम (सीयूईटी यूजी 2024) के दौरान बुधवार को एक सेंटर पर परीक्षार्थियों ने जमकर हंगामा किया। परीक्षार्थियों ने परीक्षा केंद्र में पथराव और तोड़फोड़ भी की। परीक्षार्थियों का आरोप था कि उन लोगों को गलत प्रश्न प्रश्नपत्र दिया गया। भारी पुलिस बल परीक्षा केंद्र पहुंच गया। लगभग तीन घंटे चले हंगामे के बाद छात्रों को समझा-बुझाकर शांत कराया जा सका। केंद्र का पेपर कैंसिल कर दिया गया है। यहां के परीक्षार्थियों का पेपर दोबारा होगा।

एनटीए की ओर से गुरुवार को मंधना स्थित महाराणा प्रताप इंजीनियरिंग कॉलेज में परीक्षा का आयोजन किया गया था। परीक्षा के दौरान ही परीक्षार्थियों ने हंगामा शुरू कर दिया। छात्रों का आरोप था कि परीक्षा केंद्र में उन लोगों को गलत प्रश्न पत्र वितरित कर दिया गया है। हिंदी माध्यम के परीक्षार्थियों को अंग्रेजी व अंग्रेजी माध्यम के परीक्षार्थियों को हिंदी माध्यम का पेपर दिया गया। परीक्षा केंद्र की लापरवाही की वजह से परीक्षार्थियों का भविष्य अंधकारमय हो गया है। परीक्षार्थियों ने पेपर आउट होने का भी आरोप लगा दिया। उन्होंने केंद्र के भीतर ही पत्थरबाजी करनी शुरू कर दी। इससे खिड़कियों व दरवाजों पर लगे कांच चकनाचूर हो गए। कुछ परीक्षार्थियों ने परीक्षा केंद्र में लगे गमलों को तोड़ दिया। मामला बढ़ता देख तीन थानों का फोर्स मौके पर पहुंचा। पुलिस प्रशासन ने परीक्षार्थियों को समझाबुझा कर मामले को शांत किया। परीक्षार्थियों ने परीक्षा केंद्र के कर्मचारियों पर मारपीट करने का भी आरोप लगाया।

## पीएसी का प्लाटून कमांडर 10 हजार की रिश्वत लेते गिरफ्तार

**गोंडा, अमृत विचार :** जिले की 30 वीं वाहिनी पीएसी में तैनात प्लाटून कमांडर को एंटी करप्शन की टीम ने 10 हजार रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। प्लाटून कमांडर ने पीएसी में तैनात एक सिपाही से उसकी रपट की कार्रवाई को खत्म करने के नाम पर 10 हजार की घूस मांगी थी। आरोपी प्लाटून कमांडर के खिलाफ नगर कोतवाली थाने में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत रिपोर्ट दर्ज करायी गयी है।अंबेडकरनगर जिले के अलीगंज थाना क्षेत्र के ककरही गांव निवासी रूपेंद्र राव 30 वीं वाहिनी पीएसी में सिपाही के पद पर तैनात है। ड्यूटी के दौरान लापरवाही बरतने पर उसके खिलाफ रपट लिखी गयी थी। रुपेंद्र इस रपट की कार्रवाई को खत्म कराने प्लाटून कमांडर सूबेदार राम केवल सिंह के पास गया था। रूपेंद्र का कहना है कि रपट की कार्रवाई को खत्म करने के लिए रिश्वत मांगी गई थी।

# छात्र-छात्राओं ने निकाला कैंडल मार्च

संवाददाता, कुमारगंज (अयोध्या)

**अमृत विचार :** आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कुमारगंज में तीन दिन पूर्व एमएससी एग्रोनॉमी अंतिम वर्ष के छात्र यशपाल सिंह की मौत से भड़के छात्र- छात्राओं ने मंगलवार रात कैंडल मार्च निकाला। विश्वविद्यालय के गेट नंबर 2 पर बैठकर शांति प्रार्थना की।

इसके बाद छात्र-छात्राओं का हुजूम विश्वविद्यालय के वीआईपी गेट पर पहुंचा। जहां धरने पर बैठकर विश्वविद्यालय प्रशासन के खिलाफ फिर नारेबाजी शुरू कर दी। उनकी मांग थी कि आरोपी शिक्षक को गिरफ्तार किया जाए और दिवंगत छात्र के परिजनों को मुआवजा दिलाया जाए। रात्रि करीब 2:30 बजे आंदोलित छात्र धरना स्थल से हटे। वहीं कैंडल मार्च निकालने की सूचना पर सुरक्षा अधिकारी आरके सिंह ने विश्वविद्यालय के दोनों गेटों में चौकसी बढ़ाकर गेट पर ताले लगवा दिए थे, लेकिन छात्रों का आक्रोश एवं गुस्सा देख प्रशासन नतमस्तक दिखा।


विश्वविद्यालय के गेट नंबर 2 पर बैठकर शांति प्रार्थना करते हुए छात्र। ● अमृत विचार

- बरेली के यशपाल की मौत मामले में आरोपी शिक्षक की गिरफ्तारी को लेकर दिया धरना

**छात्र के सील कमरे को खुलवाकर की जांच :** कृषि विश्वविद्यालय के छात्र एवं बरेली के अमानपुर भगवतीपुर निवासी यशपाल सिंह(22) पुत्र मलखान सिंह द्वारा आत्महत्या किए जाने के मामले में फॉरेंसिक टीम ने बुधवार को छात्र के सील कमरे को पुलिस की मौजूदगी में खुलवाकर साक्ष्य संकलित किये। को थाने तलब कर पूछताछ की।

# भाजपा प्रत्याशी के भाइयों ने फैला रखा है आतंक

संवाददाता, ऊंचाहार, रायबरेली

- प्रियंका गांधी ने उमरन, अकोढीया ऊंचाहार नगर और मतीनगंज में की जनसभा

**अमृत विचार :** कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी ने रायबरेली से भाजपा उम्मीदवार पर निशाना साधते हुए कई आरोप लगाए हैं। बुधवार को क्षेत्र के उमरन, अकोढीया, ऊंचाहार नगर और मतीनगंज में हुई सभाओं को संबोधित करते हुए प्रियंका ने रायबरेली से लोकसभा चुनाव लड़ रहे भाजपा के दिनेश प्रताप सिंह का नाम लिए बगैर कहा कि भाजपा उम्मीदवार के पांचों भाइयों ने पूरे जिले में आतंक फैला रखा है।

प्रियंका के मुताबिक, भाजपा उम्मीदवार और उनके भाई गरीबों की जमीन पर कब्जा करते हैं। ग्राम प्रधानों को, कोटेदारों को धमकाते हैं। कांग्रेस सरकार ने पंचायती राज अधिनियम लाकर पंचायतों को मजबूत किया था। आज पंचायतों के प्रधान भाजपा उम्मीदवार की धमकियों से परेशान हैं। ऐसे लोग आपके सांसद बनना चाहते हैं। प्रियंका ने कहा, आपकी सांसद सोनिया गांधी थीं, हमेशा आप लोगों से झुककर मिली हैं। आज ऐसा नहीं हो रहा है। हमारी आंगनबाड़ी की महिलाएं, आशा बहुएं जब अपने मानदेय बढ़ाने के लिए लखनऊ में धरना देती हैं, तो उन पर लाठियां बरसाई जाती हैं और उन्हें देशद्रोही कानून में फंसाया जाता है। प्रियंका ने राहुल गांधी को भारी समर्थन देने की अपील करते हुए कहा कि कांग्रेस सरकार आई तो आपको रोजगार, महिलाओं के खातों में धनराशि, कृषि उपकरणों से जीएसटी खत्म करने संबंधी काम करेगी। सभा का संयोजन पूर्व विधायक कुंवर अजय पाल सिंह ने किया। इस मौके पर पार्टी के प्रदेश सचिव अतुल सिंह, वरिष्ठ नेता रतीपाल शुक्ल, डॉ. अजहर अब्बास नकवी, अर्जुन तिवारी, शाजू नकवी, मेंहदी हसन, नगर पंचायत की पूर्व चेयरमैन शाहीन सुलतान, छविनाथ यादव आदि मौजूद थे।


ऊंचाहार में जनसभा को संबोधित करतीं प्रियंका गांधी।

# यौन पीड़िताओं के लंबित मुआवजा आवेदनों के शीघ्र निस्तारण के निर्देश

विधि संवाददाता, प्रयागराज

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने प्रदेश में यौन उत्पीड़न की पीड़िताओं को मुआवजा देने में हो रही देरी पर गहरी नाराजगी जताते हुए कहा कि राज्य के सभी जिला विधिक सेवा प्राधिकरणों के समक्ष 1129 आवेदन लंबित हैं। यह स्थिति चिंतनीय है, क्योंकि बड़ी मात्रा में आवेदनों के निस्तारण में देरी दर्शाती है कि प्राधिकरण ठीक से काम नहीं कर रहे हैं।

कोर्ट ने यौन पीड़िताओं को मुआवजा देने के लिए प्राधिकरण को अत्यधिक संवेदनशीलता के साथ कार्य करने का निर्देश दिया, साथ ही राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण को आगामी सुनवाई की तिथि पर सभी जिला विधिक सेवा प्राधिकरणों से प्राप्त रिपोर्ट के आधार पर एक नई रिपोर्ट बनाकर प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। उक्त आदेश न्यायमूर्ति विवेक कुमार बिड़ला और न्यायमूर्ति सैयद कमर हसन रिजवी की खंडपीठ ने संतकबीर नगर निवासी श्रीमती ममता की याचिका पर सुनवाई करते हुए पारित किया, जिसमें पोक्सो अधिनियम के तहत पीड़िता को दो लाख का मुआवजा और पुनर्वास देने की मांग की गई थी। मामले की सुनवाई के दौरान गत 28 मार्च को कोर्ट ने प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण को यौन उत्पीड़न/अन्य अपराधों की पीड़िताओं के लिए मुआवजा योजना-2018 के कार्यान्वियन की स्थिति के बारे में एक रिपोर्ट तलब की थी।




## वर्ग पहेली-71

**बाएं से दाएं**

3. माल या राजस्व महकमे का वह क्षेत्रीय अधिकारी जो पटवारियों या लेखपालों के कागज़ात एवं काम-काज की जांच करता है।

4. 1. फ़ैशन मॉडल की तरह किया जाने वाला काम, मॉडल की तरह काम करने का व्यवसाय 2. किसी वस्तु के स्वरूप की प्रतिकृति बनाने का कार्य।

8. 1. भूमि, खेत 2. पृथ्वी, धरती 3. धरातल का कोई भाग, ठोस तल 4. भूमि का टुकड़ा, भूखंड 5. वह तेल जिसमें किसी इत्र को तैयार किया जाता है 6. आधार 7. नदी और तालाब का तल 8. वह कागज़

9. वह जो प्राय: कोई न कोई ख़ुराफ़ात करता रहता हो।

**ऊपर से नीचे**

1. 1. गुंजार, गूंजने का शब्द 2. गुनगुनाना 3. भौरों के गूंजने की क्रिया।

2. 1. किसी घटना आदि का पूर्ण लिखित विवरण 2. खेलों के उच्चतम कीर्तिमान दस्तावेज़, लेख-प्रमाण 3. स्थायी रूप में रखना 4. सुरक्षित विवरण 5. अभिलेख।

5. हाथी दांत का बना हुआ।

6. बंद नाली का मुंह जिससे सफ़ाई करने के लिए बड़ी नाली में घुसा जा सकता हो, बंद नाली में प्रवेश करने का मार्ग।

7. 1. लोभ करने वाला, लालची 2. कंजूस।



### वर्ग पहेली -70 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 सि | रो | ही | | 2 खु | द | ना |
| र | | | 3 एं | | | |
| मो | | | पा | | 4 कु | |
| र | | 5 पा | य | जा | मा | |
| | 6 झा | ल | र | | र | |
| 7 सा | | की | | | | 8 सु |
| ज़ | | | 9 र | वा | दा | र |

## सुडोकू -150

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | | | | | | 2 | |
| | | | 3 | 4 | 5 | | | |
| 3 | 6 | | | | | | | |
| 4 | | | 8 | 7 | | | | |
| | | | | | | | | 5 |
| 7 | | | | 9 | 4 | | | |
| | | 2 | | | | | 9 | 3 |
| | | 3 | | 2 | 6 | | | |
| | 7 | | | | | | 8 | |

### सुडोकू -149 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 6 | 7 | 8 | 2 | 9 | 3 | 4 | 5 |
| 8 | 4 | 3 | 5 | 7 | 1 | 6 | 2 | 9 |
| 9 | 2 | 5 | 6 | 4 | 3 | 7 | 8 | 1 |
| 6 | 1 | 9 | 4 | 3 | 2 | 5 | 7 | 8 |
| 7 | 3 | 2 | 1 | 5 | 8 | 9 | 6 | 4 |
| 5 | 8 | 4 | 7 | 9 | 6 | 2 | 1 | 3 |
| 4 | 5 | 1 | 3 | 6 | 7 | 8 | 9 | 2 |
| 3 | 9 | 6 | 2 | 8 | 4 | 1 | 5 | 7 |
| 2 | 7 | 8 | 9 | 1 | 5 | 4 | 3 | 6 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 16 मई गुरुवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-वैशाख, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-अष्टमी 06 .22 तक तत्पश्चात नवमी।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**-दक्षिण। **ऋतु**-ग्रीष्म।
चन्द्रबल-मिथुन, सिंह, तुला, वृश्चिक, कुंभ, मीन।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-मघा 18 .14 तक तत्पश्चात पूर्वाफाल्गुनी।

**मेष** — आज व्यापार को लेकर कुछ चिंतित रहेंगे। कार्यक्षेत्र में आपको राजनीति का सामना करना पड़ेगा। अपने शत्रुओं गतिविधियों को लेकर गंभीरता रखें। अत्यधिक आदर्शवाद से आपको बचना चाहिये। अपनी जीवनशैली पर पर्याप्त धन खर्च करेंगे।

**वृष** — आज अपनी कमियों से सीखने का प्रयास करें। पुरानी उधारी चुकाने का दबाव रहेगा। जीवनसाथी आपसे प्रसन्न रहेंगे। तकनीकी शिक्षा ले रहे विद्यार्थियों के लिए दिन बहुत अच्छा है। किसी पुरानी बीमारी से ग्रसित लोगों को समस्या हो सकती है।

**मिथुन** — आज जॉब में बदलाव करने का प्रयास करेंगे। कार्यक्षेत्र में आपकी लोकप्रियता में वृद्धि होगी। दूसरों की मदद करने से आपका सम्मान बढ़ेगा। दांपत्य संबंधों में प्रेमभाव बढ़ेगा। धर्म-कर्म में आपकी रुचि और बढ़ेगी। धन को लेकर उलझे मामले सुलझ सकते हैं।

**कर्क** — आज धन से जुड़े मामलों में हानि हो सकती है। मार्केटिंग से जुड़े कार्यों में उत्तम लाभ मिलेगा। प्रेम संबंधों को लेकर मन में कुछ शंका न होने दें। परोपकार के कार्यों में आपको मन लगाना चाहिए। आपकी दिनचर्या काफी अस्त-व्यस्त हो सकती है।

**सिंह** — आज नई योजना बनाने के लिए समय उत्तम है। फर्जी फोन कॉल्स से आप सावधान रहें। कड़वी भाषा का प्रयोग न करें। दूसरे लोगों पर ज्यादा निर्भरता रखना ठीक नहीं है। ऑफिस की राजनीति से स्वयं को दूर रखें।

**कन्या** — आज सिरदर्द और थकान जैसी स्थिति बन सकती है। जॉब को लेकर यात्रा करनी पड़ेगी। राजनीति से जुड़े लोगों को कुछ कठिनाई होगी। मंहगी वस्तुओं की ख़रीदारी कर रहे हैं तो बजट का ध्यान अवश्य रखें।

**तुला** — आज भाग्य का साथ मिलने से अचानक महत्वपूर्ण मौके मिल सकते हैं। निवेश के मामले में दिन बहुत शुभ है। विदेश यात्रा के उत्तम योग बन रहे हैं। छात्र अपनी पढ़ाई को लेकर काफी सतर्क रहेंगे। संतान को लेकर समस्या दूर होगी।

**वृश्चिक** — आज मित्रों के साथ अच्छा समय बिताएंगे। आईटी और बैंक से जुड़े लोगों को करियर में अच्छे परिणाम मिलेंगे। नया कारोबार शुरू करने में सफलता मिलेगी। आर्थिक मामलों में किसी पर भरोसा न करें। व्यापार में नई तकनीक का प्रयोग सीख सकते हैं।

**धनु** — आज विरोधी पक्ष आपके प्रति परेशानी खड़ी कर सकते हैं। उच्च अधिकारियों के साथ तीखी बहस हो सकती है। मन में किसी के प्रति बैर या घृणा का भाव न रखें। शाम को परिजनों के साथ विशिष्ट विषयों पर चिंतन-विमर्श करेंगे।

**मकर** — आज आलस्य में आपका समय बर्बाद हो सकता है। बुरी संगति से स्वयं को दूर रखें। रहस्यात्मक विषयों की तरफ आकर्षित हो सकते हैं। विवाह संबंधित चर्चाओं के लिए समय शुभ नहीं है। जीवनसाथी आपसे कई तरह की शिकायत कर सकता है।

**कुंभ** — आज आपके पारिवारिक खर्च बढ़ सकते हैं। जीवनसाथी से कड़वी बातें करने से आपको परेशानी हो सकती है। कई नए विषयों की तरफ आपका झुकाव बढ़ सकता है। किसी रुके हुए मामले का समाधान होने से मन प्रसन्न रहेगा।

**मीन** — आज चिकित्सा कार्य से जुड़े लोगों को कुछ कड़वे अनुभवों का सामना करना पड़ सकता है। व्यवसाय में सहयोगियों के साथ विश्वास में कमी की भावना उत्पन्न हो सकती है। परिवार को विशेष समय अवश्य दें।

## आज की फिल्में

**B4U MOVIES**
शिव शक्ति — सुबह : 10 .02
करिश्मा कुदरत का — रात : 07 .00

**&pictures**
मैं तेरा हीरो — सुबह : 11 .09
सोनचिड़िया — रात : 08 .00

**SONY PIX**
ऐनाबेले : क्रिएशन — सुबह : 08 .54
घोस्ट राइडर — रात : 09 .07

**ZEE CINEMA**
प्रेम कहानी — सुबह : 11 .00
साजिश — शाम : 05 .00

**colors CINEPLEX**
जुड़वा — सुबह : 09 .17
गहराइयां — दोपहर : 02 .55

### आज की सुपरहिट फिल्म



एंड पिक्चर्स पर रात :08 .00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

एक आदमी छुट्टी के दिन घर पर बैठ कर डीवीडी में फिल्म देख रहा था। और जोर से चिलाया नहींहीहीहीही.. घोड़े से मत उतर पागल यह एक चाल है। आगे जाल बिछाया गया है। बोल रहा हूं मत उतर पछताएगा। पत्नी -कौन सी फिल्म देख रहे हो? पति-अपनी शादी की डीवीडी

मौलवी-किसी को इस शादी से ऐतराज। तभी आवाज आई हां मुझे है। मौलवी-अरे तुमसे किसने पूछा? तुम तो दूल्हे हो तुम्हें तो जिंदगी भर रहेगा।



| बाजार | सेंसेक्स | निफ्टी |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 72,987.03 | 22,200.55 |
| गिरावट | 117.58 | 17.30 |
| प्रतिशत में | 0.16 | 0.08 |

# कारोबार/कृषि



अमृत विचार
www.amritvichar.com
मुरादाबाद, गुरुवार, 16 मई 2024

### मैंथा बाजार भाव

**रामपुर :** शिवालिक-985 फ्लैग-1110 डीएमओ-875 बोल्ड-116
**चन्दौसी :** शिवालिक- 1000 फ्लैग-1105 बोल्ड- 1140 डीएमओ- 925

### एयर इंडिया ने इ्यूटी निर्धारण समस्या से कुछ उड़ानें की रद

**नई दिल्ली/मुंबई।** एयर इंडिया एक्सप्रेस चालक दल के ड्यूटी निर्धारण कार्यक्रम (रोस्टर प्रणाली) की समस्या से जूझ रही है। इसके कारण एयरलाइन ने बुधवार को कुछ उड़ानें रद कर दीं। टाटा समूह के स्वामित्व वाली एयरलाइन आमतौर पर प्रतिदिन 380 उड़ानें संचालित करती है। उसने एक नया ड्यूटी निर्धारण कार्यक्रम शुरू किया है। चूंकि प्रणाली में कुछ समस्याएं हैं, इसीलिए इसका असर चालक दल के सदस्यों के कार्य निर्धारण पर पड़ रहा है। दिल्ली हवाई अड्डे पर देर रात 1.50 बजे से रात आठ बजे के बीच की अवधि के दौरान एयर इंडिया एक्सप्रेस की सात उड़ानें बुधवार को रद्द कर दी गई हैं। इसमें चार प्रस्थान और तीन आगमन उड़ानें थी। कुछ अन्य हवाई अड्डों पर भी उड़ानें रद्द की गईं। हालांकि, उड़ान रद होने की कुल संख्या का तुरंत पता नहीं लग पाया है।

### 13 कंपनियां एमएससीआई सूचकांक में होंगी शामिल

**नई दिल्ली।** केनरा बैंक, जेएसडब्ल्यू एनर्जी, एनएचपीसी और जिंदल स्टेनलेस सहित 13 कंपनियों को एमएससीआई इंडिया सूचकांक में शामिल किया जाएगा। सूचकांक का संकलन करने वाले एमएससीआई के अनुसार, बॉश, केनरा बैंक, इंडस टावर्स, जिंदल स्टेनलेस, जेएसडब्ल्यू एनर्जी, मैनकाइंड फार्मा, एनएचपीसी, पीबी फिनटेक, फीनिक्स मिल्स, सोलर इंडस्ट्रीज इंडिया, सुंदरम फाइनेंस, थर्मेक्स और टोरेंट पावर एमएससीआई इंडिया सूचकांक में शामिल होने वाली कंपनियां हैं। दूसरी ओर तीन कंपनियां बर्जर पेंट्स, इंद्रप्रस्थ गैस और वन97 कम्युनिकेशंस सूचकांक से बाहर हो गईं। इसमें कहा गया, एमएससीआई (मॉर्गन स्टेनली कैपिटल इंटरनेशनल) ग्लोबल स्टैंडर्ड इंडेक्स के घटकों में बदलाव 31 मई 2024 को कारोबार के अंत में होंगे। सूचकांक में शामिल की गईं कुछ कंपनियां बीएसई पर बढ़त के साथ कारोबार कर रही हैं।

# विदेश में खनिज संपत्तियां हासिल करेगा देश

## कोल इंडिया, एनएमडीसी पहले से ही ऑस्ट्रेलिया में सक्रिय, ओवीएल भी विदेशों में निवेश करने वाली इकाई

नई दिल्ली, एजेंसी

सरकार ने बुधवार को कहा कि सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों कोल इंडिया, एनएमडीसी और ओएनजीसी विदेश लिमिटेड (ओवीएल) विदेशों में महत्वपूर्ण खनिज संपत्तियां हासिल करने के लिए काम करेंगी। ओएनजीसी विदेश लिमिटेड (ओवीएल) सार्वजनिक क्षेत्र की ऑयल एंड नैचुरल गैस कॉरपोरेशन की विदेशों में निवेश करने वाली इकाई है। इन सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (पीएसयू) की विदेश में पहले से ही किसी न किसी तरह की मौजूदगी है।

खान सचिव वीएल कांता राव ने बताया कि सचिवों के समूह (संसाधनों पर) ने निर्णय लिया है कि ये कंपनियां (कोल इंडिया, एनएमडीसी, ओएनजीसी विदेश लिमिटेड) आगे बढ़ें और विदेशों में महत्वपूर्ण खनिज पर भी ध्यान दें। यह एक आसान तरीका है। ये कंपनियां पहले से ही विदेशों में कारोबार कर रही हैं। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक क्षेत्र की कोल इंडिया चिली में कुछ लिथियम ब्लॉक पर सक्रिय रूप से काम कर रही है। एनएमडीसी पहले से ही ऑस्ट्रेलिया में सक्रिय है। उनके पास ऑस्ट्रेलिया में कुछ सोने की खदानें हैं और वे ऑस्ट्रेलिया में लिथियम खदानों पर भी गौर कर रहे हैं।



● खान सचिव ने कंपनियों से विदेशों में महत्वपूर्ण खनिजों पर ध्यान देने को कहा

उन्होंने बताया कि हम महत्वपूर्ण खनिजों के लिए चिली के साथ मौजूदा एफटीए (मुक्त व्यापार समझौते) का विस्तार करने पर विचार कर रहे हैं। ताकि हम उन तक जी टू जी (सरकार से सरकार) पहुंच प्राप्त कर सकें। भारत मंगोलिया में कुछ कोयला और तांबे की संपत्तियों पर विचार कर रहा है और सरकार इस भूमि से घिरे देश के साथ व्यापार मार्गों पर गौर कर रही है।

सचिव ने कहा कि भारत लिथियम सहित महत्वपूर्ण खनिजों के लिए जाम्बिया के साथ संयुक्त रूप से खनन भी कर रहा है। तांबा, लिथियम, निकल, कोबाल्ट और दुर्लभ तत्व जैसे खनिज आज पवन टर्बाइन और बिजली नेटवर्क से लेकर इलेक्ट्रिक वाहनों तक तेजी से बढ़ती स्वच्छ ऊर्जा प्रौद्योगिकियों में से कई में आवश्यक घटक हैं। स्वच्छ ऊर्जा बदलाव में तेजी आने के साथ इन खनिजों की मांग भी तेजी से बढ़ रही है।

### भारत की बिजली उत्पादन में कोयले की हिस्सेदारी हुई 50% से कम

**नई दिल्ली।** भारत की कुल बिजली उत्पादन क्षमता में कोयले की हिस्सेदारी 1960 के बाद पहली बार 2024 की पहली तिमाही में 50 प्रतिशत से कम रही। इंस्टीट्यूट फॉर एनर्जी इकोनॉमिक्स एंड फाइनेंशियल एनालिसिस (आईईईएफए) की नवीनतम पावरअप त्रैमासिक रिपोर्ट के अनुसार, देश में 2024 की पहली तिमाही (जनवरी-मार्च) में रिकॉर्ड 13,669 मेगावाट बिजली उत्पादन क्षमता में नवीकरणीय ऊर्जा की हिस्सेदारी 71.5% थी। भारत की कुल बिजली उत्पादन क्षमता में लिग्नाइट सहित कोयले की हिस्सेदारी पहली बार 50% से कम रही। भारत 2030 तक गैर-जीवाश्म ईंधन-आधारित स्रोतों से 50% संचयी बिजली उत्पादन क्षमता हासिल करने के लक्ष्य में काफी आगे है। बिजली उत्पादन क्षमता में कोयले की हिस्सेदारी में गिरावट वैश्विक प्रवृत्ति को दर्शाती है। जी-7 देशों में कोयले की मांग 2023 में रिकॉर्ड निचले स्तर पर पहुंच गई है। यह 1900 के बाद से नहीं देखा गया है। एम्बर की 80 देशों की पांचवीं वार्षिक वैश्विक बिजली समीक्षा के अनुसार, भारत दुनिया की सौर ऊर्जा उत्पादन रैंकिंग में चीन और अमेरिका के बाद तीसरे स्थान पर पहुंच गया है।

# शेयर बाजार में तीन दिन से जारी तेजी थमी, सेंसेक्स 118 अंक टूटा

मुंबई, एजेंसी



● बिकवाली दबाव और विदेशी निवेशकों की पूंजी निकासी से बाजार में आई गिरावट

स्थानीय शेयर बाजारों में तीन दिन से जारी तेजी पर बुधवार को विराम लगा और बीएसई सेंसेक्स 117 अंक से अधिक के नुकसान में रहा। सूचकांक में मजबूत हिस्सेदारी रखने वाले एचडीएफसी बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज और टीसीएस जैसे शेयरों में बिकवाली दबाव और विदेशी संस्थागत निवेशकों की पूंजी निकासी से बाजार में गिरावट आई।

तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स 117.58 अंक यानी 0.16% की गिरावट के साथ 72,987.03 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 281.95 अंक तक लुढ़क गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 17.30 अंक यानी 0.08% की गिरावट के साथ 22,200.55 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के शेयरों में टाटा मोटर्स, एशियन पेंट्स, एचडीएफसी बैंक, जेएसडब्ल्यू स्टील, हिंदुस्तान यूनिलीवर, नेस्ले और टाइटन नुकसान में रहे। वहीं, लाभ वाले शेयरों में भारती एयरटेल, पावर ग्रिड, एनटीपीसी, महिंद्रा एंड महिंद्रा, लार्सन एंड टुब्रो तथा एचसीएल टेक्नोलॉजीज रहे।

जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, पूरे कारोबार के दौरान किसी स्पष्ट संकेत का अभाव दिखा। इसका कारण चुनाव समेत अन्य कारणों को लेकर चिंता है। बीएसई स्मॉलकैप सूचकांक 0.96% मजबूत हुआ जबकि मिडकैप 0.60% के लाभ में रहा। रेलिगेयर ब्रोकिंग लि. के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अजित मिश्रा ने कहा, तीन दिन की तेजी के बाद गिरावट आई। शुरू में तेजी थी लेकिन प्रमुख शेयरों में बिकवाली से निफ्टी नीचे आया।

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| **कानपुर** | |
| चॉंदी 999 (प्रति किलो) | 86800 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) लिवाल | 90000 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) बिकवाल | 95000 |
| सोनाबिस्कुट (दस ग्राम) | 74650 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 55600-55800 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडर्ड (प्रति 10 ग्राम) | -72,650 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 72,500 |
| सोना गिन्नी (प्रति नग) | 42,500 |
| चांदी तैयार | 84,100 |
| चांदी (999) | 84,000 |
| चांदी सिक्के (100 नग) | 80,000 |
| **बरेली** | |
| गोल्ड (पक्के जेवर) | 72400 |
| गोल्ड (गिन्नी जेवर) | 71400 |
| सिल्वर (पक्की) | 830 (अनुमानित)। |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 72,750 |
| चांदी आभूषण | 83,900 |

# देश का निर्यात अप्रैल में बढ़कर 34.99 अरब डॉलर हुआ

नई दिल्ली, एजेंसी

देश का वस्तुओं का निर्यात इस साल अप्रैल में मामूली बढ़कर 34.99 अरब डॉलर रहा है। एक साल पहले इसी महीने में यह 34.62 अरब डॉलर था।

बुधवार को जारी सरकारी आंकड़ों के अनुसार आलोच्य महीने में आयात भी बढ़कर 54.09 अरब डॉलर पर पहुंच गया, जो अप्रैल, 2023 में 49.06 अरब डॉलर था। अप्रैल में व्यापार घाटा यानी आयात और निर्यात के बीच का अंतर 19.1 अरब डॉलर रहा। वाणिज्य सचिव सुनील बर्थवाल ने बताया कि इन आंकड़ों से नये वित्त वर्ष की शुरुआत अच्छा होने का संकेत मिलता है और इसके आगे भी बने रहने की उम्मीद है। इस साल मार्च में निर्यात 41.68 अरब डॉलर रहा था, जो एक साल पहले इसी महीने में 41.96 अरब डॉलर था।



● आयात भी बढ़कर 54.09 अरब डॉलर पर पहुंचा

# मसालों में ईटीओ संदूषण रोकने के लिए भारत ने उठाए कई कदम

नई दिल्ली, एजेंसी

● सिंगापुर और हांगकांग में एमडीएच और एवरेस्ट के उत्पादों को वापस मंगाने की रिपोर्ट पर लिया निर्णय

भारत ने निर्यात होने वाले मसालों में कैंसरकारी रसायन ईटीओ (एथिलीन ऑक्साइड) के संदूषण को रोकने के लिए कई कदम उठाए हैं। वरिष्ठ अधिकारी ने बुधवार को बताया कि एमडीएच और एवरेस्ट के कुछ मसालों में ईटीओ अवशेषों की मौजूदगी से सिंगापुर और हांगकांग में दो ब्रांड के उत्पादों को वापस मंगाने की रिपोर्ट मिलने के बाद ये कदम उठाए गए।

वाणिज्य मंत्रालय में अतिरिक्त सचिव अमरदीप सिंह भाटिया ने कहा कि मसाला बोर्ड ने इन क्षेत्रों में भारतीय मसाला निर्यात की सुरक्षा और गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए कदम उठाए हैं। बोर्ड ने इन दोनों देशों को भेजी जाने वाली ऐसी निर्यात खेपों का परीक्षण करना अनिवार्य कर दिया है। एक तकनीकी-वैज्ञानिक समिति ने मूल कारण विश्लेषण भी किया है, प्रसंस्करण सुविधाओं का निरीक्षण किया है, और मान्यता प्राप्त प्रयोगशालाओं में परीक्षण के लिए नमूने एकत्र किए हैं। उन्होंने कहा कि समिति की सिफारिशों के जवाब में, सात मई, 2024 से सिंगापुर और हांगकांग के लिए सभी मसाला खेप के लिए ईटीओ अवशेषों के अनिवार्य नमूनाकरण और परीक्षण को लागू किया गया है। सभी निर्यातकों के लिए ईटीओ उपचार के दिशानिर्देश भी दोहराए गए हैं।

### सेबी ने केआरए के जरिए केवाईसी सत्यापन को बनाया सरल

**नई दिल्ली।** भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने केवाईसी पंजीकरण एजेंसियों (केआरए) से ग्राहक को जानिए (केवाईसी) रिकॉर्ड के सत्यापन के लिए जोखिम प्रबंधन ढांचे को सरल बनाने का फैसला किया है। विशेषज्ञों का मानना है कि इससे निवेशकों के लिए लेनदेन में सुगमता सुनिश्चित की जा सकेगी। सेबी ने जोखिम प्रबंधन प्रारूप को आसान बनाने से संबंधित आदेश जारी किया। नियामक ने अक्टूबर, 2023 के अपने परिपत्र में संशोधन किया है। पिछले साल अक्टूबर में सत्यापन प्रक्रिया में बदलाव हुआ था जिससे राशन कार्ड, बिजली बिल या स्कैन किए गए आधार कार्ड जैसे पते के प्रमाण अमान्य हो गए थे। ऑनलाइन पहचान सत्यापन सेवा फर्म साइनजी के सह-संस्थापक एवं सीईओ अंकित रतन ने बताया कि अब केआरए आधिकारिक डेटाबेस से पैन, नाम, पता, ईमेल और मोबाइल नंबर का सत्यापन कर सकते हैं।

## राष्ट्रीय

### एक नजर

### पूर्वी दिल्ली में कागज के अवैध गोदाम में लगी आग एक व्यक्ति की मौत

**नई दिल्ली।** पूर्वी दिल्ली क्षेत्र में बुधवार को कागज के अवैध गोदाम में आग लगने से 45 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई। दिल्ली अग्निशमन सेवा के अधिकारियों (डीएफएस) के मुताबिक, आग शकरपुर इलाके में दो मंजिला इमारत में लगी जहां एक कमरे में जले हुए कार्डबोर्ड के पीछे से सतेंद्र पासवान का शव मिला। रात दो बजे घटना की सूचना मिली और छह दमकल वाहनों को तत्काल भेजा गया। आग बुझाने का अभियान सुबह सात बजे तक चला। पासवान की बहन सारो देवी ने बताया कि उसका भाई गोदाम में काम करता था। वह अपनी पत्नी और बच्चों के साथ रहता था। स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि गोदाम अवैध रूप से चलाया जा रहा था। स्थानीय निवासी अनिल शर्मा ने कहा, यह गोदाम आवासीय क्षेत्र में अवैध रूप से चल रहा था। गोदाम में दूसरी बार आग लगी।

### मुख्तार की प्रार्थना सभा के लिए अब्बास को अनुमति

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने जेल में बंद विधायक अब्बास अंसारी को उत्तर प्रदेश के गाजीपुर स्थित उसके आवास पर 10 जून को अपने दिवंगत पिता मुख्तार अंसारी की याद में होने वाली प्रार्थना सभा में शामिल होने की बुधवार को अनुमति दे दी। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति केवी. विश्वनाथन की पीठ ने अब्बास को 11 और 12 जून को पुलिस हिरासत में अपने परिवार के साथ समय बिताने की भी अनुमति दी और राज्य पुलिस को इस संबंध में व्यवस्था करने का निर्देश दिया। कोर्ट ने आदेश दिया कि अंसारी को नौ जून से पहले गाजीपुर जेल में स्थानांतरित कर दिया जाए और बिना किसी बाधा के प्रार्थना सभा में शामिल होने की अनुमति दी जाए।

### मालीवाल मामले की जांच को सीएम आवास के बाहर प्रदर्शन

**नई दिल्ली।** भाजपा नेताओं और महिला मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने सांसद स्वाति मालीवाल से जुड़ी घटना की जांच की मांग करते हुए बुधवार को मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के आवास के बाहर प्रदर्शन किया। दिल्ली भाजपा के अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने केजरीवाल की चुप्पी पर सवाल उठाया और दोषियों पर कार्रवाई की मांग की। उन्होंने कहा, यह एक महिला के सम्मान का मामला है जो दिल्ली महिला आयोग की प्रमुख रही हैं। हम यहां उनका समर्थन करने के लिए हैं। आप नेता संजय सिंह ने इस घटना को स्वीकार किया है। सचदेवा ने कहा कि मालीवाल ने पहले आरोप लगाया था कि दिल्ली के मुख्यमंत्री के सहायक विभव कुमार ने उनके आवास पर उनके साथ दुर्व्यवहार किया। आरोपों के एक दिन बाद संजय सिंह ने कहा कि आम आदमी पार्टी के संयोजक केजरीवाल इस मामले में कड़ी कार्रवाई करेंगे।

# आरक्षण खत्म करना चाहती है भाजपा: राहुल

## ओडिशा के बोलांगीर की रैली में कांग्रेस नेता बोले- भाजपा जीती तो देश चलाएंगे 22 अरबपति

बोलांगीर, एजेंसी

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बुधवार को आरोप लगाया कि भाजपा) संविधान को नष्ट करने के साथ ही आदिवासियों, दलितों तथा पिछड़े वर्ग के लोगों को दिए गए आरक्षण को खत्म करना चाहती है। ओडिशा के बोलांगीर में एक रैली को संबोधित करते हुए राहुल ने आशंका जतायी कि अगर भाजपा यह चुनाव जीतती है तो वह सार्वजनिक क्षेत्र का निजीकरण कर देगी और देश को 22 अरबपति चलाएंगे।

राहुल ने कहा कि जो भी अब तक देश के गरीबों, दलितों, आदिवासियों, अल्पसंख्यकों, किसानों और मजदूरों को मिला है वह संविधान की देन है। राहुल ने आशंका जताते हुए कहा, 'अगर भाजपा जीतती है तो आरक्षण खत्म



कर दिया जाएगा, सार्वजनिक क्षेत्र का निजीकरण कर दिया जाएगा और देश को 22 अरबपति चलाएंगे। इसलिए आम लोगों की सरकार बननी चाहिए। राहुल ने दावा किया कि 22 अरबपतियों का 16 लाख करोड़ रुपये का ऋण भाजपा सरकार में माफ कर दिया गया और यह राशि 24 वर्षों के मनरेगा योजना के भत्ते के बराबर है।

उन्होंने दावा किया, उन्होंने आम जनता को कुछ नहीं दिया। उन्होंने किसानों और विद्यार्थियों का ऋण माफ नहीं किया। ऋण तो छोड़िये उन्होंने तो छोटे व्यापारियों को ऋण तक नहीं दिया। कांग्रेस नेता ने दावा किया कि देश की आम जनता से जीएसटी (वस्तु एवं सेवा कर) के जरिये वसूली गयी रकम सिर्फ दो से तीन लोगों के पास जा रही है। राहुल ने कहा कि अगर कांग्रेस सत्ता में आती है तो वह जातिगत जनगणना कराएगी और दलितों, आदिवासियों तथा पिछड़े वर्ग को उचित आरक्षण प्रदान करेगी। राहुल ने चार जून को विपक्षी गठबंधन इंडिया की सरकार बनने का दावा करते हुए कहा, सरकार बनने के तुरंत बाद हम देश के सभी गरीब परिवारों की एक सूची बनाएंगे और प्रत्येक परिवार की एक महिला को साढ़े आठ हजार रुपये प्रति माह की सहायता दी जाएगी।

### ये झूठ है कि प्रधानमंत्री हिंदू-मुस्लिम की राजनीति नहीं करते : कांग्रेस



**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने प्रधानमंत्री मोदी की टिप्पणी पर बुधवार को आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री की ये बात झूठ है कि वह हिंदू- मुस्लिम की राजनीति नहीं करते। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने दावा किया कि लोकसभा चुनाव के प्रचार अभियान के दौरान प्रधानमंत्री के पास हिंदू-मुस्लिम की राजनीति को छोड़कर कोई एजेंडा नहीं था। मोदी ने एक साक्षात्कार में कहा है, अगर मैं हिंदू-मुसलमान करूंगा तो मैं सार्वजनिक जीवन में रहने योग्य नहीं रहूंगा। इसी पर रमेश ने एक्स पर लिखा, सारा देश जानता है कि निवर्तमान प्रधानमंत्री आदतन झूठ बोलते हैं और दो तरह की बातें उनकी प्रवृत्ति है। मोदी का यह दावा कि वह हिंदू-मुस्लिम राजनीति नहीं करते, यह दर्शाता है कि वह झूठ बोलने में दिन प्रति दिन नई गहराइयों तक गिरते जा रहे हैं।

# आजादी के समय का वादा मोदी ने सीएए के जरिये किया पूरा : शाह

नई दिल्ली, एजेंसी

केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पाकिस्तान, अफगानिस्तान और बंगलादेश से धार्मिक उत्पीड़न के कारण भारत में बसने वाले लोगों को नागरिकता प्रमाण पत्र दिये जाने को ऐतिहासिक बताते हुए कहा है कि इससे आजादी के समय किया गया वादा पूरा हो गया है।

केन्द्रीय गृह मंत्रालय ने पाकिस्तान, अफगानिस्तान और बंगलादेश में धार्मिक उत्पीड़न के कारण यहां आने वाले हिन्दू, सिख, बौद्ध, ईसाई, जैन और पारसी समुदाय के लोगों को बुधवार से नागरिकता प्रमाण पत्र देना शुरू कर दिया। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर लिखा, मोदी की गारंटीवादा पूरा होने की गारंटी। आज का दिन बहुत ही ऐतिहासिक दिन है। आज दशकों का इंतजार समाप्त हुआ है और सीएए के माध्यम से पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान से धार्मिक प्रताड़नाओं के कारण भारत आए हिंदू, सिख, बौद्ध, जैन, पारसी और ईसाई बहनों-भाइयों को भारत की नागरिकता मिलनी शुरू हो गयी है। आजादी के समय किए गए वादे को आज नरेन्द्र मोदी जी ने पूरा करके दिखाया है।



● पड़ोसी देशों से आए सिख, बौद्ध, ईसाई, जैन और पारसी लोगों को सीएए देने की प्रक्रिया शुरू

### पीओके भारत का हिस्सा

**सेराम्पोर (प. बंगाल)।** अमित शाह ने बुधवार को पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में विरोध प्रदर्शनों का जिक्र किया और कहा, पीओके भारत का हिस्सा है और हम इसे ले लेंगे। सेराम्पोर में एक रैली को संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि 2019 में अनुच्छेद 370 को निरस्त करने के बाद एक समय संकटग्रस्त रहे कश्मीर में शांति लौट आई है लेकिन पाकिस्तान के कब्जे वाला कश्मीर अब आजादी के नारों और विरोध प्रदर्शनों से गूंज रहा है। पहले आजादी के नारे यहां सुनाई देते थे, अब वही नारे पीओके में सुनाई देते हैं।

# विमर्श की लोकतांत्रिक व्यवस्था में बदल गई हैं भारतीय अदालतें

नई दिल्ली, एजेंसी

देश के प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने बुधवार को कहा कि भारतीय अदालतों की पुनर्कल्पना अब थोपे गए साम्राज्य के बजाय विमर्श की लोकतांत्रिक व्यवस्था के रूप में की गई हैं। प्रधान न्यायाधीश डिजिटल परिवर्तन और न्यायिक दक्षता बढ़ाने के लिए प्रौद्योगिकी के इस्तेमाल विषय पर ब्राजील के रियो डी जनेरियो में जे-20 शिखर सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। जे-20 उच्चतम न्यायालयों और संवैधानिक अदालतों के मुख्य न्यायाधीशों का समूह है, जिसके सदस्य जी-20 देश हैं। इस साल जे-20 सम्मेलन का आयोजन 'ब्राजीलियन फेडरल सुप्रीम कोर्ट' की ओर से किया गया है।

प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि भारतीय अदालतों की पुनर्कल्पना अब थोपे गये साम्राज्य के बजाय विमर्श की लोकतांत्रिक व्यवस्था के रूप में की गई हैं। कोविड-19 महामारी से अदालतों की व्यवस्थाओं को रातों-रात बदलना पड़ा। उन्होंने मुकदमे से जुड़ें पक्षों और कम कनेक्टिविटी वाले स्थानों के बीच डिजिटल विभाजन और प्रतिनिधित्व संबंधी विषमता पर भी बात की। इन विषमताओं को अड़चनें बताते हुए प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि हमें इनसे निपटना होगा।



● सीजेआई चंद्रचूड़ ने ब्राजील में जे-20 शिखर सम्मेलन को किया संबोधित

### वीडियो कॉन्फ्रेंस से की साढ़े 7 लाख मामलों की सुनवाई

**नई दिल्ली।** सीजेआई चंद्रचूड़ ने कहा कि उच्चतम न्यायालय ने वीडियो कॉन्फ्रेंस से 7,50,000 से अधिक मामलों की सुनवाई की और 1,50,000 से अधिक मामले ऑनलाइन दायर किए गए। यह सब इसीलिए हो पाया क्योंकि प्रौद्योगिकी ने न्यायपालिका समेत कानून और प्रवर्तन एजेंसियों के बीच नए आयाम स्थापित किए हैं। सीजेआई ने कहा कि भारतीय उच्चतम न्यायालय का वाद प्रबंधन तंत्र फ्री एंड ओपन सोर्स सॉफ्टवेयर (एफओएसएस) पर विकसित किया गया है। चंद्रचूड़ ने कहा कि महामारी के बाद ऑनलाइन सुनवाई अदालतों की विशेषता बन गई है और इससे उनको फायदा हुआ जिन्हें प्रत्यक्ष रूप से कोर्ट में पेश होने में मुश्किलों का सामना करना पड़ता है।

प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि प्रौद्योगिकी की क्षमता इस बात में निहित है कि हम इसे पहले से मौजूद असमानताओं को कम करने के लिए कैसे परिवर्तित करते हैं। प्रौद्योगिकी सभी सामाजिक असमानताओं के लिए एक रामबाण इलाज नहीं है।

# चार दोषियों को 10-10 साल सश्रम कारावास

मुंबई, एजेंसी

### जहरीली शराब कांड

● कोर्ट ने मामले में भूमिका साबित न होने पर 10 लोगों को किया बरी

मुंबई के मालवानी इलाके में 2015 में जहरीली शराब से 100 से अधिक लोगों की हुई मौत के मामले में दोषी ठहराए गए चार लोगों को अदालत ने बुधवार को 10-10 साल सश्रम कारावास की सजा सुनाई। चारों दोषी राजू तापकर, डोनाल्ड पटेल, फ्रांसिस डी मेलो और मंसूर खान है।

अदालत ने इन्हें साजिश और गैर इरादतन हत्या से जुड़ी धाराओं और बंबई निषेध अधिनियम के तहत 28 अप्रैल को दोषी ठहराया था। अदालत ने 10 आरोपियों को यह कहते हुए बरी कर दिया था कि अभियोजन पक्ष मामले में इनकी भूमिका साबित करने में असफल रहा। मुंबई के पश्चिमी उपनगर मलाड के मालवानी के लक्ष्मी नगर मलिन बस्ती में 2015 में जहरीली शराब से 100 से अधिक लोगों की मौत हो गई थी। अतिरिक्त सत्र न्यायधीश स्वप्निल तावशिखर ने सजा की घोषणा करते हुए कहा कि अभियुक्तों को रियायत देने के लिए उनके समक्ष कोई परिस्थितियां सामने नहीं लाई गई। इसलिए उन्हें 10-10 साल सश्रम कारावास की सजा सुनाई जाती है। कोर्ट में लोक अभियोजक प्रदीप घरात ने कहा कि यह गंभीर अपराध है जिसमें दोषियों को अधिकतम सजा देनी चाहिए।

### होर्डिंग हादसा : मलबे में दिखे दो और शव

**मुंबई।** मुंबई में विशाल होर्डिंग गिरने वाली जगह पर मलबे के नीचे दो और शव दिखाई दिए हैं। एनडीआरएफ के अधिकारी ने बताया कि घटना के 40 घंटे बाद भी खोज एवं बचाव अभियान जारी है। शवों को कल रात देखा गया था लेकिन अभी तक बाहर नहीं निकाला जा सका है। छेड़ा नगर इलाके में जीआरपी की जमीन पर स्थित पेट्रोल पंप के पास लगा होर्डिंग सोमवार को आंधी और बेमौसम बारिश से गिर गया था जिससे यह हादसा हुआ। होर्डिंग के नीचे से 89 लोगों को निकाला था जिनमें से 14 मृत थे जबकि 75 अन्य लोग घायल हो गए थे। एनडीआरएफ के सहायक कमांडेंट निखिल मुधोलकर ने बुधवार को बताया कि होर्डिंग के नीचे दो शव दिखे हैं, लेकिन वहां तक पहुंचने में हमें कठिनाई हो रही है। दुर्घटना स्थल पर ऐसे पांच से अधिक गर्डर हैं जिन्हें हटाने के बाद पता चलेगा कि कितने लोग अब भी दबे हैं।

● सोमवार को घोटकोपर में आंधी के दौरान गिर गई थी होर्डिंग

### ग्वालियर की राजमाता माधवी राजे सिंधिया का निधन

**नई दिल्ली।** ग्वालियर राजघराने की राजमाता एवं केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया की मां माधवी राजे सिंधिया का बुधवार को निधन हो गया। वह 70 वर्ष की थीं। उनका अंतिम संस्कार ग्वालियर में होगा। राजमाता ने एम्स में सुबह नौ बजकर 28 मिनट पर अंतिम सांस ली।

पूर्व केन्द्रीय मंत्री माधवराव सिंधिया की पत्नी माधवी बीते तीन महीने से अस्वस्थ थीं और दो माह से एम्स में उनका इलाज चल रहा था। पिछले दो सप्ताह से उनकी हालत गंभीर थी और वह वेंटीलेटर पर थीं। वह नेपाल के राणा राजवंश से थीं। इस राजवंश के प्रमुख जुद्ध शमशेर जंग बहादुर राणा थे, जो नेपाल के प्रधानमंत्री भी रहे।

# धन शोधन मामले में अतीक की पत्नी के खिलाफ ईडी ने दाखिल किया आरोपपत्र

नई दिल्ली, एजेंसी

● गैंगस्टर से बने नेता की पत्नी शाइस्ता परवीन के खिलाफ करोड़ों की उगाही से जुड़ा है मामला

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बुधवार को कहा कि गैंगस्टर-नेता अतीक अहमद की पत्नी शाइस्ता परवीन के खिलाफ कथित तौर पर करोड़ों रुपये की उगाही से जुड़े धन शोधन मामले में आरोपपत्र दाखिल किया है।

ईडी ने एक बयान में कहा कि लखनऊ में धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) की एक विशेष अदालत ने 14 मई को अभियोजन की शिकायत का संज्ञान लिया। ईडी ने दिसंबर, 2021 में दंपति की 8.14 करोड़ रुपये की चल और अचल संपत्ति कुर्क की थी। इसमें परवीन के नाम पर पंजीकृत प्रयागराज के फूलपुर का एक भूखंड और अहमद के 10 खातों एवं परवीन एक खाते में पड़े 1.28 करोड़ का बैंक बैलेंस भी शामिल था। धन शोधन का मामला जबरन वसूली, धोखाधड़ी और संपत्ति के अवैध कब्जे से संबंधित सीबीआई की प्राथमिकी पर आधारित है।

ईडी ने कहा कि बाद में जांच का दायरा बढ़ाकर अतीक-परवीन के खिलाफ यूपी के कई थानों में हत्या, वसूली, धोखाधड़ी, जालसाजी, जमीन कब्जा करने और अन्य अपराधों से संबंधित दर्ज कई मामलों को इसमें शामिल किया गया। पिछले साल अपने पति की हत्या के बाद से परवीन फरार है। अप्रैल, 2023 में अतीक अहमद (60) और उसके भाई अशरफ की तीन हमलावरों ने तब गोली मारकर हत्या कर दी थी, जब उन्हें प्रयागराज में पुलिस स्वास्थ्य जांच के लिए ले जा रही थी।

### कोर्ट ने किया 27 सप्ताह का गर्भ गिराने की अनुमति देने से इनकार

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को 20 वर्षीय एक अविवाहित युवती की याचिका पर सुनवाई करने से इनकार कर दिया जिसमें 27 सप्ताह के गर्भ को नष्ट करने देने की अनुमति मांगी गई थी। शीर्ष अदालत ने कहा कि गर्भ में पल रहे भ्रूण का भी जीवन का मौलिक अधिकार है। न्यायमूर्ति बी.आर.गवई की अध्यक्षता वाली पीठ ने यह आदेश महिला की अर्जी की सुनवाई के दौरान पारित किया जिसने तीन मई को दिल्ली उच्च न्यायालय द्वारा गर्भपात कराने की अनुमति देने से इनकार किए जाने के फैसले को चुनौती दी थी। याचिकाकर्ता के वकील के मुताबिक पीठ ने कहा कि हम कानून के विरोधाभासी आदेश पारित नहीं कर सकते। इस पीठ में न्यायमूर्ति एस.वी.एन.भट्टी और न्यायमूर्ति संदीप मेहता भी शामिल थे। पीठ ने कहा, गर्भ में पल रहे बच्चे को भी जिंदा रहने का मौलिक अधिकार प्राप्त है। इस बारे में आपको क्या कहना है? महिला का पक्ष रख रहे वकील ने कहा कि गर्भावस्था का चिकित्सीय समापन अधिनियम केवल मां की बात करता है।

**आज का मुकाबला**

हैदराबाद सनराइजर्स
बनाम
गुजरात टाइटंस
शाम 7:30 बजे

**पर्पल कैप**

| खिलाड़ी | मैच | विकेट |
|---|---|---|
| हर्षल पटेल (पंजाब) | 13 | 22 |
| जसप्रीत बुमराह (मुंबई) | 13 | 20 |
| वरुण चक्रवर्ती (केकेआर) | 12 | 18 |

**ऑरेंज कैप**

| खिलाड़ी | मैच | रन |
|---|---|---|
| विराट कोहली (आरसीबी) | 13 | 661 |
| ऋतुराज गायकवाड़ (चेन्नई) | 13 | 583 |
| ट्रेविस हेड (हैदराबाद) | 11 | 533 |

# आज सनराइजर्स के सामने गुजरात

हैदराबाद, एजेंसी

प्रदर्शन में निरंतरता नहीं रख पाने के बावजूद सनराइजर्स हैदराबाद को इंडियन प्रीमियर लीग के प्लेआफ में जगह बनाने के लिए गुरुवार को गुजरात टाइटंस के खिलाफ सिर्फ एक जीत की जरूरत है जबकि गुजरात की टीम प्रतिष्ठा के लिए ही खेलेगी।

पैट कमिंस की टीम की नजरें हालांकि शीर्ष दो में जगह पक्की करने पर लगी है। उन्हें इसके बाद एक मैच और खेलना है और उनका नेट रनरेट भी प्लस 0.406 है। सनराइजर्स के 12 मैचों में 14 अंक है और वह अधिकतम 18 अंक हासिल कर सकती है जिससे शीर्ष दो में उसकी जगह पक्की हो जाएगी। इस मुकाबले से पहले सनराइजर्स को एक सप्ताह का ब्रेक मिला है जिससे वे तरोताजा होकर मैदान पर लौटेंगे। इसके अलावा आठ मई को लखनऊ सुपर जाइंट्स पर रिकॉर्ड जीत दर्ज करने के बाद उसके हौसले वैसे भी बुलंद है।

दूसरी ओर 13 में से सिर्फ पांच मैच जीत सकी गुजरात के 11 अंक ही हैं और वह जीत के साथ विदा लेना चाहेगी। पूर्व कप्तान हार्दिक पंड्या के इस सत्र में मुंबई इंडियंस के पास लौटने के बाद गुजरात की टीम में संतुलन नजर नहीं आया। पंड्या ने 2022 की खिताबी जीत और पिछले साल फाइनल तक पहुंचने में अहम भूमिका निभाई थी। कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ पिछला मैच बारिश में धुल गया लेकिन गेंदबाजों ने चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ पहले तीन ओवर में तीन विकेट लेकर उम्मीद जगाई थी।



# पंत बेहतरीन कप्तान, समय के साथ निखरेगा : गांगुली

**नई दिल्ली।** दिल्ली कैपिटल्स के क्रिकेट निदेशक सौरव गांगुली का मानना है कि ऋषभ पंत एक बेहतरीन कप्तान है और समय तथा अनुभव के साथ कप्तानी में निखार आएगा।



दिसंबर 2022 में भयावह कार हादसे के शिकार हुए पंत ने आईपीएल के इसी सत्र से मैदान पर वापसी की है। गांगुली ने कहा पंत युवा कप्तान है और वह समय के साथ सीखेगा। जिस तरह चोट से वापसी के बाद उसने पूरा सत्र खेला, हमें आफ सीजन के दौरान इसका यकीन नहीं था। आईपीएल अब दस टीमों का हो गया है और भारतीय क्रिकेटर महत्वपूर्ण हैं। मुझे खुशी है कि उसने वापसी करके पूरा सत्र खेला। मेरी शुभकामनाएं उसके साथ है। कोई भी पहले दिन से महान कप्तान नहीं होता। वह भी सीख रहा है और समय के साथ बेहतर होगा।

# आईपीएल प्रदर्शन से अभिषेक को भारत के लिए खेलने में मिलेगी मदद : एडेन

नई दिल्ली, एजेंसी



सनराइजर्स हैदराबाद के दक्षिण अफ्रीकी खिलाड़ी एडेन मार्करम का मानना है कि आईपीएल में अभिषेक शर्मा के बेहतरीन फॉर्म से उन्हें भविष्य में भारत के लिये खेलने में मदद मिलेगी। आईपीएल के मौजूदा सत्र में 200 के ऊपर के स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी करते हुए शर्मा ने 12 मैचों में 401 रन बनाए हैं। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के ट्रेविस हेड के साथ मिलकर हाल ही में लखनऊ सुपर जाइंट्स के खिलाफ 166 रन का लक्ष्य दस से भी कम ओवर में हासिल कर लिया था। दक्षिण अफ्रीका के कप्तान मार्करम ने कहा अभिषेक ने इस सत्र में शानदार प्रदर्शन किया है। उसने पिछले सत्रों में भी सकारात्मक संकेत दिये थे और इस सत्र के अपने प्रदर्शन से भविष्य में भारत के लिये खेल सकेगा। इंपैक्ट खिलाड़ी के नियम को लेकर चल रही बहस के बीच मार्करम ने कहा कि टीम में अतिरिक्त बल्लेबाज के आने से टीमों को आक्रामक खेलने में मदद मिली है। जब आपके पास एक अतिरिक्त बल्लेबाज होता है तो आप अधिक आजादी के साथ खेल सकते हैं। पारी की शुरूआत से ही सलामी बल्लेबाज खुलकर खेल सकते हैं। इंपैक्ट खिलाड़ी के नियम से यह सहूलियत मिली है और नए तरीके का टी-20 क्रिकेट देखने को मिला है।

## खेल डायरी

### सात्विक-चिराग थाईलैंड ओपन में आगे बढ़े, प्रणय हारे



**बैंकॉक।** भारत के सात्विक साईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी थाईलैंड ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट में मलेशिया के नूर मोहम्मद अजरिन अयूब अजरिन और तान वी कियोंग को हराकर पुरूष युगल प्री क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई जबकि एच एस प्रणय पहले दौर में हारकर बाहर हो गए। शीर्ष वरीयता प्राप्त भारतीय जोड़ी ने 34 मिनट में 21-13, 21-13 से जीत दर्ज की। अब उनका सामना चीन के शि हाओ नान और जेंग वेइ हान से होगा। वहीं प्रणय को हमवतन मेराबा लुवांग मेसनाम ने हराया। अब मेराबा का सामना डेनमार्क के मैड्स क्रिस्टोफरसेन से होगा जिन्होंने भारत के किरण जॉर्ज को मात दी।

### 11 जून से शुरू होगा आईएल टी-20, खेलेंगे अंबाती

**दुबई।** ऑस्ट्रेलिया के डेविड वार्नर, वेस्टइंडीज के निकोलस पूरन और आंद्रे रसेल जैसे दुनिया भर के स्टार खिलाड़ी 11 जनवरी से नौ फरवरी 2025 तक संयुक्त अरब अमीरात में होने वाले इंटरनेशनल लीग टी20 (आईएल टी20) के तीसरे सत्र में हिस्सा लेंगे। आयोजकों ने बुधवार को इसकी पुष्टि की। भारत के अंबाती रायुडू भी इस टूर्नामेंट में हिस्सा लेंगे। वह घरेलू क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास ले चुके हैं और इस टूर्नामेंट में खेलने के पात्र हैं। रायुडू अमेरिका में मेजर लीग क्रिकेट (एमएलसी) में भी खेलते हैं। आईएल टी20 में 34 मैचों का आयोजन किया जाएगा जो तीन स्थलों अबु धाबी, दुबई और शारजाह में खेले जाएंगे।

### अंजुम, ऐश्वर्य ओलंपिक क्वालीफिकेशन ट्रायल में शीर्ष पर पहुंचे

**भोपाल।** अंजुम मुद्गिल और ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर ने ओलंपिक चयन ट्रायल टी3 क्वालीफिकेशन दौर में महिलाओं और पुरूषों की 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशंस क्वालीफिकेशन में पहला स्थान हासिल किया। नीलिंग, प्रोन और स्टैंडिंग पोजिशंस में 20 शॉट के बाद अंजुम का स्कोर 600 में से 592 था। वहीं ऐश्वर्य ने 590 स्कोर किया। पांच निशानेबाजों का फाइनल गुरुवार को होगा। महिलाओं की थ्री पोजिशन में भारत की नंबर एक निशानेबाज और विश्व रिकॉर्डधारी सिफत कौर सामरा दूसरे स्थान पर रही। आशी चौकसी, निश्छल और श्रियांका साडंगी 585 स्कोर करके उनके बाद रहीं। पुरूषों की थ्री पोजिशंस में स्वप्निल कुसाले 587 का स्कोर करके दूसरे स्थान पर रहे।

### स्क्वाश चैंपियनशिप में जोशना, अभय और वेलावन ने जीते स्वर्ण

**चेन्नई।** जोशना चिनप्पा, अभय सिंह और वेलावन सेंथिलकुमार ने बुधवार को यहां राष्ट्रीय युगल स्क्वाश चैम्पियनशिप में अपने वर्गों में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक हासिल किये। यह प्रतियोगिता 17 साल बाद शुरू की गई है। राष्ट्रीय खेलों के स्वर्ण पदक विजेता और राष्ट्रीय चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता अभय ने वेलावन के साथ मिलकर राहुल बैठा और सूरज चंद को 2-0 (11-4, 11-8) से मात दी। फिर 25 साल के इस खिलाड़ी ने जोशना चिनप्पा के साथ मिलकर मिश्रित युगल वर्ग का भी स्वर्ण पदक अपनी झोली में डाला। अभय और जोशना ने हरिंदर पाल सिंह संधू और रथिका सीलन की जोड़ी को 2-1 (10-11, 11-2, 11-9) से हराया।

### अर्जुन ने शारजाह मास्टर्स में सफरली को हराया

**शारजाह।** दुनिया के सातवें नंबर के खिलाड़ी अर्जुन एरिगेसी ने यहां शारजाह मास्टर्स शतरंज टूर्नामेंट के पहले दौर में अजरबेजान के एल्ताज सफरली को हराकर अच्छी शुरुआत की। भारतीय ग्रैंडमास्टर अरविंद चिताम्बरम और पी इनियान ने 52,000 अमेरिकी डॉलर की पुरस्कार राशि के इस टूर्नामेंट में क्रमश: हमवतन भरत सुब्रमण्यम और ईरान के ईरानी पौया को हराकर जीत से शुरुआत की। भारतीय मूल के संयुक्त राज्य अमेरिका के अभिमन्यु मिश्रा और इंग्लैंड के श्रेयस ने भी जीत हासिल की। अभिमन्यु ने कजाखस्तान के राजा ऋत्विक और श्रेयस ने रिनात जुमाबायेव को मात दी।



# बाहर हुई पंजाब ने बिगाड़ा रॉयल्स का खेल

## कप्तान सैम करन के हरफनमौला खेल से मिली पंजाब को जीत, राजस्थान को पांच विकेट से हराया




गुवाहाटी, एजेंसी

गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के बाद कप्तान सैम करन नाबाद (63)की अर्धशतकीय पारी की बदौलत पंजाब किंग्स ने बुधवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 65वें मैच में राजस्थान रॉयल्स को पांच विकेट से हरा दिया।

145 रन के छोटे लक्ष्य को हासिल करने उतरी पंजाब किंग्स की पारी शुरुआत में लड़खड़ाती नजर आई। पहले ओवर में प्रभसिमरन सिंह (4) और उसके बाद पांचवें ओवर में राइली रुसो 13 गेंदों में (22) उसी ओवर में शशांक सिंह (शून्य) पर पवेलियन लौट गए। ऐसे समय में कप्तान सैम करन ने जितेश शर्मा के साथ पारी को संभाला। जितेश शर्मा ने 20 गेंदों में 22 रन बनाए। सैम करन ने 41 गेंदों में पांच चौके और तीन छक्का लगाते हुए नाबाद 63 रनों की पारी खेली। आशुतोष शर्मा 11 गेंदों में 17 रन बनाकर नाबाद रहे। पंजाब किंग्स ने 18.5 ओवर में 145 रन बनाकर मुकाबला पांच विकेट से जीत लिया। राजस्थान की ओर से आवेश खान और युजवेंद्र चहल ने दो-दो विकेट लिये। ट्रेंट बोल्ट ने एक बल्लेबाज को आउट किया।

इससे पहले रियान पराग (48) और रवि अश्विन के (28) रनों की मदद से राजस्थान रॉयल्स ने पंजाब किंग्स को जीत के लिए 145 रनों का लक्ष्य दिया है। बरसापारा क्रिकेट स्टेडियम में राजस्थान रायल्स के कप्तान संजू सैमसन ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी राजस्थान की शुरुआत खराब रही और उसने पहले ही ओवर में यशस्वी जयसवाल (4) का विकेट गवां दिया। टॉम कोहलर और कप्तान संजू सैमसन ने पारी को संभालने का प्रयास किया। सातवें ओवर में नेथन एलिस ने संजू सैमसन (18) को आउट कर पंजाब को दूसरी सफलता दिलाई। इसके बाद टॉम कोहलर (18) को पवेलियन भेज दिया। रवि अश्विन ने 19 गेंदों में 28 रन बनाए। रियान पराग ने 34 गेंदों में 48 रन बनाए। राजस्थान ने निर्धारित 20 ओवरों में 9 विकेट पर 144 रन का स्कोर खड़ा किया।

**63** रन की साझेदारी पांचवें विकेट के लिए सैम करन और जितेश शर्मा के बीच हुई, पंजाब को आखिरी 5 ओवरों में जीत के लिए चाहिए थे 42 रन

**अंकतालिका**

| टीम | मैच | जीत | हार | अंक | रद | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|
| कोलकाता (क्वा) | 13 | 9 | 3 | 19 | 1 | +1.428 |
| राजस्थान | 13 | 8 | 5 | 16 | 0 | +0.273 |
| चेन्नई | 13 | 7 | 6 | 14 | 0 | +0.528 |
| हैदराबाद | 12 | 7 | 5 | 14 | 0 | +0.406 |
| दिल्ली | 14 | 7 | 7 | 14 | 0 | -0.377 |
| बेंगलुरु | 13 | 6 | 7 | 12 | 0 | +0.387 |
| लखनऊ | 13 | 6 | 7 | 12 | 0 | -0.787 |
| गुजरात (बा) | 13 | 5 | 7 | 11 | 1 | -1.063 |
| पंजाब (बा) | 13 | 5 | 8 | 10 | 0 | -0.347 |
| मुंबई (बा) | 13 | 4 | 9 | 8 | 0 | -0.271 |

**राजस्थान 144/9** 20 ओवर, अतिरिक्त : 02

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| यशस्वी जयसवाल बोल्ड सैम कुरेन | 4 | 4 | 1/0 |
| टॉम कोहलर कैच जीतेश बो राहुल चाहर | 18 | 23 | 2/1 |
| संजू सैमसन कैच राहुल चाहर बो नाथन | 18 | 15 | 3/0 |
| रियान पराग पगबाधा हर्षल | 48 | 34 | 6/0 |
| आर अश्विन कैच शशांक बो अर्शदीप | 28 | 19 | 3/1 |
| ध्रुव जुरैल कैच हरप्रीत बो सैम कुरेन | 0 | 1 | 0/0 |
| रोमन पावेल कैच/बो राहुल चाहर | 4 | 5 | 1/0 |
| डोनोवन फेरेरा कैच रुसो बो हर्षल | 7 | 8 | 0/0 |
| ट्रेंट बोल्ट रनआउट शशांक/बेयरस्टो | 12 | 9 | 2/0 |
| आवेश खान नाबाद | 3 | 2 | 0/0 |

**गेंदबाजी :** सैम कुरेन 3-0-24-2, अर्शदीप सिंह 4-0-31-1, नेथन एलिस 4-0-24-1, हर्षल पटेल 4-0-28-2, राहुल चाहर 4-0-26-2, हरप्रीत बराड 1-0-10-0

**पंजाब 145/5** 18.5 ओवर, अतिरिक्त : 01

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| प्रभसिमरन सिंह का चहल बो बोल्ट | 6 | 4 | 1/0 |
| जॉनी बेयरस्टो का पराग बो चहल | 14 | 22 | 1/0 |
| रिली रोसोऊ का जायसवाल बो आवेश खान | 22 | 13 | 5/0 |
| शशांक सिंह पगबाधा बो आवेश खान | 0 | 2 | 0/0 |
| सैम करन नाबाद | 63 | 41 | 5/3 |
| जितेश शर्मा का पराग बो चहल | 22 | 20 | 0/2 |
| आशुतोष शर्मा नाबाद | 17 | 11 | 1/1 |

**गेंदबाजी :** ट्रेंट बोल्ट 3-0-27-1, संदीप शर्मा 4-0-28-0, आवेश खान 3.5-0-28-2, रविचंद्रन अश्विन 4-0-31-0, युजवेंद्र चहल 4-0-31-2

# ट्रायल की चिंता करूं या ओलंपिक की तैयारी करूं : अमन सहरावत

नई दिल्ली, एजेंसी



पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने वाले एकमात्र भारतीय पुरुष पहलवान अमन सहरावत इस बात से नाखुश हैं कि खेलों की तैयारी पर अपना ध्यान लगाने की जगह उन्हें अब भी एक और ट्रायल के लिए वजन घटाने के बारे में चिंता करनी होगी।

अंडर-23 विश्व चैंपियन 20 साल के अमन ने हाल में इस्तांबुल में विश्व क्वालीफायर के जरिए पुरुष फ्रीस्टाइल 57 किग्रा वर्ग में पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई किया। भारत के पुरुष पहलवानों ने 11 और वजन वर्ग में चुनौती पेश की लेकिन उनमें से कोई क्वालीफाई नहीं कर पाया। अमन ने कहा, इतनी बार मुझे अपना वजन कम करना पडा है। मुझे कितनी बार ऐसा करना होगा? इससे काफी कमजोरी आती है। मुझे समझ नहीं आता कि मैं अब दोबारा ट्रायल जीतने के बारे में सोचूं या ओलंपिक की तैयारी शुरू करूं। मुझे लगता है कि अगर मुझे दोबारा ट्रायल से गुजरने को कहा जाता है तो अच्छी तैयारी के लिए जो काम करने की जरूरत होगी वह प्रभावित होगा। ट्रायल के खत्म होने तक ओलंपिक बेहद करीब होगा तो फिर हम तैयारी कब शुरू करेंगे?

# मेदवेदेव इटैलियन ओपन से बाहर

**रोम।** गत चैंपियन दूसरी वरीयता प्राप्त दानिल मेदवेदेव अमेरिका के टॉमी पॉल से 1-6, 4-6 से हारकर इटैलियन ओपन टेनिस से बाहर हो गए। इससे पहले दस बार के चैंपियन राफेल नडाल और शीर्ष रैंकिंग वाले नोवाक जोकोविच भी हारकर बाहर हो चुके हैं। तीसरी वरीयता प्राप्त अलेक्जेंडर ज्वेरेव ने नुनो बोर्गेस हराया और अब वह टेलर फ्रिट्स से खेलेंगे। फ्रिट्ज ने ग्रिगोर दिमित्रोव को मात दी। अलेजांद्रो ताबिलो ने कारेन खाचानोव को हराया। अब वह झांग झिझेन से खेलेंगे जिन्होंने थियागो मोंटेइरो को मात दी। पॉल का सामना दूसरे दौर में नडाल को हराने वाले सातवीं वरीयता प्राप्त हुबर्ट हुरकाज से होगा जिन्होंने सेबेस्टियन बाएज को हराया। महिला वर्ग में शीर्ष वरीयता प्राप्त इगा स्वियातेक ने मेडिसन कीज को हराकर अंतिम चार में जगह बनाई। अब उनका सामना तीसरी वरीयता प्राप्त कोको गॉफ से होगा जिन्होंने किंवेन झेंग को हराया।



### बोपन्ना-एबडेन की जोड़ी इटालियन ओपन से बाहर

**रोम।** भारत के रोहन बोपन्ना और ऑस्ट्रेलिया के मैथ्यू एबडेन की जोड़ी एटीपी इटैलियन ओपन के प्री क्वार्टर फाइनल में स्थानीय जोड़ी सिमोन बोलेली और आंद्रिया वावासोरी से हारकर बाहर हो गई। एक घंटे 13 मिनट तक चले मुकाबले में उन्हें 2-6, 4-6 से पराजय झेलनी पड़ी। उन्होंने पहले दौर में वाइल्ड कार्डधारी मात्तेओ अर्नाल्डी और फ्रांसिस्को पासारो को हराया था। बोपन्ना और एबडेन इस महीने की शुरूआत में मैड्रिड मास्टर्स से भी पहले दौर में बाहर हो गए थे। उन्होंने साल की शुरूआत में ऑस्ट्रेलियाई ओपन खिताब जीता था।

## बॉलीवुड हलचल

# जन्मदिन पर आगामी प्रोजेक्ट के लिए डबिंग कर रहे हैं बाबिल



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता बाबिल खान अपने जन्मदिन पर आगामी प्रोजेक्ट के लिए डबिंग कर रहे हैं। कला, फ्राइडे नाइट प्लान और द रेलवे मैन जैसी प्रशंसित परियोजनाओं में अपने अभिनय के लिए प्रसिद्ध अभिनेता बाबिल खान आज अपना 26वां जन्मदिन मना रहे हैं। छुट्टी लेने के बजाय, बाबिल इस अवसर को कुछ ऐसा करके मना रहे हैं जो उन्हें सबसे ज्यादा पसंद है, काम करना। इस साल, बाबिल ने अपना खास दिन डबिंग स्टूडियो में बिताने का फैसला किया है, जहां वह अपने आगामी प्रोजेक्ट पर काम कर रहे हैं। बाबिल के लिए, काम करके जन्मदिन मनाना सिर्फ अपने पेशे के प्रति प्रतिबद्धता से कहीं बढ़कर है। यह उन्हें मिले अवसरों और अपने दर्शकों से मिले प्यार के लिए उनकी गहरी कृतज्ञता का प्रतीक है। बाबिल का अपने जन्मदिन पर काम करने का फ़ैसला उनकी कार्य नीति और समर्पण के बारे में बहुत कुछ बताता है। बाबिल इरफान खान के बेटे हैं और पिता के नक्शे कदम पर चल रहे हैं।

# लंदन में अगस्त में शुरू होगी हाउसफुल 5 की शूटिंग

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता अक्षय कुमार की फिल्म हाउसफुल 5 की शूटिंग लंदन में अगस्त में शुरू होगी। अक्षय कुमार स्टारर फिल्म हाउसफुल 5 की चर्चा काफी समय से हो रही थी। हाउसफुल 5 को लेकर एक अपडेट सामने आया है। कहा जा रहा है कि निर्देशक तरुण मनसुखानी फिल्म हाउसफुल 5 के लिए लोकेशन की खोज में लंदन जा रहे हैं। तरुण इस महीने से फिल्म का प्री प्रोडक्शन काम शुरु कर देंगे। फिल्म से जुड़े ज्यादातर कलाकार कास्ट किए जा चुके हैं। फिल्म के अधिकांश हिस्से लंदन में शूट किए जाएंगे। तरुण अपनी फिल्म लंदन के ऐसे स्थानों पर शूट करना चाहते हैं, जो पहले हिंदी फिल्मों में न दिखाई गई हो। फिल्म का प्री प्रोडक्शन काम जून तक चलेगा। उसके बाद अगस्त में पूरी फिल्म की टीम शूटिंग के लिए लंदन रवाना होगी।




# टी-20 विश्व कप टीम में सिर्फ एक अश्वेत अफ्रीकी खिलाड़ी होने पर हो रही है सीएसए की आलोचना

जोहानिसबर्ग, एजेंसी

टी20 विश्व कप टीम में कागिसो रबादा के रूप में सिर्फ एक अश्वेत अफीकी खिलाड़ी को शामिल करने के लिए क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका (सीएसए) की आलोचना हो रही है। दक्षिण अफ्रीका की 15 सदस्यीय संभावित टीम में रबादा सहित छह अश्वेत खिलाड़ी शामिल थे।

सीएसए के बदलाव लाने के लक्ष्य के अंतर्गत एक सत्र के दौरान दक्षिण अफ्रीका की अंतिम एकादश में छह अश्वेत खिलाड़ियों का होना जरूरी है, लेकिन टी20 विश्व कप के लिए चुनी टीम में रबादा के रूप में केवल एक अफ्रीकी अश्वेत खिलाड़ी मौजूद हैं। सीएसए के अपने लक्ष्य को पूरा नहीं करने की वजह से उसकी आलोचना की जा रही है। दक्षिण अफ्रीका के पूर्व खेल मंत्री फिकिले एमबालुला ने टीम के चयन पर सवाल उठाते हुए 'एक्स' पर लिखा, आगामी टी20 विश्व कप 2024 की टीम के लिए केवल एक अफ्रीकी खिलाड़ी को दक्षिण अफ्रीका की टीम में चुना गया है। निश्चित रूप से यह बदलाव लाने के लक्ष्य से उलट है और इसमें दक्षिण अफीकी लोगों का उचित प्रतिनिधित्व नहीं है।

### स्वदेश लौटे चोटिल रबादा, विश्व कप की तैयारी पर नहीं पड़ेगा असर



**जोहानिसबर्ग।** दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाजी आक्रमण के अगुआ कागिसो रबादा पैर में चोट के कारण इंडियन प्रीमियर लीग से स्वदेश लौट गए हैं। देश के क्रिकेट बोर्ड ने बुधवार को यह जानकारी दी। रबादा आईपीएल में पंजाब किंग्स का प्रतिनिधित्व करते हैं। उन्होंने मौजूदा सत्र में 11 मैच में 11 विकेट चटकाए हैं। पंजाब की टीम पहले ही प्ले ऑफ के लिए क्वालीफाई करने की दौड़ से बाहर हो चुकी है और अपना अंतिम लीग मैच 19 मई को खेलेगी। क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका (सीएसए) ने बयान में कहा इस 28 वर्षीय ने दक्षिण अफ्रीका पहुंचने पर विशेषज्ञ से सलाह ली और क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका की चिकित्सा टीम उन पर करीबी नजर रखे हुए है। सीएसए ने साथ ही कहा कि चोट के कारण रबाडा की अगले महीने वेस्टइंडीज और अमेरिका में होने वाले टी-20 विश्व कप की तैयारी पर असर पड़ने की संभावना नहीं है।

### टी-20 विश्व कप में देना चाहते हैं ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड को चुनौती : क्रास

**बेंगलुरु।** स्कॉटलैंड को भले ही बड़े मुकाबलों में खेलने का अनुभव नहीं हो लेकिन उसके खिलाड़ियों में आत्मविश्वास की कमी नहीं है और बुधवार को टीम के उप कप्तान मैथ्यू क्रॉस ने अगले महीने टी20 विश्व कप के दौरान इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया को चुनौती देने की उम्मीद जताई। विश्व कप में स्कॉटलैंड ग्रुप बी में गत चैंपियन इंग्लैंड, पूर्व चैंपियन ऑस्ट्रेलिया के अलावा साथी एसोसिएट देश ओमान और नामीबिया के साथ है। कर्नाटक का नंदिनी डेयरी ब्रांड विश्व कप में स्कॉटलैंड और आयरलैंड टीम का प्रायोजक होगा। इसकी घोषणा के लिए आयोजित एक कार्यक्रम के बाद ऑनलाइन बातचीत में क्रास ने कहा हम इसमें जीतने के लिए खेलेंगे। हम दबाव में नहीं है। हमारी टीम में उन्हें चुनौती देने के लिए अच्छी प्रतिभायें मौजूद हैं। तेज गेंदबाज क्रिस सोले को दुनिया भर की विभिन्न टी20 लीग में खेलने का काफी अनुभव है। वह स्कॉटलैंड के वेस्टइंडीज की परिस्थितियों में खेलने के पूर्व अनुभव का फायदा उठाने की उम्मीद लगाए हैं। स्कॉटलैंड अपने ग्रुप मैच बारबाडोस, एंटीगुआ और ग्रोस आइलेट में खेलेगा।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक राज सागर द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं एलआईजी 23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी**, 0591-3551286 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar.moradabad@gmail.com आर.एन.आई नं0-UPHIN/2020/79034 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुरादाबाद होगा)।

# कान फिल्म महोत्सव में मेरिल स्ट्रीप को 'पाम डी ओर' सम्मान

कान, एजेंसी



कान फिल्म महोत्सव का 77वां संस्करण मंगलवार को शुरू हुआ। ग्रैंड थिएटर लुमियेर में हुई इस ओपनिंग सेरेमनी में 74 साल की अमेरिकी एक्ट्रेस मेरिल स्ट्रीप को गेस्ट ऑफ ऑनर 'पाम डी ओर' अवॉर्ड से नवाजा गया। उन्हें यह अवॉर्ड देते हुए फ्रेंच एक्ट्रेस जूलियट बनोच भावुक हो गईं।

इस मौके पर ज्यूरी प्रेसिडेंट ग्रेटा गर्विंग को भी सम्मानित किया गया। ओपनिंग सेरेमनी में फ्रेंच सिंगर जाहो दे सागाजान ने म्यूजिकल परफॉर्मेंस भी दी। मेरिल स्ट्रीप जब स्टेज पर आईं तो उनके सम्मान में थिएटर में मौजूद तकरीबन 2 हजार गेस्ट खड़े हो गए।

सभी ने ढाई मिनट तक उन्हें स्टैंडिंग ओवेशन दिया। इस मौके पर स्ट्रीप ने कहा- आपने यहां मेरे सम्मान में जो क्लिप चलाई उसे देखकर ऐसा लगा जैसे मैं किसी बुलेट ट्रेन की खिड़की के बाहर झांक रही हूं। मैंने कुछ ही पलों में अपने आप को यंग और मिडिल एज से गुजरते हुए, जहां मैं आज खड़ी हुई हूं वहां पाया।

### रेड कारपेट पर नजर आईं इंडियन एक्ट्रेस दीप्ति सधवानी

इससे पहले इवेंट की शुरुआत रेड कारपेट सेरेमनी से हुई जिसमें हेलेना क्रिस्टेनसेन, हेइडी क्लम, जेन फोंडा और विक्टोरिया हर्वी जैसे कई सेलेब्स नजर आए। इंडियन एक्ट्रेस और सिंगर दीप्ति सधवानी भी रेड कारपेट पर फ्लोरल ट्रेल गाउन में नजर आईं।

# मोदी फिर बनेंगे भारत के पीएम, पाक को भी उनके जैसे नेता की जरूरत

**वाशिंगटन।** पाकिस्तान मूल के अमेरिकी कारोबारी साजिद तरार ने कहा है कि भारत में चल रहे चुनाव में लगातार तीसरी बार भारतीय जनता पार्टी को जीत मिलेगी और फिर से नरेंद्र मोदी देश के प्रधानमंत्री बनेंगे।



● पाकिस्तानी अमेरिकी अरबपति साजिद तरार ने की मोदी की तारीफ

नरेंद मोदी एक मजबूत नेता हैं, जिन्होंने भारत को नई ऊंचाइयों पर पहुंचा दिया है। बाल्टीमोर निवासी पाकिस्तानी अमेरिकी कारोबारी साजिद कहा कि मोदी ना केवल भारत के लिए अच्छे हैं बल्कि क्षेत्र और दुनिया के लिए भी अच्छे नेता साबित हो रहे हैं। मोदी जैसे नेता की पाकिस्तान को भी जरूरत है। उन्होंने उम्मीद जताई कि पाकिस्तान को भी उनके जैसा कोई नेता मिलेगा।

तरार ने कहा कि वह ऐसे प्रधानमंत्री हैं जिन्होंने विपरीत परिस्थितियों में पाकिस्तान का दौरा किया। मैं उम्मीद कर रहा हूं कि मोदी जी पाकिस्तान के साथ संवाद और व्यापार शुरू करेंगे। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि भारत के लिए भी शांतिपूर्ण पाकिस्तान अच्छा होगा।

# कैंसर वक्त नहीं देता, नजर अंदाज न करें ये लक्षण



बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी अब हमारे बीच में नहीं हैं। सोमवार, 13 मई 2024 को दिल्ली स्थित एम्स में उनका निधन हो गया। सुशील कुमार मोदी ने कुछ महीने पहले ही इस बात की जानकारी दी थी कि वो गले कैंसर के कैंसर से जूझ रहे हैं। अपने कैंसर की सूचना देने के कुछ महीनों बाद ही सुशील कुमार मोदी का काल के गाल में चला जाना बताता है कि कैंसर वक्त नहीं देता। इसके लक्षणों को नजरअंदाज करना मौत को आमंत्रण देने जैसा है। आइए जानते हैं कि गले का कैंसर क्या होता है, इसके कौन-कौन से रूप हैं? यहां हम इसके लक्षण और इससे बचाव का तरीका भी जानेंगे।

### गले के कैसर के प्रकार

- सुपर ग्लोटिक : यह गले के ऊपरी हिस्से में एपिग्लोटिस में होता है।
- सब ग्लोटिक : वोकल कॉर्ड्स के निचले हिस्से पैदा होता है।
- ग्लोटिक : यह वोकल कॉर्ड्स में होने वाला कैंसर है।
- हाइपो फैरिंजीयल : यह कैंसर गले के निचले हिस्से में फैलता है।
- ऑरोफेरिंजियल : यह मुंह के पीछे हिस्से में फैलना शुरू होता है।
- नसों फैरिंजीयल : यह गले की नली के ऊपरी भाग में शुरू होता है।

### गले के कैंसर के कारण क्या हैं?

- धूम्रपान/स्मोकिंग
- तंबाकू खाना
- शराब की लत
- विटामिन ए की कमी
- खराब खान पान

### मुख्य लक्षण

- गले में खराश
- सांस लेने में दिक्कत
- गर्दन या कान में दर्द
- खांसी के साथ खून
- आवाज में बदलाव
- निगलने में कठिनाई

### समय से बीमारी का पता चले तो मर्ज हो सकता ठीक

राजीव गांधी कैंसर संस्थान एवं रिसर्च केंद्र के मुताबिक सिर और गर्दन के कैंसर की देखभाल हो सकती है, और मरीज ठीक हो सकता है। बीमारी का पता अगर जल्दी लग जाए है तो इससे बचाव की संभावना 80 प्रतिशत तक बढ़ जाती है। कैंसर के लक्षण को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। अगर किसी को कोई समस्या है तो उन्हें डॉक्टर से सलाह जरूर लेनी चाहिए। गले का कैंसर का पता लगाने के लिए एंडोस्कोपी, बायोप्सी और इमेजिंग टेस्ट की मदद ली जाती है।

## एक नजर

### गूगल ने जेमिनी एआई अपडेट जारी किया

**सैन फ्रांसिस्को।** गूगल ने कंपनी के वार्षिक डेवलपर सम्मेलन गूगल आई/ओ 2024 में अपनी एआई मॉडल श्रृंखला जेमिनी के नवीनतम नवाचारों का अपडेट जारी किया है। कंपनी ने मौजूदा फ्लैगशिप मॉडल जेमिनी 1.5 प्रो के नए संस्करण के निजी पूर्वावलोकन की मंगलवार को घोषणा की। यह 20 लाख तक टोकन ले सकता है। जेमिनी 1.5 प्रो का नया संस्करण किसी भी व्यावसायिक रूप से उपलब्ध मॉडल के सबसे बड़े इनपुट का समर्थन करता है। सुंदर पिचाई ने कहा कि आज हमारे सभी दो करोड़ यूजर्स जेमिनी उत्पाद का उपयोग करते हैं।

### इजरायल के हवाई हमले में 40 लोग मारे गए

**गाजा।** मध्य गाजा पट्टी के नुसीरात शरणार्थी शिविर में सोमवार देर रात के बाद इजरायल के हवाई हमले में कम से कम 40 लोग मारे गए और अन्य घायल हो गए। फिलिस्तीन टीवी ने अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी। इजरायली लड़ाकू विमानों ने शिविर के दक्षिण में कराजा परिवार के स्वामित्व वाली एक आवासीय इमारत पर बमबारी की। हताहतों में बच्चे भी शामिल हैं।

### मुठभेड़ में एक अधिकारी और तीन आतंकवादियों की मौत

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के दक्षिण-पश्चिमी बलूचिस्तान प्रांत में मंगलवार को सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ में एक सैन्य अधिकारी और तीन आतंकवादियों की मौत हो गयी। पाकिस्तानी सेना ने एक बयान में यह जानकारी दी। सेना की मीडिया शाखा इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) ने एक बयान में कहा कि यह घटना प्रांत के झोब जिले में हुई, जहां सुरक्षा बलों ने खुफिया सूचना के आधार पर आतंकवादियों के खिलाफ अभियान चलाया था।

### ईरान से 40 भारतीय नाविकों को रिहा करने का आग्रह

**नई दिल्ली।** भारत ने ईरान से लगभग 40 भारतीय नाविकों को रिहा करने का अनुरोध किया है। इन नाविकों को पिछले आठ महीने में अलग-अलग आरोपों में जब्त किये गये चार वाणिज्यिक जहाजों से हिरासत में लिया गया था। सूत्रों ने बुधवार को यह जानकारी दी। बंदरगाह, जहाजरानी और जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने सोमवार को तेहरान में ईरानी विदेश मंत्री होसैन अमीर-अब्दुल्लाहियन के साथ बैठक के दौरान यह अनुरोध किया। सोनोवाल तेहरान की यात्रा पर थे।

# डब्ल्यूएचओ ने डेंगू के दूसरे टीके को दी मंजूरी

## दो खुराक वाला यह टीका चार प्रकार के डेंगू से बचाएगा

जिनेवा, एजेंसी

● ज्यादा प्रकोप वाले क्षेत्रों में छह से 16 साल के बच्चों को यह टीका देने की सिफारिश

विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने बुधवार को डेंगू के दूसरे टीके को मंजूरी दे दी है। यह कदम दुनिया भर में लाखों लोगों को मच्छर जनित बीमारी से बचाने में काम आएगा। डब्ल्यूएचओ ने बुधवार को एक बयान में कहा कि उसने जापानी फार्मास्युटिकल कंपनी टाकेडा द्वारा निर्मित डेंगू के टीके को मंजूरी दी है। डेंगू के ज्यादा प्रकोप वाले क्षेत्रों में छह से 16 साल के बच्चों को यह टीका देने की सिफारिश की गई है। दो खुराक वाला यह टीका चार प्रकार के डेंगू से बचाएगा।



टाकेडा के डेंगू के टीके क्यूडेंगा को 2022 में यूरोपीय मेडिसिन एजेंसी द्वारा मंजूरी दी गई थी। डब्ल्यूएचओ की मंजूरी का मतलब है कि दानकर्ता और अन्य संयुक्त राष्ट्र एजेंसियां गरीब देशों के लिए टीके खरीद सकती हैं। अध्ययन से पता चला है कि टाकेडा का टीका लोगों को डेंगू से पीड़ित होने पर अस्पताल में भर्ती होने से रोकने में लगभग 84 प्रतिशत और लक्षणों को रोकने में लगभग 61 प्रतिशत प्रभावी है। डब्ल्यूएचओ के दवाओं और टीकों के अनुमोदन के लिए निदेशक, रोजेरियो गैस्पर ने कहा कि यह डेंगू के टीकों की वैश्विक पहुंच के विस्तार में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि यह दूसरा टीका है जिसे संयुक्त राष्ट्र एजेंसी ने डेंगू के लिए अधिकृत किया है। डब्ल्यूएचओ द्वारा मंजूर पहला टीका सनोफी पाश्चर द्वारा बनाया गया था, जो बाद में उन लोगों में डेंगू के खतरे को बढ़ाता पाया गया जो पहले इस बीमारी से संक्रमित नहीं थे। लगभग 120 लातिन अमेरिकी और एशियाई देशों में गंभीर बीमारी और मृत्यु का प्रमुख कारण डेंगू का कोई विशिष्ट इलाज नहीं है।

### करीब 80 प्रतिशत मामले हल्के किस्म के

डेंगू में करीब 80 प्रतिशत मामले हल्के किस्म के होते हैं, लेकिन गंभीर मामलों में आंतरिक रक्तस्राव, अंगों के काम करने की विफलता और मृत्यु तक हो सकती है। मार्च में, ब्राजील के रियो डी जनेरियो में अधिकारियों ने डेंगू पर सार्वजनिक स्वास्थ्य आपातकाल की घोषणा की और देश ने टाकेडा टीकों का उत्पादन शुरू कर दिया, जिसका लक्ष्य कम से कम 30 लाख लोगों को टीका लगाना था।

# लॉरेंस वोंग ने सिंगापुर के नए प्रधानमंत्री के तौर पर ली शपथ

**सिंगापुर।** अर्थशास्त्री लॉरेंस वोंग ने पूर्व नियोजित सत्ता हस्तांतरण कार्यक्रम के तहत बुधवार को सिंगापुर के चौथे प्रधानमंत्री के तौर पर शपथ ली। वोंग (51) ने ली सियन लूंग (72) का स्थान लिया है जिन्होंने करीब दो दशक के बाद अपना पद छोड़ा है।



दोनों नेता सत्तारूढ़ पीपुल्स एक्शन पार्टी (पीएपी) के सदस्य हैं। पीएपी गत पांच दशक से द्विपीय देश को आर्थिक विकास के पथ पर अग्रसर रखे हुए है। वोंग पूर्व में उप प्रधानमंत्री के पद पर थे और पीएपी की चौथी पीढ़ी के नेता हैं। वह प्रधानमंत्री और वित्त मंत्री की नयी जिम्मेदारी संभालेंगे।

स्थानीय मीडिया ने बताया कि सादे कार्यक्रम में सत्ता हस्तांतरण हुआ और राष्ट्रपति थरमन षणमुगरत्नम (67) ने वोंग को पद की शपथ दिलाई। वोंग ने मंत्रिमंडल में बड़े स्तर पर फेरबदल नहीं करने के कारणों के रूप में निरंतरता, स्थिरता और व्यवधानों से बचने की आवश्यकता का हवाला दिया।

# यूक्रेन को दो अरब अमेरिकी डॉलर के हथियार देंगे : ब्लिंकन



राष्ट्रपति जेलेंसकी से मिलते अमेरिकी विदेश मंत्री ब्लिंकन ● एजेंसी

कीव, एजेंसी

अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने यूक्रेन के लिए दो अरब अमेरिकी डॉलर के हथियार सौदे की घोषणा की। ब्लिंकन यूक्रेन को अमेरिकी मदद को लेकर आश्वस्त करने के लिए कीव में हैं और इस दौरान बुधवार को यह घोषणा की गई। यूक्रेन रूस के नये हमलों का मुकाबला करने की तैयारी कर रहा है।

ब्लिंकन ने कीव की दो दिवसीय यात्रा के दौरान बुधवार को अपने अंतिम कार्यक्रम में कहा कि बाइडन प्रशासन ने यूक्रेन के लिए दो अरब अमेरिकी डॉलर, मध्यम और दीर्घकालिक विदेशी सैन्य वित्तपोषण पैकेज को मंजूरी दे दी है। ज्यादातर पैसा लगभग 1.6 अरब अमेरिकी डॉलर, कांग्रेस द्वारा पारित व अमेरिकी राष्ट्रपति द्वारा हस्ताक्षरित पूरक विदेशी सहायता कानून में यूक्रेन को आवंटित 60 अरब डॉलर की धनराशि के तहत मिला है।

### इजराइल को एक अरब से अधिक कीमत के हथियार

**वाशिंगटन।** बाइडन प्रशासन ने प्रमुख सांसदों से कहा है कि अमेरिका इजराइल को एक अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक कीमत के हथियार और गोला-बारूद भेजेगा। अमेरिकी संसद के तीन कर्मियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अभी यह जानकारी नहीं है कि हथियारों की यह खेप कब भेजी जाएगी। बाइडन प्रशासन द्वारा इस महीने 2,000 पाउंड दर वाले 3,500 बम की खेप इजराइल भेजने पर रोक लगा दी गई थी जिसके बाद से पहली खेप भेजने का यह खुलासा किया गया है।

# बाइडन व ट्रंप जून और सितंबर में चुनावी बहस के लिए सहमत

**वाशिंगटन।** राष्ट्रपति जो बाइडन और पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने जून और सितंबर में दो चुनावी बहस आयोजित करने को लेकर बुधवार को सहमति जतायी। राष्ट्रपति चुनाव के मद्देनजर दोनों नेताओं के बीच पहली बहस 27 जून को सीएनएन चैनल पर होगी। दोनों नेताओं की प्रचार अभियान टीम ने बहस के मूल नियमों को लेकर जानकारी साझा नहीं की है।

डेमोक्रेट पार्टी ने कहा कि अगर चुनाव से पहले राष्ट्रपति पद के उम्मीदवारों के बीच होने वाली बहस का आयोजन गैर-दलीय आयोग द्वारा किया जाता है, तो वे इसमें शामिल नहीं होंगे। यह आयोग पिछले तीन दशक से इस बहस का आयोजन कर रहा है। बाइडन की प्रचार टीम ने प्रस्ताव किया कि इसके बजाय मीडिया संस्थान संभावित डेमोक्रेट और रिपब्लिकन उम्मीदवारों के साथ बहस आयोजित करें।

पहली बहस जून के अंत में और दूसरी सितंबर में प्रारंभिक मतदान शुरू होने से पहले होगी। ट्रंप ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि वह बाइडन के साथ चुनावी बहस के लिए तैयार हैं। ट्रंप के बयान के कुछ घंटों बाद बाइडन ने कहा कि वह 27 जून को बहस के लिए सीएनएन के निमंत्रण को स्वीकार करते हैं।

# लुटेरी दुल्हन गिरोह का भंडाफोड़ पुलिस ने 11 सदस्य किये गिरफ्तार

सीहोर, एजेंसी

● बड़ी मात्रा में लूटी गई सोने और चांदी की ज्वैलरी व नकदी बरामद की

मध्यप्रदेश के सीहोर जिले की पुलिस ने एक रात की लुटेरी दुल्हन गैंग का भंडाफोड़ किया है। इस गैंग के 11 सदस्यों को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। उनके पास से बड़ी मात्रा में लूटी गई सोने और चांदी की ज्वैलरी और नकदी बरामद की है। गिरोह के लोग ऐसे युवाओं को तलाशते थे, जिनकी शादी नहीं होती है। फिर उनसे रुपए लेकर महाराष्ट्र की गुलनाज को दुल्हन बनाकर उनके यहां भेज देते थे।

शादी के बाद एक-दो दिन तो गुलनाज वहां रहती थी और फिर वहां से रुपये और जेवर लेकर गुलनाज रफूचक्कर हो जाती थी। शाजापुर जिले के सुंदरसी थाना क्षेत्र के गांव बागली में जब दुल्हन बनकर पहुंची तो फिर वहां से भाग नहीं सकी। ऐसे में गुलनाज ने अपने कथित पति के खिलाफ ही अपहरण और ज्यादती सहित अन्य धाराओं में प्रकरण दर्ज करवा दिया। लेकिन जब मामले की जांच शुरू हुई तो पूरा मामला ही पलट गया। पुलिस के अनुसार 4 मई को गुलनाज ने शाजापुर जिले के सुंदरसी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि जसमत राजपूत और उसके साथी अशोक ने सीहोर के न्यायालय परिसर से उसका अपहरण कर लिया था और यहां उसे कैद कर उसके साथ ज्यादती की।

## प्रदर्शन



अखिल असम छात्र संघ के कार्यकर्ताओं ने बुधवार को गुवाहाटी में खाद्य पदार्थों, ईंधन और अन्य उपभोक्ता वस्तुओं की बढ़ती कीमतों के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। ● एजेंसी

# कर्नाटक में प्रेम प्रस्ताव ठुकराने पर युवती की चाकू मारकर हत्या

हुबली (कर्नाटक), एजेंसी

● बहन इस निर्मम हत्याकांड की चश्मदीद गवाह

कर्नाटक के हुबली में बुधवार को कथित तौर पर प्रेम प्रस्ताव ठुकराने पर 21 वर्षीय युवती की परिचित ने चाकू मारकर हत्या कर दी। इससे कुछ सप्ताह पहले इसी तरह कॉलेज की छात्रा नेहा हिरमेथ की उसके पूर्व सहपाठी ने चाकू मारकर हत्या कर दी थी। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि बेंडिगेरी पुलिस थाना क्षेत्र के वीरपुर ओनी इलाके में 23 वर्षीय विश्वा उर्फ गिरीश सावंत ने सुबह पांच बज कर 45 मिनट पर अंजलि अम्बिगेरा के घर का दरवाजा खटखटाया।

अधिकारी ने कहा कि जब अंजलि ने दरवाजा खोला, तो गिरीश ने उसपर चाकू से वार किया, जिससे उसकी मौत हो गई। उन्होंने कहा कि वारदात के बाद आरोपी भाग गया। अधिकारी के अनुसार, अंजलि की बहन इस निर्मम हत्याकांड की चश्मदीद गवाह है। पुलिस ने बताया कि आरोपी गिरीश के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 302 के तहत हत्या का मामला दर्ज किया गया है और उसे पकड़ने के लिए टीम गठित की गई है। इससे पहले, नेहा हिरेमथ (23) की 18 अप्रैल को हुबली में उसके कॉलेज परिसर के अंदर पूर्व सहपाठी फैयाज खोडुनाइक ने चाकू मारकर हत्या कर दी थी।

## खगोल विज्ञान

तीव्रता एक्स 8 .7 श्रेणी आंकी गई, दुनिया के सौर वैज्ञानिकों की नजर सूर्य पर

# सूर्य में हुआ वर्तमान सौर चक्र का सबसे बड़ा विस्फोट

संवाददाता, नैनीताल

● सौर वैज्ञानिक डा. वहाबउद्दीन ने बताया आठ साल बाद यह सबसे बड़ी ज्वाला

**अमृत विचार :** बीती रात वर्तमान सौर चक्र का सबसे बड़ा विस्फोट देखा गया है। विस्फोट में फूटी ज्वाला की तीव्रता एक्स 8.7 श्रेणी आंकी गई है। विस्फोट में उत्पन्न सौर तूफान का पृथ्वी पर असर नही पड़ेगा। दुनियाभर के सौर वैज्ञानिक सूर्य पर पैनी नजर रखे हुए हैं।

आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान एरीज के पूर्व कार्यवाहक निदेशक व सौर वैज्ञानिक डा. वहाबउद्दीन सूर्य की प्रत्येक गतिविधि पर नजर रखे हुए हैं। उन्होंने बताया कि सूर्य के दक्षिण पश्चिमी क्षेत्र में सुपर सक्रिय एनओएए 3664 सौर कलंक बना हुआ है। जिससे एक्स 8.7 श्रेणी की ज्वाला निकली है। यह बेहद खतरनाक सीएमई यानी भू-चुम्बकीय तूफान है, लेकिन इसके पृथ्वी से टकराने की कोई संभावना नही है। यह विस्फोट 14 मई की रात भारतीय समय के अनुसार 10.25 बजे रिकार्ड किया गया। डॉ. वहाब ने बताया कि आठ साल बाद यह सबसे बड़ी ज्वाला है। 2017 मे एक्स 9.3 श्रेणी की ज्वाला भड़की थी।



मंगलवार रात सूर्य की सतह पर हुए विस्फोट की तस्वीर।

यह ज्वाला सौर चक्र 24 की सबसे बड़ी सौर ज्वाला थी। जिसकी गति 497 किमी प्रति सेकंड थी। इस विस्फोट से निकले सौर तूफान से रडार, जीपीएस और उपग्रह संचार सहित संवेदनशील रिसीवरों मे व्यवधान उत्पन्न हुआ था। जिसका असर अमेरिका , पूर्वी प्रशांत और उत्तरी अटलांटिक में रेडियो सिग्नल में देखने को मिला था।

### 15 दिन में 16 भयानक विस्फोट हुए

**नैनीताल।** डा वहाबउद्दीन के अनुसार सूर्य के सतह पर 1 से 15 मई के बीच रिकॉर्डतोड़ विस्फोट दर्ज किए गए हैं। जिनमें 100 से अधिक एम-क्लास और 16 एक्स-क्लास की ज्वाला शामिल हैं। जिनसे पृथ्वी के दिशा निर्देशित सीएमई यानी भू चुम्बकीय तूफान उठे हैं। जिनमें से कुछ शक्तिशाली सौर तूफान उठे हैं। 10 मई को ऐतिहासिक जी5 श्रेणी का बेहद शक्तिशाली भू-चुंबकीय तूफान का उत्पादन हूआ। इसका असर भारत के लदाख क्षेत्र में ऑरोरा के रूप में देखने को मिला है।

### स्वीडन में बिजली गुल, द. अफ्रीका में हुए ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्त

**नैनीताल।** पिछली बार पृथ्वी पर जी 5 श्रेणी का भयानक भू-चुंबकीय तूफान अक्टूबर 2003 में आया था। विस्फोट से उठी ज्वाला को एरीज से रिकार्ड किया गया था। इस तूफान को हैलोवीन तूफान नाम दिया गया था। जीसस स्वीडन में बिजली गुल हो गई और दक्षिण अफ्रीका में ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्त हो गए।

# मस्जिद में विस्फोट चार बच्चों सहित 24 लोग घायल

**अबुजा।** नाइजीरिया के कानो राज्य में बुधवार सुबह एक व्यक्ति द्वारा मस्जिद पर किये गये विस्फोट में चार बच्चों सहित कम से 24 नमाजी घायल हो गये। पुलिस के प्रवक्ता अब्दुल्लाही हारुना ने एक बयान में बताया कि इलाके के ही रहने वाले 38 वर्षीय संदिग्ध ने कानो के दूर-दराज के गदान गांव में स्थित मस्जिद में हमला करने के अपने जुर्म को कबूल लिया। उसंदिग्ध ने लंबे अरसे से चली आ रही पारिवारिक मतभेदों के कारण इस घटना को अंजाम दिया।

हारुना ने बताया कि शुरुआती फॉरेंसिक जांच में सामने आया कि विस्फोट गैस रिसाव के कारण हो सकता है लेकिन जांच अभी जारी है। पुलिस ने इलाके को घेर लिया और घायलों को तुरंत राजधानी के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया। द डेली ट्रस्ट समाचार पत्र की खबर के मुताबिक, नमाजी मस्जिद के भीतर बंद हो गये थे।

# भारत के सहयोग से श्रीलंका लगाएगा छोटे हथियारों की निर्माण इकाई

कोलंबो, एजेंसी

श्रीलंका अपने यहां छोटे हथियारों की एक निर्माण इकाई स्थापित करने के लिए भारत के साथ बातचीत कर रहा है जिससे दोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग और मजबूत होगा। श्रीलंका के रक्षा मंत्री प्रेमिता बंदारा तेन्नाकून ने बुधवार को यह जानकारी दी। तेन्नाकून ने कहा हम हमारे भारतीय समकक्षों के साथ संपर्क में हैं, भारत से सीखने के लिए बहुत कुछ है।

सैन्य उद्योग में एक संयुक्त उपक्रम के लिए चर्चा जारी हैं। अप्रैल की शुरुआत में यहां हुए भारत-श्रीलंका रक्षा सहयोग के दूसरे सेमिनार के बाद यह चर्चा हो रही है। कोलंबो में भारतीय राजदूत संतोष झा ने अपने संबोधन में कहा कि भारतीय रक्षा उद्योग आज अत्याधुनिक हथियारों, उन्नत प्रौद्योगिकियों और विश्व स्तरीय उपकरणों से लैस है। इनमें से कुछ जो प्रमुख हैं, उनमें लड़ाकू विमान, हेलीकॉप्टर से लेकर नौसैनिक पोत, इलेक्ट्रॉनिक युद्ध प्रणाली से लेकर साइबर सुरक्षा समाधान और छोटे हथियारों से लेकर लंबी दूरी तक मार करने वाली हथियार प्रणाली शामिल हैं। झा ने कहा कि श्रीलंका जैसे अपने मित्र देशों को ये क्षमताएं उपलब्ध कराने के लिए भारत इच्छुक है।



● श्रीलंका के रक्षा मंत्री प्रेमिता बंदारा तेन्नाकून ने कहा- भारत से बातचीत जारी

# 19 करोड़ पौंड भ्रष्टाचार मामले में इमरान खान को मिली जमानत

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के इस्लामाबाद उच्च न्यायालय ने 19 करोड़ पौंड के भ्रष्टाचार मामले में इमरान खान को बुधवार को जमानत दे दी। जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री और उनकी पत्नी पर रियल एस्टेट के एक दिग्गज व्यक्ति से रिश्वत के रूप में अरबों की जमीन लेने का आरोप है।

उच्च न्यायालय की दो न्यायाधीशों की पीठ ने बहस पूरी होने के बाद मंगलवार को फैसला सुरक्षित रख लिया था। अदालत ने बुधवार को खान से जमानत के लिए 10 लाख का मुचलका दाखिल करने को कहा। इस फैसले से पूर्व प्रधानमंत्री की अदियाला जेल से रिहाई होने या न होने पर कोई खास असर नहीं पड़ेगा क्योंकि गोपनीय दस्तावेज और इद्दत मामलों में उनकी सजा को फिलहाल निलंबित किया हुआ है। एनएबी ने पिछले साल दिसंबर में पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी के संस्थापक इमरान खान, उनकी पत्नी बुशरा बीबी और अन्य लोगों के खिलाफ जांच शुरू की थी।